इस के इलावा एक बात उन्होंने Sales Tax के मुताल्लिक भी कही। 14-12-58 के बाद हम ने यह फैसला किया था कि हम Sales Tax हटा के Purchase Tax लगायेंगे। यह भी तय हुआ था कि जो माल व्यापारियों के पास पहली अप्रैल को हो वह उस की list दे दें। उस के बाद इस मुआमला पर कुछ और समझौते की बात चल पड़ी। उस वक्त कामरेड राम प्यारा जी मेरे पास एक list लेकर आये और कहा कि आप व्योपारियों पर tax लगाना चाहते हैं? मैं ने कहा यह tax व्योपारियों पर नहीं लगेगा। मैं ने कहा कि आप हमें माल की list दे दें जितना हम ने Sales Tax के मुताबिक फैसला किया है उतना tax हमें मिल जायेगा और यह व्योपारियों से हरगिज़ वसूल नहीं होगा। मगर उस वक्त चौधरी बलबीर सिंह भी आये और उन्होंने कहा कि हुशियार पुर के व्योपारी चाहते हैं कि यह tax लगे मगर Sales Tax न लगे। मगर यह इस लिये चाहते थे क्योंकि वह कोई हिसाब check नहीं करवाना चाहते थे। अगर इन का हिसाब किताब check होता तो बहुत सारी गलतियों का इमकान था, जिस की वजह से इन्हें बहुत नुकसान होता था। उस वक्त यह शिकायत करते थे कि Sales Tax ना लगे और मैं ने भी कहा था कि नहीं लगेगा, मगर अभी इस के मुतालिक फैसला होना बाकी है जब फैसला हो जायेगा तो उस के मुताबिक अमल किया जायेगा। मगर आज जब फैसला हो गया है तो इस तरह की बातें करते हैं। लेकिन वह तो बहस करते हैं क्योंकि उन्होंने तो करनी ही है।

कामरेड राम प्यारा ने एक बात और sugar dealers के मुताल्लिक भी कही थी कि उन के deputation पर deputation आते थे मगर मैं नहीं मिला क्योंकि मेरा अपना view यह है कि बजाये इस के कोई deputation आये वह memorandum भेज दें। मगर वह खुद रेबड़ी, बताशों वालों को लेकर आये। मैं ने कहा कि आप जो कुछ कहना चाहते हैं इसे writing में दे दे हम उस को examine कर लेंगे। मगर वह कहने लगे कि हम ने एक बात पूछनी है मैं ने फिर कहा कि इस से आप को फायदा नहीं होगा, और Government का भी नुकसान होगा आप memorandum दें हम उस का आप को जवाब देंगे, वरना हम कुछ कहेंगे आप public करेंगे कि Government ऐसा कहती है इस का कोई फायदा नहीं है।

एक चीज़ और उन्होंने cotton पर tax की फरमाई है। मगर यह कह ज़रूर देते हैं वहां तक यहां तक यह कहना चाहते हैं। वह इस से आगे नहीं पढ़ पाये हैं। अपने काम की चीज़ को वह फौरन भांप लेते हैं। Cotton purchase पर जब

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[वित्त मंत्री]
tax लग जाता है तो उस के बाद इस के seed पर या ginned रूई पर tax लगने का सवाल पैदा नहीं होता । अगर cotton-seed निकलता है और वह Purchase Tax कपास पर दे चुका है तो उस पर कोई tax नहीं लगेगा क्योंकि उस पर तो पहले मिल चुका है। इस तरह से cotton-seed के तेल पर भी tax लगने का सवाल पैदा नहीं होता। यह बात उन्हें देख लेनी चाहिये थी कि जब हम कपास purchase करते हैं उस वक्त tax अदा करते हैं, वह उन को देना ही पड़ेगा। ठीक है इस के मुताल्लिक High Court में writ हुआ लेकिन High Court को Judiciary का काम करने का हक नहीं है। अभी मैं नहीं कह सकता कि इस के क्या results हों मगर जो मुझे इत्तलाह मिली है मैं उस के मुताबिक कह सकता हूं कि जो grower माल बेचता है उस पर जो purchase tax है वह खुद वसूल नहीं कर सकते, मगर इस तरह से जितना पैसा वसूल किया गया. वह इन्होंने High Court में writ हो जाने के बाद अपनी जेबों में डाल लिया है लेकिन जहां तक मेरे में ताकत है मैं यह कोशिश करूंगा कि यह पैसा इन की जेबों में न रखने दिया जाये (तालियां) अगर वह नाजायज़ तौर पर लिया गया है वह grower को वापस करे अगर Government को High Court से कह दिया गया कि यह tax न लो तो हम नहीं लेंगे मगर यह पैसा इन के पास नहीं रह सकता। High Court यह कहता है कि हम Purchase Tax और Sales Tax दोनों नहीं लगा सकते मगर एक tax तो लेने का हमें हक है और एक ही हम लेना चाहते हैं। लेकिन इस बात का हमें बड़ा ही दुख हुआ जब penalty clause पर डाक्टर बलदेव प्रकाश ने फरमाया कि अगर seizure of books होगी तो यह एक तरह dealers को penalize करना होगा । Sales Tax भी single point पर charge होगा। मगर इस clause को आप ने गौर से देखा होता तो यह किस तरह कहते। Sales Tax के हिसाब से सारी नुकताचीनी हुई है purchase problems पर नहीं । अगर Sales Tax profit पर लगे तो जिस हिसाब से profit आता है यह उस का कोई 1% बनता है । मगर दूसरी चीज जो यह कही गई कि Sales Tax भी देना पड़ेगा और Purchase Tax भी देना पड़ेगा और यह tax उन लोगों से लिया जा रहा है जो forward position में नहीं हैं।

एक बात चौधरी बलबीर सिंह साहब ने फरमाई । उन्होंने कहा कि जो आदमी असैसर है अगर उस के पार्ट पर असैस करते वक्त कोई लैप्स हो तो उस पर जुर्माना होना चाहिए, ऐसा कोई कानून बनाना चाहिए । (विघ्न)

एक आवाज (चौधरी बलबीर सिंह ने नहीं फरमाया.......)

वित्त मंत्री : माफ कीजिए, कामरेड राम प्यारा ने कहा था। तो मैं उन्हें कहना चाहता हूं कि असैसर से लैप्स नहीं होती। साल के बाद देखा जाता है कि सारा रुपया उन्होंने जमा करवाया कि नहीं। और लोगों की किताबों को देखा जाता है उस के मुताबिक हिसाब किया

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

जाता है अगर कहीं यह शक होता है कि किताबें दूसरी हैं तो उस के मुताबिक कार्रवाई की जाती है। और असैस होने के बाद उन को कहा जाता है कि वह एक खास टाइम के अन्दर रुपया जमा करा दें। अगर कोई आदमी यह कहता है कि उस के ऊपर रुपया ज्यादा असैस किया गया है तो E. T. C. को और D.T.C. को अख्तियार है कि उन की अपील सुनी जाए। कई भाई हमारे पास आते हैं कि आप लिख दीजिए कि इतना रुपया ज्यादा है, मेरी ताकत नहीं देने की तो मैं उन्हें कहता हूं कि मेरा कोई अख्तियार नहीं है। E. T. C. के पास जाइए। तो मैं उस में कुछ नहीं कर सकता। मेरे पास लोग आकर कहते हैं कि फलां क्लर्क को या फलां अफसर को बदल दो और यह भी शिकायतें आती हैं कि Assessment Department, Excise Department पैसे खाता है लेकिन जब हम action लेने के लिये तैयार होते हैं और सबूत मांगते हैं तो वही शिकायत करने वाले यह कहते हैं कि नहीं जनाब, मुझे फलां सख्श से कोई तकलीफ नहीं है, हमारे साथ कोई बदसलूकी नहीं हुई। मैं अपने दोस्तों को कहना चाहता हूं कि वह यह समझें कि Excise Department में भी जो अफसर होता है वह हम में से ही एक है लेकिन मैं उन लोगों के लिये, उस सोसाइटी को क्या करें कि जो एक ईमानदार आदमी को temptation दे कर बेईमान बनाना चाहते हैं। इसका इलाज किसके पास है? इसका तो सिर्फ सोसाइटी के पास ही है। इस लिये जनाबे वाला जो ऐतराज़ मेरे दोस्तों ने किये उन से ऐसा मालूम पड़ता है कि सिवाए बाजवा साहब को छोड़ कर और किसी ने इसे पढ़ा ही नहीं है। इसलिये अगर आप पहली अप्रैल को take up करना चाहें तो मुझे कोई ऐतराज़ नहीं है।

Mr. Speaker : Question is—

That the Punjab General Sales Tax (Amendment) Bill be taken into consideration at once.

The motion was carried

OBSERVATIONS BY THE SPEAKER REG. THE BEHAVIOUR OF A MEMBER, ETC.

श्री अध्यक्ष : Treasury Benches और आपोज़ीशन की तरफ से कुछ आनरेबल मैम्बरों ने यह objection उठाया था कि इस बिल के लिये बहुत कम नोटिस दिया गया। इस लिए वे अमैण्डमैण्ट्स नहीं ला सके और न ही इसे पढ़ सके। इस चीज़ को मद्देनज़र रख के डाक्टर साहब ने agree कर लिया है कि (first reading के बाद second और third readings को परसों तक postpone कर दिया जाए। जो लोग इन पर बोलना चाहते हैं उन को मौका मिल जाएगा और वे amendments के नोटिस वगैरह भी दे सकेंगे।

एक अफसोसनाक बात जो यहां हुई वह यह कि मौलवी साहब बावजूद मेरे कहने के बोलना ज़रूर चाहते थे, इस लिये मुझे उन्हें हाउस से बाहर जाने के लिये कहना पड़ा। कुछ लाड़ले दोस्त ऐसी बातों को इस spirit में ले जाते हैं जैसा कि उन्होंने किया। यह ठीक नहीं है। मैं यह बात साफ तौर से कहना चाहता हूं कि अगर कोई हाउस

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[श्री अध्यक्ष]

की dignity और decorum नहीं रखता तो मैं उसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं कर सकता। उन का रवैया to say the least बहुत ही dis-respectful था। और अगर आप इजाज़त दें तो जब तक वह अपने लफ्ज़ वापिस नहीं लेते और regretshow नहीं करते तब तक उन्हें हाउस में आने की इजाजत नहीं दूंगा ।

(Some of the hon. Members from the Treasury Benches as well as from the Opposition had raised this objection that they had been given a very short notice for this Bill. And that is why they could neither study it thoroughly nor could table any amendments. In view of this, Doctor Sahib (the Minister for Finance) has agreed that after the first reading is over, the second and the third readings may be postponed till day after tomorrow. Those who want to speak at these stages will get an opportunity. They can give notices of amendments also by that time.)

A short while ago a deplorable incident took place in the House. Maulvi Abdul Ghani Dar persisted in interrupting the House in spite of my warnings. I had, therefore, to ask him to withdraw from the House. Some friends behave like pampered persons and take things in a spirit as he did. This is not proper. However, I want to make it very clear that if an hon. Member fails to maintain the decorum and the dignity of the House, I can not tolerate him under any circumstances. His behaviour, to say the least, was most disrespectful towards the Chair. And if the House permits, I will not allow him to attend the House till he withdraws his words and expresses regret for that.)

कई आवाजें : इजाज़त है ।

Sardar Gurbachan Singh Bajwa : I would request you, Sir, not to let the remarks remain on the record.

Shri Prabodh Chandra : Sir, with your permission I want to submit that I have consulted the hon. Member. If you permit, he may offer the regret now, in the House.

श्री अध्यक्ष : आज तो वह हाउस में नहीं आ सकते, कल देखा जाएगा ।
Today he cannot be allowed to attend the House. It will be seen tomorrow.)

Sardar Gurbachan Singh Bajwa : Sir, may I suggest that these words should be expunged from the official record?

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

श्री अध्यक्ष : अगर वह खुद आ कर अपने लफ्ज़ वापस लें और regret show करें तो सोचा जा सकता है । (If the hon. Member (Maulvi Abdul Ghani) himself comes here, withdraws his words and expresses regret for it, then this can be considered.)

राजा रघुवीर सिंह : जनाब अगर वह आज ही आकर regret show करें तो?

श्री अध्यक्ष : आज नहीं आ सकते, कल देखेंगे । (He cannot be allowed to attend today. We shall see tomorrow.)

श्री बलराम दास टंडन : स्पीकर साहिब, अगर मौलवी साहिब, आज की proceedings में आकर regret show कर दें और आप उन के लफ्ज़ों को आज की proceedings में से expunge करा दें तो अच्छा रहेगा क्योंकि अगर कल आकर उन्होंने अपने लफ्ज़ वापस लिए तो आज की proceedings में तो उन के लफ्ज़ लिखे रह जायेंगे । इस लिये आज ही वह आकर withdraw करे तो मैं समझता हूं कि ठीक रहेगा ।

श्री अध्यक्ष : यह कल भी हो सकता है । आज वह हाउस में दाखिल नहीं हो सकते । (This can be done tomorrow even. He can not be permitted to attend the House today.)

THE PUNJAB GOOD CONDUCT PRISONERS (TEMPORARY RELEASE) BILL, 1960

Minister for Industries (Shri Mohan Lal) : Sir I beg to move—

> That the amendment made by the Punjab Legislative Council in the Punjab Good Conduct Prisoners (Temporary Release) Bill which was passed by the Punjab Legislative Assembly on the 24th February, 1960, be taken into consideration.

स्पीकर साहब, पंजाब लैजिस्लेटिव कौंसिल ने यह एक verbal amendment की है......

सरदार गुरबचन सिंह बाजवा : Verbal amendment ?

उद्योग मंत्री : Language में, that is what it means क्लाज़ के explanation में

> 'for the words "for which the prisoner was liable" the words "awarded to the prisoner" be substituted.'

Discussion के दौरान में वहां पर एक मैम्बर साहिब की तरफ से ऐतराज़ उठाया गया था । यह जो explanation के अलफाज़ "for which the prisoner was liable" के मानी कुछ साफ नहीं हैं, मश्कूक हैं । उन का यह कहना था कि इन का यह मतलब निकल सकता था कि punishment for which he was liable जो कि ताज़ीरात हिन्द में दिया गया है उस हद तक उसे सज़ा मिल सकती है । इस लिये उन्होंने यह अमैण्डमैंट दी । चुनांचे हम ने Law Department से consult किया । तो मालूम हुआ कि यह clear करने वाली बात है इस लिये मैं समझता हूं कि यह जो अमैंडमैंट Council की तरफ से आई है उस को यह हाउस मंजूर करे ।

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

Mr. Speaker : Motion moved—

That the amendment made by the Punjab Legislative Council in the Punjab Good Conduct Prisoners (Temporary Release) Bill which was passed by the Punjab Legislative Assembly on the 24th February, 1960, be taken into consideration.

Sardar Gurbachan Singh Bajwa : Sir, even now, in the copies of the Bill as supplied to us, the words are "for which the prisoner was liable" which means that the Bill has not been amended by the Legislative Council.

Minister for Industries : Sir, the hon. Member should read the chit attached with the Bill. The amendment made by the Legislative Council is detailed on that chit.

Mr. Speaker : Question is—

'That the amendment made by the Punjab Legislative Council in the Punjab Good Conduct Prisoners (Temporary Release) Bill which was passed by the Punjab Legislative Assembly on the 24th February, 1960, be taken into consideration.

The motion was carried

Mr. Speaker : I would like to draw the attention of the hon. Minister (for Industries) to line 2 of this explanation. It is written 'was liable for the offence of which he was convicted'. I am of the opinion that instead of the word 'of' occurring before the word 'which' the word 'for' might be more appropriate.

उद्योग मंत्री : यह grammatical mistake है इसे आप ठीक कर लें।

CLAUSE 9 (AS AMENDED)

Mr. Speaker : Question is—

That Clause 9, as amended by the Council, stand part of the Bill.

The motion was carried.

Minister for Industries : Sir, I beg to move—

That the Punjab Good Conduct Prisoners (Temporary Release) Bill, as amended by the Council, be passed.

Mr. Speaker : Motion moved—

That the Punjab Good Conduct Prisoners (Temporary Release) Bill, as amended by the Council, be passed.

Mr. Speaker : Question is—

That the Punjab Good Conduct Prisoners (Temporary Release) Bill, as amended by the Council be passed.

The motion was carried.

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

RESOLUTION UNDER CLAUSE (5) OF ARTICLE 320 OF THE CONSTITUTION

Shri Prabodh Chandra (Gurdaspur, General) : Sir, I beg to move—

That the order of the Governor relating to the additions made to Schedule 'A' of the Punjab Public Service Commission (Limitation of Functions) Regulations, 1955, namely :—

'26. All posts in all departments with initial salary of Rs. 160 per mensem and above, created or to be created for the Lahaul and Spiti area :

Provided a resident of that area is appointed thereto.

28. Staff Officer in the Civil (Home) Defence Department.'

be repealed.

जनाब, स्पीकर साहिब, शायद इस House में हर बार अलहदा किस्म के Bill आते हैं और कई पुराने Bills की amendments भी होती है । लेकिन हर Session में जो common factor रहा है वह यह है कि हमारी Government कुछ आसामियां Public Service Commission के purview से निकाल कर उन को fill करने का अख्तियार अपने हाथ में लेती रही है ताकि जिन को वह चाहे रख ले । मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि जो Public Service Commission हैं वह हमारे country के Constitution की एक मद के तहत बने हुए हैं और Government को कामयाबी, efficiency और ईमानदारी के साथ चलाने के लिये Public Service Commission की sanctity को कायम रखना निहायत ज़रूरी है ।

चंद दिन हुए हमारी Parliament में Union Public Service Commission और Public Service Commissions का ज़िक्र करते हुए यह कहा गया कि अगर administration को चारपाई समझा जाये तो Union Public Service Commission और Public Service Commission उस का बहुत ज़रूरी पावा है । जैसे एक पावा टूट जाने से या कम होने से चारपाई खड़ी नहीं रह सकती इसी तरह Public Service Commission को अगर कमज़ोर कर दिया जाए तो Administration की हालत भी तीन पावों वाली चारपाई जैसी हो जाती है । मुझे अफसोस से कहना पड़ता है कि हमारी Government ने हर बार उन आसामियों को जो कि Public Service Commission के ज़रिए पुर की जानी चाहिये थीं उन को अपने दायरा अख्तियार में लेती रही है । मुझे इस बात का ज्यादा गिला न होता अगर उन posts पर जो Public Service Commission के purview से निकाली गई, काबिल आदमियों को लगाया जाता । सवालों के जवाबों से पता चलता है कि Public Service Commission ने एक किस्म की आसामियों पर जिन आदमियों को लगाया वह बहुत highly qualified हैं लेकिन उन्हीं आसामियों पर Government ने Public Service Commission के purview से निकालने के बाद जिन आदमियों को लगाया है उन में कई matriculate भी नहीं हैं । उन को Government ने political considerations पर ही रखा है । काबलियत और qualifications का बिल्कुल ख्याल नहीं रखा गया । पिछले दिनों यहां पर एक सवाल के जवाब में बताया गया कि फलां फलां Municipal Committees के Executive Officer रखे गए हैं । जो Executive Officers Public Service Commission ने

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[श्री प्रबोध चन्द्र]
select किए थे वह M.A., LL B. और B.A., LL.B. हैं लेकिन जो Executive Officer हमारी पंजाब सरकार ने रखे थे उन की qualification matric से ज़्यादा नहीं थी । इसी तरह Government ने जो Block Development Officers रखे हैं उन की qualifications को देखा जाए तो पता लगता है कि सरकार ने काबलियत के मयार को सामने नहीं रखा । जनाब मुझे अफसोस से कहना पड़ता है कि पिछले तीन चार साल की जो Public Service Commission की अपनी report है उस में उन्हों ने यह ज़ोश से कहा है कि खुदा के वास्ते यह जो हमारी report है इसे public के representatives के सामने रखा जाये ताकि उन्हें मालूम हो कि Government किस तरह कर रही है । स्पीकर साहिब, कोई भी आदमी यह नहीं कह सकता कि Public Service Commission के Government के खिलाफ prejudices हैं । वह भी यह कहने पर मजबूर हो गए हैं कि Government उन के purview से आसामियां निकाल कर Constitution की उल्लंघना कर रही है । मेरे पास 1958-59 की Public Service Commisson की report है । उस में उन्हों ने लिखा है--

> "This was, therefore, not at all a fit case for resorting to the provisions of the proviso to Article 320 (3) of the Constitution which enables Government to curtail the functions of the Commission."

आगे चल कर वह इसी report में कहते हैं कि ग़लत सहारे का सहारा लेकर गवर्नमेंट अपनी मनमानी करती है । Government Public Service Commission के purview से जो आसामियां निकालती है वह political considerations को सामने रख कर ऐसा करती है । गवर्नमैंट एक आदमी को पहले चुन लेती है और फैसला कर लेती है कि फलां आदमी को इस post पर लगाना है उस के बाद कोई न कोई बहाना डाल कर वह आसामी Public Service Commission के purview से निकाल ली जाती है । यह यकीन जो Public Service Commission को दिया गया था कि कोई आसामी उन के purview से निकालने से पहले इस बात का ख्याल रखा जाएगा कि जिन वजूहात की बिना पर कोई आसामी बाहर निकाली जाती है उन की इत्तलाह उन को दी जाएगी कि इस वजह से ऐसा किया है । मगर वह कहते हैं कि हमें बड़े अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि गवर्नमैंट की जितनी भी moral या constitutional commitments इस बारे में हैं उन सब को बालाएताक रख कर कई cases में गवर्नमेंट ने अपनी मनमानी की है । जनाब यह जो लाहौल और स्पित्ती की नौकरियां हैं यह तो उन बातों की एक मामूली सी कड़ी है जो गवर्नमैंट करती रही है । इस सैशन में वक्त की तंगी की वजह से नौकरियों की सारी list और सारा schedule जो गवर्नमैंट ने अपने दायरा अख्तियार में ले लिया है उस का नोटिस नहीं ले सका और सिर्फ इन दो आसामियों के बारे में नोटिस देने का वक्त रह गया था लेकिन जनाब इसी सैशन नें एक नहीं दो नहीं बीसियों नौकरियां गवर्नमैंट ने Public Service Commission के दायरा अख्तियार से बाहर निकाल ली हैं । तो मैं अपनी गवर्नमैंट से अर्ज़ करूँगा कि महज़

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

brute majority के बलबोते पर या discipline का डंडा हमारे सिरों पर रख कर अपनी मनमर्ज़ी न करो क्योंकि यह एक ग़लत तरीका है और रिवाज है जो कि गवर्नमैंट हमारे सामने रख रही है। फिर जनाब यहां यह होता है कि जब किसी मिनिस्टर की portfolios बदल जाती हैं तो जो नौकरियां उस के महकमों की Public Service Commission के purview से निकाली होती हैं वह वापस कर दी जाती हैं। अगर Community Projects का महकमा किसी दूसरे वज़ीर के पास आ जाता है तो साथ ही यह फैसला हो जाता है कि अब यह जो B.D.O. की आसामियां हैं यह अब Publi. Service Commission के purview में रखी जाएँगी। यही नहीं फिर यह भी होता है कि जब एक मिनिस्टर Community Development का महकमा छोड़ने लगता है तो 25 फीसदी नौकरियों का जो हक उसे हाउस की तरफ से दिया गया है कि अपनी मर्ज़ी से भर सकता है उस को नज़र अंदाज़ कर के in anticipation कह देते हैं कि हम 30 या 35 फीसदी नौकरियां जिन का उन को हक नहीं था उन को भी गवर्नमैंट भर लेती है ताकि आने वाला जो वज़ीर है उस को अख्तियार न रहे। यह ग़लत रिवाज है और मैं समझता हूँ कि इस तरह इन जमहूरियत की बुनियादों को खोखला करने की कोशिश की जा रही है। अगर यही तरीका रहा तो मैं समझता हूँ कि अवाम का विश्वास नहीं रहेगा। फिर जिन को खुद रखते हैं उन के लिये qualifications का कोई मियार नहीं है। यही कहा जाता है कि फलां को हम ने रख लिया है क्योंकि he or she has a great bias for social service. जिस के पास कोई qualification न हो उस आसामी के लिए कोई डिगरी न हो तो कह दिया जाता है कि social service बहुत की है। जनाब, यह social service की term और qualification इतनी wide है कि किसी भी मयार के आदमी को रखा जा सकता है। इस लिये मैं ज्यादा वक्त न लेता हुआ यह अर्ज़ करूँगा कि जो services Public Service Commission के puriew से निकाली गई हैं उन को वापस कर दिया जाये और आयंदा के लिये गवर्नमैंट यह फैसला करे कि अपने कुछ चेहतों को नौ-नौकरियां provide करने के लिए Public Service Commission के दायरा अख्तियार को कम नहीं किया जायेगा। इन अल्फाज़ के साथ मैं अपना resolution move करता हूँ और मांग करता हूँ कि जो नौकरियां निकली हैं वह P.blic Service Commission को वापस दे दी जाएँ।

Mr. Speaker : Motion moved—

That the order of the Governor relating to the additions made to Schedule 'A' of the Punjab Public Service Commission (Limitation of Functions) Regulations 1955, namely :—

'26. All posts in all departments with initial salary of Rs 160 per mensem and above created or to be created for the Lahaul and Spiti area :

Provided a resident of that area is appointed thereto.

28. Staff Officer in the Civil (Home) Defence Department.'

be repealed.

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

श्री जगत नारायण चौपड़ा (जालंधर शहर, दक्षिण-पश्चिम) : स्पीकर साहिब, पंजाब गवर्नमैंट का यह एक तरीका ही हो गया है कि खास खास services Public Service Commission के purview से आए दिन निकाल ली जाती हैं। (*At this stage Shri Lal Chand, a member of the Panel of Chairmen occupied the chair.*) चेयरमैन साहिब, आप ने States Reorganisation Commission की रिपोर्ट को पढ़ा होगा। उस में उन्हों ने एक बड़ी अहम बात recommend की हुई है। उन्हों ने वहां section 791 सफा 214 पर लिखा है :

> 791. So far as promotions or disciplinary and other matters connected with services are concerned, no conceivable safeguards can ensure justice should those in power choose to fill important posts on grounds other than those of administrative purity, efficiency and fairness. It is desirable, however, to constitute State Public Service Commissions in such a manner as to ensure that these bodies are not affected by particularist trends. This objective can be achieved to some extent by constituting, so far as possible, one Public Service Commission for more than one State. Under the Constitution, appointments to Public Service Commission serving more than one State are made by the President. We recommend that the principle be extended even to Public Service Commissions serving only single States. This arrangement, we are sure, will give these bodies a higher stature and more independence.

चेयरमैन साहिब, अगर आप इस के मफहूम को देखें तो इस का मतलब यह है कि Public Service Commission इस ढंग से बनना चाहिये कि उस की nomination President साहिब करें क्योंकि अगर सूबा का चीफ मिनिस्टर करे तो कुदरती तौर पर यह हो सकता है कि वह अपने ही खास आदमियों को उस में nominate करेगा। इसी लिये इस चीज़ की रोक थाम के लिये यह provision रखा था। लेकिन इस सूबा का यह हाल है कि यहां खुद ही अपने आदमियों को इस बाडी पर nominate किया हुआ है। वही मैम्बरान जो अपनी रिपोर्ट भेजते हैं उस में कहते हैं कि पंजाब गवर्नमैंट ने यह असामियां जो हमारे purview से निकाली हैं वह हमारी मर्ज़ी के बगैर निकाली हैं। फिर पिछले साल की जो रिपोर्ट थी उस में जहां तक था कि हाऊस के मेम्बरान से अपील की गई थी कि वह इस मामला को take up करें।

वित्त मंत्री जिस रिपोर्ट का आप यह हवाला दे रहे हैं उस में से कोई पैरा आप quote कर सकते हैं जिस में कहा गया हो कि हमारी मर्ज़ी के खिलाफ हुआ है ?

श्री जगत नारायण चौपड़ा : वह कहते हैं कि हर appointment Public Service Commission की मारफत होनी चाहिए और हर promotion उनकी मारफत होनी चाहिए। Public Service Commission वह होना चाहिए जिसे President nominate करे।

मैं यह अर्ज़ कर रहा था कि Reorganisation Commission ने ऊंचा

2.00 p.m.

standard रखा था लेकिन हमारी स्टेट की पोज़ीशन यह है कि हमारी स्टेट खुद ही पब्लिक सर्विस कमीशन के मैम्बरान को नामज़द करती है और वही यह रिपोर्ट देते हैं कि स्टेट गवर्नमैंट ज़्यादती कर रही है कि उन की मर्ज़ी के ख़िलाफ़ posts उन के purview से निकाल रही है। हमारी गवर्नमैंट यह कहती है कि B. D. Os. की

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

25 प्रतिशत या 40 प्रति शत posts इस लिये निकाली हैं क्योंकि हम ने national service को मद्देनज़र रखना होता है लेकिन Evaluation Committee की रिपोर्ट हमारे सामने है । उन्हों ने लिखा है कि 15 सेंटर हम ने देखे जिन में से चार अच्छे थे बाकी 11 का काम खराब था । मैं कहता हूँ कि अगर स्टेट का फायदा हो तो बेशक purview से निकाले मगर दूसरी तरफ अगर काम भी खराब हो तो उस सूरत में भी ऐसा कदम उठाने की कोई justification नही है । ये कहते हैं कि इस लिये purview से निकालते हैं क्योंकि national mind और rural outlook होना चाहिये लेकिन अफसोस तो इस बात का है कि ऐसे आदमी को B. D. O. लगाया जाता है जिस पर तारें या रेलें तोड़ने का मुकद्दमा चल रहा था और वह भी बृटिश राज में नहीं मौजूदा राज में मुकद्दमा चल रहा था । एक और B. D. O. जालन्धर के एक सिनेमा में चला गया और कहने लगा कि हम चार आदमी सिनेमा देखना चाहते हैं पास बना दो । सिनेमा वालों ने पूछा आप कौन हैं । वह कहने लगा आप नहीं जानते मैं B. D. O. हूँ । नतीजा यह हुआ कि गाली गलोच हुआ और उसे बाहर निकाला गया।

सामूहिक विकास मंत्री : अगर सच्ची बात है तो मुझे लिख कर दे दो ।

श्री जगत नारायण चौपड़ा : अखबार में छपी है । आप उस का नोटिस ले लें ।

इसी तरह से Additional Advocate-General की पोस्ट को जिस के लिए ज्यादा से ज्यादा काबिल आदमी मिल सकते हैं पब्लिक सर्विस कमिशन के purview से बाहर निकाल लिया गया । पब्लिक सर्विस कमिशन वालों ने कहा है कि अगर इस तरह से 9 पोस्टों को निकालना है तो हमारा क्या काम है । इस लिये मैं चाहता हूँ कि यह resolution पास करना चाहिये । Reorganisation Commission वालों ने कहा कि पब्लिक सर्विस कमिशन को इतनी अहमियत मिले कि President इस के मेम्बरान को nominate करे ताकि administration से इनसाफ हो । आज यह हालत है कि पब्लिक सर्विस कमीशन posts advertise करता है, लोग टिकटें लगा कर अर्ज़ियां देते हैं लेकिन बाद में पंजाब गवर्नमैंट की तरफ से चिट्ठी चली जाती है कि इस को purview से निकाल दिया है । लोग M. L. As. से सर्टिफिकेट तसदीक करवाते हैं दफ्तरों में भटकते फिरते हैं लेकिन बाद में पब्लिक सर्विस कमीशन को आर्डर पहुँच जाता है ।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूँ कि दो तीन महीने के लिये खुद बखुद appointment कर लेते हैं उस के बाद पब्लिक सर्विस कमीशन को पूछते ही नहीं । इस पर भी पब्लिक सर्विस कमीशन ने खास एतराज़ किया है । मैं समझता हूँ कि यह चीज़ चीफ मिनिस्टर या दूसरे मिनिस्टरों को फायदा पहुँचाने के लिये की गई है । इन अलफाज़ों के साथ मैं इस resolution की ताईद करता हूँ ।

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਬਚਨ ਸਿੰਘ ਬਾਜਵਾ (ਸ੍ਰੀ ਗੋਬਿੰਦਪੁਰ): ਚੇਅਰਮੈਨ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ ਇਸ resolution ਦੀ ਤਾਈਦ ਕਰਨ ਲਈ ਖੜਾ ਹੋਇਆ ਹਾਂ। ਮੈਂ ਹਾਲੇ ਤਾਈਂ ਇਹ ਨਹੀਂ ਸਮਝ ਸਕਿਆ ਕਿ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਇਹ services Public Service Commission ਦੇ purview ਤੋਂ ਕਢਣ ਦੀ ਕਿਉਂ ਜ਼ਰੂਰਤ ਪਈ। ਇਕੋ ਗਲ ਹੋ ਸਕਦੀ ਹੈ ਕਿ ਸ਼ਾਇਦ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਸਾਹਮਣੇ ਇਹ ਗਲ ਹੋਵੇ ਕਿ Constitution ਦੇ ਮਤਾਹਿਤ Public Service Commission discrimination ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕਦਾ ਕਿ ਕਿਸੇ post ਵਾਸਤੇ ਸਿਰਫ ਫਲਾਂ ਜਗ੍ਹਾ ਦੇ ਜਾਂ ਫਲਾਂ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੇ ਬਸ਼ਿੰਦੇ apply ਕਰ ਸਕਣ ਲੇਕਿਨ ਅਗਰ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀ discrimination Public Service Commission ਲਈ ਮਨ੍ਹਾ ਹੈ ਤਾਂ ਉਹ ਗੌਰਮਿੰਟ ਲਈ ਵੀ ਮਨ੍ਹਾ ਹੋਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਨਹੀਂ ਸਮਝਦਾ ਕਿ ਕਿਉਂ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਇਹ ਲੋੜ ਪਈ ਹੈ। ਚੇਅਰਮੈਨ ਸਾਹਿਬ, Public Service Commission ਵਲੋਂ ਹਰ ਰੋਜ਼ ਸ਼ਿਕਾਇਤਾਂ ਆਉਂਦੀਆਂ ਹਨ ਕਿ ਜੋ ਆਦਮੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਪਾਸ ਆਉਂਦੇ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ standard ਦਿਨੋਂ ਦਿਨ ਨੀਵਾਂ ਹੁੰਦਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਲੋਕ ਹੈਰਾਨ ਹੁੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਜੋ ਆਦਮੀ Public Service Commission ਪਾਸੋਂ reject ਹੋ ਜਾਂਦੇ ਹਨ ਸਰਕਾਰ ਆਪਣੀ ਮਰਜ਼ੀ ਨਾਲ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਲਾ ਲੈਂਦੀ ਹੈ। Secretaries-in-charge ਲਿਖਦੇ ਹਨ ਕਿ ਇਹ ਆਦਮੀ ਇਸ post ਦੇ ਕਾਬਲ ਨਹੀਂ ਹੈ ਲੇਕਿਨ ਉਸ ਆਦਮੀ ਨੂੰ ਰਖ ਲਿਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿਉਂਕਿ ਮਿਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਉਸ ਵਿਚ interested ਹੁੰਦੇ ਹਨ। ਨਤੀਜਾ ਇਹ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਕਿ Public Service Commission ਔਰ ਸਰਕਾਰ ਤੇ ਲੋਕਾਂ ਦਾ ਇਤਮਾਦ ਉਠ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਅੱਜ ਕੋਈ ਵੀ ਆਦਮੀ ਇਹ ਨਹੀਂ ਕਹਿ ਸਕਦਾ ਕਿ ਕੋਈ ਵੀ candidate ਇਹੋ ਜਿਹਾ ਹੋਵੇ ਜਿਸ ਨੇ ਸਿਫਾਰਿਸ਼ ਨਾ ਕਰਵਾਈ ਹੋਵੇ। ਹਰ ਆਦਮੀ ਕਹਿੰਦਾ ਹੈ ਕਿ ਫਲਾਂ ਮਿਨਿਸਟਰ ਦੀ ਸਿਫ਼ਾਰਿਸ਼ ਕਰਵਾਵਾਂਗਾ, ਫਲਾਂ ਆਦਮੀ ਤੋਂ telephone ਕਰਵਾ ਦਿਆਂਗਾ। ਇਕ candidate ਵੀ ਐਸਾ ਨਹੀਂ ਜਿਹੜਾ merit ਤੇ ਆਉਂਦਾ ਹੋਵੇ। ਬਲਕਿ ਇਹ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਕਿ ਫਲਾਂ ਆਦਮੀ ਲਗ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿਉਂਕਿ ਉਹਦੀ ਸਿਫਾਰਿਸ਼ ਵਡੀ ਸੀ। ਨਤੀਜਾ ਇਹ ਹੈ ਕਿ services ਦਾ standard ਨੀਵਾਂ ਹੋ ਰਿਹਾ ਹੈ।

ਚੇਅਰਮੈਨ ਸਾਹਿਬ, ਦੂਜੀ ਬਿਦਅਤ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਜਦੋਂ ਇਹ posts Public Service Commission ਦੇ purview ਤੋਂ ਨਿਕਲ ਜਾਂਦੀਆਂ ਹਨ ਤਾਂ ਇਹ ਲੋਕ secretariate ਦੇ ਦੁਆਲੇ ਫਿਰਦੇ ਰਹਿੰਦੇ ਹਨ, ਮਿਨਿਸਟਰਾਂ ਦੇ ਘਰਾਂ ਦੇ ਫੇਰੇ ਕਢਦੇ ਹਨ। ਵਡੀ ਤੋਂ ਵਡੀ ਸਿਫ਼ਾਰਿਸ਼ ਲਭਦੇ ਹਨ ਜਿਸ ਨਾਲ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਦਾ ਹਕੀਕੀ ਤੌਰ ਤੇ ਹਕ ਬਣਦਾ ਹੈ ਉਹ ਰਹਿ ਜਾਂਦੇ ਹਨ। ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਸਲਾਹ ਦਿਆਂਗਾ ਕਿ ਇਸ ਚੀਜ਼ ਤੋਂ ਪਰਹੇਜ਼ ਕਰੇ ਔਰ Public Service Commission ਨੂੰ ਇਹੋ ਜਿਹੀ body ਬਣਾਏ ਜਿਸ ਦੇ ਮੁਤੱਲਕ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਇਤਮਾਦ ਹੋਵੇ ਕਿ ਇਹ merit ਤੇ ਆਦਮੀ ਚੁਣਦੇ ਹਨ ਕਿਸੇ ਨਾਲ ਰੂ ਰਿਆਇਤ ਨਹੀਂ ਕਰਦੇ।

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਬੰਤਾ ਸਿੰਘ ਹੋਰਾਂ ਕਿਹਾ ਹੈ ਕਿ ਮੈਨੂੰ ਲਿਖ ਕੇ ਦਿਉ ਤਾਂ ਮੈਂ ਪਤਾ ਕਰਾਂਗਾ ਪਰ ਮੈਨੂੰ ਪਤਾ ਹੈ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਇਸ ਮਾਮਲੇ ਦਾ ਕੀ ਪਤਾ ਕਰਨਾ ਹੈ। ਉਹ ਤਾਂ ਆਪ ਪੁਛੇ ਬਗੈਰ ਪੇਸ਼ਾਬ ਵੀ ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕਦੇ। ਮੈਂ ਤਾਂ ਹੁਣ ਵੀ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

ਜਦੋਂ ਕਦੇ ਕਿਸੇ ਕਮੇਟੀ ਵਿਚ ਵੀ ਮੈਂਬਰਾਂ ਦੇ ਲੈਣ ਦਾ ਸਵਾਲ ਪੈਦਾ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਤਾਂ ਵੀ ਉਹ ਦੂਜੇ ਮਨਿਸਟਰ ਦੀ ਮਰਜ਼ੀ ਦੇ ਬਗੈਰ ਇਹ ਕੰਮ ਨਹੀਂ ਕਰਦੇ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਆਪਣਾ ਕੋਈ ਇਖਤਿਆਰ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦਾ ।

श्री राम प्यारा : स्पीकर साहिब, क्या बाजवा साहिब को अख्तियार है कि वह चीफ मिनिस्टर साहिब के अख्तियारात को challenge करें ।

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਬਚਨ ਸਿੰਘ ਬਾਜਵਾ : I have not named anybody. ਮੈਂ ਜਾਣਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਬੰਤਾ ਸਿੰਘ ਜੀ ਦੇ ਇਖਤਿਆਰ ਬੜੇ ਮਹਿਦੂਦ ਹਨ । ਜੇ ਉਹ ਇੰਨੀ ਜੁਰਅਤ ਰਖਦੇ ਹਨ ਕਿ action ਲੈ ਸਕਣਾ ਹੈ ਤਾਂ ਮੈਂਬਰਾਂ ਦੇ ਖਿਆਲ ਬਣਦਿਆਂ ਸਾਰ ਹੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ action ਲੈਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ । ਲਿਖ ਕੇ ਦੇਣ ਦੀ ਕੀ ਲੋੜ ਹੈ । ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਜੋ ਇਖ਼ਤਿਆਰ ਹਨ ਉਹ ਮੈਨੂੰ ਪਤਾ ਹੈ । ਅਫਸੋਸ ਨਾਲ ਕਹਿਣਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਜਿੰਨੀਆਂ ਗੱਲਾਂ ਅਸੀਂ ਇਥੇ ਕਰਦੇ ਹਾਂ ਉਹ ਅਸੈਂਬਲੀ ਦੀਆਂ reports ਵਿਚ ਹੀ ਦਬੀਆਂ ਰਹਿ ਜਾਂਦੀਆਂ ਹਨ । ਕੋਈ ਆਦਮੀ ਇਨ੍ਹਾਂ ਗੱਲਾਂ ਵਲ ਧਿਆਨ ਨਹੀਂ ਦਿੰਦਾ । ਪਹਿਲਾਂ ਜਦੋਂ ਇਸ ਹਾਊਸ ਵਿਚ ਗੱਲ ਕੀਤੀ ਜਾਂਦੀ ਸੀ ਤਾਂ ਉਸ ਦਾ ਤਹਿਲਕਾ ਮਚ ਜਾਂਦਾ ਸੀ । ਅਫਸਰ ਉਸ ਗੱਲ ਦੀ ਤਹਿਕੀਕਾਤ ਕਰਦੇ ਸਨ ਲੇਕਿਨ ਅਜ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਲਿਖ ਕੇ ਦਿਉ । ਮੈਂ ਇਸ ਤੇ ਇਤਰਾਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ । ਅਸੀਂ ਜੋ ਕੁਝ ਇਥੇ ਕਹਿੰਦੇ ਹਾਂ ਪੂਰੀ ਜ਼ਿਮੇਦਾਰੀ ਨਾਲ ਕਹਿੰਦੇ ਹਾਂ । ਜੇ ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਉਸ ਦਾ ਸਬੂਤ ਲੈਣਾ ਚਾਹੁੰਦੀ ਹੈ ਤਾਂ ਅਸੀਂ ਦੇਣ ਲਈ ਤਿਆਰ ਹਾਂ । ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਮਸ਼ਵਰਾ ਦਿਆਂਗਾ ਕਿ ਇਹ ਜਿਹੜੀਆਂ posts ਹਨ ਇਹ Public Service Commission ਜਾਂ Subordinate Services Selection Board ਦੇ purview ਵਿਚੋਂ ਨਹੀਂ ਕਢਣੀਆਂ ਚਾਹੀਦੀਆਂ । ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ bodies ਦਾ ਇਹਤਮਾਦ ਬਣਿਆ ਰਹੇਗਾ ਤੇ ਸਰਕਾਰ ਦੀ ਸ਼ੋਭਾ ਹੋਵੇਗੀ ।

श्री बलराम दास टंडन (अमृतसर शहर, पश्चिम) : चेयरमैन साहिब, यह resolution जो श्री प्रबोध चंद्र ने पेश किया है मैं उस की ताईद करने के लिये खड़ा हुआ हूँ । हमें आज इस बात को देखना है कि Public Service Commission जिस बात को ध्यान में रख कर बनाया गया है आया वह function अच्छी तरह से सरंजाम कर रहा है या नहीं । Public Service Commission को Constitution के अंदर जगह दी गई है । हमारे Constitution में दो तीन बातें ऐसी महत्वपूर्ण रखी गई हैं जिन्हें कि बाहर के देशों ने बड़ी आदर की दृष्टि से देखा है । जहां गवर्नमेंट को काफी powers दी गई हैं, वहां इस के साथ साथ High Court और Supreme Court के Judges की appointment में सरकार की कोई power नहीं । Auditor-General जो है उसे भी एक खास जगह दी गई है ताकि वह आज़ादी के साथ गवर्नमैंट की गलती जनता के सामने पेश करे । Public Service Commission को एक खास दर्जा इस लिये दिया गया है क्योंकि इस मुल्क के अंदर हम Democracy चलाना चाहते हैं । वह Democracy इस आधार पर नहीं चलाई जा सकती कि जनता की वोटों से जनता के नुमायंदे चुने जाएँ और वे असैम्बली या पार्लियामैण्ट में जा कर हकूमत को चलाएँ । यूनियन गवर्नमैंट या स्टेट

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[श्री बलराम दास टंडन]

गवर्नमैंट के इस तरह बन जाने से Democracy नहीं चल सकती । मैं समझता हूँ कि जब तक हकूमत का ढांचा ठीक तरह से कायम नहीं किया जाता उस वक्त तक सही मायनों में Democracy नहीं चल सकती । यह Services का ढांचा है जिस के आधार पर हमारी हकूमत ने चलना है । जिस के आधार पर लोगों को इनसाफ मिलना है । इसी आधार पर एक व्यक्ति को जो देश के लिये पवित्रता कायम करता है उसे आदर और मान का स्थान प्राप्त हो सकता है । Cabinet के आधार पर, असैम्बली के आधार पर या पार्लियामैण्ट के आधार पर यह Democracy चलने वाली नहीं और न ही पब्लिक के चुने हुए नुमायंदों से यह Democracy चलेगी, यह तो हकीकत में उन लोगों ने चलानी है जो हकूमत का सारा काम करते हैं और मिनिस्टरों को policy matters पर guide करते हैं । अगर services इस तरीके से बना दी जाएँ कि एक बरसरे इक्तदार पार्टी अपने व्यक्ति महत्वपूर्ण जगहों पर appoint कर दे ताकि वे उन की इच्छाओं के मुताबिक काम करें और अगली हकूमत आ कर उन्हें बाहर निकाल दे । इस बात को कोई पसंद नहीं करेगा । और ऐसी बात Democracy के लिये भी नुकसान देह होगी । हकूमत बदल सकती है और पांच साल के दौरान में किसी वक्त भी Legislature इसे vote out कर सकता है । इन हालात में जो माननीय मैम्बर इस वक्त Treasury Benches पर विराजमान हैं वह Opposition की बैंचिज़ पर बैठ जाएँगे और जो Opposition में बैठे हुए हैं वे हकूमत चलाने वाले होंगे । इस लिये ऐसे लोग जो एक पार्टी की इच्छाओं के मुताबिक चलने वाले हैं वे दूसरी पार्टी के कामों पर मीन-मेख करेंगे । अगर इस किस्म के अफसर key posts पर बैठ जाएँ तो हकूमत का काम तसल्लीबखश तरीके से नहीं चल सकता । That democracy will become a farce. इस चीज़ को मद्देनज़र रखते हुए Public Service Commission को कायम किया गया है ताकि जो गवर्नमैंट पांच साल के लिये आलमे वजूद में आती है लह अपने पार्टी के आदमी services में भरती न कर सके । और महत्वपूर्ण posts हकूमत को चलाने वाली posts पर, एक पार्टी के आदमियों का कब्ज़ा न हो जाए । इन posts पर वह आदमी नियुक्त किये जाएँ जो काबिल और ईमानदार हों, जो हकूमत को सही lines पर चला सकें । लेकिन आज यह गवर्नमैंट उसी Constitution के खिलाफ़ जा रही है जिस की वफादारी का हलफ़ इन्हों ने हकूमत की बाग डोर संभालते वक्त उठाया था । चेयरमैन साहिब, मैं गवर्नमैंट से पूछना चाहता हूँ कि क्या इन्हों ने यह हलफ नहीं उठाया था कि हम हिन्दुस्तान की Constitution के वफादार रहेंगे । क्या यह इस बात के पाबंद नहीं कि ऐसा कोई Legislative measure पास न हो जो Constitution के विरुद्ध हो । (घंटी की आवाज़) चेयरमैन साहिब, मुझे एक दो मिनट और दें क्योंकि मैं कुछ और ज़रूरी बातें गवर्नमैंट के नोटिस में लाना चाहता हूँ । तो सवाल यह है कि आया हम इस Constitution के loyal हैं । Constitution के loyal होते हुए हकूमत इस बात में interference करती है और Public Service Commission को जो अख्तियारात दिये हैं उन को छीनने के लिये कानून बनाने की

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

कोशिश की जाती है ; उन को छीनने के लिये executive force apply करने की कोशिश की जाती है । और अगर ऐसी हालत रही तो मुझे डर है कि एक दिन ऐसा न आ जाए कि पंजाब में Public Service Commission को कहा जाये कि तुम अपना बिस्तर-बोरिया गोल करो । यह हकूमत इतनी competent है कि जो काम तुम से लेना चाहती है वह खुद कर सकती है । यह बात B. D. O.s तक महदूद नहीं कि Block Development Officers लगाए जाएँ । उनके purview को जुदा रखने की कोशिश करें । अगर ऐसा न किया तो पंजाब के लोग यह महसूस करेंगे कि पंजाब की हकूमत Constitution को मिटा कर एक अलग काम कर रही है । यह कितनी अजीब बात है । यहां पर Honorary Sub-Registrars लगाए जाते हैं । उन के लिये qualifications मुकर्रर हैं । उन को साढ़े चार सौ रुपया माहवार तनखाह मिलती है । पहले तो हकूमत ने कहा कि हम उन को हटा कर अंग्रेजों के वक्त के नियम लागू करना चाहते हैं ; लेकिन हुआ क्या ? उन लोगों को आश्वासन दिया गया कि 10 % के हिसाब से जितनी फीस बनती है वह दी जाएगी । जब दो साल में एक आदमी का 15,000 रुपया बना तो हकूमत ने कहा कि हम उस हुकम को बदलते हैं । हम साढ़े चार सौ रुपये माहवार देंगे । सरकार Vigilance Committee बनाती है कि corruption न हो । सरकार खुद corruption को शुरू करना चाहती है । अगर माता ही बच्चे को मारना चाहती है तो कोई नहीं बचा सकता । जो बाड़ खेत की रक्षा के लिये लगाई गई है अगर वही खेत को खाना शुरू कर दे तो कौन बचाएगा (घंटी) । मैं दो मिनट में इस बात को खत्म कर के बैठ जाऊंगा ।

श्री चेयरमैन : आप wind up करें । (The hon. Member may please wind up his speech.)

श्री बलराम दास टंडन : मैं wind up कर के बैठ जाऊंगा । अमृतसर में पहले एक आदमी काम करता था और काम अच्छी तरह चलता था । वह B. A., LL.B. था और उस का 10 साल का तजरुबा था । उस को 225 रुपये माहवार तनखाह देते थे । उस की जगह चार व्यक्ति लगाए गए—एक matric pass, दूसरा matric fail, तीसरा चौथी जमात पास और चौथा चौथी जमात fail । उन को साढ़े चार सौ रुपया माहवार तनखाह दे दी । अगर इस आधार पर यह काम चलना है या इस ढांचे को खड़ा करना है तो हमें सोचना होगा कि क्या करना चाहिये । अमृतसर में Improvement Trust के लिये 1,500 रुपया सरकार ने रखा कि इतनी तनखाह वाला आदमी वहां रखा जायेगा । इस Improvement Trust में किस को लगाया जाता है ? जो 22 साल का वकालत करने वाला है, जो मुकद्दमे की बाबत ही जानता है । Sanitation के point of view से इस लिहाज़ से कि सड़कें कैसे बनेंगी, वहां engineer लगाना चाहिये था । जो ये qualifications fulfil करता उसे Public Service Commission की तरफ से लगाया जाता । सरकार ने कहा कि हम इस post को Public Service Commission के purview से निकालना चाहते हैं । 1,500 रुपया माहवार देने के लिये सरकार उस post को

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[श्री बलराम दास टंडन]
Public Service Commission के purview से निकाल देती है। अगर अमृतसर के Improvement Trust को Mandal Congress Committee का दफ्तर कहा जाए तो कोई मुबालगा नहीं। अगर हमें public के नुमायंदा के तौर पर वहां लाया जाता है तो उस मंडल के लोगों को रात को information होगी कि यहां पर यह बात होने वाली है, कल को आप भी वहां पहुँच जाएँ। (घंटी) एक मिनट और।

Mr. Chairman : No ; please resume your seat.

राजा रघुबीर सिंह (कुल्लू 'जनरल') : चेयरमैन महोदय, Budget की General Discussion के दौरान और Governor's Address पर बहस के मौका पर यह खुला इलज़ाम लगाया गया कि सरकारी मुलाज़मों को हमेशा दबाया जाता है। आज यह बात इस House में आई है, majority यह बात कहती है कि हकूमत सरकारी मुलाज़मों पर रौब डालती है। आज लाला जगत नारायण जी ने यह फरमाया कि Public Service Commission एक separate body है, इसके members की appointment President को तरफ से होनी चाहिये—यह Reorganization of States Commission की report है—ताकि पंजाब की Ministry का उस पर असर न हो। यह बात कही गई कि सरकार ऐसे आदमियों को नौकर रखना चाहती है जिन को patronage देना चाहती है। अगर सरकार मुलाज़मों पर रौब डालती है, अपने आदमियों को patronage दे सकती है तो फिर यह posts Public Service Commission के purview से निकालने की क्या ज़रूरत है ? यह certain posts के लिए है, सब posts के लिए नहीं। चेयरमैन महोदय, मैं यह समझता हूँ कि backward area और backward classes के लिए qualifications relax करनी चाहिएं। किसी सरकारी काम को चलाने के लिये बड़ी २ degrees का होना लिख दें, या वह foreign travelled हो या बहुत सारी ज़बानों को जानने वाला हो; यह नहीं चाहिये, बल्कि मुकामी तौर पर जिसे knowledge हो उस की ज़रूरत होती है। ऐसे आदमियों की ज़रूरत होती है जिन को मुकामी हालात की वाकफियत हो। चेयरमैन महोदय, श्री प्रबोध चंद्र जी इस चीज़ को यहां लाए हैं कि लाहौल और स्पिती में जो appointments होनी हैं, जो मुलाज़म रखने हैं वे भी उसी bottleneck से गुज़रें— qualification वगैरह २ और पुराना तजरबा हो, development का काम हो या कोई co-operative society का काम हो, accountant का इम्तहान पास किया हो या P.W.D. में कोई ऐसा आदमी रखना हो तो वह highly trained हो, foreign trained हो, expert हो। लाहौल और स्पिती में foreign trained और highly qualified आदमी ग़लती कर सकते हैं। चेयरमैन महोदय, मैं आप के notice में लाना चाहता हूँ कि वहां एक लाख रुपया लगा कर P.A.P. के लिए building बनाई गई। मुकामी लोग यह कहते रहे कि यहां यह building न बनाई जाए। (घंटी) मैं एक मिसाल दे रहा हूं।

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

श्री चेयरमैन : Defence के मुतअल्लिक कहने की ज़रूरत नहीं। इन services के मुतअल्लिक जो resolution में mentioned हैं कहना चाहें तो कहें। (The hon. Member need not refer to anything relating to the Defence. He may if he desires say about the services mentioned in the Resolution).

राजा रघुबीर सिंह : मैं यह अर्ज़ कर रहा था कि वह headquarters की building ऐसी जगह बनाई जहां नहीं बनानी चाहिए थी। खुशकिस्मती से P.A.P. का staff वहां नहीं आया। मुकामी लोग कहते रहे कि इस जगह यह building न बनाओ इस का यहां बनाना ठीक नहीं; लेकिन वह बना दी। जो Road Inspector मुकामी तौर पर लाहौल का रहने वाला था उस ने भी कहा। वह Executive Engineer या S.D.O. की गलती थी। Backward area में खास तौर पर यह महसूस किया जाता है कि पंजाब सरकार उसकी तरफ पूरा ध्यान नहीं दे रही। चेयरमैन महोदय, आप के द्वारा मैं सरकार के notice में लाना चाहता हूँ कि कांगड़ा और कुल्लू में इस वक्त यह position है कि कुल्लू का कोई बड़ा officer नहीं; वह Forest Department में Deputy Ranger तक पहुंचता है। उस की वजह यह है कि जब posts advertise होती हैं तो वहां उस वक्त information पहुँचती है जब दरखास्त भेजने की तारीख गुज़र जाती है। दरखास्त के साथ भेजने के लिये सनदें वगैरह इकट्ठी करनी पड़ती हैं। इस के लिए University के पास आना पड़ता है या लिखना पड़ता है। तो फिर वक्त नहीं रह जाता कि वे अपनी दरखास्त वक्त पर भेज सकें। सरकार की खिदमत के लिये वे नुमायंदगी हासिल नहीं कर सकते। जहां तक backward और tribal areas के लिए employment का सवाल है मैं तो यह देख रहा हूँ; चेयरमैन महोदय, Public Relations Department वालों ने एक P.R.O. मुकर्रर करना था। उस में एक specific condition थी कि वह आदमी कुल्लू dialect-knowing होना चाहिए। बदकिस्मती की बात है कि Public Service Commission में कुल्लू का कोई आदमी नहीं आया और कांगड़े का भी कोई आदमी interview के लिये न आया तो उन्होंने एक आदमी और ही चुन लिया और उस के बारे में verdict दे दिया कि यह कुल्लू की भाषा जानता है। वह P.R.O. कुल्लू में काम कर रहा है लेकिन वह कुल्लू की भाषा में lecture नहीं दे सकता। वह आदमी Kulu dialect-knowing होना चाहिये। यह ऐसी post है जिस में लोगों के contact में आना पड़ता है और अगर यह अफसर लोगों की भाषा में उन को न समझा सकें तो लोगों को दिक्कत होती है। इस लिए यह जो resolution पेश हुआ है, मैं इस को जहां तक backward areas, tribal areas और backward classes का ताल्लुक है, oppose करता हूँ। हां, अगर इस resolution के mover और उन के अनुयायी यह महसूस करते हैं कि सरकार इस चीज़ का misuse करती है तो उस रास्ते को बंद करने की कोशिश करें जिस रास्ते से misuse हो रहा है। लेकिन यह नहीं होना चाहिये कि वे backward areas के लोगों का future ही बंद कर दें, और उन के लिये

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[राजा रघुवीर सिंह]
employment का दरवाज़ा ही बंद कर दें । मैं इस resolution के हक में नहीं हूँ ।

श्री बलराम दास टंडन : जनाब चेयरमैन साहिब, मैं ने Rules को देखा है Resolution का Chapter 18 है, उस में दिया हुआ है कि एक मेम्बर 15 मिनट तक लगातार बोल सकता है । लेकिन मुझे आप ने बोलने की इजाज़त नहीं दी ।

श्री चेयरमैन : मेरा ख्याल है कि स्पीकर साहिब ने तकरीरों का वक्त 10 मिनट मुकर्रर कर दिया था लेकिन मैं ने आप को 10 की बजाए बारह मिनट allow कर दिये हैं । (I think the hon. Speaker has already decided to limit the speeches up to 10 minutes. But I have allowed the hon. Member to speak for about 12 minutes).

श्री बलराम दास टंडन : जनाब, इस के बारे में कोई फैसला नहीं हुआ था । स्पीकर साहिब ने कोई announcement इस के बारे में नहीं की । अगर कोई फैसला हुआ हो तो उस को हम मानने के लिये तैयार हैं ।

श्री चेयरमैन : इस resolution के लिये 2 घण्टे वक्त मुकर्रर किया गया है और बहुत सारे hon. members debate में हिस्सा लेना चाहते हैं इस लिये हर एक के लिये 10 मिनट काफी हैं । मेरा विचार है कि concensus of opinion भी यही है । (Only two hours' time has been allotted for the discussion of this resolution and large number of Members want to participate in the debate. Therefore ten minutes are enough for each hon. Member. I think this is also the concensus of opinion.)

(*When Chaudhri Sunder Singh was called to speak there was a thumping of tables in the house.*)

ਚੌਧਰੀ ਸੁੰਦਰ ਸਿੰਘ (ਗੁਰਦਾਸਪੁਰ, ਰਿਜ਼ਰਵਡ): ਜਨਾਬ, ਇਹ ਜਿਹੜੀ thumping ਹੋਈ ਹੈ, ਇਹ ਸ਼ਰਾਰਤ ਦੀ ਨਿਸ਼ਾਨੀ ਹੈ ।

ਸਰਦਾਰ ਭੁਪਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਮਾਨ : On a point of order, Sir. ਜੇਕਰ ਕਿਸੇ ਮੈਂਬਰ ਨੂੰ ਬੋਲਣ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ cheer ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਕੀ ਇਹ ਸ਼ਰਾਰਤ ਵਿਚ ਸ਼ਾਮਲ ਹੈ ਜਾਂ ਇਕ Parliamentary way ਹੈ ?

Mr. Chairman : It is not a "Shararat".

ਸਰਦਾਰ ਭੁਪਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਮਾਨ : ਚੌਧਰੀ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਇਸ ਨੂੰ ਸ਼ਰਾਰਤ ਕਿਹਾ ਹੈ, ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕਿਹਾ ਜਾਏ ਕਿ ਇਸ ਲਫ਼ਜ਼ ਨੂੰ ਵਾਪਸ ਲੈਣ ।

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

ਚੌਧਰੀ ਸੁੰਦਰ ਸਿੰਘ : ਜਨਾਬ ਚੇਅਰਮੈਨ ਸਾਹਿਬ, ਇਹ resolution ਹੈ ਤਾਂ ਚੰਗਾ ਪਰ ਇਸ ਵਿਚ ਮੈਨੂੰ ਕੁਝ ਨੁਕਸ ਨਜ਼ਰ ਆਉਂਦੇ ਹਨ । ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਾਂ ਕਿ ਜਦੋਂ ਮੈਂ Minister ਬਣਿਆ ਤਾਂ ਉਸ ਵੇਲੇ ਅਜੇ Subordinate Services Selection Board ਨਹੀਂ ਬਣਿਆ ਸੀ । 150 ਰੁਪਏ ਤੋਂ ਉਤੇ ਦੀਆਂ ਨੌਕਰੀਆਂ Public Service Commission ਦੇ purview ਵਿਚ ਸਨ । ਮੈਂ ਮਹਿਸੂਸ ਕੀਤਾ ਕਿ ਹਰੀਜਨਾਂ ਵਾਸਤੇ ਕੰਮ ਢਿਲਾ ਹੀ ਸੀ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕੁਝ ਫਾਇਦਾ ਨਹੀਂ ਪਹੁੰਚਦਾ ਸੀ । ਦਸਵੀਂ ਪਾਸ ਹਰੀਜਨਾਂ ਦੇ ਲੜਕੇ ਵਿਹਲੇ ਹੀ ਫਿਰਦੇ ਸਨ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕੋਈ ਭਰਤੀ ਨਹੀਂ ਕਰਦਾ ਸੀ । ਜਿਥੇ ਮੇਰਾ ਦਾਅ ਲਗਦਾ ਸੀ ਉਥੇ ਤੇ ਮੈਂ ਭਰਤੀ ਕਰ ਲੈਂਦਾ ਸੀ ਪਰ ਬਾਕੀ ਮਹਿਕਮਿਆਂ ਵਾਲੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਭਰਤੀ ਨਹੀਂ ਸਨ ਕਰਦੇ । ਮੈਂ proposal ਕੀਤੀ ਕਿ ਇਕ ਅਜਿਹਾ Board ਬਣਾਇਆ ਜਾਏ ਜਿਸ ਵਿਚ ਇਕ Member ਹਰੀਜਨ ਹੋਵੇ ਅਤੇ ਬਾਕੀ ਦੂਸਰੇ ਹੋਣ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ through ਨੌਕਰੀਆਂ ਦਿਤੀਆਂ ਜਾਣ । ਨਤੀਜਾ ਇਹ ਹੋਇਆ ਕਿ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਕੋਈ ਹਰੀਜਨ ਮੁੰਡਾ ਜਿਹੜਾ ਦਸਵੀਂ ਪਾਸ ਹੈ ਭਾਵੇਂ ਉਹ third division ਹੀ ਪਾਸ ਹੋਵੇ ਨੌਕਰ ਹੋ ਜਾਂਦਾ ਹੈ । ਮੈਨੂੰ ਇਸ ਗੱਲ ਦੀ ਖੁਸ਼ੀ ਸੀ । ਪਰ ਜਦੋਂ ਮੈਂ Annual Report on the working of the Punjab Public Service Commission from 1st April, 1958 to 31st March. 1959 ਪੜ੍ਹੀ ਤਾਂ ਮੈਨੂੰ ਬੜੀ ਹੈਰਾਨੀ ਹੋਈ । ਇਸ ਤੋਂ ਜ਼ਾਹਿਰ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਕਿ ਹਰੀਜਨਾਂ ਨਾਲ ਬੜੀ ਬੇਇਨਸਾਫੀ ਕੀਤੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ।

ਇਸ ਵਿਚ ਲਿਖਿਆ ਹੈ ਕਿ interview ਹੋਈ ਤਾਂ more of the candidates was found to be suitable. Public Relations Department ਵਿਚ Scheduled Castes ਲਈ post reserve ਕੀਤੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ਪਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕੋਈ suitable candidate ਹੀ ਨਹੀਂ ਮਿਲਿਆ । ਅਗੇ 33 posts ਹੋਰ ਅਜਿਹੀਆਂ ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਵਜੋਂ ਲਿਖਿਆ ਹੋਇਆ ਹੈ ਕਿ ਹਰੀਜਨ "unsuitable ਅਤੇ ineligible" ਸਨ । ਹਰੀਜਨਾਂ ਨੂੰ ਨਹੀਂ ਨੌਕਰ ਰਖਿਅ ਗਿਆ ਅਤੇ ਬਹਾਨੇ ਨਾਲ ਦੂਸਰੇ ਆਦਮੀ ਰਖ ਲਏ ਗਏ ਹਨ । ਇਹ ਹਰੀਜਨਾਂ ਨਾਲ ਬੇਇਨਸਾਫੀ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ । ਜੇਕਰ Commission ਦੇ purview ਵਿਚੋਂ ਨੌਕਰੀਆਂ ਕਢ ਕੇ ਗੌਰਮਿੰਟ ਆਪਣੇ ਕੋਲ ਰਖ ਲਵੇ ਤਾਂ ਕੰਮ ਅਜ਼ ਕੰਮ ਹਰੀਜਨਾਂ ਨੂੰ ਨੌਕਰੀ ਤਾਂ ਮਿਲ ਜਾਇਆ ਕਰੇਗੀ । ਜੇਕਰ ਪੂਰੀ qualifications ਦਾ ਆਦਮੀ ਨਹੀਂ ਮਿਲਦਾ ਤਾਂ ਘਟ ਵਾਲਾ ਹੀ ਰਖ ਲਿਆ ਜਾਏ । ਹਰੀਜਨਾਂ ਦਾ ਹੱਕ ਤਾਂ ਨ ਮਾਰਿਆ ਜਾਵੇ । ਮੈਨੂੰ ਸਮਝ ਨਹੀਂ ਆਉਂਦੀ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕੋਈ suitable ਹਰੀਜਨ ਹੀ ਨਜ਼ਰ ਨਹੀਂ ਆਇਆ । ਹਰੀਜਨਾਂ ਦਾ ਹੱਕ ਮਾਰਿਆ ਗਿਆ ਹੈ । ਇਸ ਕਰ ਕੇ ਮੈਂ ਇਸ resolution ਦੀ ਮੁਖਾਲਫਿਤ ਕਰਦਾ ਹਾਂ । ਗੌਰਮਿੰਟ ਦੀ policy ਹੈ ਕਿ ਹਰੀਜਨਾਂ ਨੂੰ ਉਪਰ ਉਠਾਉਣਾ ਹੈ ਇਸ ਕਰਕੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ economic condition ਨੂੰ improve ਕਰਨ ਦੀ ਖਾਤਿਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਨੌਕਰੀਆਂ ਦੇਣੀਆਂ ਚਾਹੀਦੀਆਂ ਹਨ । ਜੇਕਰ ਕੋਈ ਹਰੀਜਨ ਮੈਂਬਰ Commission ਵਿਚ ਰਖਿਆ ਜਾਏ ਤਾਂ ਠੀਕ ਹੈ ਤਾਕਿ ਹਰੀਜਨਾਂ ਦੇ ਹਕੂਕ ਦਾ ਉਹ ਖਿਆਲ ਰਖੇ ਨਹੀਂ ਤਾਂ ਮੈਂ ਇਸ resolution ਦੀ ਮੁਖਾਲਿਫਤ ਕਰਦਾ ਹਾਂ । ਨੌਕਰੀਆਂ Commission ਦੇ purview ਵਿਚ ਨਹੀਂ ਰਖਣੀਆਂ ਚਾਹੀਦੀਆਂ । ਇਹ ਨੌਕਰੀਆਂ ਸਰਕਾਰ ਕੋਲ ਰਹਿਣ ਤਾਕਿ ਹਰੀਜਨਾਂ ਨੂੰ ਵੀ ਮਿਲ ਸਕਣ ।

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

ਡਾਕਟਰ ਭਾਗ ਸਿੰਘ (ਗੜ੍ਹਸ਼ੰਕਰ, ਜਨਰਲ) : ਚੇਅਰਮੈਨ ਸਾਹਿਬ, ਆਮ ਤੌਰ ਤੇ ਮੈਂ ਅਤੇ ਚੌਧਰੀ ਸੁੰਦਰ ਸਿੰਘ ਹਰ ਇਕ ਮਸਲੇ ਉਤੇ ਇਤਫਾਕ ਰਾਏ ਹੀ ਰਖਦੇ ਰਹੇ ਹਾਂ। ਪਰ ਇਸ ਮਸਲੇ ਦੇ ਹੱਕ ਵਿਚ ਮੈਂ ਬੋਲਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ। ਇਹ ਮਸਲਾ ਪਹਿਲਾਂ ਵੀ ਹਾਊਸ ਵਿਚ ਕਈ ਵਾਰ discuss ਹੁੰਦਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਅਤੇ ਗੌਰਮਿੰਟ ਦੇ benches ਤੋਂ ਅਤੇ Opposition ਦੀ ਤਰਫੋਂ ਵੀ ਲਾਜ਼ਮੀ ਤੌਰ ਤੇ ਇਸ ਗੱਲ ਦੀ ਵਿਰੋਧਤਾ ਕੀਤੀ ਜਾਂਦੀ ਰਹੀ ਹੈ ਕਿ posts Public Service Commission ਦੇ purview ਤੋਂ ਨਹੀਂ ਕਢਣੀਆਂ ਚਾਹੀਦੀਆਂ, Commission ਦੀ powers ਨੂੰ ਨਹੀਂ ਘਟਾਉਣਾ ਚਾਹੀਦਾ। ਚੇਅਰਮੈਨ ਸਾਹਿਬ, constitution ਉਪਰ ਜ਼ਿਆਦਾ ਜ਼ੋਰ ਦਿਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ। Constitution ਦਾ ਇਹਤਰਾਮ ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਮਨ ਵਿਚ ਪੈਦਾ ਕਰਨਾ, ਉਸ ਦੇ ਬਾਰੇ ਵਿਚ ਜਨਤਾ ਨੂੰ ਵਾਕਫੀਅਤ ਦੇਣੀ, ਇਹ ਕਿਸ ਦਾ ਕੰਮ ਹੈ ? ਇਹ ਗੌਰਮੈਂਟ ਦਾ ਕੰਮ ਹੈ। ਮੈਨੂੰ ਅਮਰੀਕਾ ਦੀ ਵੀ ਥੋੜ੍ਹੀ ਬਹੁਤ ਵਾਕਫ਼ੀ ਹੈ। ਕਾਲਜਾਂ ਵਿਚ ਹੀ ਨਹੀਂ ਬਲਕਿ ਸਕੂਲਾਂ ਵਿਚ ਵੀ ਲੜਕਿਆਂ ਕੋਲ ਇਕ ਗੁਟਕਾ ਜਿਹਾ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਜਿਸ ਵਿਚ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ Constitution ਦੀਆਂ ਮੋਟੀਆਂ ਮੋਟੀਆਂ ਮੱਦਾਂ ਤੋਂ ਜਾਣੂ ਕਰਾਇਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਆਪਣੇ ਮੁਲਕ ਵਿਚ Constitution ਦੇ provision ਨਾਲ ਸਭ ਨੂੰ ਵਾਕਫੀ ਕਰਾਉਣੀ ਸਰਕਾਰ ਆਪਣਾ ਫਰਜ਼ ਸਮਝਦੀ ਹੈ। ਉਥੇ Constitution ਨੂੰ ਇਕ ਪਵਿੱਤਰ ਕਿਤਾਬ ਔਰ Constitution ਬਣਾਉਣ ਵਾਲੇ ਬਜ਼ੁਰਗਾਂ ਨੂੰ ਬੜੀ ਇਜ਼ਤ ਦੀ ਨਿਗਾਹ ਨਾਲ ਵੇਖਿਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਪਰ ਸਾਡੀ Constitution ਬਣਾਉਣ ਵਾਲੇ ਬਜ਼ੁਰਗਾਂ ਨੇ ਜਿਸ eventuality ਨੂੰ foresee ਕਰਕੇ ਇਸ ਵਿਚ Public Service Commission ਦਾ provision ਕੀਤਾ ਸੀ, ਪੰਜਾਬ ਗੌਰਮੈਂਟ ਉਸ provision ਨੂੰ ignore ਕਰਕੇ ਇਕ ਬੜਾ ਭਾਰੀ ਗੁਨਾਹ ਕਰ ਰਹੀ ਹੈ।

ਬੜਾ ਸਾਦਾ ਮਾਮਲਾ ਹੈ ਕਿ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ services ਵਿਚ ਲਿਆ ਜਾਵੇ ਉਹ qualified ਹੋਣ ਔਰ ਰੌ-ਰਿਆਇਤ ਦੇ ਬਗੈਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ appointment ਹੋਵੇ। ਮੈਂ ਇਸ ਮੌਕੇ ਤੇ administration ਦੀ ਨੁਕਤਾਚੀਨੀ ਨਹੀਂ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦਾ—ਸਿਰਫ਼ ਇਸ਼ਾਰਾ ਹੀ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਤੁਸੀਂ ਆਪ ਹੀ ਸੋਚ ਲਵੋ ਕਿ administration ਦੇ ਮੁਤਅਲਕ ਅਜ ਕਲ public ਦੀ opinion ਕੀ ਹੈ। ਕੀ ਅਜੇ ਤਕ ਵੀ ruling party ਨੂੰ ਇਹ ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਲਗਾ ਕਿ corruption, mal-administration ਔਰ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਦੂਜੀਆਂ ਬਿਦਤਾਂ ਇਸ ਵਿਚ ਮੌਜੂਦ ਹਨ ਔਰ services ਲੋਕਾਂ ਵਲ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੇਖਦੀਆਂ ਹਨ ? ਜੇ ਅਜੇ ਤਕ ਵੀ ਇਸ ਸਾਰੀ ਚੀਜ਼ ਦਾ ਸਾਇਆ ਸਰਕਾਰ ਤੇ ਨਹੀਂ ਪਿਆ ਤਾਂ ਮੈਨੂੰ ਸਮਝ ਨਹੀਂ ਆਉਂਦੀ ਕਿ ਕਿਹੜੀ degree ਤੇ ਆਕੇ ਉਸ ਤੇ ਕੁਝ ਅਸਰ ਹੋਵੇਗਾ।

ਅਜ ਹਾਲਤ ਕੀ ਹੈ ? ਡਰ ਹੈ ਕਿ ਕਿਧਰੇ ਬਦ ਤੋਂ ਬਦਤਰ ਨਾ ਹੋ ਜਾਵੇ। ਮੈਂ ਮੁਕਾਬਲਾ ਨਹੀਂ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਕਿ ਅਮਰੀਕਾ ਵਿਚ ਕੀ ਹਾਲ ਹੈ, ਜਾਂ ਦੂਜੇ ਮੁਲਕਾਂ ਵਿਚ ਕੀ ਹਾਲਤ ਹੈ। ਜੇ ਮੈਂ ਮੁਕਾਬਲਾ ਕਰਨ ਬੈਠਾਂ ਤਾਂ ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਕਿ ਸਾਡੀਆਂ services ਤੀਜੇ, ਚੌਥੇ, ਪੰਜਵੇਂ ਜਾਂ ਇਸ ਤੋਂ ਅਗੇ ਕਿਸੇ ਹੋਰ ਨੰਬਰ ਤੇ ਵੀ ਆ ਸਕਣ। ਬਹਰਹਾਲ ਮੈਂ ਕਹਿਣਾ ਇਹ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ democracy ਨੂੰ ਬਚਾਉਣ ਲਈ ਅਜਿਹੇ resolutions ਦਾ ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਖੈਰ ਮਕਦੱਮ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਅਜ ਕਲ

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

services ਵਿਚ ਹਾਲਤ ਕੀ ਹੈ ? ਮੈਨੂੰ ਦੋ B. D. O.s ਦੀਆਂ ਮਿਸਾਲਾਂ ਦਾ ਪਤਾ ਹੈ ਕਿ nepotism ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਕਿਹੜੀ ਸ਼ਕਲ ਇਖਤਿਆਰ ਕਰਦੀ ਹੈ । ਪਿਛਲੇ ਦਿਨਾਂ ਵਿਚ ਇਕ B.D.O. ਔਰ ਇਕ ਲੜਕੀ ਦੀ ਤਸਵੀਰ ਚੌਧਰੀ ਇੰਦਰ ਸਿੰਘ ਨੇ House ਵਿਚ ਰਖੀ । ਬੜੀ ਬਦਕਿਸਮਤੀ ਦੀ ਗੱਲ ਹੈ ਕਿ ਕਿਧਰੇ ਕਿਸੇ ਵਜ਼ੀਰ ਦੇ ਵਾਕਫ ਜਾਂ ਕਿਧਰੇ ਕਿਸੇ ਅਫਸਰ ਦੇ ਰਿਸ਼ਤੇਦਾਰ ਨੂੰ B.D.O. ਲਗਾ ਦਿੱਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ । ਫੇਰ ਉਸ ਦੇ ਬਾਅਦ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਵੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਹੱਕ ਵਿਚ ਪ੍ਰਚਾਰ ਕਰਦੇ ਹਨ । ਪਹਿਲੇ ਤਾਂ ਉਥੇ ਆਪਣੇ ਦੋਸਤ ਜਾਂ ਲਾਡਲੇ ਨੂੰ ਲਗਾ ਦਿੰਦੇ ਹਨ ਔਰ ਫੇਰ ਜਦ ਦੌਰੇ ਤੇ ਜਾਂਦੇ ਹਨ ਤਾਂ public meeting ਵਿਚ ਇਹ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਇਹ B.D.O. ਬੜਾ ਸ਼ਰੀਫ ਲੜਕਾ ਹੈ; ਇਸ ਨੇ ਬੜੀ ਤਰੱਕੀ ਕਰਨੀ ਹੈ, ਇਸ ਦੀਆਂ ਸਾਰੀਆ ਗੱਲਾਂ ਮੰਨ ਲਿਆ ਕਰੋ । ਜਿਹੜੇ ਵਜ਼ੀਰ ਇਕ ਅਫ਼ਸਰ ਦੀ public meeting ਵਿਚ ਤਾਰੀਫ਼ ਕਰਦੇ ਹਨ— ਇਹ ਮੇਰੀ ਆਪਣੀ Constituency ਦੀ ਮਿਸਾਲ ਹੈ—ਉਨ੍ਹਾਂ ਤੋਂ ਹੋਰ ਕੀ ਉਮੀਦ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ ਜਾ ਸਕਦੀ ? ਕੀ ਲੋਕ ਖੁਦ ਉਸ ਅਫ਼ਸਰ ਦੀ ਲਿਆਕਤ ਨੂੰ judge ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕਦੇ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਉਹ ਕੰਮ ਕਰਦਾ ਹੈ ? ਇਸ ਦਾ ਸਾਫ਼ ਮਤਲਬ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਉਹ public ਨੂੰ ਇਹ ਦਸਣਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਫਲਾਣਾ ਆਦਮੀ ਮੇਰਾ ਆਦਮੀ ਹੈ ਇਸ ਦੀ ਸ਼ਿਕਾਇਤ ਨਾ ਕਰਨਾ, ਇਸ ਨੇ ਤਰੱਕੀ ਕਰਨੀ ਹੈ, ਅਸੀਂ ਇਸ ਦੇ ਬਿਧਨੇ ਹਾਂ— ਇਸ ਦੀ ਕਿਸਮਤ ਬਣਾਉਣ ਵਾਲੇ ਹਾਂ । ਕੀ ਇਸ ਚੀਜ਼ ਦਾ ਅਸਰ ਹੋਰ services ਤੇ ਨਹੀਂ ਪੈਂਦਾ ? ਜ਼ਰੂਰ ਪੈਂਦਾ ਹੈ । ਕੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਲੋਂ ਇਹ ਕਹਿਣਾ ਜਾਇਜ਼ ਹੈ ਕਿ ਫਲਾਨਾ ਅਫ਼ਸਰ ਬਿਲਕੁਲ ਚੰਗਾ ਹੈ, ਗ਼ਲਤੀ ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕਦਾ, ਕਿਧਰੇ ਤੁਸੀਂ ਨਾ ਉਸ ਦੇ ਖ਼ਿਲਾਫ ਸ਼ਿਕਾਇਤ ਕਰਨ ਦੀ ਗਲਤੀ ਕਰ ਦੇਣਾ ? ਜੇ ਹਾਲਾਤ ਇਥੋਂ ਤਕ ਪਹੁੰਚ ਜਾਣ ਤਾਂ ਚੇਅਰਮੈਨ ਸਾਹਿਬ, ਅੰਦਾਜ਼ਾ ਲਗਾਓ ਕਿ ਇਸ ਦਾ ਕੀ ਅਸਰ ਹੋਵੇਗਾ ! ਸਰਕਾਰ ਦੀ ਹੌਲੀ ਹੌਲੀ ਇਹ ਨੀਤੀ ਬਣਦੀ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ ਕਿ ਜ਼ਿਆਦਾ ਤੋਂ ਜ਼ਿਆਦਾ ਅਖਤਿਆਰ executive ਦੇ ਹਥਾਂ ਵਿਚ ਦਿਤੇ ਜਾਣ । ਇਹ ਚੀਜ਼ ਬਿਲਕੁਲ undemocratic ਹੈ । ਸਰਕਾਰ ਗਲਤ ਰਸਤੇ ਵਲ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ । ਇਹ ਹਾਲਾਤ ਜ਼ਿਆਦਾ ਦੇਰ ਤਕ ਜਾਰੀ ਨਹੀਂ ਰਹਿ ਸਕਣਗੇ । ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿ ਹੁਣ ਵੀ ਹਾਲਾਤ ਨੂੰ ਬਦ ਤੋਂ ਬਦਤਰ ਹੋਣ ਤੋਂ ਬਚਾਇਆ ਜਾਵੇ ਨਹੀਂ ਤਾਂ ਇਸ ਦੀ ultimate master public ਹੀ ਹੈ—ਆਮ ਜਨਤਾ ਹੈ ਉਹ ਖੁਦ ਦੇਖ ਲਵੇਗੀ । ਉਹ ਬਹੁਤ ਦੇਰ ਤਕ ਭੁਲੇਖੇ ਵਿਚ ਨਹੀਂ ਰਹਿ ਸਕਦੀ । ਇਨ੍ਹਾਂ ਸ਼ਬਦਾਂ ਨਾਲ ਮੈਂ ਇਸ resolution ਦੀ ਤਾਈਦ ਕਰਦਾ ਹਾਂ । ਸਰਕਾਰ ਪਾਸ ਬੇਨਤੀ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਬੜੇ ਤਹੱਮਲ ਨਾਲ ਇਸ ਤੇ ਵਿਚਾਰ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ ਔਰ ਇਸ ਨੂੰ ਮਨਜ਼ੂਰ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ ।

श्री राम चन्द्र कामरेड (नूरपुर) : जनाब चेयरमैन साहिब, किसी भी मुल्क में जम्हूरियत के इस्तहकाम के लिये तीन चीज़ों का होना ज़रूरी होता है । सब से पहली बात तो यह है कि administration पाक दामन हो । दूसरे यह कि Executive को Judiciary से अलग किया जाये ताकि executive मन मानी न कर सके और अगर किसी कदम पर वह ऐसी गलती कर जाये तो Judiciary उस के खिलाफ फैसला दे सके । मतलब यह कि Judiciary Executive से बिल्कुल अलग हो और Judiciary की independence कायम रहे । लेकिन चेयरमैन साहिब, पंजाब में कुछ देर से तजरुबा यह बताता है कि यहां Executive मन मानी कर रही है ।

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[श्री राम चन्द कामरेड]

27. Kundan Lal, Shri.
28. Mehar Singh, Sardar.
29. Mehar Singh, Thakur.
30. Multan Singh, Shri.
31. Om Prabha Jain, Shrimati.
32. Parkash Kaur, Shrimati.
33. Pritam Singh, Sahoke, Sardar.
34. Paul Singh, Sardar.
35. Radha Krishan, Chaudhri.
36. Rala Ram, Shri.
37. Ram Parkash, Shri.
38. Ran Singh, Shri.
39. Rup Singh "Phul", Shri.
40. Sadhu Singh, Sant.
41. Sant Ram, Shri.
42. Saneh Lata, Shrimati.
43. Shri Krishan Shastri, Shri.
44. Sohan Singh, Sardar.
45. Sri Chand, Chaudhri.
46. Sumer Singh, Shri.
47. Sumitra Devi, Shrimati.
48. Suraj Mal, Chaudhri.
49. Teja Singh, Subedar.
50. Umrao Singh, Shri.

NOES

1. Atma Singh, Sardar.
2. Balbir Singh, Chaudhri.
3. Baldev Prakash, Dr.
4. Bhag Singh, Dr.
5. Dharam Singh Rathi, Chaudhri.
6. Gurwarayam Singh, Sardar.
7. Inder Singh, Chaudhri.
8. Karam Chand, Shri.
9. Lal Chand, Shri.
10. Mangal Sain, Shri.
11. Ram Kishan Bharolian, Pandit.
12. Sahi Ram Bishnoi, Chaudhri.
13. Udham Singh, Sardar.

Mr. Deputy Speaker : The House will now proceed to consider the Bill clause by clause.

CLAUSE 2

Mr. Deputy Speaker : Question is :—

That Clause 2 stand part of the Bill.

The motion was carried.

CLAUSE 3

Sardar Umrao Singh (Nakodar 'General') : Sir, I beg to move—

In the proposed sub-clause "(ii-A)", column 3, for "Fifty Rupees" substitute "Twenty Rupees".

ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ ਇਸ ਬਿਲ ਦੀ consideration motion ਤੇ ਵੀ ਬੇਨਤੀ ਕੀਤੀ ਸੀ ਕਿ ਇਹ ਜੋ ਟੈਕਸ ਲਾਇਆ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਅਤੇ ਫੀਸ ਵਧਾਈ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ ਇਸ ਨਾਲ ਇਤਨੀ ਜ਼ਿਆਦਾ income ਨਹੀਂ ਹੋਵੇਗੀ ਕਿ ਜਿਸ ਨਾਲ State revenue ਨੂੰ ਕੋਈ substantial ਫਾਇਦਾ ਹੋਵੇਗਾ। ਮੈਂ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਇਸ ਨਾਲ

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[ਸਰਦਾਰ ਉਮਰਾਉ ਸਿੰਘ]

ਫਾਇਦਾ ਤਾਂ ਘਟ ਹੋਵੇਗਾ ਪਰ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਦਿੱਕਤ ਬਹੁਤ ਵਧ ਹੋਵੇਗੀ। ਹਾਂ ਜੇਕਰ ਫੀਸ ਵਧਾਣੀ ਹੀ ਹੈ ਤਾਂ ਇਤਨੀ ਵਧਾਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ ਕਿ ਜਿਸਦਾ burden ਲੋਕ ਬਰਦਾਸ਼ਤ ਕਰ ਸਕਨ, ਕੁਝ income ਵੀ ਹੋ ਸਕੇ ਅਤੇ number of writs ਵੀ ਕਾਇਮ ਰਹਿ ਸਕੇ। ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ 2 ਰੁਪਏ ਤੋਂ ਵਧਾਕੇ 50 ਰੁਪਏ ਫੀਸ ਕਰ ਦੇਣ ਨਾਲ number of writs ਘਟ ਹੋ ਜਾਵੇਗਾ ਅਤੇ ਜੋ ਤੁਹਾਡਾ revenue ਵਧਾਉਣ ਦਾ ਜੋ ਮਕਸਦ ਹੈ ਉਹ ਫੌਤ ਹੋ ਜਾਵੇਗਾ ਕਿਉਂਕਿ additional revenue ਤਦ ਹੀ ਆਵੇਗਾ ਜੇਕਰ number of writs ਉਤਨਾ ਹੀ ਰਹੇ ਜਿਤਨਾ ਕਿ ਪਹਿਲਾਂ ਸੀ ਜਦੋਂ ਕਿ ਫੀਸ 2.65 ਰੁਪਏ ਸੀ। ਮੇਰਾ ਖਿਆਲ ਹੈ ਕਿ 50 ਰੁਪਏ ਫੀਸ ਹੋ ਜਾਣ ਨਾਲ number of writs ਇਤਨਾ ਘਟ ਹੋ ਜਾਵੇਗਾ ਕਿ ਸ਼ਾਇਦ ਅਗੇ ਨਾਲੋਂ 1/10 ਹੀ ਰਹਿ ਜਾਵੇ। ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਸਰਕਾਰ ਦਾ ਜੋ revenue ਵਧਾਉਣ ਦਾ ਮਕਸਦ ਹੈ ਉਹ ਫੌਤ ਹੋ ਜਾਵੇਗਾ। ਇਸ ਲਈ ਮੇਰਾ ਖਿਆਲ ਹੈ ਕਿ ਜੇਕਰ ਮੇਰੀ amendment ਮੰਨ ਲਉ ਤਾਂ ਇਸ ਨਾਲ number of writs ਵੀ ਕਾਇਮ ਰਹੇਗਾ, revenue ਵਿਚ increase ਹੋਵੇਗਾ ਅਤੇ ਇਸ 15, 20 ਹਜ਼ਾਰ ਰੁਪਏ ਨਾਲ ਜੋ ਸਰਕਾਰ ਦੀ ਬਦਨਾਮੀ ਹੋਣੀ ਹੈ ਉਹ ਵੀ ਨਹੀਂ ਹੋਵੇਗੀ। ਇਹ ਠੀਕ ਹੈ ਕਿ ਯੂ. ਪੀ. ਅਤੇ Supreme Court ਵਿਚ ਇਹ ਰੇਟ ਹੈ ਲੇਕਿਨ Supreme Court ਵਿਚ ਤਾਂ rare cases ਹੀ ਜਾਂਦੇ ਹਨ। ਆਮ ਸ਼ਹਿਰੀ ਤਾਂ ਹਾਈ ਕੋਰਟ ਵਿਚ ਹੀ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਸੁਪਰੀਮ ਕੋਰਟ ਨਾਲ ਹਾਈ ਕੋਰਟ ਦਾ ਮੁਕਾਬਲਾ ਕਰਨ ਵਾਲੀ ਗੱਲ ਕੋਈ ਚੰਗੀ ਦਲੀਲ ਨਹੀਂ ਹੈ। ਤੇ ਮੇਰੀ ਅਰਜ਼ ਹੈ ਕਿ ਇਤਨੀ ਫੀਸ ਨਹੀਂ ਰਖਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਜਿਸਦਾ ਬੋਝ ਲੋਕ ਬਰਦਾਸ਼ਤ ਨ ਕਰ ਸਕਣ ਅਤੇ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਸਰਕਾਰ ਦੇ ਖਿਲਾਫ਼ ਪਰਚਾਰ ਕਰਨ ਦਾ ਮੌਕਾ ਮਿਲੇ। ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਉਮੀਦ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਮੇਰੀ ਤਰਮੀਮ ਮੰਨ ਲਈ ਜਾਵੇਗੀ।

Mr. Deputy Speaker : Motion moved —

In the poposed sub-clause " (ii-A)", column 3, for "Fifty Rupees" substitute "Twenty Rupees".

चौधरी धर्म सिंह राठी (सम्भालका) : डिप्टी स्पीकर साहिब, ज्ञानी जी ने जो दलीलें अपनी तकरीर में इस बिल के हक में दी हैं उन को सुन कर बड़ी हैरानी हुई है। उन्होंने एक दलील यह दी है कि writs की तादाद ज्यादा हो गई है इस लिए judges ज्यादा रखने पड़ गए और जब Judges ज्यादा हो गए तो खर्च बढ़ गया। इस लिए फीस 2.65 रुपये से बड़ा कर 50 रुपये कर दी है। बड़े कमाल की दलील दी और यह है इन की democracy का हाल Democracy के अन्दर हम कहते हैं कि हर एक को इन्साफ मिलना चाहिये और Constitution ने हमें writ का right दिया है लेकिन हमारे वज़ीर साहिब फरमाते हैं कि बड़ी खराबी हो गई जो writs की तादाक ज़ियादा हो गई और लोग इन्साफ लेने लग पड़े लेकिन इस का तरीका यह नहीं है जो आप कह रहे है बल्कि इस का सीधा और आसान तरीका यही है कि पंडित नेहरू जी के पास जाओ कि यह जो Constitution के Article 226 के तहत writ का हक लोगों को मिला है इसे उड़ा दो ताकि कोई आदमी writ ही न कर सके। आप सीधी बात यह करो कि Article 226 को उड़ा दो क्योंकि न रहेगा बांस और न बजेगी बांसुरी (हंसी) इस से आप को कोई

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

तकलीफ न होगी । आप अपनी ऊपर वाली गवर्नमेंट को लिख कर भेज दो कि यह जो आपने Article 226 बना कर गलती कर दी है इस को उड़ा दो ताकि यह writs खत्म हो जाए । यही इस का सीधा तरीका है । ज्ञानी जी ने कहा कि.......

माल मंत्री : On a point, of information, Sir. मुझे यह पता नहीं लगा कि यह किस चीज़ पर बोल रहे हैं, आया ताईद में हैं या अपोज़ीशन में हैं ....

चौधरी धर्म सिंह राठी : I dont give way. मैं यही अर्ज़ कर रहा हूं कि यह फीस 50 रुपए नहीं होनी चाहिए और वजीर साहिब ने इस schedule के हक में जो दलीलें दी थीं मैं उन का जवाब दे रहा था।। आप किसी democratic country का constitution उठा कर देख लो हर जगह writ का right लोगों को मिला हुआ है। लेकिन यह कहते हैं कि ऐसा तरीका अख्तियार करो कि कोई गरीब आदमी writ ही न कर सके और उस का तरीका उन्होंने यह निकाला है कि दो रुपए की जगह फीस 50 रुपए कर दो क्योंकि न किसी गरीब के पास 50 रुपए होंगे न वह writ कर सकेगा। एक दलील उन्होंने यह दी कि वकील की फीस भी है । कौन कहता कि आप सरकारी वकील मुकर्रर करो। जो writ करता है वह करे। अव्वल तो गवर्नमेंट का वकील होना चाहिए और गवर्नमेंट गरीबों के लिए वकील का इन्तज़ाम करे और अगर ऐसा नहीं कर सकते तो वकील की writ फीस मुकर्रर कर दो। मैं कहता हूं कि कम से कम फीस मुकर्रर करो । अभी मेरे फाज़िल दोस्त उमराओ सिंह ने कहा कि इस से सरकार की बड़ी बदनामी हो जाएगी । लेकिन में उन से पूछता हूं कि अब कौन सी सरकार की नेकनामी हो रही है। इस सरकार की तरफ से जितने कारनामे हो रहे हैं वह सभी बदनामी के हैं और इस सरकार ने एक भी काम नेकनामी का नहीं किया है। इन का अपना दिल यह गवाही देता है। यह 50 रुपये की क्या बात है यहां तो चारों तरफ scandals ही scandals हैं । कहीं जमीन का scandal, कहीं fertilizers का scandal और कहीं किसी वज़ीर के बेटे का scandal..... (*noise and interruption*)

Mr. Deputy Speaker : Order, order. Now you are discussing clause 3 Please be relevant.

चौधरी धर्म सिंह राठी : मैं जनाब बदनामी और नेकनामी की बात बता रहा हूं। मैं कहता हूं कि यह नेकनामी की बातें नहीं हैं सारी की सारी बदनामी की बातें हैं। मैं ज्ञानी जी से कहता हूं कि अभी तक तो आप बदनामी से बचे हुए हैं इस लिए अब बदनामी में मत फंसो। सरदार उमराओ सिंह का कहना भी यही है कि अभी तक नेकनामी में हैं और बदनामी से बचे हुए हैं इस-लिए अब 50 रुपए वाली बात कर के बदनामी मत लो। वैसे तो मैं सरदार उमराओ सिंह की तजवीज़ के हक में नहीं हूं जो वह कहते हैं कि 20 रुपए कर दो लेकिन अगर मेरी बात नहीं माननी है और 50 रुपए नहीं उड़ाने हैं तो कम से कम वह तो ज्ञानी जी के पुराने साथी हैं इस लिए उन की बात ही चलो मान लो। मैं ज्ञानी जी से कहता हूं कि सरदार उमराओ सिंह आपके पुराने साथी हैं, आपके दुःख दर्द में शरीक रहते हैं इसलिए अगर मेरी बात नहीं माननी है तो चलो उन की ही मान लो। मास्टर जी का साथ तो नहीं निभाया और वह बात तो अब पुरानी हो गई मगर अब इन का साथ ही निभाओ जो आप के साथ रहेंगे और रहे हैं ।

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

Mr. Deputy Speaker : Order, order. No repetition please. Be relevant.

चौधरी धर्म सिंह राठी : इन अलफाज़ के साथ मैं इस क्लाज़ की मुखालिफत करता हूँ और अर्ज़ करता हूं कि अगर मेरी नहीं तो कम से कम सरदार उमराओ सिंह की बात मान लो।

ਸਰਦਾਰ ਅਜਮੇਰ ਸਿੰਘ (ਸਮਰਾਲਾ) : ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਜਦੋਂ ਅਸੀਂ ਵੇਖਦੇ ਹਾਂ ਕਿ ਰਿਟ ਦੀ ਫੀਸ ਦੋ ਰੁਪਏ ਤੋਂ ਵਧਾ ਕੇ 50 ਰੁਪਏ ਕਰ ਦਿਤੀ ਹੈ ਤਾਂ ਇਸ ਗੱਲ ਨਾਲ ਇਕ ਖਾਸ ਚਿੰਤਾ ਹੁੰਦੀ ਹੈ। ਇਸ ਸਿਲਸਿਲੇ ਵਿਚ ਗਿਆਨੀ ਜੀ ਨੇ ਜੋ ਦਲੀਲਾਂ ਦਿਤੀਆਂ ਹਨ ਜੇਕਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਚੰਗੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਘੋਜੀਏ ਤਾਂ ਉਹ ਪੂਰੀਆਂ ਨਹੀਂ ਉਤਰਦੀਆਂ ਹਨ। ਜੇਕਰ ਅਸੀਂ ਇਹ ਸਮਝ ਲਈਏ ਕਿ litigants ਕੋਲੋਂ ਰੁਪਿਆ ਹੀ ਵਸੂਲ ਕਰਨਾ ਹੈ ਤਾਂ dispensation of justice ਲਈ ਇਹ ਅਸੂਲ ਚੰਗਾ ਨਹੀਂ ਹੈ ਕਿਉਂਕਿ ਕਿਸੇ ਵੀ ਸਟੇਟ ਵਿਚ ਗਰੀਬ ਹੋ ਸਕਦੇ ਹਨ ਜਿਹੜੇ ਕਿ ਮਹਿਜ਼ ਇਸ ਲਈ ਇੰਨਸਾਫ਼ ਹਾਸਿਲ ਕਰਨ ਤੋਂ ਰਹਿ ਜਾਣਗੇ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਕੋਲ ਫੀਸ ਦੇਣ ਲਈ ਐਨੇ ਪੈਸੇ ਨਹੀਂ ਹੋਣਗੇ। ਜੇਕਰ ਕਿਸੇ ਗਰੀਬ ਦੇ fundamental rights ਤੇ ਹਮਲਾ ਹੋ ਜਾਵੇ ਅਤੇ ਉਹ ਆਪਣਾ right seek ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹੈ ਤਾਂ ਉਸ ਨੂੰ ਸੂਬੇ ਦੀ highest court ਨੂੰ approach ਕਰਨਾ ਹੈ ਪਰ ਅਗਰ ਉਸਨੂੰ ਅਸੀਂ ਇਹ ਕਹੀਏ ਕਿ ਤੂੰ ਆਪਣਾ right ਤਾਂ ਲੈ ਸਕਦਾ ਹੈਂ ਅਤੇ ਤਾਂ ਇੰਨਸਾਫ ਹਾਸਿਲ ਕਰ ਸਕਦਾ ਹੈਂ ਜੇ ਤੂੰ ਪਹਿਲਾਂ 50 ਰੁਪਏ ਦੇਵੇਂ ਤਾਂ ਇਸ ਨਾਲੋਂ ਬੁਰੀ ਗੱਲ ਕੀ ਹੋ ਸਕਦੀ ਹੈ। Ultimately ਜੇ ਉਹ writ ਵੀ ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕਦਾ ਤਾਂ ਉਸ ਨੂੰ ਇਨਸਾਫ ਨਹੀਂ ਮਿਲ ਸਕਦਾ ਔਰ ਇਹ ਚੰਗੀ ਗਲ ਨਹੀਂ ਜਾਪਦੀ ਕਿ ਉਹ ਇਨਸਾਫ਼ ਤਲਬ ਨਾ ਕਰ ਸਕੇ। ਅਜ ਇਸ ਵਿਚ ਸ਼ਕ ਨਹੀਂ ਕਿ People are becoming conscious of their rights. This should be encouraged and not discouraged.

ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ writs ਨੂੰ revenue ਦੇ ਨੁਕਤਾ ਨਿਗਾਹ ਨਾਲ ਵੇਖਣਾ ਚੰਗੀ ਗਲ ਨਹੀਂ। ਔਰ ਅਗਰ ਇਹ ਸਮਝਿਆ ਜਾਏ ਕਿ Judges ਦੇ ਵਧਣ ਨਾਲ ਤਨਖਾਹਾਂ ਜ਼ਿਆਦਾ ਦੇਣੀਆਂ ਪੈਣਗੀਆਂ ਔਰ ਉਹ ਪੈਸਾ writs ਦੇ ਰਾਹੀਂ ਇਕਠਾ ਕੀਤਾ ਜਾਏ ਤਾਂ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ essentially this argument is wrong ਕਿਉਂਕਿ ਹਰ ਇਕ ਆਦਮੀ ਨੂੰ ਹਕ ਹੈ ਕਿ ਉਹ ਇਨਸਾਫ਼ ਤਲਬ ਕਰ ਸਕੇ। ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਇਹ ਅਰਜ਼ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ writ ਦੀ ਫੀਸ 2 ਰੁਪਏ ਤੋਂ ਵਧਾ ਕੇ 50 ਰੁਪਏ ਕਰ ਦੇਣਾ it is a sort of penalizing justice. Justice ਤੇ ਇਹ demand ਕਰਦਾ ਹੈ ਕਿ ਗਰੀਬ ਆਦਮੀ ਨੂੰ ਘਟ ਤੋਂ ਘਟ ਖਰਚ ਤੇ ਇਨਸਾਫ secure ਕੀਤਾ ਜਾਏ।

After all there should be some scope somewhere to enable the weakest people to approach the highest Court to get justice if at any time their rights are invaded.

ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਚੰਗੀ ਚੀਜ਼ ਸੀ ਕਿ ਦੋ ਰੁਪਏ ਦਾ ਟਿਕਟ ਲਾਓ ਔਰ ਹਾਈ ਕੋਰਟ ਵਿਚ ਆਪਣੇ rights ਨੂੰ protect ਕਰਨ ਲਈ fight ਕਰ ਲਓ ਲੇਕਿਨ

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

ਇਸ ਦੇ ਨਾਲ ਉਹ ਵੀ ਰਸਤਾ ਬੰਦ ਕੀਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ । ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਸਰਦਾਰ ਉਮਰਾਓ ਸਿੰਘ ਦੀ amendment ਦੀ ਤਾਈਦ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਔਰ ਗੌਰਮਿੰਟ ਨੂੰ ਅਪੀਲ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ let us not increase the fee from Rs 2 to Rs 50. ਅਗਰ ਬਾਅਦ ਵਿਚ ਖੁਸ਼ਹਾਲੀ ਆ ਜਾਏ ਤਾਂ ਫੇਰ second time ਸੋਚਿਆ ਜਾ ਸਕਦਾ ਹੈ ਲੇਕਿਨ ਸੁਪਰੀਮ ਕੋਰਟ ਵਿਚ ਵੀ 50 ਰੁਪਏ ਲਗਣ ਔਰ ਇਥੇ ਵੀ 50 ਰੁਪਏ ਲਗਣ ਇਹ ਕੋਈ ਠੀਕ ਗਲ ਨਹੀਂ ਜਾਪਦੀ । ਇਨ੍ਹਾਂ ਲਫਜ਼ਾਂ ਨਾਲ ਮੈਂ ਸਰਦਾਰ ਉਮਰਾਓ ਸਿੰਘ ਦੀ amendment ਦੀ ਤਾਈਦ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ।

श्री मंगल सेन (रोहतक) : डिप्टी स्पीकर साहिब, इस बिल के विषय में काफी कुछ कहा जा चुका है । मैं भी इस का विरोध करने के लिए खड़ा हुआ हूं । जैसा कि कुछेक मैम्बरों का ख्याल है मैं भी समझता हूं कि ज्ञानी जी जो बात करते हैं बड़ी समझ से करते हैं लेकिन इस विधेयक को देख कर मुझे भी बहुत निराशा हुई कि जिन लोगों के साथ उन की सहानुभूति होनी चाहिए थी उन पर उन्होंने प्रहार करना शुरू कर दिया । मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि जम्हूरी तर्ज़े निज़ाम में न्याय करने वाली एजेंसी quick होती है, prompt होती है। जम्हूरियत के अन्दर सरकार का यह कर्तव्य होता है कि वह देखे कि यहां के नागरिक को अपने देश में सुविधा के साथ रहने के सारे साधन प्राप्त हो रहे हैं । लेकिन आज अकस्मात 2 रु० 65 नए पैसे से बढ़ा कर 50 रुपए writ की जो फीस मुकर्रर की जा रही है इस से बढ़ कर कोई बेइनसाफी नहीं हो सकती । ज्ञानी जी जिस पार्टी के नुमायंदा हैं उस की अक्सरियत है वे जो मर्ज़ी कर लें और हमारी वज़नदार युक्तियुक्त बातें वह अपने बहुमत के बल से ignore कर के इस बिल को पास कर देंगे । ज्ञानी जी ने कहा कि हाई कोर्ट के Judges को तनखाहें देनी पड़ती हैं. Buildings बनानी पड़ती हैं लेकिन मैं ज्ञानी जी से कहना चाहता हूं कि यह Police State नहीं है Welfare State है और यह ज़रूरी नहीं कि जिस महकमा पर खर्च करना हो उसी महकमा से वह खर्च पूरा किया जाए । इसलिए उन की यह दलील कोई वज़न नहीं रखती । मैं समझता हूं कि भारत के संविधान ने इस देश के नागरिक को जो अधिकार प्रदान किए हैं उन के रास्ते में इस विधेयक द्वारा एक दीवार खड़ी करने की कोशिश की जा रही है । हमारे सूबा में ज़ुल्म सितम की इन्तहा हो चुकी है । और बेगुनाह लोग यहां पर पकड़े जाते हैं । जब विचारों का इख्तलाफ होता है और हुकमरान पार्टी लोगों की दलीलों को नहीं मानती तो लोगों को मजबूर होकर सत्याग्रह करना पड़ता है जिस में बेगुनाह लोगों को गिरफ्तार किया जाता है । हमारे मुख्य मन्त्री साहिब ने फरमाया था कि मेरे अन्दर औरंगज़ेब की रूह आ गई है । जिस सूबा के मुख्य मंत्री के अन्दर औरंगज़ेब की रूह आ गई हो और उसे मालूम हो तो उस सूबा में ज़ुल्मोसितम न हो यह कैसे हो सकता है । यह ठीक है कि जेल में जाने वालों को writ के पैसे नहीं देने पड़ते लेकिन जो दूसरे लोग writ करेंगे उन्हें 50 रुपए देने पड़ेंगे जिस का नतीजा यह होगा कि जो लोग अदालत का सहारा लेना चाहते हैं उन के साथ बेइनसाफी होगी ज़ुल्म होगा अत्याचार होगा । *(At this stage the Chief Parliamentary Secretary was seen reading a newspaper.)*

Mr. Deputy Speaker : If the hon. Member wants to read newspaper he may kindly move to the lobbies.

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

श्री मंगल सेन : इसलिए मैं मन्त्री महोदय से कहूंगा कि वह राज हठ छोड़ कर जनता की आवाज़ की तरजमानी करें ।

Mr. Deputy Speaker : Debate on Clause 3 of the Bill is going on. It is a single clause Bill and Clause 3 is the operative Clause. I don't think the hon. Members will have to say more at the third reading stage of the Bill.

श्री मंगल सेन : मैं अर्ज़ कर रहा था कि मन्त्री महोदय एक मिसाल कायम करें कि उन्होंने जनता की आवाज को पहचानते हुए अपोजीशन की ओर से आई हुई एक चीज़ को स्वीकार किया था । वह असेम्बली में ऐसी मिसाल कायम करें कि सचाई के सामने एक वज़ीर झुक गया था और उन्होंने जनता की आवाज का सत्कार किया था । इन शब्द के साथ मैं बैठता हूं ।

खान अब्दुल गफ्फार खां (अम्बाला शहर) : जनाब सदर मैं सरदार उमराओ सिंह साहब की अमेंडमेंट की ताईद में खड़ा हुआ हूं। जनाब वाला writ की फीस को इस कदर बढ़ा देना 20 गुणा या दस गुणा कर देना इस बात का इज़हार करता है कि हकूमत इस बात पर तुली हुई है कि लोगों को इनसाफ हासल न हो सके । (विरोधी दल की तरफ से तालियां ।)

(एक आवाज़ : आप से यही उम्मीद थी ।) अब आप हंस रहे हो फिर रोइयेगा मत । तो जनाब डिप्टी स्पीकर साहिब, मैं अर्ज़ कर रहा था कि गरीब आदमी के लिए अजीब सूरते हालात पैदा हो जाते हैं जब उसे नीचे से इन्साफ नहीं मिलता । मैं आपकी खिदमत में एक बात अर्ज़ करता हूं जो मेरे नोटिस में आई है । एक शख्स का पुलिस ने चालान अदालत में पेश किया तो जब उसे ज़मानत पर रिहा करने का सवाल पैदा हुआ तो पुलिस कहने लगी कि जनाब इसके खिलाफ बहुत कुछ है इसे ज़मानत पर रिहा न किया जाए लेकिन जब अगले रोज़ उस मुलज़म का वकील मैजिस्ट्रेट साहिब की अदालत में पहुंचा तो उसे फौरन ज़मानत पर रिहा कर दिया गया । कुछ लोग इस सिलसिले में मेरे पास आये और कहने लगे कि writ petition हाई कोर्ट में दायर कर दो तो writ का नाम लेते ही वह अपने घर आ गया । मेरे कहने का मुद्दा, डिप्टी स्पीकर साहिब यह है कि सिवाए writ petitions दायर करने के गरीब को इन्साफ नहीं मल सकता । Writ से तो हकूमत भी कांपती है । दरअसल यह सब कुछ इस मकसद के लिए किया जा रहा है कि writ petitions ज्यादा न दायर की जा सकें । अगर यह मुद्दा है तो इस के मुतअल्लिक खातर खाह इतज़ाम कीजिए ताकि writ petitions दायर करने की नौबत न आये । लोगों को क्या मुसीबत पड़ी है कि हाई कोर्ट में दौड़े दौड़े जाएं और वकीलों को फीसें दें । उन्हें तो मजबूरी की हालत में जाना पड़ता है । वज़ीर मुतअल्लिका ने फरमाया कि writ petitions ज्यादा होने लग पड़ी हैं । और वकील अपनी फीसें लिए जाते हैं । जो लोग वकालत का पेशा अख्तियार किये बैठे हैं वे तो अपना काम ज्यादा बढ़ाने की कोशिश करेंगे ही लेकिन अगर सरकार समझती है कि यह नाकारा फिरका है तो इस नाकारा फिर्के को अलग कर दीजिए और कह दीजिए कि वकील न रहें । म्युनिसिपल कमेटियों की मिसाल आप के सामने है और आप जानते हैं कि जो writ petitions लोगों की तरफसे हाई कोर्ट में दार की गई वह मंजूर हुई हैं । उन्होंने यह writ petitions मजबूर होकर कीं जब उन के पास कोई और चारा-ए-कार बाकी न था ।

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

दूसरी बात, डिप्टी स्पीकर साहिब, मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि उन्होंने writ petitions पर court fees में इज़ाफा कर के 50 रुपये कर दिया है। यह writ petitions अमूमन स्टेट गवर्नमेंट के खिलाफ होती हैं इस तरह से जो खर्चा पड़ेगा वह भी 50 रुपये के हिसाब से गवर्नमेंट को अदा करना पड़ेगा। यह वह बात हुई कि चले थे रोज़े बख्शवाने लेकिन नमाज़ गले पड़ी। Writ petitions ज्यादा मंजूर होने से यह सारा खर्चा भी गवर्नमेंट को बरदाश्त करना पड़ेगा और इस खर्चे में 50 रुपये कोर्ट फीस के भी शामिल कर लिए जाएंगे। मैं तो डिप्टी स्पीकर साहिब गवर्नमेंट को यह कहता हूं कि क्यों वह लोगों को इनसाफ हासिल करने के रास्ते में रुकावट पैदा करना चाहती है एक तरफ तो हमारी गवर्नमेंट सस्ते इनसाफ की बातें करती है दूसरी तरफ यह दावा करती है कि ऐसा कानून पहले ही दूसरी स्टेटों में मौजूद है। डिप्टी स्पीकर साहिब, आप जानते हैं कि इस साल के बजट में कोई नया टैक्स नहीं लगाया गया हालांकि दूसरी स्टेटों ने कई टैक्सों का इज़ाफा किया है। तो क्या इस वजह से कि दूसरी स्टेटों ने नये टैक्स लगाए हैं इसलिए यह भी ज़रूर लगाने चाहिएं। इस ख्याल को मद्देनज़र रखते हुए तो फिर यहां नए टैक्स भी लोगों पर ठोंस देने चाहिएं थे। हम इस बात के कतअन ज़िम्मेदार नहीं हैं कि दूसरी स्टेटों में क्या हो रहा है। हमें तो अपनी स्टेट से वास्ता है। हम नहीं चाहते कि हमारी स्टेट में इस तरह का कानून पास किया जाए जिस की वजह से लोग सस्ता इनसाफ हासिल न कर सकें। पांच रुपये का कोर्ट फीस निहायत मुनासिब था और इस हिसाब से 40 करोड़ रुपये के बजट में 65 हज़ार रुपये के करीब गवर्नमेंट को आमदन हुई है। ज्ञानी जी खुदा के फिज़ले-कर्म से वज़ीर इंचार्ज हैं और उन का दायरा एहबाब बहुत वसीह है। फर्ज़ कीजिए कि मैं म्युनिसिपल कमेटी की election के लिए खड़ा होता हूं और मेरे मुकाबले में एक ऐसा शख्स होता है जिसे ज्ञानी जी की support हासिल है। यह अपना वसीह असरो रसूख इस्तेमाल करते हैं जिस के नतीजे के तौर पर मुझे नाकामयाबी हासिल होती है। मेरे पास तो पैसा नहीं होता कि मैं writ दायर कर सकूं। चन्दे वगैरह तो ज्ञानी जी को ही मिल सकते हैं। हमें तो मिलते नहीं। हां मजबूरी की हालत में अगर कोई मदद कर दे तो अलहदा बात है। अगर मेरे पास writ दायर करने के लिए पैसे नहीं तो मुझे इनसाफ कैसे हासिल हो सकता है ?

श्री उपाध्यक्ष : क्या आप बिल की क्लाज़ पर बोल रहे हैं [Is the hon. Member speaking on the clause of the Bill.]

खान अब्दुल गफ्फार खां : मैं जनाब वाला सरदार उमराओ सिंह साहिब की amendment पर बोल रहा हूं और कहना चाहता हूं कि जो दलीलें मिनिस्टर साहिब ने दी हैं वह ग़लत हैं। This is what I am saying.

Mr. Deputy Speaker : Are you Speaking against the clause or in favour of it ?

Khan Abdul Ghaffar Khan : I am supporting the amendment moved by my hon. friend Sardar Umrao Singh. डिप्टी स्पीकर साहिब, त्वारीख में अदले जहांगीर का ज़िक्र आता है हमारे बुज़ुर्ग नेता महात्मा गांधी जी भी अदले

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[खान अब्दुल गफ्फार खां]

जहांगीर का ज़िक्र किया करते थे और कहते थे कि उस की मिसाल यहां भी कायम होनी चाहिए । क्या यह History की बातें तमाम की तमाम ग़लत हैं । क्या यह इनसाफ के चर्चे ग़लत हैं कि घड़ियाल की चोट सुनने से ही बादशाह सलामत खुद फरयाद की पुकार सुनने पर आमादा हो जाते थे और लोगों को पूरा इनसाफ मिलता था । इस लिए यहां पर ज्ञानी जी को वही मिसाल पैदा करनी चाहिए लेकिन हम आज क्या देख रहे हैं । ज्ञानी जी आज एक बड़ा भारी पत्थर पब्लिक पर फेंक रहे हैं । अगर हमारी गवर्नमेंट इस हरकत से बाज नहीं आना चाहती या किसी वजह से adamant है तो खुदारा उसे सरदार उमराओ सिंह की amendment को मान लेना चाहिए । 20 रुपये का कोर्ट फीस भी मुश्किल से लोग चस्पां कर सकेंगे । हमारी गवर्नमेंट इनसाफ को ज्यादा से ज्यादा महंगा बनाने की कोशिश कर रही है । ये बीस रुपये भी लोग नहीं दे सकते । कहां हैं पहली सी बातें ? लोग राजाओं के पास जाते थे, बादशाहों के पास जाते थे तो उन को कोई पैसा खर्च नहीं करना पड़ता था । लेकिन उनको इनसाफ मिलता था । क्या हिस्टरी की ये बातें गलत हैं ? महाराजाओं के पास जाते थे और उन का धेला खर्च नहीं होता था जनाब वाला, मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि सरदार उमराओ सिंह की amendment को मान लें । मैं तो चाहता था कि सरदार उमराओ सिंह की amendment में भी कोई amendment पेश करता लेकिन at this stage नहीं कर सकता । उस वक्त मैं हाज़िर नहीं था । मजबूरन most reluctantly उस को मानता हूं और वज़ीर साहिब ने जो भारी पत्थर फेंका है तोबह ! तोबह !! अगर आप individually लोगों से पूछें तो मैं नहीं समझता कि कोई भी पच्चास रुपये के हक में राए दें । इन अल्फाज़ के साथ मैं सरदार उमराओ सिंह की amendment की ताईद करता हूं ।

चौधरी श्री चन्द (बहादुर गढ़) : डिप्टी स्पीकर साहिब, सब से बड़ी argument यह दी जाती है कि इन्साफ महंगा हो जाएगा और जिन लोगों को इनसाफ मिलना चाहिए उन को इन्साफ नहीं मिलेगा । जहां तक criminal writ का सवाल है उस के लिए तो कोई पैसा नहीं बढ़ाया गया । जो लोग civil writ कर के अपना right लेना चाहते हैं उन को 50 रुपए खर्च करने पड़ेंगे । लेकिन जब कोई writ कर के अपना right लेना चाहता है तो उस के लिए उस को वकील भी करना पड़ता है । हिन्दोस्तान में कोई ऐसी individual court नहीं मेरा ख्याल है दूसरे मुल्कों में भी जो ज़रूरी समझे कि civil writ करने के लिये टेक्स देना चाहिये । इस बिल में नहीं, कहीं नहीं लिखा कि किसी आदमी के खिलाफ कोई criminal case में writ करना है तो ज्यादा tax देना पड़ेगा यह कहीं नहीं लिखा । अब सवाल यह है कि Municipal Committee का मेम्बर न बने या वहां से हटा दिया गया है तो वह civil writ करेगा । कोई Assembly का मेम्बर नहीं बना तो उस को writ करना है इस के इलावा और कोई civil writ है तो उस के लिए पैसे बढ़ा दिए गए हैं । मैं इत्तफाक नहीं करता कि इतना ज्यादा रुपया बढ़ा दिया जाए । दो रुपये से बढ़ा कर पचास रुपये कर देना बहुत ज्यादा मालूम होता है । सरदार उमराओ सिंह की amendment से मैं इत्तफाक करता हूं लोगों को मुफ्त में writ करना होता है तो वह खाहमखाह कर देते हैं । कई लोगों को सलाह

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

देने की मर्जी होती है वे कहते हैं कि कौन से पैसे लगते हैं कर दो writ हाई कोर्ट में, दे दो अर्ज़ी चण्डीगढ़ में आए हो; मिनिस्टर साहिब से भी मिल लो और अर्ज़ी भी डालते जाओ कौनसा खर्च करना है। अगर इस तरह से दो रुपये से 50 रुपये तक टैक्स बढ़ने लगे तो बड़ी मुसीबत आ जाएगी। मैं तो वैसे भी इसे गुनाह बेलज्जत समझता हूं क्योंकि इस से कौन सा revenue आने वाला है साल भर में कहीं पंजाब में हज़ार या 800 writ हो जाएंगे। इस रकम से तो मिनिस्टर साहिब की एक मोटर भी नहीं आ सकेगी। इसलिये मेरा ख्याल है कि दोनो पार्टियों की ज़िद्द रह जाएगी अगर 20 रुपये पर फैसला हो जाए।

श्री सुमेर सिंह (हसनपुर) : डिप्टी स्पीकर साहिब, जो amendment सरदार उमराओ-सिंह ने पेश की है मैं उस की ताईद करने के लिये खड़ा हुआ हूं। जो grounds ज्ञानी जी ने पेश किये हैं मैं उन में कोई वज़न नहीं देखता हूं। writ वहां करने की ज़रूरत होती है जहां पर और कोई remedy बाकी न हो, दीवानी दावा न हो सकता हो। गवर्नमेंट चाहती है कि लोग हाई कोर्ट में writ करने के लिए न जाएं क्योंकि 50 प्रतिशत मंजूर Writ हो जाती है और फैसले गवर्नमेंट के, गवर्नमेंट के सेक्रेटरीज़, वज़ीर साहिबान के और दूसरे कर्मचारियों के फैसलों के खिलाफ होते हैं। जहां पर कोई और remedy न हो वहां पर writ किया जाता है। अगर ज्ञानी जी यह कहते हैं कि 50 रुपये court fee लगेगी तो फिर साथ ही साथ उन को यह भी कहना चाहिये कि जो आदमी writ करेगा उस को वकील सरकारी तौर पर मुफत मिलेगा। सरकार ने यह कदम इस लिए उठाया है कि सरकार की जो कमज़ोरियां हैं वे ज़ाहिर न हों। Justice cheap होना चाहिये और ठीक होना चाहिए यह तभी हो सकता है जब कि जो अदालत इनसाफ करने वाली हैं उन को डर हो कि हमारे फैसलों के खिलाफ writ हो जाएगी इस लिये सोच समझ कर फैसला करें। अगर उन को डर नहीं होगा और वे यह ख्याल करेंगे कि गरीब आदमी है यह इतना खर्चा कर के हाई कोर्ट में नहीं जा सकेगा तो वह जो मर्ज़ी होगी करेंगी। जैसा चाहेगी हुकम दे देंगी। इस लिए मैं इल्तजा करूंगा कि अगर ज्ञानी जी इसे वापस नहीं लेना चाहते तो जो amendment सरदार उमराओ सिंह ने पेश की है इस को मंजूर कर लें। वरना ग़रीबों को इनसाफ नहीं मिलेगा। पैसे वाला आदमी तो हर जगह इनसाफ खरीद लेता है अगर गरीब लोगों को भी इनसाफ देना चाहते हो तो court fee कम से कम लगाओ ताकि वे हकूमत के अफसरों के खिलाफ writ high court में कर सकें। इस से नेक नामी आप मिलेगी अगर आप ने नेकनामी लेनी है तो जल्दी से जल्दी उन को सस्ता इनसाफ देने का प्रबन्ध करें। इन अल्फाज़ के साथ मैं सरदार उमराओ सिंह की amendment की ताईद करता हूं।

ਮਾਲ ਮੰਤਰੀ (ਗਿਆਨੀ ਕਰਤਾਰ ਸਿੰਘ) : ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, 50 ਰੁਪਏ ਤੋਂ ਘਟ ਕਰਕੇ 20 ਰੁਪਏ ਦੀ court fee ਕਰਨ ਦੀ ਤਜਵੀਜ਼ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ। ਮੇਰੀ ਰਾਏ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਜੇ ਕਰ court-fee ਵਧਾਉਣ ਲਈ ਅਸੀਂ ਬਿਲ ਲਿਆਏ ਹਾਂ ਤਾਂ 50 ਰੁਪਏ ਜ਼ਿਆਦਾ ਨਹੀਂ ਹਨ। ਫੀਸ 50 ਰੁਪਏ ਹੀ ਰਹਿਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ। ਇਸ ਬਹਿਸ ਵਿਚ ਗਰੀਬਾਂ ਦਾ ਅਤੇ ਸਸਤੇ ਇਨਸਾਫ਼ ਦਾ ਬਹੁਤ ਜ਼ਿਕਰ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ। ਇਹ argue ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਨਸਾਫ਼ ਉਪਰ ਕੁਝ ਖਰਚ ਨਹੀਂ ਆਉਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਇਹ ਬੜੀ ਚੰਗੀ ਗਲ ਹੈ। ਪਰ ਫਿਰ ਜਿਹੜਾ ਮੌਜੂਦਾ ਇਨਸਾਫ਼ ਦਾ ਤਰੀਕਾ ਹੈ, ਮੌਜੂਦਾ

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[ਮਾਲ ਮੰਤਰੀ]
ਕਾਨੂੰਨ ਸ਼ਾਹੀ ਦਾ ਤਰੀਕਾ ਹੈ, ਜਿਹੜਾ ਵਕੀਲਾਂ ਦੇ ਪੇਸ਼ ਹੋਣ ਦਾ ਤਰੀਕਾ ਹੈ, ਜਿਹੜੀਆਂ buildings ਬਣਦੀਆਂ ਹਨ, ਵਡੇ ਵਡੇ ਜੱਜ ਰਖਣੇ ਪੈਂਦੇ ਹਨ ਅਤੇ ਜਿੰਨਾਂ ਨੂੰ ਐਨੀ ਐਨੀ ਤਨਖਾਹ ਦੇਣੀ ਪੈਂਦੀ ਹੈ ਇਹ ਸਾਰੀਆਂ ਚੀਜ਼ਾਂ ਬਦਲ ਦਿਤੀਆਂ ਜਾਣ ਤਾਂ ਇਨਸਾਫ ਸਸਤਾ ਅਤੇ ਮੁਫਤ ਹੋ ਸਕਦਾ ਹੈ ।

ਇਹ ਨਹੀਂ ਕਿ ਇਸ ਇਕ ਫੀਸ ਦੇ ਮਸਲੇ ਤੇ ਆਣ ਕੇ ਕਹਿ ਦਿੱਤਾ ਜਾਵੇ ਕਿ ਇਨਸਾਫ ਸਸਤਾ ਨਹੀਂ ਮਿਲਦਾ ਔਰ ਇਹ ਕਿ ਇਨਸਾਫ ਸਸਤਾ ਕੀਤਾ ਜਾਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ । ਇਹ ਨਹੀਂ ਹੋ ਸਕਦਾ । ਇਨਸਾਫ ਤਦ ਸਸਤਾ ਹੋ ਸਕਦਾ ਹੈ ਜਦ ਜਿਹੜਾ ਇਨਸਾਫ ਦਾ ਮੌਜੂਦਾ system ਹੈ ਉਸ ਵਿਚ ਬੁਨਿਆਦੀ ਅਦਲਾ ਬਦਲੀ ਕੀਤੀ ਜਾਵੇ । ਇਸ ਲਈ ਜੋ ਮੌਜੂਦਾ ਤਰੀਕਾ ਹੈ ਉਸ ਨੂੰ maintain ਕਰਨ ਲਈ ਕੁਝ ਨਾ ਕੁਝ ਖਰਚਾ ਜ਼ਰੂਰ ਚਲਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ।

ਇਸ ਤੋਂ ਅਗੇ ਇਸ ਸਿਲਸਲੇ ਵਿਚ ਸਭ ਤੋਂ ਵੱਡੀ ਦਲੀਲ ਇਹ ਦਿੱਤੀ ਗਈ ਹੈ ਕਿ ਗਰੀਬ ਨੂੰ ਤੰਗੀ ਹੋਵੇਗੀ ਔਰ ਜਿਹੜਾ ਗਰੀਬ ਹੈ ਉਸ ਦੇ ਲਈ ਇਨਸਾਫ ਦੇ ਰਸਤੇ ਬੰਦ ਹੋ ਜਾਣਗੇ । ਮੈਂ ਇਹ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਦੁਨੀਆਂ ਵਿਚ ਹਰ ਜਗਾਹ ਔਰ ਸਾਡੇ ਦੇਸ਼ ਵਿਚ ਵੀ ਇਹ ਚੀਜ਼ ਵੇਖਣ ਵਿਚ ਆਉਂਦੀ ਹੈ ਕਿ ਜਿਹੜੀ ਵੀ ਅਮੀਰ ਆਦਮੀ ਦੇ ਫ਼ਾਇਦੇ ਦੀ ਗਲ ਹੋਵੇ ਉਸ ਉਤੇ ਗਰੀਬ ਦਾ ਨਾਂ ਲੈਕੇ ਇਤਰਾਜ਼ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ । ਸਨ 1957 ਦੇ Calander Year ਵਿਚ 1,300 ਦੇ ਕਰੀਬ writ petitions ਹੋਈਆਂ । ਮੈਂ ਪੁਛਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਕਿਤਨੇ ਹਰੀਜਨ ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੇ writ petitions ਕੀਤੀਆਂ ? ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਕਿੰਨੇ ਗਰੀਬ ਆਦਮੀ ਹਨ, ਇਹ ਮੇਰੇ ਸੁਣਨ ਵਿਚ ਨਹੀਂ ਆਇਆ (ਆਵਾਜ਼ਾਂ: 500 ਹਨ) ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਇਕ ਬਹਿਸ ਚਲੀ ਕਿ ਦੁਨੀਆਂ ਦਾ ਮਰਕਜ਼ ਕਿਥੇ ਹੈ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਕੁਝ ਦਿਲ ਚਲੇ ਆਦਮੀ ਵੀ ਸਨ । ਇਕ ਜਣਾਂ ਦੋ ਕਦਮ ਇਧਰ, ਦੋ ਕਦਮ ਓਧਰ, ਦੋ ਕਦਮ ਵਿਚਕਾਰ ਚਲ ਕੇ ਇਕ ਜਗਾਹ ਖੜਾ ਹੋ ਗਿਆ ਤੇ ਕਹਿਣ ਲਗਾ ਕਿ ਇਹ ਦੁਨੀਆਂ ਦਾ ਮਰਕਜ਼ ਹੈ, ਆ ਕੇ ਮਿਣ ਲਓ । ਇਹ ਉਸੇ ਆਦਮੀ ਦੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ 500 ਅਜਿਹੀਆਂ writs ਹੋਈਆਂ । ਸੋ ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਹਰੀਜਨ ਸਭ ਤੋਂ ਗਰੀਬ ਸ਼੍ਰੇਣੀ ਹੈ । ਮੇਰੇ ਵੇਖਣ ਵਿਚ ਨਹੀਂ ਆਇਆ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਵੀ writs ਕੀਤੀਆਂ ਹੋਣ । ਹਾਂ, ਇਕ ਅੱਧਾ ਐਸਾ case ਹੋਇਆ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਹੋਰ ਗਲ ਹੈ ।

श्री लाल चन्द : तो फिर हरिजनों को इस में से छोड़ दो ।

ਮਾਲ ਮੰਤ੍ਰੀ: ਸਭਰਵਾਲ ਸਾਹਿਬ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਹਰੀਜਨਾਂ ਨੂੰ ਛਡ ਦਿਓ । ਕਿਉਂ ? ਹਰੀਜਨ ਇਥੋਂ ਦੀ ਆਬਾਦੀ ਦਾ ਤਬਕਾ ਨਹੀਂ ? ਇਹ writ petitions ਕਰਨ ਵਾਲੇ ਜਿਹੜੇ ਨੇ ਉਹ ਵਧੇਰੇ ਸੂਝ, ਵਧੇਰੇ ਪੈਸੇ, ਵਧੇਰੇ ਅਸਰੋ ਰਸੂਖ ਔਰ ਵਧੇਰੇ means ਵਾਲੇ ਹੁੰਦੇ ਹਨ । ਉਹ ਗਰੀਬਾਂ ਦਾ ਨਾਂ ਲੈਕੇ ਖੁਦ ਫਾਇਦਾ ਉਠਾਉਣਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਨ । ਜਿਹੜੇ arguments ਦਿੱਤੇ ਗਏ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਰਾਹੀਂ ਤਾਂ ਗਰੀਬਾਂ ਦਾ ਨਾਂ ਲੈ ਕੇ ਆਬਾਦੀ ਦੀਆਂ ਹੋਰ sections ਨੂੰ ਫਾਇਦਾ ਪਹੁੰਚਾਉਣ ਵਾਲੀ ਬਾਤ ਹੈ ।

ਦੂਜੀ ਗਲ ਇਨਸਾਫ਼ ਨੂੰ ਸਸਤਾ ਰੱਖਣ ਦਾ ਹੈ । ਇਸ ਬਾਰੇ ਮੈਂ ਇਸ ਚੀਜ਼ ਲਈ ਮੁੰਤਜ਼ਰ ਸਾਂ ਕਿ ਜਿਹੜੀ ਦਲੀਲ ਮੈਂ ਦਿੱਤੀ ਬੋਲਣ ਵਾਲੇ ਉਸ argument ਨੂੰ

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

cut ਕਰਦੇ ਹਨ ਜਾਂ ਨਹੀਂ। ਪਰ ਕਿਸੇ ਨੇ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ। ਮੈਂ ਇਹ ਕਿਹਾ ਸੀ ਕਿ ਪਹਿਲੇ ਸਾਡੇ ਦੇਸ਼ ਵਿਚ ਇਨਸਾਫ਼ ਹਾਸਲ ਕਰਨ ਦਾ ਜਿਹੜਾ ਢੰਗ ਸੀ ਉਸ ਢੰਗ ਰਾਹੀਂ High Court ਵਿਚ ਪਹੁੰਚਣ ਲਈ ਬਹੁਤ ਪੈਸਾ ਖਰਚ ਕਰਨਾ ਪੈਂਦਾ ਸੀ। ਹੁਣ ਉਸ ਸਾਰੇ process ਨੂੰ ਛੋਟਾ ਕਰਕੇ High Court ਵਿਚ ਪਹੁੰਚਣ ਦਾ ਹੱਕ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ ਹੈ। ਪਹਿਲੇ ਦੇ ਮੁਕਾਬਲੇ ਵਿਚ ਇਹ system ਬਹੁਤ ਸਸਤਾ ਹੈ। 50 ਰੁਪਏ ਦੀ ਫੀਸ ਦੇ ਕੇ High Court ਵਿਚ ਪਹੁੰਚਣ ਦਾ ਇਹ ਹੱਕ ਪਹਿਲੇ ਨਾਲੋਂ ਮੁਕਾਬਲਤਨ ਸਸਤਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ। ਇਸ ਦੇ ਮੁਤਅਲੱਕ ਕਿਸੇ ਵੀ ਬੋਲਣ ਵਾਲੇ ਨੇ ਨਹੀਂ ਕਿਹਾ—ਕਿਸੇ ਨੇ ਵੀ ਮੇਰੀ ਇਸ ਦਲੀਲ ਨੂੰ ਕੱਟਣ ਦੀ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ।

ਇਸ ਤੋਂ ਅਗੇ ਇਕ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਇਹ ਕਿਹਾ ਹੈ ਕਿ ਜਦ ਬਾਕੀ ਸਾਰੀਆਂ remedies ਖਤਮ ਹੋ ਜਾਣ ਤਦ ਹੀ writ petition ਹੁੰਦੀ ਹੈ। ਮੇਰਾ ਇਹ ਕਹਿਣਾ ਹੈ ਕਿ ਇਹ ਤਾਂ High Court ਦੇ ਜਜ ਨੇ ਫੈਸਲਾ ਕਰਨ ਵੇਲੇ ਵੇਖਣਾ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਮਾਮਲੇ ਵਿਚ ਹੋਰ ਕੋਈ remedy open ਹੈ ਜਾਂ ਨਹੀਂ। Writ ਕਰਨ ਵਿਚ ਕੋਈ ਬੰਦਸ਼ ਨਹੀਂ। ਜੇ High Court ਦੇ ਜਜ ਵੇਖਣ ਕਿ ਹੋਰ remedies open ਹਨ ਤਾਂ ਉਹ writ ਨੂੰ reject ਕਰ ਦਿੰਦੇ ਹਨ, ਨਾਮੰਜ਼ੂਰ ਕਰ ਦਿੰਦੇ ਹਨ। ਬਹੁਤ ਸਾਰੀ writs ਅਜਿਹੀਆਂ ਹੁੰਦੀਆਂ ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ writ ਕਰਨ ਵਾਲਿਆਂ ਨੂੰ ਹੋਰ ਬਹੁਤ ਸਾਰੀਆਂ remedies open ਹੁੰਦੀਆਂ ਹਨ ਪਰ ਫੇਰ ਵੀ ਉਹ High Court ਵਿਚ ਜਾਂਦੇ ਹਨ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਕੋਲੋਂ 50 ਰੁਪਏ ਦੀ ਫ਼ੀਸ ਲੈ ਲੈਣਾ ਜਿਸ ਨਾਲ ਸਾਡੇ ਖਜ਼ਾਨੇ ਵਿਚ ਰੁਪਏ ਦਾ ਅਜ਼ਾਫ਼ਾ ਹੋਵੇ, ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਕੋਈ ਹਰਜ ਵਾਲੀ ਗਲ ਨਹੀਂ।

ਚੌਧਰੀ ਸਿਰੀ ਚੰਦ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਇਕ ਗਲ ਕਹੀ ਗੁਨਾਹ ਬੇ ਲੱਜ਼ਤ ਦੀ। ਇਹ ਗਲ ਤਾਂ ਇਸ ਚੀਜ਼ ਦੀ ਦਲੀਲ ਹੈ ਕਿ writ ਦੀ fees 500 ਰੁਪਏ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇ। ਇਹ ਇਸ ਗਲ ਦੀ ਦਲੀਲ ਤਾਂ ਨਹੀਂ ਕਿ ਇਹ ਫੀਸ ਇਤਨੀ ਹੀ ਰਖੀ ਜਾਵੇ ਜਾਂ ਘਟਾ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇ। ਇਹ ਤਾਂ ਇਸ ਗਲ ਦੀ ਦਲੀਲ ਹੈ ਕਿ ਚੂੰਕਿ ਥੋੜੇ ਅਜਿਹੇ cases ਹੋਣਗੇ ਇਸ ਲਈ ਇਹ ਫ਼ੀਸ ਹੋਰ ਜ਼ਿਆਦਾ ਵਧਾ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇ ਅਤੇ ਇਹ Court Fee 500 ਰੁਪਏ ਜਾਂ ਹਜ਼ਾਰ ਰਖ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇ ਜਿਹੜੀ ਕਿ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਨਹੀਂ ਕਰਨੀ ਚਾਹੀਦੀ। ਇਹ ਚੀਜ਼ ਉਦੋਂ ਭਾਵੇਂ ਹੋ ਸਕੇ ਜਦੋਂ ਅਸੀਂ ਹਰ ਮਾਮਲੇ ਵਿਚ ਤੁਹਾਡੀ ਸਲਾਹ ਮਨਣ ਲਗ ਪਵੀਏ। ਪਰ ਹੁਣ ਤਾਂ ਅਸਾਂ ਆਪਣੀ ਹੀ ਸਲਾਹ ਨਾਲ ਕੰਮ ਕਰਨਾ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਇਹ ਬਿਲਕੁਲ ਵਾਜਬ proposal ਹੈ ਕਿ writ ਵਾਸਤੇ Court fee 50 ਰੁਪਏ ਹੀ ਰਖੀ ਜਾਵੇ ਜ਼ਿਆਦਾ ਨਹੀਂ। ਇਤਨਾ ਕਹਿ ਕੇ ਮੈਂ ਸਰਆਰ ਉਮਰਾਓ ਸਿੰਘ ਦੀ amendment ਦਾ ਵਿਰੋਧ ਕਰਕੇ ਹਾਊਸ ਨੂੰ ਬਿਨੈ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਜੋ 50 ਰੁਪਏ ਵਾਲੀ ਮੁਨਾਸਬ ਫੀਸ ਦੀ ਮੈਂ proposal ਕੀਤੀ ਹੈ ਉਸ ਨੂੰ ਮੰਨ ਲਿਆ ਜਾਵੇ।

Sardar Umrao Singh Sir, I withdraw my amendment.

Mr. Deputy Speaker : Is it the pleasure of the House that the hon' Member be allowed to withdraw his amendment ?

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

Voices : No. No.

Voices : Yes. Yes.

The leave was refused

Mr. Deputy Speaker : Question is :—

In the proposed sub-clause "(ii-A)", column 3, for "Fifty Rupees" substitute "Twenty Rupees."

(*After ascertaining the votes of the Members present by voices, Mr. Deputy Speaker said, "I think the Noes have it." This opinion was challenged. Mr. Deputy Speaker called upon those Members who challenged his opinion to rise in their places, and declared that the motion was lost*).

The motion was declared lost.

Mr. Deputy Speaker : Question is :—

That Clause 3 stand part of the Bill.

The motion was carried.

CLAUSE 1 AND TITLE

Mr. Deputy Speaker : Question is :—

That Clause 1 and Title stand part of the Bill.

The motion was carried.

Minister for Revenue (Giani Kartar Singh) : Sir, I beg to move :—

That the Court Fees (Punjab Amendment) Bill be passed

ਇਸ ਬਿਲ ਤੇ ਬਹੁਤ ਚਰਚਾ ਹੋ ਚੁਕੀ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਮੌਜੂਦਾ motion ਤੇ ਜ਼ਿਆਦਾ ਨਾ ਕਹਿੰਦਾ ਹੋਇਆ ਇਹ ਤਹਿਰੀਕ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਸ ਨੂੰ ਪਾਸ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ।

Mr. Deputy Speaker : Motion moved :—

That the Court Fees (Punjab Amendment) Bill, be passed.

डाक्टर बल्देव प्रकाश (अमृतसर शहर पूर्व) : डिप्टी स्पीकर साहिब, यह बिल जो पास किया जा रहा है, और इस के बारे में हाउस के सभी मैम्बरान ने अपनी राये पेश की है, मैं समझता हूं कि अगर हमारे वज़ीर साहिब को इस हाउस के मैम्बरों की राये के बारे में थोड़ा सा भी आदर होता है तो यह समझ सकते थे कि इस बारे में हाउस की राए क्या है। आखिर किसी भी बिल को हाउस के अन्दर लाने और पास कराने का यह मकसद होता है कि उस बिल के बारे में हाउस के मैम्बरों की क्या राये है और उन की भावना क्या है। सिर्फ अपनी brute majority से कोई बिल पास करवा लेना इस का नाम democracy नहीं है। Democracy का मतलब तो यह होता है कि किसी बात पर हाउस के मैम्बरों की राये

6.00 p.m.

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Punjab Digital Library

जाननी चाहिये और उन की भावनाओं का आदर किया जाये और जिस तरह का हाउस का मत हो उसी के मुताबिक उस को पास किया जाये । इस हाउस में सभी मेम्बरों ने चाहे वे Opposition के बैंचिस के हैं या Treasury benches के हैं जितने भी इस amending Bill पर बोले हैं उन तमाम ने इस की मुखालिफत की है। इस बिल के बारे में यदि यह कहा जाये कि इस के पास हो जाने से जनता का न्याय के लिए अदालतों की तरफ जाने का रास्ता बन्द हो जायेगा तो इस में कोई सन्देह वाली बात न होगी। इस के पास हो जाने से वाकई ही यह रास्ता बन्द हो जायेगा । हमारे मन्त्री जी ने दलील दी है कि 1957 में 1,300 writs हाई कोर्ट में हुई हैं जोकि बहुत ज्यादा हैं और इन में ऐसी writs भी हैं जिन को हाई कोर्ट के judges ने केवल इस आधार पर reject किया है कि उन के लिए अभी नीचे की अदालतों में इन्साफ के लिए जाना था लेकिन वे नहीं गये थे। लेकिन वह यह बात भूल जाते हैं कि हाई कोर्ट ने इन 1,300 cases में से बहुत से cases में यह फैसला दिया है कि writ करने की उन की बात ठीक थी और उन cases में High court ने गवर्नमेंट के विरुद्ध फैसला दिया है । तो मैं समझता हूं कि writ ही एक ऐसा रास्ता है जिस के ज़रिये जनता न्याय प्राप्त करने के लिये हाई कोर्ट में जा सकती है। इसलिये यह कह देना कि एक साल में 1,300 writs हुए यह किसी बात की पुष्टि नहीं करता। हो सकता है कि 1,300 writs जो वहां हुए हैं उन में से एक हज़ार आदमी ऐसे हों जो वहां से इन्साफ ले आये हों। इस लिए अगर हम यह बिल पास कर देते हैं तो हम उन के इस रास्ते को बन्द कर देंगे ।

दूसरी बात जो मंत्री महोदय ने कही है वह यह है कि केवल अमीर लोग ही writs का फायदा उठाते हैं। यह गलत बात है। यह बात आम देखने में आई है कि सभी लोग writs का फायदा उठाते हैं। चपड़ासी उठाते हैं, Head Constable उठाते हैं और गरीब क्लर्क उठाते हैं। इस का फायदा या Municipal कमेटियों के मेम्बरान उठा सकते हैं क्योंकि कई ऐसी 2 कमेटियां भी हैं जिन की आबादी कुल पांच हज़ार होती है और यह ज़रूरी नहीं कि उन के सारे मेम्बरान लखपति हों। वे इस चीज़ का फायदा उठा सकते हैं । गर्ज़ कि यह जो civil writ का right जिन लोगों को हमारे विधान द्वारा मिला हुआ है वे सब इस का फायदा उठा सकते हां हैं या तो मंत्री महोदय इस बात की सारी figures सदन के सामने रखते कि यह जो 1,300 writs 1957 में हुए इन में से lower तबका के लोगों के कितने हुए और पूंजीपतियों जिन को capitalists कहा जाता है जिन की एक हज़ार या दो हज़ार या इस से ज़्यादा रुपये मासिक आमदनी हो उन के कितने हुए हैं। लेकिन केवल number of writs बता देने से और यह कहने से कि writs का नम्बर क्योंकि बहुत ज्यादा है इस लिये इस right का misuse होता है कोई ठीक बात नहीं । केवल नम्बर इस के misuse की indication नहीं है। जब तक यहां कैरों शाही चलती है और लोगों के साथ अत्याचार होंगे और उन को और कहीं भी न्याय के मिलने की आशा नहीं हो सकती तो आम लोगों के लिए सिवाये writ के और कौनसा chennel रह जाता है जहां उन्हें इन्साफ मिल सकता हो। आज हाई कोर्ट के सिवाये उन्हें और कहीं भी इन्साफ नहीं मिल सकता।

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[डाक्टर बलदेव प्रकाश]

यदि writ करने के लिए लोगों को हाई कोर्ट में वकीलों की बड़ी २ फीसें न देनी पड़तीं तो जिस तरह की हकूमत आज पंजाब के अन्दर चल रही है यह writs की गिनती 13 सौ की बजाये कहीं ज्यादा होती। लेकिन फिर भी अब पंजाब सरकार की यह कोशिश है कि यह 1,300 की गुंजायश भी न रह सके। डिप्टी स्पीकर साहिब, मंत्री महोदय ने कहा है कि हाई कोर्ट की इतनी बड़ी इमारत बनी हुई है और हाई कोर्ट के जजों को इतनी बड़ी तनखाहें देनी पड़ती हैं और जिस प्रकार का यह सारा ढांचा बना हुआ है और वकील वहां जिस प्रकार के सूट-बूट पहन कर आते हैं और लोग वहां इन्साफ हासिल करने के लिए आते हैं यह तरीका बहुत देर से चला आ रहा है। इस चीज़ को justify करने के लिए यह कोई दलील नहीं है। जिस पार्टी की हमारी गवर्नमेंट है वह चाहती है कि लोगों को इन्साफ सस्ता मिले। पण्डित जवाहर लाल नेहरू public meetings में बार बार कह चुके हैं कि देश के नागरिकों को न्याय सस्ता मिलना चाहिये। इसी तरह से जनता के सारे नुमायंदे यही कहते हैं तो उन सब का मतलब यही है कि किसी न किसी तरीके से जनता को न्याय प्राप्त करने के लिए सुविधा दी जाये। लेकिन इस की आड़ में यह बात कहना कि यह तरीका पुराना चल रहा है इसी लिए इन्होंने यह रु० 2.65 नये पैसे की जगह पर 50 रुपये कर दिये हैं। सुविधा देने के स्थान पर इस तरह से उन पर और ज्यादा बोझ डाल दिया है और यह इस लिए क्योंकि हाईकोर्ट की इमारत बहुत बड़ी खड़ी की हुई है, इस पर लाखों रुपये खर्च किये गए हैं, बड़े २ पानी के tank वहां बनाये गये हैं और जजों के कमरों में बड़े २ कीमती पर्दे लटकाये गये हैं। इस लिए जो गरीब किसान हैं और जो गरीब चपड़ासी हैं उन को writ द्वारा न्याय प्राप्त करने के लिए रु० 2.65 की बजाये 50 रुपये देने चाहियें। यह कोई दलील नहीं है। यह कोई logical बात नहीं है। हालांकि चाहिए तो यह कि हम इस सारे ढांचे को बदलें। लेकिन ढांचे को बदलने का काम Opposition का तो नहीं है। यह तो सरकार का काम है। यदि हाई कोर्ट की building पर ज्यादा खर्च कर दिया गया है तो इस का मतलब यह नहीं हो जाता कि जनता को इन्साफ सस्ता न दिया जाये। अगर इस चीज़ को सरकार नहीं दे सकती तो यह किस तरह की सरकार है। हमारे प्रधान मंत्री बार बार कहते हैं कि जनता को इन्साफ सस्ता मिले और यह बात वह public meetings में कहते हैं लेकिन हमारी यह सरकार Stamp Act को amend कर के stamp duty को बढ़ा रही है....

श्री उपाध्यक्ष : आप relevant नहीं हैं। यह Stamp Act नहीं है जो amend हो रहा है। यह तो Court Fees Bill है। (The hon. Member is not relevant. It is the Court Fees (Punjab Amendment) Bill and not the Stamp Act which is being amended.)

डाक्टर बलदेव प्रकाश : डिप्टी स्पीकर साहिब, Stamp Act गलती से मेरे मुंह से निकल गया है। मेरा मतलब court fees बिल से था। मैं एक बात और कह कर अपनी जगह ले लूंगा।

हमारी सरकार एक बात को लेकर आज खड़ी हुई है कि इस ने देश के अन्दर जमहूरियत का तजरुबा करना है और इस के लिये सब से ज़रूरी बात यह है कि देश के अन्दर हरेक नागरिक को इन्साफ सस्ता मिलना चाहिए और यह इस लिए ज़रूरी है क्योंकि democracy के

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

अन्दर power का misuse होता है और देश का नागरिक इसके misuse की constitutional remedies seek करनी चाहता है। इस के रास्ते में कोई दीवार खड़ी नहीं होनी चाहिये। अगर सरकार इन्साफ का नाम लेकर इस के रास्ते में दीवार खड़ी करती है तो यह जम्हूरियत को develop नहीं कर रही। यह तो एक ऐसी अवस्था पैदा कर रही है जिस से यह जम्हूरियत चल ही नहीं सकती। मंत्री महोदय को इस बात का ज्ञान होना चाहिये कि democracy में power के misuse को रोकने का अगर कोई तरीका है तो वह केवल writ का ही तरीका है क्या सरकार यह court fees बढ़ा कर एक ऐसा तरीका बना रही है जिस को देख कर एक छोटे से छोटा आदमी भी यह महसूस करे कि अगर उस के साथ इन्साफ नहीं हो रहा तो वह हाई कोर्ट में जा कर न्याय की मांग कर ले ? नहीं इस से ऐसी बात नहीं होगी। फिर तो सरकार का सब से पहला फर्ज़ हो जाता है कि अगर जम्हूरियत में किसी के साथ अत्याचार होता है तो यह उस के लिए न्याय प्राप्त करने के लिये हाई कोर्ट का रास्ता खुला रखे ताकि वह वहां के जजों से इन्साफ हासिल कर सके। अगर यह जम्हूरियत को ऊंचा उठाये रखना चाहती है तो इसे यह रास्ता खुला रखना होगा। मगर इस ने तो यह court fees बढ़ा कर अदालतों के रास्ते में एक दीवार खड़ी कर दी है क्योंकि अब एक व्यक्ति को High Court में writ दायर करने के लिए 50 रुपये देने पड़ेंगे। फिर डिप्टी स्पीकर साहिब, जब हम हिन्दुस्तान के अन्दर democracy कायम करने जा रहे हैं तो यह चीज़ उस के विरुद्ध जाती है। यह चीज़ तो dictatorship की तरफ ले जायेगी क्योंकि जब ऐसे rule में जनता जब तंग आयेगी, उसे constitutional remedies नहीं मिलेंगी क्योंकि उस के लिये अदालतों के दरवाज़े बन्द हो जायेंगे तो फिर जनता चुप नहीं बैठेगी। मैं सरकार को चेतावनी देता हूं कि इस के इन तरीकों पर जनता चुप नहीं बैठेगी। इस लिये अगर आप सारे हिन्दुस्तान के अन्दर democratic तरीका की हकूमत कायम रखना चाहते हैं तो आप जनता के हकूक से खेलने की कोशिश न करें और उन के हकूक को दबायें नहीं, नहीं तो सरकार के लिए democracy को चलाना भी मुश्किल हो जायेगा।

चौधरी इन्द्र सिंह (जींद जनरल) : डिप्टी स्पीकर साहिब, मैं इस बिल का विरोध करने के लिए खड़ा हुआ हूं। जो दलायल पहले यहां दिए जा चुके हैं वह मैं दुहराऊंगा नहीं। ज्ञानी जी ने अभी एक बात कही जिस का कि जवाब नहीं दिया गया। इन्हों ने कहा कि writ वह ज़रिया है जो किसी शख्स को तमाम civil remedies exhaust करने के बाद मिलता है। मैं कहता हूं यही दलील आप के खिलाफ जाती है। जो आदमी तमाम civil remedies पर अपना रुपया खर्च कर के जेब खाली कर बैठा है उस को इन्साफ हासिल करने के इस आखरी हथियार पर ज़्यादा फीस लगाने के लिए कहना उस के लिए इन्साफ का दरवाज़ा बन्द करने के बराबर है। इन्साफ तो सस्ता होना चाहिए। फिर आप की इस दलील में कुछ वज़न होता अगर यह पहला ही हथियार होता मगर writ तो तब किया जाता है जब तमाम civil remedies exhaust हो चुकी हों। इस लिए मैं समझता हूं कि इस फीस को $2\frac{1}{2}$ रुपये से बढ़ा कर 50 रुपए करने पर जितनी नुक्ताचीनी House में सरकार की हुई है वह दुरुस्त हुई है। यह मैं इस लिए कहता हूं कि जब कोई civil servant writ करता है तो उसे अपना case defend करने के लिए सैंकड़ों हज़ारों रुपये खर्च करने पड़ते हैं, वकीलों को फीस देनी होती है, नकूल हासिल करनी होती

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Punjab Digital Library

[चौधरी इन्द्र सिंह]

ह, circulars वगैरह इकट्ठे करने होते हैं। इस तरह case complete होने पर writ होता है। इसी तरह अगर किसी का salary का मामला हो तो वह court में जाता है। वहां पर सारी किस्म का खर्च करने के बावजूद जब उस को इन्साफ नहीं मिलता तब writ करता है। ऐसे cases अक्सर देखने में आते हैं कि उन के writ करने के लिए पैसा ही नहीं रहता। इन हालात में इस फीस को 50 रु० कर देना बहुत ज्यादती है। इन्होंने 1957 में writs की तादाद 1,300 बताई है। मैं कहता हूं यह कोई ज्यादा गिनती नहीं है। लोग तो खुद ही महसूस करते हैं कि चूंकि इस की फीस $2\frac{1}{2}$ रुपए है इस लिए इस का misuse नहीं होना चाहिए और बड़े ही sensible तरीके से इस को इस्तेमाल करते हैं जब देखते हैं कि इन्साफ के और दरवाजे बन्द हो गए हैं। इस बात की दलील देना कि $2\frac{1}{2}$ रुपए से 50 रुपए कर देने से writ कम हो जायेंगे गलत बात है। Writ petitions की यह तादाद तो पहले ही ज़ाहिर करतीहै कि लोग इन्साफ-पसन्द हैं और इस का नाजायज़ इस्तेमाल नहीं करते। इस लिए वज़ीर साहिब की दोनों ही दलीलें इस Bill के खिलाफ जाती हैं। फिर इस फीस को बढ़ाने की justification देते हैं कि High Court की building खड़ी की, पर्दे लगाए हैं, जजों की तनखाहें हैं, furniture हैं वगैरह २। हमारी Constitution में यह directive principles दिए हैं कि इन्साफ सस्ता हो, speedy हो, सब की approach में हो। अगर आप इन को अमली जामा पहनाना चाहते हैं तो इतनी बड़ी २ कोठियों की ज़रूरत नहीं। पुराने ज़माने में लोगों को इन्साफ दरख्तों और कुटियों की छतों के नीचे मिला करता था। यह क्या justification है? पर्दे भी तो खुद इन्होंने ही लटकाएहैं। जजों की तादाद पिछले दो सालों में अगर दुगनी से भी ज्यादा हो गई है तो यह किस की ज़िम्मेदारी है। इस के बावजूद लोगों को इन्साफ नहीं मिलता और जल्दी नहीं मिलता, सस्ता नहीं मिलता। अगर सस्ता कुछ मिल सकता था तो उस को अब महंगा किया जा रहा है। अगर यह दलील देते कि लोग frivolous litigation करते हैं, उस को check करने के लिए ऐसा कर रहे हैं तब तो माना जा सकता था मगर ऐसी बात तो ज़ाहिर नहीं होती figures से। यह इन्साफ हासिल करने की extreme form है। मिसाल के तौर पर जनाब Legislature में you are the highest authority। अगर आप के सामने तजवीज़ पेश करने के लिए 100 रुपए फीस लगा दी जाए तो हर मेम्बर के लिए नामुमकिन होगा कि 100 रुपए अदा कर सके। जो आखिरी stage है, that should be the cheapest. यह बात हमेशा रही है, मुगल बादशाहों के राज में भी और राजाओं के राज में भी जिन को कि हम feudal कहते हैं। Viceroys और Council of Regency के वक्त में भी इन्साफ सस्ता था। यहां सिर्फ $2\frac{1}{2}$ रुपए की ही बात नहीं थी। Typing Section हैं, कागज़ात हैं और दूसरे लवाज़मात और खर्च भी हैं, वकीलों की फीस भी है। इस तरह priliminaries पर ही सैंकड़ों रुपया खर्च हो जाता है। इस लिए $2\frac{1}{2}$ रुपये की बजाए 50 रुपए के टिकट का बोझ डालना नामुनासब है। और जो 50,000 रुपए की आमदनी बताई गई है, उस में तो आप की एक feast भी नहीं होती, साल भर का T.A. भी नहीं होता। यह revenue इकट्ठा करने का तरीका गलत है। अगर आप को State की तामीर के लिए रुपया चाहिए तो ऐसे ज़रिए इस्तेमाल

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

करें कि वसूली भी हो जाए और लोगों को महसूस भी न हो। उस पर हमें एतराज नहीं। मगर this has no justification at all कि 1,300 writs हुई हैं इस लिए फीस बढ़ा रहे हैं। इस को वापस ही ले लें तो बेहतर होगा। वरना इसका उल्टा असर होगा चाहे limited पैमाने पर ही पड़े। मगर इस का psychological असर लोगों पर यह होगा कि Constitution में जो directive drinciples हैं सरकार उन के against जाती है और उन को अमली जामा पहनाने की कोशिश नहीं करती। इस लिए मैं इस की मुखालिफत करता हूं।

श्री बलराम दास टंडन (अमृतसर शहर पश्चिम) : डिप्टी स्पीकर साहिब, यह जो बिल पेश किया जा रहा है इस के जरिये से court fee जहां पर पहले 2 रुपये थी अब यह लग भग 50 कर दी गयी है। एक तरफ तो यह हो रहा है मगर अजीब बात है कि दूसरी तरफ, रोजमर्रा Ministers और Deputy Ministers और इस party से सम्बन्ध रखने वाले देश के प्रधान मंत्री वह भी जगह जगह पर यही कहते हैं कि इन्साफ सस्ता होना चाहिये। यह जो आपस की contradiction है इस का अंत कहां पर है यह ज़रा समझने की बात है। इस के मुताल्लिक मैं एक और वज़ाहत कर दूं कि एक बार एक कारटून छपा था कि जब पंडित जी House के Leader होते हैं तो वह इस किसम की बातें करते हैं कि हमारी यह schemes हैं और हम ने यह करना है। (*Interruption*)

Mr. Deputy Speaker : Order please. This is the 3rd reading of the Bill and the hon. Member should advance arguments only for or against the Bill.

श्री बलराम दास टंडन : जनाब मैं भी उसी बात पर आ रहा हूं। साथ ही दूसरी यह photo भी दिखाई गई है कि वह जो कुछ बोलते हैं वह opposition की भाषा बोलते हैं। यह होना चाहिये वह होना चाहिये। मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि आखिर यह पूछते हैं किस को। आप के हाथ में Assemblies हैं, Parliaments हैं आप जो चाहें कर सकते हैं। मगर ऐसा नहीं होता। वह चाहें तो इस में कोई संशोधन ला सकते हैं या अगर कोई ठीक रास्ता निकलता हो तो वह इसे ला सकते हैं मगर अजीब बात है कि वह ऐसा नहीं करते बल्कि opposition की भाषा बोलते हैं। यही हाल Ministers का है, यहां पर खड़े हो कर वे कहते हैं कि इन्साफ सस्ता होना चाहिए मगर इनसाफ महंगा और दिन बदिन महंगा किया जा रहा है। सरकार जनता के अंदर जाकर कहती है कि Government यह काम करना चाहती है मगर जो काम होता है वह उस के खिलाफ ही होता है। आखिर यह opposition की भाषा बोलते क्यों हैं? जबकि यह कोई भी बात करना चाहें वे कर सकते हैं। कोई ठीक बात न हो तो Legislation ला कर Amendment भी ला सकते हैं। अगर वह Court फीस बढ़ाते हैं इस से तो कोई इतना फर्क नहीं पड़ता मगर सवाल तो असूल का है कि Government कहती क्या है और करती क्या है। इस की इस तरह की बातों से धोखा नज़र आता है। चाहिये तो यह था कि हम इन्साफ सस्ता करने के लिए जो कुछ भी बन पड़े करें मगर हम करते इस के उलट हैं। जहां fees देने का सवाल

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[श्री बलराम दास टंडन]
आता है हमें चाहिये तो यह था कि हम जहां कम से कम fees charge करने की सोचें वहां हम वकीलों पर भी कोई पाबन्दी लगाने की सोचें कि कम से कम fees लगाई जायें, वह भी ज्यादा fees न charge कर सकें। आखिर जितने अखराजात गरीब आदमी के कम होंगे इस से ही उन की भलाई हो सकती है। सरकार के हाथ में इतनी Administrative power होने के बावजूद अगर वह कोई काम नहीं कर पाये हैं तो इस की भी अगर कोई जिम्मेदारी आती है तो सरकार पर ही है। अंग्रेज़ों के वक्त में हम जनता से कहा करते थे कि हम इन्साफ सस्ता करेंगे मगर आज सस्ते की बजाये यह महंगा होता जा रहा है। आज भी हम यही कहते हैं मगर कोशिश महंगाई को बढ़ाये जाने की की जा रही है। Court fee बढ़ा कर 2 से 50 रुपये कर दी गई है जोकि सरकार के हाथ की बात है, यह कम भी की जा सकती थी, अगर यह इन्साफ सस्ता करना चाहते।

इस के इलावा अजीब बात यह है कि यह कहते हैं कि इस से 50—60 हज़ार की आमदन होगी। एक तरफ तो इतनी थोड़ी सी आमदन पर इतनी public पर बोझ डाला जा रहा है दूसरी तरफ सेठी जैसे वकील को 60,000 रुपये बतौर fees के दे दिया जाता है। अगर आमदन करने का सवाल है तो खर्च पर control हो या आमदन के भी और साधन हो सकते हैं। मगर यह तो एक गुनाह बे लज्ज़त है जो किया जा रहा है। (*Interruption*)

श्री उपाध्यक्ष : तरीका यह है कि आप किसी Hon'ble Member की argument को contradict करें। आप अपनी बात को ही repeat करते जाते हैं। This is against the rules and I draw your attention to the relevant rules. (The procedure is that the hon. Member should contradict the arguments of other Members. But he continues to repeat his own arguments. This is against the rules and I draw his attention to the relevant rules)

श्री बलराम दास टंडन : मैं तो जो कुछ Minister साहिब ने कहा है उस का जवाब दे रहा हूँ।

Chaudhri Dharam Singh Rathi : He is meeting out the argument, Sir.

श्री बलराम दास टंडन : यह तो, जनाब, जो बातें Ministers और Members ने कीं उन का जवाब है।

श्री उपाध्यक्ष : आप इस बात को ध्यान में रखें कि इस वक्त 3rd reading हो रही है। Rules यह हैं कि आप अपनी arguments repeat नहीं करेंगे, हां दूसरे की argument को contradict कर सकते हैं। (The hon. Member may bear this in mind that this is the third reading of the Bill. The rules do not permit him to repeat his arguments. He can, however, rebut others arguments.)

श्री बलराम दास टंडन : दर असल असूल की बात यह है कि अगर जितनी आमदन करने को यह कहते हैं अगर यह इन को मिल भी जाये तो दूसरी तरफ यह इतनी फज़ूल खर्ची करते हैं

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

कि इस का कोई लाभ ही नहीं होता। हाल ही में हम ने 1,30,00,00,000 का खर्च का बजट पास किया है। आप ही अंदाज़ा लगायें कि यह आमदन इस खर्च का कितना हिस्सा होगी जिस के लिए यह बिल लाया गया है। यह हम समझ नहीं सके हैं कि हम किस तरीके से इस देश का प्रबन्ध करना चाहते हैं। हम चाहते हैं कि हमें इन्साफ मिले मगर इस की बजाये हमें तो रुकावटें नज़र आती हैं।

श्री उपाध्यक्ष : यह बातें तो बिल की 1st reading के अंदर आनी चाहियें थीं। यह अब नहीं आनी चाहियें। (These facts should have been mentioned at the first reading of the Bill. These should be avoided at this stage.)

श्री बलराम दास टंडन : मैं, जनाब एक point है जो आप के गोश गुज़ार करना चाहता हूं। आज जो कानून बनते हैं इन में बहुत से कानून ऐसे हैं जिन में jurisdiction of court is barred। जो कचहरियों के रास्ते बन्द करते हैं। यह अजीब बात है कि Administration जो आज हम run कर रहे हैं इस में बड़ी रुकावटें आ रही हैं और जब किसी से बेइनसाफी होती है तो उस के लिए सिवाय writ के और कोई रास्ता नहीं रह जाता। अवाम इन्साफ की मांग करते हैं High Court के दरवाज़े खटखटाते हैं। मगर आज जो हम कहते थे कि इन्साफ सस्ता मिलेगा हम उस के उलट करना चाहते हैं, इन्साफ महंगा बना रहे हैं। इस लिए डिप्टी स्पीकर साहिब मैं आप की मारफत Minister साहिब से यह कहना चाहता हूँ कि वह अगर democracy को चलाना चाहते हैं तो वह दूसरे मुल्कों की तरफ देखें जहां democracy को run करने के लिये इनसाफ को democracy का pillar समझा जाता है। आज हम democracy को dictatorship के तराज़ू पर तोलना चाहते हैं। हमें चाहिए कि इन्साफ के रास्ते में जितनी भी रुकावटें हैं उन्हें दूर किया जाये या उन्हें कम से कम किया जाये। मगर इस तरह के तरीके अख्तियार कर के समझ नहीं आता कि हिन्दुस्तान की सरकार किधर जाना चाहती है।

Mr. Deputy Speaker: Minister for Revenue will now reply to the debate.

ਮਾਲ ਮੰਤ੍ਰੀ (ਗਿਆਨੀ ਕਰਤਾਰ ਸਿੰਘ) : ਇਸ ਬਿਲ ਤੇ ਬੋਲਦਿਆਂ ਹੋਇਆਂ ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, democracy ਦਾ ਬੜਾ ਜ਼ਿਕਰ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਆਪਣੇ ਵਿਚਾਰ ਬੜੀ ਗਰਮਜੋਸ਼ੀ ਨਾਲ ਰਖੇ ਹਨ।

डाक्टर बलदेव प्रकाश : On a point of order, Sir. अब $6\frac{1}{2}$ बजे का time हो गया है। यह चीज़ कल भी discuss हो सकती है। इस लिए अब House adjourn होना चाहिए। क्योंकि इस समय तक की तो extension भी नहीं मांगी गई थी।

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

ਮਾਲ ਮੰਤ੍ਰੀ : ਮੈਨੂੰ 15 ਮਿੰਟ ਹੋਰ ਚਾਹੀਦੇ ਹਨ । (*Interruptions*)

डाक्टर बलदेव प्रकाश : यह extension जनाब इन्हें 6½ बजे से पहले मांगनी चाहिए थी अब तो टाइम हो गया है ।

Mr. Deputy Speaker Very well. The House stands adjourned till 2 p. m. tomorrow.

(*The Sabha then adjourned till 2 p. m. on Wednesday, the 20th April, 1960.*)

8968 PVS—349—3-10-60—C.,P. & S., Pb., Chandigarh.

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

ANNEXURE A

(*See foot note on page (32)40 of this debate, dated 19th April, 1960*)

SALES TAX PAID BY BRICK-KILN OWNERS IN THE STATE

2485. Shri Ram Chandra Comrade : Will the Minister for Finance be pleased to state the amount of sales tax paid by each brick-kiln owner in the State during the years 1957-58, 1958-59 and 1959-60 up-to-date?

Dr. Gopi Chand Bhargave : It is regretted that the above information asked for cannot be supplied because it will divulge the business secrets of the brick-kiln owners and the benefit to be achieved by supplying it will not be commensurate with the time and labour involved in collecting it. If the hon. Member wants information about any particular individual, it will be supplied but it will be implied that he will keep it confidential.

BANJAR LAND GIVEN TO HARIJAN FAMILIES on 20 YEAR'S LEASES IN HISSAR DISTRICT

2499. Shri Kesara Ram. Will the Minister for Revenue be pleased to state—

(a) the number of Harijan families who have been given Banjar Lands in Hissar District on 20 years' leases but which have become waste due to non-cultivation during the last 4/6 crops;

(b) whether any of the leases referred to in part (a) above were cancelled by the Commissioner, Ambala Division, during the period from 1957 to 1960; if so, the reasons therefor;

(c) the number of appeals against the said cancellations which are pending at present?

Giani Kartar Singh;

(a) 31 families.

(b) Nil

(c) Nil

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

Punjab Vidhan Sabha Debates

20th April, 1960

VOL. I—No. 33

OFFICIAL REPORT

CONTENTS

Wednesday, the 20th April, 1960

Price: Rs. 4.80 nP.

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

ERRATA

PUNJAB VIDHAN SABHA DEBATES, VOL. I, No. 33. DATED THE 20TH APRIL, 1960.

Read	*for*	*on Page*	*line*
January	Kanuary	(33)7	6
from	frrom	(33)7	22, col. 4
wilful	willful	(33)10	8, col. 5
Latrines	Laterines	(33)37	27
selection	sel ction.	(33)42	36
payment	paymcnt	(33)50	12th from below
Regarding	regardng	(33)50	5th from below
Answers	Ansers	(33)51	Heading
given	give	(33)51	6
However	Howefer	(33)53	11th from below
ਮਾਲ ਮੰਤਰੀ	ਮਾਲ ਮੰਤੀ	(33)60	14
Remembrancer	Remembrencer	(33)61	2nd from below
ascertain	a certain	(33)62	9
Mr. Deputy Speaker	Mr. Deputy Speaher	(33)65	15th from below
approval	approva	(33)73	Last
ਤਾਂ	ਤ	(33)82	19
बड़े	बड़ी	(33)89	17
discretionary	discretionery	(33)96	27
the	thec	(33)98	33
which	whi h	(33)98	34
preferential	preceding	(33)101	30
ਲੇਣੀ	ਲਣੀ	(33)102	16
clause	clausc	(33)102	28
मुखालिफत	मुकालिफत	(33)110	12

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

PUNJAB VIDHAN SABHA

Wednesday, the 20th April, 1960

श्री बलराम दास टंडन : पार्ट (b) के जवाब में मिनिस्टर साहिब ने फरमाया है 'No.' क्या मैं पूछ सकता हूँ कि अगर operators इस बारे में approach करें तो क्या वह consider करने को तैयार होंगे।

मंत्री : जब कोई ऐसी दरखास्त आएगी तो बात करने को तैयार होंगे।

श्री अध्यक्ष : हम ने questions up to date खत्म कर लिये हैं। (We have finished the questions up to date.)

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

ਸਰਦਾਰ ਕਰਤਾਰ ਸਿੰਘ ਦੀਵਾਨਾ : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਅਗੇ ਵਾਸਤੇ ਅਗਰ ਸਰਦਾਰ ਆਤਮਾ ਸਿੰਘ ਜੀ ਘਟ ਸਵਾਲ ਕਰਿਆ ਕਰਨ ਤਾਂ ਗੌਰਮੈਂਟ ਨੂੰ ਦੂਜਿਆਂ ਦੇ ਸਵਾਲਾਂ ਦੇ ਵੀ ਜਵਾਬ ਦੇਣ ਦਾ ਮੌਕਾ ਮਿਲ ਸਕੇਗਾ ।

UNSTARRED QUESTIONS AND ANSWERS

P.A.P. BAND, JULLUNDUR

2505. Sardar Atma Singh : Will the Chief Minister be pleased to state —

(a) with reference to the reply to unstarred question No. 2478 printed in the list of questions for 31st March, 1960 the total amount at present lying in the State Bank of India in the name of the authorities of the P.A.P. Band, Jullundur ;

(b) the details of the expenditure incurred by the authorities from Ist April, 1955 to 31st March, 1958 out of the amount deposited in the name of the said Band;

(c) whether the accounts of the Band Fund were audited each year; if so, by whom and the details of the main objections if any, raised by the auditors and the manner in which these have been met ;

(d) whether the salaries of the Band men are paid out of the said fund or from Government revenues ;

Sardar Partap Singh Kairon : (a) A sum of Rs 89,628.30 nP. is at present lying in the State Bank of India, Jullundur City.

(b) The statement is enclosed.

(c) No.

(d) The salaries of Bands men are being paid from Government revenue.

Statement showing details of expenditure from Ist April, 1955 to 31st March, 1956

		Rs	A.	P.
Bank Charges on cheques received from various persons	..	1	4	0
Honoraria for 2 and 3/55 due to Accounts Branch Clerk for maintaining Accounts	..	20	0	0
Cost of band articles	..	64	12	0
Dry-cleaning of Band Uniform	..	46	14	0
Bank Charges	..	1	4	0
Cost receipt book for band	..	25	0	0
Dyeing charges of pipe band uniform	..	771	8	0
Cost of Band instruments	..	123	12	0
Bank Charges	..	1	8	0
Refund of band Charges	..	130	0	0
Repairs to Brass band instruments	..	394	0	0
Bank Charges	..	0	0	0
Bank Charges	..	0	12	0
Bank Charges	..	0	12	0
Refund of Band Charges	..	530	0	0
Bank Charges	..	2	0	0

Note : Reply to Unstarred Question No. 2506 having been received Date from the Government appears at the end of this debate in annexure 'A'.

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

		Rs	A.	P.
Refund of Band Charges	..	130	0	0
Honoraria to Accounts Branch Clerk from 1st April, 1955 to 31st December, 1955	..	90	0	0
Cost of iron chairs, green fodder and cross-belts for deer	..	46	0	0
Repairing Charges of brass band instruments	..	382	0	0
Bank Charges	..	0	12	0
Cost of gram for deer	..	21	4	0
Honoraria to Accounts Clerk	..	10	0	0
Building Charges of band	..	11	8	0
Cost of brass band instruments	..	3,509	14	0
Refund of pipe band charges	..	400	0	0
Bank Charges	..	2	0	0
Dyeing Charges of Brass Band Uniform	..	41	4	0
Bank Charges	..	1	0	0
Cost of pipe band articles	..	310	6	6
Honoraria to Accounts Clerk	..	10	0	0
1956-57				
Honoraria to Accounts Clerk	..	10	0	0
Cost of Nathinal Authern for Indonesia	..	10	5	0
Bank Charges	..	0	8	0
Honoraria to Accounts Clerk	..	10	0	0
Cost of gram for deer	..	11	0	0
Cost of pipe band books	..	23	0	0
Bank Charges	..	2	12	0
Cost of bricks for the construction of a room for bucks	..	71	2	6
Cost of brass band instruments	..	1,180	0	0
Cost of material for photograph copies	..	41	7	0
Honoraria to Accounts Clerk	..	20	0	0
Cost of pipe band articles	..	146	13	0
Honoraria to Accounts Clerk	..	10	0	0
Cost of 40 sets of pipe band uniform	..	8800	0	0
Bank Charges	..	1	12	0
Honoraria to Accounts Clerk	..	10	0	0
Cost of gram for deer	..	11	0	0
Bank Charges	..	1	12	0
Cost of brass band music	..	79	9	0
Cost of wooden table for pipe band practice	..	92	0	0
Cost of uniform articles (Summer) for both bands	..	1487	8	0
Bank Charges	..	1	0	0
Honoraria to Accounts Clerk	..	10	0	0
Cost of brass. etc. for pipe band	..	120	4	0
Refund of brass band	..	100	0	0
Honoraria to Accounts Clerk	..	10	0	0
Bank Charges	..	2	0	0
Refund of brass band	..	130	0	0
Honoraria of Accounts Clerk	..	10	0	0
Cost of Uniform Articles etc. for pipe band	..	111	11	6
Honoraria to Accounts Clerk	..	10	0	0
Cost of gram for deer	..	11	4	0
T.A. of Band	..	70	4	0
Bank Charges	..	2	8	0
Cost of 25 sets of Brass Band	..	5500	0	0
Cost of pipe and brass band instruments		353	8	0
Honoraria to Accounts Clerk	..	10	0	0
Cost of Khaki drill for pipe band	..	59	10	0
Bank Commission	..	1	14	0
Cost of 25 suits of white drill for brass band	..	684	6	0
Repairing charges of brass band instruments	..	432	0	0
Cost of pipe band articles	..	323	4	9
Cost of brass band articles	..	629	7	0
Railway freight of brass band instruments	..	1	2	0
Honoraria to Accounts Clerk	..	10	0	0
Bank Commission	..	0	10	0
Cost of gram for deer	..	11	4	0
Cost of covers for pipe band instruments	..	100	0	0

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[Chief Minister]

1957-58

		Rs. nP.
Honoraria to Accounts Clerk	..	10.00
Cost of pipe band articles	..	128.00
Bank Charges	..	6.52
Honoraria to Accounts Clerk	..	10.00
Mending charges of stag horns	..	6.00
Honoraria to Accounts Clerk	..	10.00
Bank Charges	..	0.63
Refund of Band Charges	..	100.00
Honoraria to Accounts Clerk	..	10.00
Dyeing charges of band uniform	..	60.87
Repair charges of brass band instruments	..	264.00
Bank Charges	..	1.61
Honoraria to Accounts Clerk	..	10.00
Refund of band	..	230.00
Bank Charges	..	0.63
Honoraria to Accounts Clerk	..	20.00
Refund of band charges	..	200.00
Bank Charges	..	3.96
Bank Charges	..	1.30
Honoraria to Accounts Clerk	..	10.00
Refund of band charges	..	230.00
Honoraria to Accounts Clerk	..	10.00
Refund charges of band	..	200.00
Cost of music journals	..	158.74
Honoraria to Accounts Clerk	..	10.00
Honoraria to Accounts Clerk	..	10.00
Bank Charges	..	4.00
Bank Charges	..	2.60
Honoraria to Accounts Clerk	..	10.00
Refund of brass band charges	..	26.00

POINT OF ORDER

श्री मंगल सैन : On a point of order, Sir. जनाब कल Hindu Succession Act के प्रस्ताव पर Treasury Benches को lose करना पड़ा और अपोज़ीशन की बात मानी गई इस लिये गवर्नमेंट को अस्तीफा देना चाहिये क्योंकि उन को शिकस्त हो गई है।

श्री अध्यक्ष : इस में point of order कौन सा आ गया और कौन सा procedure break हो गया। (What point of order is involved in it and what is there in it that infringes the procedure?)

THE PUNJAB COMPULSORY SERVICE BILL, 1960 (INTRODUCED)

Minister for Irrigation and Power (Rao Birendar Singh) : Sir, I beg to introduce the Punjab Compulsory Service Bill.

REFERENCE OF THE PUNJAB COMPULSORY SERVICE BILL, 1960 TO THE REGIONAL COMMITTEES.

Minister for Irrigation and Power : Sir, I beg to move—

That the Punjab Compulsory Service Bill be referred to the Regional Committees, with a direction to make a report by the 1st August, 1960.

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

Mr. Speaker : Motion moved —

That the Punjab Compulsory Service Bill, be referred to the Regional Committees, with a direction to make a report by the Ist August, 1960.

श्री लाल चन्द : स्पीकर साहिब, आप ने जो Punjab Municipal Bill रीजनल कमेटी के सुपुर्द किया था उस के लिये 15 सितम्बर, 1960, की तारीख मुकर्रर की थी। अगर आप साहिब मुनासिब ख्याल करें तो इस बिल की date भी 15 सितम्बर कर दें।

Mr. Speaker : Question is —

That the Punjab Compulsory Service Bill, be referred to the Regional Committees with a direction to make a report by the 1st August, 1960.

The motion was carried.

THE EAST PUNJAB HOLDINGS (CONSOLIDATION AND PREVENTION OF FRAGMENTATION) (SECOND AMENDMENT AND VALIDATION) BILL, 1960

(RESUMPTION OF CONSIDERATION)

Mr. Speaker : Now the House will proceed with the next item on the Agenda and resume consideration of the East Punjab Holdings (Consolidation and Prevention of Fragmentation) Second Amendment and Validation) Bill, 1960. Chaudhri Dharam Singh Rathi was in possession of the House when it adjourned on the 20th April, 1960. He may resume his speech.

CLAUSE 7

चौधरी धर्म सिंह राठी (सम्भालका) : स्पीकर साहिब, कलाज़ 7 पर discussion चल रही थी और मैं कल इस पर अपने ख्यालात ज़ाहिर कर रहा था। मैं यह बतलाना चाहता हूँ स्पीकर साहिब, कि यह कलाज़ 7 क्यों लाई गई है। एक तो वह स्कीमें हैं जो पहले बनी हुई हैं —

any scheme in which land has been reserved for the Panchayats.

जो स्कीमें बनाई गई हैं उन स्कीमों के तहत ज़मीनें पंचायतों को दे दी हैं। हाई कोर्ट और सिविल कोर्ट ने satisfy कर दिया है उन ज़मीनों के मुतअल्लिक जो पंचायतों को दी गई हैं। यह कहते हैं कि उस को validate किया जाए। जो ज़मीनें 1948 के बाद दी गई हैं उन्हें Civil Court ने नाजायज़ करार दे दिया है, High Court ने नाजायज़ करार दे दिया है। इस पर अमल भी हो गया है। वज़ीर साहिब कहते हैं कि जो स्कीमें तोड़ी गई थीं, उन्हें दोबारा शुरु किया जाए तो इस से hardship पैदा होगी। Civil Court के फैसले जो हो चुके हैं उन पर अमल दरामद हो चुका है। दोबारा. रद्दो बदल होगी तो इस से भारी uncertainty पैदा हो गी। लोगों का इस गवर्नमैंट से और गवर्नमैंट की कार्रवाइयों से एतबार उठ जाएगा। मेरे knowledge में है जहां कि

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[चौधरी धर्म सिंह राठी]

Civil Court ने स्कीमों को नाकारा बना दिया है। अब यह कहते हैं कि इस किस्म की स्कीमें थीं जिन से पंचायतों को ज़मीनें मिलनी थीं वे बहाल रखेंगे और अमल दरामद होगा। यह बड़ी hardship की बात है। मैं आप को instances दे सकता हूँ। मेरे अलाके में तीन गांव हैं जो साथ लगते हैं। इन तीनों गांवों के अन्दर लोगों ने अपीलें की हैं और हमारी गवर्नमैंट courts के फैसलों से satisfy हो गई है। आज यह कहते हैं कि सारी की सारी स्कीमें जो पहले बनाई गई हैं रद्द कर दी जाएं। इस का कारण क्या है? वज़ीर साहिब को शायद पता नहीं है इस का दूसरा कारण यह है कि उन के कुछ आदमी ऐसे हैं जो नाजायज़ कार्रवाइयां करते रहे हैं और स्कीमों को तुड़वाने के लिये कुछ लोगों से रुपया हासिल करते रहे हैं। मैं उन से कहना चाहता हूँ कि ऐसे आदमियों के मुफाद को कायम रखने के लिये गवर्नमैंट को बदनाम करते हैं। लोगों से यह लोग कहते हैं कि आठ नौ हज़ार रुपया जमा कर लिया है हम वज़ीर साहिब से कह कर स्कीमें रद्द करा देंगे और जो स्कीमें रद्द की हुई हैं उन्हें बहाल नहीं होने देंगे। इस सिलसिले में एक चिट्ठी भी पकड़ी गई है जिस में एक आदमी ने लिखा है कि चण्डीगढ़ आ जाइये आठ हज़ार रुपया ले कर मैं यह काम वज़ीर साहिब से करवा दूंगा। यह चिट्ठी पकड़ी गई और मैं यह चिट्ठी वज़ीर साहिब को दिखा सकता हूँ।

सिंचाई तथा विद्युत मंत्री : अब तक यह चिट्ठी क्यों छिपाए रखी है?

चौधरी धर्म सिंह राठी : यह किस्सा मैं ने पहले सुना था लेकिन यह चिट्ठी मेरे कब्ज़े में परसों आई है।

श्री अध्यक्ष : यह किस के हाथ से लिखवाई है? (By whom it was got written ?)

चौधरी धर्म सिंह राठी : किस के हाथ से लिखी गई है यह तो मैं जानता नहीं। जनाब, उन का नाम अगर वज़ीर साहिब कहेंगे तो मैं बता दूंगा। उन का वकील है अभिमन्यू....

Mr. Speaker : Order please. No such allegations in the House.

चौधरी धर्म सिंह राठी : मैं अदब से अर्ज़ करना चाहता हूँ कि ऐसी बातें नहीं होनी चाहियें।

Mr. Speaker : I canot permit the hon. Member to make such allegations in the House. Such things can only be brought before the House through a substantive motion.

चौधरी धर्म सिंह राठी : स्पीकर साहिब, मैं कहना चाहता हूँ कि अगर इस किस्म के काम ऐसी चीज़ों के लिए किये जा रहे हैं तो बहुत बुरी बात है। कानून के अन्दर तबदीली इस लिये लाई जा रही है कि जो सौदे इन्हों ने किये हैं वे सिरे चढ़ जाएं। अगर यह बात है तो मैं इस की पुर ज़ोर मुखालिफत करता हूँ।

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

श्री अध्यक्ष : यह मामला तो तीन महीने से हाउस के सामने है। (This matter is before the House for the last three months.)

चौधरी धर्म सिंह राठी : वह चिट्ठी दिसम्बर की है। दिसम्बर की मोहर उस पर लगी हुई है। इस लिये मैं अर्ज़ करना चाहता हूँ कि democratic countries में Judiciary Supreme होती है। हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के फैसलों को Supreme माना जाता है। लेकिन यहां पर कई महीने हो गए हैं कि हाई कोर्ट ने एक रूल को *ultra-vires* करार दिया था उस पर फिर भी पहले की तरह ही कार्यवाही की जा रही है। इस से हाई कोर्ट की contempt होती है। अगर हमारी सरकार हाई कोर्ट या सुप्रीम की भी परवाह नहीं करेगी तो क्या बनेगा? यह नहीं होना चाहिये। दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूँ कि यह जो क्लाज़ सात है इस के मुताबिक जो legal rights उस वक्त exist नहीं करते थे उन के बारे में भी गवर्नमैंट ने स्कीम बना दी और provision भी कर दिया। इन को स्कीम बदलने का कोई अख्तियार नहीं था लेकिन फिर भी बारह साल तक यही कार्यवाही चलती रही। अब उन rights को हमारी सरकार validate करना चाहती है। इन को ऐसा करने का बारह साल तक बिलकुल कोई कानूनी हक नहीं था। यह बिल्कुल illegal है। मुनासिब और वाजिब नहीं है कि बारह साल की कार्यवाही को ये अब validate करें। इन को चाहिये था कि इस चीज़ का बहुत पहले ख्याल करते। रूल सोलह *ultra vires* करार दिया गया है। अब अगर यह कानून पास कर दिया गया तो यह फिर *ultra vires* करार दिया जाएगा। मैं कहता हूँ कि इस किस्म की गवर्नमैंट की कार्यवाहियों पर परदा पोशी करने के लिये जो बिल लाया जा रहा है मैं इस की पुरज़ोर मुखालिफत करता हूँ। मैं इन के सौदों की सख्त मुखालिफत करता हूँ। मैं वज़ीर साहिब की इज़्ज़त करता हूँ, बहुत एहतराम करता हूँ उन से कहूँगा कि वे इन सौदों में न पड़ें। इस से इन की बदनामी होगी, गवर्नमैंट की बदनामी होगी। मैं इस चीज़ की मुखालिफत करता हूँ।

ਸਰਦਾਰ ਉਮਰਾਓ ਸਿੰਘ (ਨਕੋਦਰ, ਜਨਰਲ) : **ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ,** clause 7 ਦੇ ਬਾਰੇ High Court ਨੇ ਦੋ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੇ ਫੈਸਲੇ ਕੀਤੇ ਹਨ । ਇਕ ਤਾਂ ਇਹ ਕਿ ਦਫਾ 42 ਦੇ ਮਾਤਹਿਤ ਜਿਹੜੀ scheme ਬਣੀ ਹੋਈ ਸੀ ਉਹ ਸਰਕਾਰ ਨੇ change ਕਰ ਦਿਤੀ । ਉਸ ਦੇ ਬਾਰੇ ਵਿਚ High Court ਨੇ ਇਹ ਫੈਸਲਾ ਕੀਤਾ ਹੈ ਕਿ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਕੋਈ ਹਕ ਨਹੀਂ ਸੀ ਕਿ ਦਫਾ 42 ਦੇ ਮਾਤਹਿਤ ਬਣੀ ਹੋਈ Scheme ਨੂੰ ਬਦਲ ਦਿੰਦੀ । ਇਹ ਅਖਤਿਆਰ ਗੌਰਮਿੰਟ ਨਹੀਂ ਰਖਦੀ ਸੀ । ਦੂਸਰਾ ਇਹ ਕਿ Rule 16 ਦੇ ਹੇਠਾਂ Consolidation ਵਿਚ common purposes ਲਈ ਜਿਹੜੀ ਜ਼ਮੀਨ ਰਖੀ ਗਈ ਸੀ, ਹਾਈ ਕੋਰਟ ਨੇ Rule 16 ਨੂੰ ਹੀ *ultra vires* ਕਰਾਰ ਦਿਤਾ ਹੈ । ਇਹ ਦੋ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੇ ਫੈਸਲੇ ਹਾਈ ਕੋਰਟ ਨੇ ਕੀਤੇ ਹਨ । ਜਿਹੜੇ cases ਪਹਿਲਾਂ ਹੋ ਚੁਕੇ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ validate ਕਰਨ ਦੀ ਖਾਤਰ ਇਹ ਬਿਲ ਲਿਆਂਦਾ ਗਿਆ ਹੈ । ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਥਾਵਾਂ ਤੇ ਮੁਰੱਬਾ ਬੰਦੀ ਹੋਈ ਹੈ ਉਨ੍ਹਾਂ ਉਪਰ ਦਫਾ 42 ਦੇ ਹੇਠਾਂ ਹੋਰ ਵੀ ਬਹੁਤ ਸਾਰੇ ਝਗੜੇ ਹੋਏ ਹਨ । Common purposes ਲਈ ਜਿਹੜੀ ਜ਼ਮੀਨ ਰਖੀ ਗਈ ਹੈ ਉਸ ਦੇ ਬਾਰੇ ਵੀ ਬਹੁਤ ਸਾਰੇ ਝਗੜੇ ਹੋਏ ਹਨ । ਜੇਕਰ ਅਸੀਂ clause VII ਇਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਹੀ

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[ਸਰਦਾਰ ਉਮਰਾਓ ਸਿੰਘ]

adopt ਕਰ ਲੈਂਦੇ ਹਾਂ ਤਾਂ ਬਾਕੀ cases cover ਨਹੀਂ ਹੋਣਗੇ । ਅਤੇ ਜੇ ਕੋਈ ਬਾਅਦ ਵਿਚ ਵੀ ਹਾਈ ਕੋਰਟ ਵਿਚ ਜਾਵੇਗਾ ਤਾਂ ਫਿਰ ਇਸ ਨੂੰ *ultra vires* ਕਰਾਰ ਦਿਤਾ ਜਾਵੇਗਾ । ਅਜ ਅਖਬਾਰ ਵਿਚ ਆਇਆ ਹੈ ਕਿ ਕਲ ਵੀ High Court ਨੇ ਇਕ Consolidation Officer ਨੂੰ notice ਦਿਤਾ ਹੈ । ਇਸ ਕਰਕੇ ਮੈਂ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਚੌਧਰੀ ਸੁਮੇਰ ਸਿੰਘ ਦੀ amendment ਬਹੁਤ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹੈ। ਜੇਕਰ ਉਸ ਨੂੰ ਪਾਸ ਕਰ ਦਿਤਾ ਜਾਏ ਤਾਂ subsequent cases ਵੀ cover ਹੋ ਜਾਣਗੇ ਨਹੀਂ ਤਾਂ ਹੋ ਸਕਦਾ ਹੈ ਕਿ ਬਾਅਦ ਵਿਚ ਲੋਕ ਹਾਈ ਕੋਰਟ ਵਿਚ ਜਾ ਕੇ challenge ਕਰਨ ਅਤੇ ਉਥੋਂ *ultra vires* ਕਰਾਰ ਦੇ ਦਿਤਾ ਜਾਵੇ । ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਦਰਖਾਸਤ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਚੌਧਰੀ ਸੁਮੇਰ ਸਿੰਘ ਦੀ amendment adopt ਕਰ ਲਈ ਜਾਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ।

राम्रो गजराज सिंह (गुड़गांव) : स्पीकर साहिब, इस क्लाज़ सात के बारे में मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूँ कि यह चीज़ हाई कोर्ट में भी जा चुकी है और सुप्रीम कोर्ट में भी अपील के तौर पर pending पड़ी हुई है । यह ग़ैर आईनी है और जो Act के aims and objects हैं उन के भी खिलाफ जाती है । इस लिये मैं कहता हूँ कि इस पर ज़िद नहीं करनी चाहिये । अगर आप इस क्लाज़ का मुलाहज़ा फरमाएं तो आप को मालूम होगा कि यह Article 31 के खिलाफ है । हाई कोर्ट ने पहले ही बहादुर गढ़ के केस में एक Consolidation Officer को नोटिस दे रखा है । Article 31 के मातहत substantial compensation ज़रूर दिया जाना चाहिये । उस के लिये कुछ साधन हो सकते थे । बिल में compensation के लिये provision होनी चाहिये थी ।

उसकी compensation किस तरह provide की जाती, स्पीकर साहिब, आप मुलाहिज़ा फरमाएँ, गांव गोरे की ज़मीन सब से बढ़िया होती है । बाज़ दफा गवर्नमैंट का मनशा भी नहीं होता लेकिन पंचायतें ज़िद में आकर दूसरों को नुक्सान पहुँचाने के नज़रिए से उन पर कब्ज़ा कर लेती हैं । इस तरह की बातों को safeguard करने के लिये किसी तरह का provision नहीं किया गया । यह बिल जल्दी में draft किया गया मालूम होता है । तमाम पहलुओं पर अच्छी तरह से ग़ौर करने की कोशिश नहीं की गई । Rules में अगर "as prescribed" के लफ़ज़ होते फिर तो शायद alternate rules बनाए जा सकते थे । मैं अर्ज़ करता हूँ कि आयनी तौर पर यह दफा 31 के in conflict आता है । इस सिलसिले में आप title पर ही ग़ौर फरमा कर देख लें । सरदार उमराओ सिंह ने इस पर आगे ही काफी रौशनी डाली है । यह amending ही नहीं बल्कि साथ ही validating बिल है । यह चीज consolidation के main Act का मनशा नहीं था । यह तो स्पीकर साहिब, इसका आयनी पहलू है जिस पर मैं ने अपने ख्यालात आप के सामने रखे हैं ।

दूसरी बात मैं ने यह गुज़ारिश करनी है कि House के सामने एक Act है—और भी बहुत सी enactments हैं जो कि executive nature की enactments हैं; वहां पर power of appeal, officers को, revenue office की higher authority को या गवर्नमैंट को होती है, Commissioner या Financial

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

Commissioner को होती हैं। लेकिन जहां तक ज़मीन के मसले का ताल्लुक है--जो कि एक अहम मसला है--इसमें Financial Commissioner को अख्तियार है। स्पीकर साहिब, दूसरी States में इस किस्म के मामलात के लिये--चाहे वह ज़मीन से सम्बन्ध रखने वाले हों या tenancies के साथ--revenue boards होते हैं जिन के हाथ में High Court की powers होती हैं यहां तक कि बाज़ स्टेट्स में High Court को भी revision की powers हैं। लेकिन आप देखें कि यहां पर दफा 42 का क्या scope है "Any time"--यानी दस पंद्रह वर्ष--कोई मियाद नहीं। और न ही rules बनाने की कोई assurance House को दी गई है कि इतनी देर के बाद कोई तब्दीली नहीं की जाएगी। मेरा ख्याल है कि दफा 42 के अख्तियारात और scope को निहायत अहतयात के साथ exercise किया जाना चाहिये था। आज कांग्रेस सरकार है तो कल दूसरी party बर सरे इक्तदार आ सकती है। इसी तरह वह भी कहेगी कि हम तमाम की तमाम scheme को पलट देते हैं परसों तीसरी party भी ऐसा ही कर सकती है। मतलब तो यह हुआ कि गांव वाले politics के खेल और तमाशे में गुनाहगार हो गए। शहर वालों का नहीं बल्कि गांव वालों की property और इक्तसादियात के साथ खिलवाड़ और तमाशा किया जा रहा है। स्कीम में किए गए पहले order की बुराई को रोकने के लिये दफा 42 में delegated powers थीं ताकि गवर्नमैंट को embarrassment में न पड़ना पड़े। इसका मतलब तो यह हुआ कि अगर एक जायज़ शिकायत रफा हुई हो तो कई ऐसे आदमी भी आ जाएंगे जो बिला वजह काम करवाने की कोशिश करेंगे। इसलिये क्यों न यह अख्तियारात highest revenue authority या High Court को vest हों। और फिर कोई मियाद मुकर्रर होनी चाहिये। High Court की ruling के लिये मियाद 3 महीने से ज्यादा नहीं होती। लेकिन यहां पर किसी वक्त भी हो जाए। मैं genuinely feel करता हूँ कि मैं यह नहीं चाहता कि किसी आदमी के साथ हुई बेइन्साफी को दूर न किया जाए ; बल्कि दफा 42 के provision के scope और revision authority के बारे में सब को एतराज़ है। आप देखें कि scheme के वक्त इतनी अपीलें मौजूद हैं, actual operation के वक्त इतनी अपीलें मौजूद हैं। आखिर किसी चीज़ की guarantee तो दें। मैं समझता हूँ कि इन चीज़ों की implication को बिल draft करते वक्त सामने नहीं रखा गया। आप partition के order को set aside करके गांव की स्कीमों को तोड़ेंगे तो कितना रुपया और खर्च होगा ; कितनी मेहनत लोगों की फजूल में जाएगी। एक आदमी को accommodate करने के लिये अगर scheme को तोड़ा गया तो तमाम का तमाम काम फिर करना पड़ेगा।

सिंचाई तथा विद्युत मंत्री : On a point of order, Sir. स्पीकर साहिब यह clause validation के सिलसिले में है। Section 42 को amend करने वाली clause तो इससे पहले वाली थी। वह House पास कर चुका है। अब इस clause को discuss करते हुए दफा 42 पर general discussion कहां तक with in the scope of the clause है ?

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

राओ गजराज सिंह : मैं तो यही बता रहा हूँ कि यह जो validation की जा रही है इन से consolidation के काम में और complications पैदा होंगी, litigation बढ़ेगी। इसलिये मैं कहना चाहता हूँ कि इसे rules में बांध कर और circumstances के अन्दर circumscribe करके लाएं वरना यह भी valid नहीं होगी।

ਚੌਧਰੀ ਬਲਬੀਰ ਸਿੰਘ (ਹੁਸ਼ਿਆਰਪੁਰ ਜਨਰਲ) : **ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਇਸ ਸਰਕਾਰ** ਦੇ ਅਫਸਰ ਔਰ ਸਰਕਾਰ ਖੁਦ ਅਜਿਹੇ ਕੰਮ ਕਰਦੀ ਹੈ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਬਾਰੇ ਜਿਹੜੀ ਸੂਬੇ ਦੀ ਸਭ ਤੋਂ ਵਡੀ judicial anthority ਹੈ ਉਸ ਨੂੰ ਵੀ ਇਹ ਕਹਿਣਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਉਹ ਕੰਮ ਕਿਸ ਕਾਨੂੰਨ ਦੇ under ਨਹੀਂ ਕੀਤੇ। ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਪੰਜਾਬ ਸਰਕਾਰ ਕਾਨੂੰਨ ਬਣਾਉਂਦੀ ਹੈ, Act ਬਣਾਉਂਦੀ ਹੈ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ executive ਦੇ ਹਥ ਬਨੇ ਜਾਂਦੇ ਹਨ ਕਿ ਫਲਾਂ ਅਫਸਰ ਨੇ ਇਥੋਂ ਤਕ ਅਖਤਿਆਰਾਤ ਦੀ ਵਰਤੋਂ ਕਰਨੀ ਹੈ ਤੇ ਫਲਾਂ ਅਫਸਰ ਨੇ ਫਿਰ ਇਸ limit ਤਕ ਅਖਤਿਆਰਾਤ ਦਾ ਇਸਤੇਮਾਲ ਕਰਨਾ ਹੈ। ਯਾਨੀ ਹਰ stage ਦਾ ਦਾਇਰਾ defined ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਕਿ ਅਪੀਲ ਕਿਸ ਨੇ ਸੁਣਨੀ ਹੈ, revision ਕਿਥੇ ਹੋਣੀ ਹੈ। ਉਸੇ ਦਾਇਰੇ ਦੇ ਅੰਦਰ ਰਹਿ ਕੇ ਹੀ ਹਰ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਕੰਮ ਕਰਨਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ।

ਹੁਣ consolidation ਜਿਹੜੀ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਕੀਤੀ, ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਉਹ ਐਕਟ ਤੋਂ ਬਾਹਰ ਰਹਿ ਕੇ ਕੀਤੀ। ਪਹਿਲਾ ਕਾਨੂੰਨ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਬਣਾਇਆ, ਉਸ ਦੇ ਮੁਤਾਬਕ ਸਕੀਮਾਂ ਬਣੀਆਂ। ਸਕੀਮਾਂ ਦੇ ਮੁਤਾਬਕ ਪਿੰਡਾਂ ਦੀ ਤਕਸੀਮ ਹੋਈ। ਤਕਸੀਮ ਹੋਣ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਅਪੀਲਾਂ ਹੋਈਆਂ, ਫੈਸਲੇ ਹੋਏ Director ਤਕ ਅਪੀਲਾਂ reject ਹੋ ਗਈਆਂ। ਪਰ ਦਫਾ 42 ਦੇ ਵਿਚ final stage ਤੇ ਆ ਕੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਸਕੀਮਾਂ ਨੂੰ ਬਦਲ ਦਿਤਾ ਜਿਹੜਾ ਕਿ ਕਾਨੂੰਨੀ ਤੌਰ ਤੇ ਨਹੀਂ ਬਦਲ ਸਕਦੇ ਸੀ। ਉਸ ਵਕਤ ਤਕ ਜਿਹੜਾ ਕਾਨੂੰਨ ਮੌਜੂਦ ਸੀ ਉਸ ਦੇ ਮੁਤਾਬਕ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਕੋਈ ਅਖਤਿਆਰ ਨਹੀਂ ਸਨ ਕਿ ਉਹ final stage ਤੇ ਆਕੇ ਸਕੀਮਾਂ ਨੂੰ ਬਦਲੇ। ਪਰ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ under political pressure ਇਹ ਵੀ ਕਰ ਦਿਤਾ ਜਿਵੇਂ ਕਲ੍ਹ ਗਿਆਨੀ ਕਰਤਾਰ ਸਿੰਘ ਹੋਰਾਂ ਵੀ ਇਹ ਕਿਹਾ ਕਿ ਇਕ ਪਾਰਟੀ ਦੇ ਮੈਂਬਰਾਂ ਨੇ ਸਾਧ ਸੰਗਤ ਬੋਰਡ ਨੂੰ ਵੋਟ ਦਿਤਾ ਤੇ ਦੂਜੀ ਪਾਰਟੀ ਦੇ ਮੈਂਬਰਾਂ ਨੇ ਅਕਾਲੀ ਪਾਰਟੀ ਨੂੰ। ਹੁਣ ਜਿਸਨੇ ਗਿਆਨੀ ਜੀ ਦੀ ਪਾਰਟੀ ਨੂੰ ਵੋਟ ਦਿਤਾ ਉਹ ਗਿਆਨੀ ਜੀ ਕੋਲ ਆਇਆ ਤੇ ਕਹਿਣ ਲਗਾ ਕਿ ਮੈਂ ਤਾਂ ਫਸ ਗਿਆ ਹਾਂ ਮੈਨੂੰ ਬਚਾਉ। ਇਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਜਿਹੜੇ ਆਦਮੀ ਦੀ ਜ਼ਮੀਨ ਠੀਕ ਨਾ ਤੋੜੀ ਗਈ ਉਹ ਇਨ੍ਹਾਂ ਕੋਲ ਆਇਆ, ਨਾਂ ਤਾਂ ਕਰ ਨਹੀਂ ਸਨ ਸਕਦੇ ਇਸ ਲਈ ਇਕ ਆਦਮੀ ਨੂੰ ਖੁਸ਼ ਕਰਨ ਲਈ ਸਾਰੀ scheme ਨੂੰ ਤੋੜ ਦਿੱਤਾ। ਮੈਂ ਹੈਰਾਨ ਹਾਂ ਕਿ ਜਦ ਇਹ ਕੁਝ ਹੋ ਰਿਹਾ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਕੰਮ ਕਿਵੇਂ ਸਿਰੇ ਚੜ੍ਹ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਇਨ੍ਹਾਂ ਨਾਜਾਇਜ਼ ਕੰਮਾਂ ਦੇ ਹੁੰਦਿਆਂ ਹੋਇਆਂ ਪਿੰਡਾਂ ਦੇ ਆਮ ਵਸਨੀਕ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਕਾਨੂੰਨ ਤੇ ਕਿਵੇਂ ਯਕੀਨ ਕਰ ਸਕਦੇ ਹਨ। ਇਕ ਕਾਨੂੰਨ ਬਣਾਇਆ ਹੈ, ਅਸੈਂਬਲੀ ਨੇ ਉਸ ਉਪਰ ਆਪਣੀ ਮੁਹਰ ਲਗਾਈ ਹੈ, ਪਰ ਉਸ ਦੇ ਬਾਵਜੂਦ ਇਹ ਨਾਜਾਇਜ਼ ਹਰਕਤਾਂ ਕਰਨ—illegal actions ਕਰਨ—ਉਹ acts ਕਰਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ High Court ਵੀ ਨਾਮੰਜ਼ੂਰ ਕਰ ਦੇਵੇ ਤਾਂ ਫਿਰ ਕੌਣ ਇਸ ਗੌਰਮੈਂਟ ਤੇ ਵਿਸ਼ਵਾਸ਼ ਕਰ ਸਕਦਾ ਹੈ। High Court ਨੇ judgment ਦਿੱਤਾ ਹੈ ਕਿ ਜੋ changes ਇਨ੍ਹਾਂ ਕੇ ਕੀਤੀਆਂ ਉਹ ਗਲਤ ਸਨ,

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਉਹ ਕਰਨ ਦਾ ਕਾਨੂੰਨ ਵਿਚ ਕੋਈ ਹਕ ਨਹੀਂ ਸੀ ਕਿ ਦਫ਼ਾ 42 ਦੇ under ਇਹ schemes ਨੂੰ ਬਦਲ ਸਕਣ । ਐਨਾ ਹੀ ਨਹੀਂ, ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, recently ਵੀ High Court ਨੇ ਇਕ judgment ਦਿਤੀ ਜਿਥੇ ਕਾਨੂੰਨ ਮੌਜੂਦ ਹੈ, ਇਕ specific clause ਹੈ ਲੇਕਿਨ ਅਪੀਲ ਦਾ ਹਕ High Court ਨੂੰ ਨਹੀਂ ਦਿੱਤਾ ।

11.00 a.m.

ਇਕ ਇਸ਼ਤੇਮਾਲ ਦੇ case ਵਿਚ ਇਸ ਕਿਸਮ ਦੀ judgment ਆਈ ਹੈ ਕਿ High Court ਦਖਲ ਨਹੀਂ ਦੇਵੇਗੀ । ਇਸ judgment ਦਾ ਫ਼ਾਇਦਾ ਉਠਾ ਕੇ ਆਪਣੀਆਂ ਨਜਾਇਜ਼ ਗੱਲਾਂ ਤੋਂ ਲਾਭ ਉਠਾਉਣਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਨ । ਔਰ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨਾਜਾਇਜ਼ ਚੀਜ਼ਾਂ ਨੂੰ ਰੋਕਣ ਲਈ ਇਹ ਕੋਈ ਕਾਨੂੰਨ ਨਹੀਂ ਬਣਾਉਣਾ ਚਾਹੁੰਦੇ । ਇਸ ਦੇ ਨਾਲ ਹੀ ਨਾਜਾਇਜ਼ ਚੀਜ਼ਾਂ ਜਿਹੜੀਆਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਪਿਛੇ ਕੀਤੀਆਂ ਹੋਈਆਂ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ validate ਕਰਨ ਲਈ ਇਹ clause ਲਿਆਂਦੀ ਹੈ । ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, Democracy ਵਿਚ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ Judiciary ਤੇ ਭਰੋਸਾ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਪਰ ਇਹ ਤਾਂ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਇਨਸਾਫ਼ ਦਾ ਰਾਹ ਬੰਦ ਕਰ ਰਹੇ ਹਨ ਔਰ ਕੀਤੇ ਹੋਏ ਇਨਸਾਫ਼ ਨੂੰ ਇਹ ਆਪਣੇ ਨਵੇਂ ਕਾਨੂੰਨ ਦੇ ਨਾਲ ਖਦਲਣ ਦੀ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਕਰ ਰਹੇ ਹਨ । ਇਹ ਬੜੀ ਗ਼ਲਤ ਚੀਜ਼ ਹੈ । ਇਹ ਇਸ ਮੁਲਕ ਵਿਚ ਨਹੀਂ ਹੋਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਜਿਥੇ democracy ਹਾਲੇ ਪਹਿਲੇ phase ਵਿਚ ਹੈ । ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਕਰਨ ਨਾਲ ਲੋਕਾਂ ਦਾ faith ਉੜ ਜਾਏਗਾ । ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਇਹ ਇਸ ਚੀਜ਼ ਨੂੰ ਬੜੇ clear head ਦੇ ਨਾਲ ਸੋਚਣ ਔਰ ਸੋਚ ਕੇ ਆਪਣੇ ਪਹਿਲੇ ਬਣਾਏ ਹੋਏ ਕਾਨੂੰਨ ਤੇ ਅਮਲ ਕਰਨ । ਜੇ ਇਹ ਆਪ ਹੀ ਕਾਨੂੰਨ ਤੇ ਅਮਲ ਨਹੀਂ ਕਰਨਗੇ ਤਾਂ ਇਹ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਕਾਨੂੰਨ ਤੇ ਚਲਾ ਸਕਣਗੇ ਇਹ ਆਪਣੇ ਬਣੇ ਹੋਏ ਕਾਨੂੰਨ ਤੇ ਅਮਲ ਕਹੀਂ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਔਰ High Court ਦੇ ਫ਼ੈਸਲੇ ਨੂੰ ਇਸ ਕਿਸਮ ਦੀ clause ਦੇ ਨਾਲ ਠੀਕ ਕਰਨ ਦੀ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਕਰ ਰਹੇ ਹਨ ।

सिचाई तथा विद्युत मंत्री (राम्रो वीरेन्द्र सिंह) : मोहतरिम स्पीकर साहिब, सारे बिल में जो clauses थीं वे हाउस ने उस दिन मंज़ूर कर दी थीं और clause 7 जो सिर्फ validation की clause है अब उस पर बहस चल रही है । कुछ आनरेबल मेम्बरान ने एतराज़ उठाया है कि इस एक्ट के तहत जो 1948 में पास हुआ था अब तक पिछले 10 या 12 सालों में जो काम हुए वे High Court के किसी फैसले की वजह से इस Act में कुछ नुक्स समझते हुए कुछ कमियां समझते हुए वह ग़लत करार दिये गये हैं, इस लिये सारे पिछले 10 या 12 सालों में किये कराये काम को उलट दिया जाये । यह इन की मनशा मालूम होती है जिन मैम्बरान ने एतराज़ किया है उन्हें यह मालूम होना चाहिये कि दफा 42 के तहत सरकार ने Director, Consolidation of Holdings, को यह power delegate की हुई थीं और 1948 से जब से यह एकट बना है हुआ है त से इस पर काम हो रहा है और इस अर्से में इतने ज़्यादा लोगों को इस के ज़रिये इंसाफ मिला है जिस का अन्दाज़ा भी नहीं लग सकता । अब भी इस दफा के तहत अगर किसी जगह पर लोगों के लिये रास्ता न छोड़ा गया हो या पगडण्डी न रखी गई हो या और इस किस्म की कोई ग़लती consolidation के काम में रह गई हुई हो तो वह ठीक करवाई जा सकती है ।

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[सिंचाई तथा विद्युत मंत्री]

तो मैं इन के इस एतराज़ को समझ नहीं सका। मुझे अफसोस तो इस बात पर है कि यही मैम्बरान लोगों को साथ लेकर रोज़ मेरे पास आते हैं और इस दफा के तहत दरखास्तें देते रहते हैं। फिर भी इस clause पर एतराज़ कर रहे हैं। चौधरी धर्म सिंह राठी ने तो यहां यह बात कह दी कि एक वकील ने किसी को चिट्ठी लिखी थी कि इस दफा के तहत दरखास्त देने के लिये यहां एक हज़ार रुपया ले कर आ जाओ और उन्हों ने यहां statement दी है कि वह चिट्ठी इन के पास है। मैं ने इन से दरखास्त की है कि वह चिट्ठी पेश की जाये। (चौधरी धर्म सिंह राठी—वह चिट्ठी मेरे पास है और वक्त पर मैं उसे पेश करूंगा।) स्पीकर साहिब, असल बात यह है कि कोई हफ्ता और कोई महीना खाली नहीं जाता जब चौधरी धर्म सिंह राठी दफा 42 के तहत कोई न कोई दरखास्त ले कर मेरे पास न आते हों।

चौधरी धर्म सिंह राठी : यह बात बिल्कुल गलत है। मैं इस बात को challenge करता हूँ कि इस में ज़रा भी सचाई नहीं है। मैं एक दरखास्त भी ले कर कभी इन के पास नहीं गया।

सिंचाई तथा विद्युत मंत्री : यह रोज़ जिस तरह से दरखास्तें ले कर मेरे पास आ जाते हैं और जिस तरह से यह pressure डालते हैं तो इस से मैं यह कह सकता हूँ कि यह कितने रुपए लोगों से लेकर आते हैं। (*Again interruption by Chaudhri Dharam Singh Rathi*) मेरी बात ज़रा खामोशी से सुनें। आप काम भी निकालते हैं और कीचड़ भी उछालते हैं। यह ठीक बात नहीं।

स्पीकर साहिब, अगर इस clause को यह हाउस नामंज़ूर कर दे तो इस का नतीजा क्या होगा यह अच्छी तरह से समझा जा सकता है। दफा 42 के अन्दर Director के level पर और गवर्नमैंट के level पर जो पिछले 10 या 12 सालों में हज़ारों cases का फैसला किया गया है तो वह तमाम फैसले रद हो जायेंगे और जो लोग अब आराम से बैठे हुए हैं उन्हें फिर से वहां से उजड़ना पड़ेगा और उन्हें इस में बहुत तक्लीफ उठानी पड़ेगी। यह मेरे भाई जो लोगों की तरक्की का नारा लगाने वाले हैं यह चाहते हैं कि लोग फिर उजड़ें और इन वकीलों को उन से फिर फायदा हो। असल बात तो यह है कि यह उन को फिर से उजाड़ कर आप फायदा उठाना चाहते हैं। अब दफा 42 के तहत जो लोगों की ज़मीनों में रास्ते ठीक से बने हैं, जो उन के खेतों में पगडण्डियां ठीक बनी हैं या कई लोगों के कुएँ ठीक बने हैं, अब अगर इस clause को पास न किया जाये और यह सारी चीज़ें बदल दी जायें तो यह चीज़ सोच कर मेरे तो रौंगटे खड़े हो जाते हैं कि इस के नतायज क्या होंगे। यह भाई तो यह सारी चीज़ें समझ बूझ कर भी यह बात चाहते हैं कि यह जो फैसले पिछले 10 या 12 सालों में हुए हैं और जितना consolidation का किया कराया पहला काम है वह सब उलट हो जाना चाहिये। स्पीकर साहिब इस clause का मक्सद यही है कि दफा 42 के तहत जो कार्यवाही पिछले 10 या 12 सालों में हुई है वह उसी तरह से बनी रहे और इसी तरह से जो ज़मीन पंचायतों को common purposes के लिये reserve कर के दी गई है वह पंचायतों के पास रह जाये। अगर अब यह clause पास नहीं की जाती तो यह कहा जायेगा कि लोगों को किस तरह से

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

इस से फायदा होगा और जो लोग ज़मीनों के proprietors हैं उन को consolidation से फायदा कैसे पहुँचेगा ।

कैसी कैसी बातें चौधरी धर्म सिंह राठी ने, स्पीकर साहिब इस बारे में कह दी हैं । उन्हों ने यह भी कह दिया है कि Civis Courts में भी फैसला इस के खिलाफ दिया गया है । लेकिन इन को तो इतना भी पता नहीं कि Civil Courts तो इस में आती ही नहीं । (चौधरी बलबीर सिंह : High Court ने तो अब एक case में judgement दी है) दस साल में इन को यह चीज़ भी समझ में नहीं आई कि Civil Courts इस में आती ही नहीं है ।

इस का rule 16 जो है उस के तहत जो ज़मीन पंचायतों को resume कर के दी गई है उस से पंचायतों को फायदा हो रहा है । लोग इस बात पर खुश हैं कि villages में common purposes के लिये common lands रखी गई हैं । आम तौर पर गांव के अन्दर common lands पहले ही हैं और जहां नहीं थी वहां लोग खुशी से चाहते हैं कि इस्तेमाल कर के यह ली जाय ताकि पंचायतों की उन से आमदनी बढ़ाई जा सके । इस लिये इस clause के पास हो जाने से इस में कोई फर्क नहीं पड़ता । चौधरी धर्म सिंह राठी ने जो कुछ कहा है वह तो मैं समझ भी नहीं सका कि कौन सी Civil Courts का फैसला इस के खिलाफ हो जायेगा । वह तो अपने आप को confuse कर रहे हैं ।

राओ गजराज सिंह जी ने भी कुछ एतराज़ात किये हैं जिन का जवाब मैं ने पहले दे दिया है । इस में कोई ऐसी बात नहीं है कि दफा 42 के अन्दर revision file हुई हो और जहां किसी के साथ बहुत बड़ी बेइन्साफी हुई हो । आम तौर पर यह देखा गया है कि तीन अपीलों के बाद भी कई चीज़ें consolidation में ऐसी रह जाती हैं जहां लोगों को इन्साफ नहीं मिला होता । वहां दफा 42 के तहत गवर्नमैंट ने powers Director को delegate की हुई हैं कि वह judicial फैसला करे । दफा 42 के तहत बाकायदा तौर पर enquiry कर के judicial तौर पर फैसला होता है, कोई ऐसी बात तो है नहीं कि दोनों पार्टियों को न सुन कर यह फैसला कर दिया जाता हो । मुझे तो समझ में भी नहीं आता कि लोगों को एक revision का हक भी न हो । जिस में लोगों की जायदाद उलट-पुलट की जा सकती हो अगर कोई इस ऐक्ट का mis-use करे तो बहुत तबाही हो सकती है । सब जगह यह बात मानी गई है कि appeals भी हों और revision भी ।

एक बात यह कही गई कि revision का वक्त मुकर्रर होना चाहिये । यह बात सरकार के नोटिस में आई और यह है दफा 42 के तहत कि जब आखिरी appeal हो चुकी हो तो 6 महीने के अन्दर revision की अर्ज़ी दी जानी चाहिये । पिछले Session में frivolous दरखास्तों को discourage करने के लिये amending bill पास किया गया और court fees बढ़ा कर लगाई गई । मगर जहां किसी शख्स से कोई धोका हुआ हो, बेइनसाफी हुई हो और उस को इत्तलाह भी न दी गई हो, जैसा कि ऐसे case में किया जाता है, मियाद ही गुज़र जाने दी जाती है—तो ऐसे special हालात में इस बात पर House को क्या एतराज़ हो सकता है कि वह सरकार के या जिसे इख्तियार delegate

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[सिंचाई तथा विद्युत मंत्री]

किए गए हों—उस के पास दरखास्त दे सके। कहा गया कि इस का नाजायज़ इस्तेमाल, किया जाएगा। अगर ऐसी बात हो तो यह सरकार या House के नोटिस में लाई जा सकती है। मैं तो समझता हूँ कि जो चीज़ House ने 1948 में पास की उस के बारे एतराज़ करना कि revision का जो provision रखा गया है यह नहीं होना चाहिये यह इस बिल के scope से बाहर की चीज़ है। यह निहायत ज़रूरी है कि जो कार्यवाही 10, 12 साल में की गई और ज़मीन reserve कर के पंचायत को दी गई या जो कार्यवाही दफा 42 के तहत की गई उस को validate किया जाए। इस लिये दरखास्त है कि इसे मन्ज़ूर किया जाए। चौधरी सुमेर सिंह जी ने जो amendment दी है वह बहुत अच्छी drafted है और उस से यह सारा मामला clear हो जाता है। उसे मंज़ूर करने में मुझे कोई एतराज़ नहीं।

Chaudhri Dharam Singh Rathi : On a point of personal explanation.

श्री अध्यक्ष : आप सुनिए। मुझे बड़ा अफसोस होता है जब House का एक ज़िम्मेदार मैम्बर lawyer हो कर House में इस तरह से allegations लगाए। एक वकील अपने मुवक्कल को चिट्ठी लिखता है कि आओ और यहां राठी साहिब उठते हैं और allegations लगाते हैं कि वह तो Minister का आदमी था। House में ऐसी बातें करना बहुत बुरा है। अगर ऐसी बातें यहां होने लगें तो पता नहीं यह किस हद तक पहुँचे। जो debate के level को lower करने की बातें यहां कहीं जाती हैं मैं उन्हें condemn करता हूँ। (The hon. Member may please listen. I feel much pained when I find a responsible lawyer member of the House levelling allegations like this. A lawyer writes a letter to his client and sends for him. But here Shri Rathi rises and alleges that the man was connected with the Minister. It is very improper to indulge in such things in the House. Once these things get a start here, there will be no end to them. I deprecate all such things being said here as lower the level of the debate.)

Chaudhri Dharam Singh Rathi : On a point of personal explanation, Sir.

Mr. Speaker : You have done the utmost. There is no need of a personal explanation. I do not allow this.

Mr. Speaker : Question is —

For clause 7, substitute the follwoing —

"Validation. 7. Notwithstanding anything to the contrary contained in any judgement, decree or order of any court,—

(a) where in any scheme, made before the commencement of this Act, Land has been reserved for the Panchayat of the village concerned for utilizing the income thereof, or :

(b) where before such commencement the State Government or any authority to whom it has delegated its powers has passed an order under section

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

42 of the principal Act revising or rescinding a scheme prepared or confirmed or repartition made by any officer under that Act, such reservation of land or such order, as the case may be, shall be deemed to be valid, and any such scheme or order shall not be questioned on the ground that such reservation of land could not be made or, as the case may be, that under section 42 of the Principal Act, the State Government or such authority had no power to pass such order."

The motion was carried.

Mr. Speaker : Question is —

That Clause 7, as amended, stand part of the Bill.

The motion was carried.

CLAUSE I.

Mr. Speaker : Question is —

That Clause I stand part of the Bill.

The motion was carried.

TITLE

Mr. Speaker : Question is —

That Title be the Title of the Bill.

The motion was carried.

Minister for Irrigation and Power (Rao Birendar Singh) : Sir I beg to move —

That the East Punjab Holdings (Consolidation and Prevention of Fragmentation) (Second Amendment and Validation) Bill, as amended, be passed.

Mr. Speaker : Motion moved —

That the East Punjab Holdings (Consolidation and Prevention of Fragmentation) (Second Amendment and Validation) Bill, as amended, be passed.

पंडित श्री राम शर्मा (सोनीपत) : स्पीकर साहिब, मैं इस Validating Bill की मुखालिफत करने के लिये खड़ा हुआ हूँ ।

इस में कोई शक नहीं कि इश्तमाल का काम बहुत ही अच्छा है मगर जिस ढंग से इस काम को किया है उस में और चाहे कुछ न कहा जाए एक बात तो बिल्कुल ज़ाहर है कि इस में जितनी corruption हुई है और जितने जमींदार लुटे हैं या और खराबियां हुई हैं, उन का अन्दाज़ा नहीं लगाया जा सकता । इस की एक वजह तो यह है कि कानून बनाते वक्त सरकार पूरे ग़ौर और समझ से कानून नहीं बनाती और ज्यों ज्यों पता चलता है कि इस में यह खराबियां हैं तो फिर तरमीमों का नम्बर शुरू हो जाता है । जब High Court किसी कानून या उस के हिस्से को खिलाफ कानून करार दे देती है तो बजाए उस का कोई फायदा उठाने के कि आयंदा ऐसी ग़लती न करे, सरकार की यह आदत हो चुकी है कि वह उसे Legislature के सामने ले आती है और कहती है कि जो कुछ हम ने किया, चाहे वह खिलाफ कानून ही किया, उस को ठीक कर दो । और यह अगर एक दो दफा का मामला हो तो चलो दरगुज़र किया जाए मगर यहां तो यह रिवाज ही पड़ गया है ।

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[पंडित श्री राम शर्मा]

यह बात लोगों के लिये मुसीबत का बायस बनी हुई है। मुझे मालूम है कि अफसरान फर्जी बातें ही कर लेते हैं। यूं ही लिख देते हैं कि गांव इकट्ठा हुआ चाहे एक आदमी भी न आया हो और किसी को भी न पता हो कि हम ने किस बात की रज़ामन्दी दी है। वह आगे बढ़ते जाते हैं चाहे हकूमत को इस का इख्तियार भी न हो। इस बार तो यह एक कदम और भी आगे बढ़ गए। Rule बना लिये और 16(2) rule ऐसा बनाया जिस की कि कानून इजाजत ही नहीं देता। उस के मुताबिक कार्यवाही करते रहे, पंचायतों को ज़मीन देते रहे। जब इन से कहा गया कि यह तो सारी बात ही ग़लत हुई है तो कहते हैं क्या बात है असैम्बली तो है हम अपनी majority के ज़ोर से कानून ही वैसा पास कर लेते हैं। इस तरह भला लोगों में कानून का क्या एहतराम रहेगा। यह तो सभी जानते है कि पंजाब में एक party की majority है। मगर क्या इस वजह से यह कुछ ही ग़लत मलत पास कराते रहें और अगले ही रोज़ कह दें कि चूंकि हम ने ऐसा किया है इस लिए इस को इस तरह कर दो और आयंदा के लिये अख्तियार भी दे दो कि हम ऐसा ही करते रहें। यह असूलन बड़ी खतरनाक बात है। एक तो यह बात है कि इन्होंने वह कार्यवाही की जिस का इन को अख्तियार ही नहीं था। इस तरह के यह कितने Bill लाते हैं, पास करते हैं और जो रूल वग़ैरह बनाते हैं वह यह देखत ही नहीं कि यह हद के अन्दर है भी या नहीं। अगर उन को बतला दिया जाये कि यह काम आप ने नहीं करना क्योंकि कानून ने आप को इजाज़त नहीं दी या Legislature ने आपको यह हक नहीं दिया, तो बजाये इसके कि आप इस पर अफसोस करें, उस पर शरमिन्दा हों, आप यह कहते हैं कि हम ने इस को कायदे के मुताबिक बनाया है। दर असल यह कानून के मुताबिक उस वक्त बनता है जब यह दूसरी बार आता है। मगर अगर इन से पूछा जाता है तो यह कहते हैं कि जो कुछ हम ने किया है वह बिल्कुल ठीक किया है और कायदे के मुताबिक किया है। स्पीकर साहिब, अब आप अन्दाज़ा लगा लें जिस मुल्क के अन्दर इस तरह से कानून चलाये जाते हैं और बड़ी देर तक किसी ग़लत तरीका पर अमल किया जाये, और जब यह पता चल जाये कि 12 साल से कोई Government एक काम को कानून के खिलाफ चलाती चली आ रही है तो मैं समझता हूँ कि Goverment को उस पर अफसोस होना चाहिये। मेरे ख्याल में तो ऐसी Government की, House में जवाब तलबी होनी चाहिये। आज जब Chief Minister साहिब को बतलाया गया कि उन की वजह से 5 लाख का नुक्सान हो गया, तो आप कहने लगे कि सब मुलाज़म इस के ज़िम्मेदार हैं। साफ तौर पर यह क्यों नहीं कहते कि इस ग़लती के ज़िम्मेदार फलां वज़ीर साहिब हैं।

एक माननीय सदस्य : M.L.A. को ही ज़िम्मेदार बनायें।

पंडित श्री राम शर्मा : उन की ज़िम्मेदारी 5 साल के बाद आती है (हँसी) मैं सरकार से यह कहना चाहता हूँ कि 12 साल पहले वह कहां थे उस वक्त वज़ीर मुताल्लिका ने अपनी काबलियत क्यों न दिखाई? किस कानून के तहत उन को इस तरह की हरकात करने का अख्तियार था। आज तक जो गलतियां इस तरह से हुई हैं इन की ज़िम्मेदारी किस पर आयद होती है? जो इस House ने कानून पास किया यह उस की अब तक खिलाफ

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

वर्जी करते रहे उन को इस तरह की हरकात करने का अख्तियार ही क्या था ? House ने जब कोई ऐसा Rule बना कर इसे अख्तियार ही नहीं दिया तो क्या मजाल थी कि यह इस तरह की हरकात करते। अगर 12 साल से किसी कानून को यह समझ नहीं पाये हैं तो बजाये इस के कि इन से कोई जवाब तलबी की जाती क्या इन को यह कहा जाये कि जो कुछ आप ने किया है बहुत अच्छा किया है ? आयंदा को भी आप ऐसी हरकात करते जायें। शाबाश आप ने जो कुछ किया है वह बहुत अच्छा किया है। आज जिस हकूमत के खिलाफ High Court में या Supreme Court में या किसी और Judicial Court में कोई फैसला हो जाये और हकूमत पर ऐसे strictures आयें तो सिवाये इस House की position awkward करने के और कोई बात नहीं है। और इस बात के हमारे पास सबूत हैं। आप आज कहते हैं कि हम ने यह Rule निकाल दिया है मगर आपने अपनी गलती को दुरुस्त किया है यह माना जा सकता है। मैं तो यह कहता हूँ कि जो कुछ आप ने किया है यह असूल के खिलाफ है और ऐसा करने का आप को कोई अख्तियार नहीं था। ज़ाती तौर पर मैं कह सकता हूँ कि जो कुछ पहले बिल में था वह consolidation scheme के मुताबिक ही था। मगर जब अपने मफाद के उलटा नज़र आया तो इस को उलटा करके लिख दिया, अब कहते हैं कि हम ने ऐसा फैसला कर दिया है इसे इस तरह से ही रहने दिया जाये। जब यह सारी चीज़ scheme के खिलाफ है आप को इस का कोई अख्तियार नहीं था कि आप एक असूल में कोई तबदीली करते। ऐसा करके आप ने Majority cases से unfair treat किया है। मैं किसी individual case को नहीं ले रहा, आप consolidation के महकमा के मुताल्लिक किसी भी गांव में जा कर दरियाफत कर लें तो वह कहेंगे कि इस महकमा ने तो police का महकमा मात कर दिया है। एक एक पटवारी A.C.O. और महकमे के अफसर जिन का खाना पीना ज़मींदारों के सर पर है इन्हीं ज़मींदारों को ही तंग करते हैं, इस के इलावा यह लोग यहां के दफतरों से साज़ बाज़ रखते हैं, ये वे लोग हैं जो वज़ीर साहिबान को tours में खाने खिलाते हैं और ऐलानिया कहते हैं कि हम तुम्हारा काम करवा देंगे आप हमारे साथ चंडीगढ़ चलें वज़ीर साहिब तो हमारे दोस्त हैं। एक मिनिस्टर के लिये लोगों के दिल में इस तरह से ख्यालात होना मैं समझता हूँ कि यह तो Democracy के लिये एक तरह की लानत है। जितने भी दुनिया भर के काम, जायज़ या नाजायज़ करवाये जाते हैं वह वज़ीर साहिब का नाम लेकर करवाये जाते हैं। यह जो रोज़मर्रा की दावतें और रोज़मर्रा के जो सफरों में खातरदारियां होती हैं कि यह काम करवाये जाते हैं। कभी किसी वज़ीर साहिब के नाम सिफारिशी चिट्ठियां दी जाती हैं और कभी personal messages आते हैं, telephone किये जाते हैं। यह मैं नहीं कहता आप जिस किसी गांव में भी consolidation हुई हो 10, 20, 30 आदमियों का आप बखुशी दरियाफत कर सकते हैं कि किस तरह की कार्रवाइयां यह करते हैं। किसी को नुक्सान पहुँचाना हो जो कुछ हासल करना हो तो रद्दी ज़मीन का टुकड़ा दे दिया जाता है अपने को अच्छी जगह दे दी जाती है। इस तरह का तमाशा बनाया हुआ है इस महकमा में कि बयान से बाहर है। यह सारी ज़िम्मेदारी इस Government की है।

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[पंडित श्री राम शर्मा]

दूसरी बात मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूँ कि इस में जो दफा 42 है अगर यह पास हो जाती है तो इस में और नुक्ता चीनी की गुंजायश ही नहीं है। लेकिन तजरुबा करने के बाद Government इस बात को देख सकती है कि खास तौर पर इस तरह का Validating Bill भी ला सकती है। यह पंजाब के अन्दर एक पहली मिसाल है इस देश में तो कम अज़ कम कोई ऐसी बात है नहीं अगर किसी foreign country में हो तो बात दीगर है। राये लेने के मामला में वज़ीर साहिब कहते हैं कि Financial Commissioner, Director से पहले पूछ कर राय देगा। वज़ीर साहिब तो consolidation के महकमा के incharge भी रहे हैं। वह बाकायदा अदालतें भी लगाते रहे हैं, मैं ने उन की अदालत में वकील पेश होते भी देखा है। मगर Government उस वक्त तक ही दखल देती है जहां तक इसे power हो। बेशक यह full power रखती है, मगर अगर Government खुद अदालत ही बन जाये एक तरफ फौजदारी फैसले करने शुरू कर दिये जायें और दूसरी तरफ दीवानी फैसले होने लगें या Chief Minister साहिब फौज का काम सम्भाल लें या दूसरे मिनिस्टर बाकी के महकमे सम्भाल लें क्या इस तरह से कोई Government चल सकती है? इन को आखिर इतना तो अहसास होना चाहिये कि दफा 42 जो इन्हों ने रखी है इस का नतीजा क्या होगा। इन का काम देखते देखते स्पीकर साहिब, इस महकमा के अफसरों की हालत यह हो गई है कि सुन कर हैरानी होती है। अभी हाल ही में एक Consolidation Officer को show cause notice दिया है कि क्यों न उसे सज़ा दी जाये क्योंकि वह High Court के फैसले के बावजूद Notice Issue करता रहा है और अपनी मन मानी करता रहा है। यह बात बाकायदा तौर पर आज के ट्रीब्यून के अन्दर छपी है। मैं किसी अफसर की बात नहीं करता लेकिन आज ऐसे हालात पैदा कर दिए गए हैं कि जो चलते-पुर्जे ज़मींदार हैं वह अपने नाम में, अपने हक में ज़मीनें लगवा लेते हैं। लेकिन आम आदमी रोता रहता है। इस लिये यह जो कानून बनाया जा रहा है उससे ग़रीबों का फायदा नहीं हो सकता। यह कानून इस लिहाज़ से Constitution की spirit के खिलाफ है। हमारा Constitution यह कहता है कि आप किसी की ज़मीन compensation के बिना नहीं ली जा सकती। High Court का और Supreme Court का फैसला मौजूद है कि यह जो validating कानून है इसमें यह चीज persist की जा रही है। अगर आज इसे पास कर दिया तो यह definite है कि कल फिर दूसरा बिल लाया जाएगा क्योंकि बग़ैर मुआविज़े के यह किसी की ज़मीन ले नहीं सकते। और यह भी नहीं हो सकता कि 10 हज़ार की ज़मीन के 5 हज़ार दे दें। यह मामला भी Supreme Court देखेगा कि सच्चाई किस में है, या क्या किया गया है।

मैं इस बात को फिर कहना चाहता हूँ कि पंचायतों को इस तरह से ज़मीनें नहीं दे सकते। और जो चीज़ यहाँ की जा रही है वह हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ है।

आज उठकर वज़ीर साहिब ने कह दिया कि इस ऐक्ट के तहत 10 साल से काम हो रहा है उस को validate करने के लिये यह कानून ज़रूरी है और दफा 42 को अमैंड करना

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

लाज़मी है। मैं यह कहना चाहता हूँ कि 10 साल की ग़ैर कानूनी कार्रवाइयों को कानूनी करार देना यह एक नादिरशाही है। और नादरशाही की भी हद होती होगी लेकिन इस गवर्नमैंट ने तो उस हद को भी पार कर लिया है और मनमानी करती जा रही है। इस का नतीजा यह है कि कोई भी अफसर या कोई भी वज़ीर जब चाहे जो order पास कर देता है। इससे लोगों के साथ injustice होती है और बीच में गोलमाल होता रहता है। इसमें स्पीकर साहिब ज़रा भी शक नहीं कि अगर यह कानून पास किया तो इस मुल्क के अन्दर अगर Constitution की spirit को देखने वाले मौजूद हैं तो यह पास होने के बाद भी यह validating कानून नहीं रह सकता, न रहना ही चाहिये, क्योंकि इसमें Constitution की खिलाफवर्ज़ी है। और High Court की disrespect है। जनाब इस तरह से कानून पास करना हिटलरशाही से कम नहीं है। और यह हरकतें इन्हें Dictatorship की तरफ ले जा रही हैं। इनके साथ अगर majority है तो इसका यह मतलब नहीं कि brute majority को ले कर जो चाहें पास कर दें यह जो democracy है इसके कुछ असूल होते हैं और उसको ठीक तरह से चलाने के लिये यह ज़रूरी है कि इन principles को सामने रख कर काम चलाया जाए। इन अलफाज़ का साथ मैं इसकी मुखालिफत करता हूँ।

श्री राम प्यारा (करनाल) : स्पीकर साहिब जहां तक consolidation का ताल्लुक है यह हमारे State के लिये एक अच्छी चीज़ है। इस का मकसद यह होना चाहिये कि इस से सूबे के ज़मींदारों का फायदा हो। यह जो Statement of objects and reasons है उस में बताया गया है कि कुछ लोग High Court में पहुँचे वहां यह फैसला हुआ के दफा 42 के तहत scheme तोड़ी नहीं जा सकती इस लिये यह Bill लाना पड़ा। मैं अर्ज़ करना चाहता हूँ कि High Court में कोई उस वक्त जाता है जब officers से उस को इन्साफ नहीं मिलता। High Court ने अपना verdict दे दिया है कि दफा 42 के तहत scheme तोड़ी नहीं जा सकती। अब Government यह Bill इस लिए लाई है कि जिन schemes को तोड़ा गया है उन को legalise कर लें। स्पीकर साहिब अगर साधारण तौर पर कानून में ग़लती होती और उसे legalise करने के लिये यह Bill लाया जाता तो हम को hitch न होती। इस के पीछे कोई और बात छिपी हुई है। पिछले सालों में जो स्कीमें तोड़ी गई हैं उन की तह में कोई न कोई बात है और जो सब से बड़ी बात है वह political pressure ही हो सकता है। अभी जैसा कि पंडित जी ने बताया है एक नायब तहसीलदार या तहसीलदार पर pressure डालना मुश्किल है लेकिन चण्डीगढ़ के Ministers पर pressure डालना आसान हो जाता है। स्पीकर साहिब, अगर Secretariat में जा कर देखें तो वहां ऐसे लोग इकट्ठे हुए होते हैं जैसे बैसाखी का मेला लगा हुआ होता है। हज़ारों की तादाद में वहां daily passes issue होते हैं। वह लोग इस लिये वहां पर आते हैं क्यों कि उन्हें नीचे से इन्साफ नहीं मिलता। इस के इलावा कई लोग नाजायज़ काम करवाने आते हैं। फिर political pressure चलता है। यह तरीका ठीक नहीं है। आज हम देख रहे हैं कि हर बात में political pressure डाला जाता है। यही वजह है कि officers को अपने

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[श्री राम प्यारा]

अख्तियारात तजावज़ करने की ज़रूरत हुई। स्पीकर साहिब, इनसाफ न करने वाले लोगों को अगर Government सज़ा देती फिर तो हम इन के इस action को justify करते लेकिन जिन्हों ने ना-इन्साफी की है उन को किसी ने नहीं पूछा। Chief Minister साहिब इस वक्त यहां पर मौजूद नहीं हैं। अगर वह यहां होते तो मैं उन की खिदमत में अर्ज़ करता कि जिन लोगों को उन्हों ने चिटें दी हुई हैं " that so and so can see me at any time even at midnight" उन का कितना misuse हो रहा है। ऐसी chits वाले जो लोग हैं वह पहले भी बेकायदगियां करवाते रहे हैं और आयंदा भी वह अपना influence डाल कर स्कीमें तुड़वाएंगे। इस तरह से political exploitation होगी और favouritism होगी। इस लिये मैं समझता हूँ कि यह जो amendment लाई गई है यह लोगों को इन्साफ देने के लिये नहीं लाई गई। अगर आप चाहते हैं कि उन ग़रीब किसानों को इन्साफ मिले तो जो officers इनसाफ नहीं देते उन के खिलाफ कुछ न कुछ action लिया जाए। जब दो चार officers के खिलाफ action लिया जाएगा तो दूसरे officers खबरदार हो जाएंगे और वह खुद बखुद इन्साफ करेंगे। लेकिन हम देख रहे हैं कि यहां पर ग़लत काम करने वालों को दरगुज़र किया जाता है। Minister साहिब ने जो खुद ग़लती की है उसे legalise करने के लिये अब House को कह रहे हैं। पहले भी ऐसी बातें होती रही हैं। उन के मुताल्लिक अगर पूछा जाए तो Chief Minister साहिब कह देते हैं कि वह debentures तो किसी और ने खरीदे थे। इसी तरह जब कोई और Government आएगी तो वह भी कह दिया करेंगे कि यह तो पहली Government ने किया था। आप को चाहिये कि आप सारी चीज़ को पहले से ही सोच कर किया करें ताकि वह मज़ाक का मौज़ू न बने। इस के इलावा स्पीकर साहिब, बड़ी बड़ी नौकरियों की आज इतनी बढ़ौतरी हो रही है कि हमारा खर्च बहुत बढ़ता जा रहा है। और जितनी भी powers हैं उन को decentralise करने की बजाए Government इकट्ठा कर के अपने हाथ में ले रही है। यह चीज़ democracy के असूल के खिलाफ है। यह dictatorship वाली policy है जो कि Congress के असूलों के खिलाफ बात है। एक तरफ तो जो गुनाह करने वाले officers हैं उन को कोई पूछता नहीं है दूसरी तरफ जो नीचे के powers हैं उन को छीन कर ऊपर इकट्ठा कर रहे हैं। यह जो scheme तोड़ने का अख्तियार लिया जा रहा है उस के नतायज बहुत बुरे हो सकते हैं। जो इन्होंने पहले स्कीमें तोड़ी हैं उन को legalise करने का रास्ता ही नहीं अख्तियार कर रहे बल्कि आयंदा के लिए भी वह ताकत अपने हाथ में ले रहे हैं। Government को चाहिए कि आयंदा के लिए यह power अपने हाथ में न ले। Government को चाहिए कि उन officers को खींच कर रखे जो गलत काम करते हैं ताकि Secretariat के सामने जो हजारों की गिनती में लोगों का मेला लगा रहता है वह न लगा रहे। नाइन्साफी करने वाले officers को protection देनी हमारे सूबे के interest के खिलाफ बात है। हमारी यह कोशिश होनी चाहिए कि कम से कम लोग शिकायतें ले कर आएं और अगर कोई आदमी शिकायत ले कर आए कि मेरे साथ फलां officer ने

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

बेइन्साफी की है तो फिर उस officer को सज़ा दी जाए। मैं ज्यादा वक्त न लेता हुआ सिर्फ इतना ही अर्ज़ करूंगा जो Government ज्यादा powers लेना चाहती हैं वह न ले, जो officers गलतियां करते हैं उन को सज़ा दे और जिन लोगों को Chief Minister साहिब ने चिटें दी हुई हैं उन के misuse को रोका जाए। इन अलफाज़ के साथ मैं आप का शुक्रिया अदा करता हूं।

श्री राम चन्द्र कामरेड (नूरपुर) : स्पीकर साहिब, चाहे Agriculture हो या कोई और industry हो, nationalisation और socialisation ही उस का वाहद हल है। लेकिन मौजूदा हालात में मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि consolidation कुछ हद तक हालात को बेहतर बनाने के लिए अच्छा साबित हुआ है। Consolidation के दौरान में यह मौका आया कि कोई common land बनाई जाए जिस को गांव के लोग खुशी से दें और सब लोग उस को सांझे मफाद के लिए इस्तेमाल कर सकें। यह मेरे ख्याल में बड़ा अच्छा कदम है जो Government ने उठाया है। Consolidation के दौरान में यह चीज़ होती रही है जो कि काबले तारीफ है। लेकिन मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि जिस तरीके से यहां जल्दी जल्दी कानून पास होते हैं, उन की फिर तरमीम होती है और उस के बाद तरमीम दर तरमीम होती है यह बायसे फख्रचीज़ नहीं है। मैं हाउस से गुज़ारिश करूंगा कि अगर आप Minister की गलतिया निकालना चाहें तो बेशक निकालें लेकिन जिस चीज़ में लोगों का सांझा मुफाद हो उस की मुखालफित नहीं करनी चाहिए। अगर इतना अर्सा कुछ officers ने socialist pattern के aim को सामने रख कर गलत फहमी में कुछ ज़मीनें joint मफाद के लिए reserve कर दी हैं जो मौजूदा कानून के मुताबिक नहीं तो मैं समझता हूं कि अब मौका ऐसा आया है कि हम उन को जरूर legalise करें। मैं यह नहीं चाहता कि हम कोई कायदा न बनाएं और उस चीज़ को ठीक न करें। हमारी Government ने socialistic pattern of society का उद्देश्य अपनाया हुआ है। इस लिए कानून उस के मुताबिक बनने ही चाहिए। बाज़ दफा ऐसा होता है कि यह ideal तो हमारे सामने रह जाता है कि हम collective use के लिए कोई काम करें लेकिन कानून बनने से रह जाता हैं। जब कानून बनने से रह जाए तो हमारी तरक्की रुकती है। यह कानून बेशक High Court के फैसले के बाद बन रहा है मगर बात सामने आ जाने पर कानूनी गलती का सुधार करने और बुन्यादी उद्देश्य की तरफ बढ़ने के लिये यह कानून बनाना ही चाहिये। आप वज़ीर की नुक्ताचीनी करें क्योंकि उन्होंने पहले कानून बनाते वक्त इस को मुकम्मल नहीं बनाया। मगर उस खामी को दूर करने की opportunity आए तो उस खामी को दूर कर लेना चाहिए।

लेकिन मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि इस गलती में यहां नीयत का सवाल भी है। जिस नीयत से यह कानून बनाया गया था वह यह थी कि लोगों के जो common interests हैं उन को तरक्की दी जाए। अगर वज़ीरों ने और गवर्नमैंट अफसरान ने यह common interest में किया है तो हमारा भी यह फर्ज हो जाता है कि जो

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[श्री राम चन्द्र कामरेड]
कानून वह सुधार की नीयत से लाते हैं उस में उनकी इमदाद करें। तो, स्पीकर साहिब, मैं इसलिए खड़ा हुआ हूं कि मैं यह मसझता हूं कि as a matter of principle जो कुछ वज़ीर साहिबान ने किया है और अफसरों ने भी जो किया है वह नेकनीयती से किया है और common interests को बढ़ाने के लिए किया है। मैं इस चीज़ को बुन्यादी तौर पर support करता हूं और इच्छुक हूं कि इस फेल को किसी तरीके से cover करना चाहिए और इस को cover करने का तरीका यही है जो इन्होंने इख्तियार किया है कि यह amending बिल लाए हैं।

मौलवी अब्दुल ग़नी डार: जनाब मैं argument की खातिर बता रहा हूं कि Passengers Tax हम वसूल करते हैं तो हम companies पर भरोसा करते हैं कि वह हर टिकट के साथ जो हमारी सरकारी tickets होती हैं—चाहे वह दो पैसे की हों, चार पैसे की हों, या दस पैसे की हों—वह लगाते हैं। आधी काटी जाती है और आधी उन्हीं के पास रह जाती है जिसे बाद में हमारे inspectors check कर लेते हैं। (*At this stage Pt. Shri Ram Sharma went out of the Chamber.*)

श्री अध्यक्ष: देखिए, पंडित श्री राम शर्मा को भी आप की तकरीर पसन्द नहीं आई, और वह बाहर जा रहे हैं (The hon. Member may please listen.

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

Pt. Shri Ram Sharma has also not liked his speech and, therefore, he is going out of the Chamber.)

मौलवी अब्दुल ग़नी डार : जनाब, मैं पंडित श्री राम शर्मा की बड़ी कदर करता हूं, उनके साथ हमें बड़ी मुहब्बत है। अगर्चि हम समझते हैं कि उन पर भी इम्तहान आ गया है लेकिन उस इम्तहान में हम भी उन की मदद करेंगे।

मैं जानता हूं कि डाक्टर साहिब मुझ से भी ज्यादा छोटे छोटे दुकानदारों के, छोटे तबके के व्यापारियों के बहीखाह हैं। मैं इस बात को मानता हूं और अर्ज़ करता हूं कि जिन जिन छोटे दुकानदारों के पास whole-sellers माल बेचते हैं और जो registered हैं उनसे वह टिक्ट लगा कर बेच दें। जैसे Passengers Tax के सिलसिले में ticket पर ticket लगती है उसी तरह से टिक्ट लगा दी जाए ताकि उस बेचारे को हिसाब किताब न रखना पड़े।

श्री अध्यक्ष : आप relevant रहने की कोशिश करें। (He may please try to be relevant.)

मौलवी अब्दुल ग़नी डार : मैं जनाब यह अर्ज़ कर रहा था कि बजाए इसके कि वह हिसाब-किताब रखें उनको इजाज़त दे दें कि Passengers Tax की तरह ticket लगा दें। जब हम इतने बड़े बड़े private operators पर भरोसा करते हैं तो क्यों न छोटे छोटे दुकानदारों पर भी यकीन करें और उन्हें इस तरह के हिसाब किताब रखने की मुसीबत से बचावें ? मैं पूछता हूं कि आखिर उन गरीबों ने क्या बिगाड़ा है ? बेइमानी तो करते हैं बड़े बड़े, धोका करने वाले तो हैं बड़े बड़े। बेचारा एक एक आने की चीज़ बेचने वाला क्या बेइमानी करेगा ? इस लिए, स्पीकर साहिब, आप के द्वारा डाक्टर साहिब से अर्ज़ करूंगा कि इस का ज़रूर कोई न कोई हल निकालें।

दूसरी बात मुझे किताबों के बारे में कहनी है। जैसा कि श्री राम प्यारा जी ने फरमाया, मैं भी डाक्टर साहिब से अर्ज़ करूंगा कि अगर एक व्यापारी की किताबें कुछ अर्सा के लिए रखी जाएं, फिर तो बात समझ में आ सकती है लेकिन अगर बहुत लम्बे अरसे के लिए उन को seize कर लिया जाए तो इसमें यकीनन corruption बढ़ेगी। इस लिए मेरी गुज़ारिश यह है कि डाक्टर साहिब इसके लिए कोई मियाद मुकर्रर करें कि सिर्फ इतना अरसा के लिए ही किताबों को सरकार अपने कब्ज़ा में रखेगी और उन व्यापारियों को अख्तियार होना चाहिए कि बवक्त ज़रूरत उन को निकाल सकें ताकि उनके काम में किसी तरह की रुकावट न हो। बहरहाल, मैं आप का शुक्रिया अदा करता हूं कि आप ने बड़ी मेहरबानी की जो मुझे बोलने का मौका दिया। आखिर में मैं आप को फिर मुबारकबाद देता हूं कि आप इस बात में कामयाब हुए हैं कि हमारे चीफ मिनिस्टर साहिब ने corruption को दूर करने का एलान किया। इसी तरह मैं डाक्टर साहिब से भी उम्मीद करूंगा कि वह भी trucks वालों को पकड़ने का यत्न करेंगे।

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

श्री अध्यक्ष : देखिए, इस बिल पर काफी देर से बहस हो रही है। आज तीसरा दिन जा रहा है। हमने वक्त को इस लिए extend नहीं किया कि तीसरी स्टेज पर भी आप इतना वक्त लगा लें। इस लिए अब मैं दो दो तीन तीन मिनट से ज्यादा वक्त आप को नहीं दूंगा। इसी में आप इस बिल की implementation की बाबत जो कुछ कहना चाहें कह लें। (Please listen. This Bill has been under discussion for a sufficient period—to day being the third day. We had extended the sitting not for this purpose that the hon. Members should take so much time even on its third reading stage. I will, therefore, not give more than two or three minutes to the hon. Members who want to speak. Please confine your remarks to the implementation of this Bill only.

श्री फूल सिंह कटारिया (झज्जर रिज़र्वड) : स्पीकर साहिब, मैं आप के द्वारा मिनिस्टर साहिब को बताना चाहता हूं कि जो amending बिल लाया गया है, पहले ही इस असूल पर अमल किया जाता तो हाई कोर्ट या सुप्रीम कोर्ट तक जाने की जरूरत न पड़ती। स्पीकर साहिब, hides, sheepskin, raw wool पर तीन स्टेजिज़ पर टैक्स लगता है। मैं डाक्टर साहिब से अर्ज़ करूंगा कि ऐसी बात करनी चाहिए जिस से गरीब आदमियों को भी फायदा पहुंचे। मैं आप को बताना चाहता हूं कि जो लोग hides, skins वगैरह का काम करते हैं वह अनपढ़ लोग होते हैं। उन्होंने exemptions के लिए काफी देर से दरखास्तें दे रखी हैं मगर साल साल हो गया है कि उन को certificates नहीं मिला। स्पीकर साहिब, आप को बताना चाहता हूं कि sheep skin पर तो फीसदी purchase टैक्स था तो अमृतसर में व्यापारियों ने चार फीसदी टैक्स वसूल किया। जितने काम करने वाले थे वह तो अनपढ़ थे। उन से टैक्स वसूल कर लिया। पिछली दफा जब मैं अमृतसर गया तो बड़ी मुश्किल से वह वापिस करवाया। माल तो बड़े बड़े व्यापारी लेते हैं। एक तो चमार और दूसरी कम्यूनिटी खटीक है जो कि असल में यह काम करती है। इस के अलावा कोई भी चमड़े की रंगाई का काम नहीं करता। लेकिन जो रियायतें हैं वह बड़े बड़े मालदार व्यापारियों को दी हुई हैं। उन को आप क्या फायदा पहुंचा रहे हैं। स्पीकर साहिब, मैं आप के द्वारा पहले भी कई दफा अर्ज़ कर चुका हूं कि कुर्म पर चार फीसदी टैक्स लगा रहे हैं लेकिन अभी तक इस बात पर गौर नहीं किया गया।

Minister for Finance : I would like to know from the hon. Member the articles on which he says that the purchase tax is being charged, because in the Schedule only seven commodities are given.

श्री फूल सिंह कटारिया : Raw wool पर 4 per cent टैक्स है।

वित्त मंत्री : कौन सा tax है?

श्री फूल सिंह कटारिया : Crome leather पर purchase tax लगा हुआ है।

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

वित्त मंत्री: स्पीकर साहिब, मैं अर्ज़ करता हूं कि मैम्बर साहिब को वह बात करनी चाहिए जो authentic हो । There is no purchase tax on leather at all.

श्री अध्यक्ष: आप तो अब बैठ जायें क्योंकि आप का मसला तो हल हो गया है (The hon. Member may now resume his seat because the point raised by him has been settled.)

श्री मंगल सैन (रोहतक) : स्पीकर साहिब, मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि यह amending बिल जो इस वक्त हाउस के सामने प्रस्तुत है इस के द्वारा हमारे मन्त्री महोदय बड़ी wide powers लेना चाहते हैं और मैं चाहता हूं कि यह इतनी wide powers इन्हें न दी जायें । इस में यह powers ले रहे हैं कि यदि एक व्यापारी return नहीं दे पाता तो उसे उस tax के 1½ गुना के बराबर की रकम जो उस से वसूल की जानी है वह यह penalty लग सकती है। स्पीकर साहिब, यह बात ठीक नहीं है। मैं ने इस बारे में कल भी मन्त्री महोदय से अर्ज़ की थी कि यह नहीं होना चाहिये लेकिन यह कल तो नहीं माने थे। इस लिये मैं आज फिर इन से यही अर्ज़ करता हूं और आशा करता हूं कि आज यह मान जायेंगे।

इस में यह दे रखा है कि यदि कोई व्यापारी tax की instalment नहीं दे पाया तो उस को यह कहते हैं कि जितने पैसे tax के उस की तरफ निकलते हैं उतनी penalty उस पर लगनी चाहिये। यह ठीक बात नहीं है क्यों कि यह आम तौर पर कहते रहते हैं कि यदि कोई व्यक्ति tax के पैसे न दे पाये तो उस से वह tax और penalty उसी तरीका से वसूल किये जायेंगे जिस तरह से गवर्नमैंट का revenue collect किया जाता है। स्पीकर साहिब, यह तो आप जानते ही हैं कि revenue गवर्नमेंट किस तरीका से वसूल करती है जिस ने revenue देना हो तो उस के न देने पर उस की जायदाद की कुर्की की जाती है और यदि वह इतना गरीब हो चुका है कि उस की कुर्की होने पर भी tax की रकम वसूल नहीं हो पाती तो उसे जेल में भेज दिया जाता है। स्पीकर साहिब, आज जब कि welfare State यहां कायम होने जा रही है तो एक व्यक्ति जो इतना गरीब हो गया है कि वह tax के पैसे नहीं दे सकता तो उसे कैद में डालना ठीक बात नहीं है।

इस के साथ ही इस में यह जो power ली जा रही है कि mercantile community के हिसाब-किताब की किताबें ज़ब्त कर ली जायेंगी यह भी ठीक बात नहीं है। और इस के लिये कोई time limit भी नहीं रखी कि हिसाब-किताब check करने के लिये कितनी देर तक वह किताबें गवर्नमेंट के अफसर रख सकेंगे। हालांकि एक नहीं अनेकों मैम्बरों ने इस बारे में ज़ोर दार शब्दों में कहा है कि इस पर कोई limit होनी चाहिये लेकिन फिर भी यह इस तरफ ध्यान नहीं दे रहे। इस का मतलब तो यही हो सकता है कि या तो यह ज़ोर दार बात भी इन को सुनाई नहीं देती या यह समझते हैं कि जो बात मैम्बरों की ओर से ज़ोर दार शब्दों में कही जाती

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[श्री मंगल सैन]
है उस की तरफ ध्यान देने की ज़रूरत ही नहीं है। मैं मंत्री महोदय से फिर कहता हूं कि किताबों के रखने के लिये time की कुछ limit होनी चाहिये।

इस के साथ ही मिनिस्टर साहिब ने Excise and Taxation कमिशनर को यह अधिकार दे दिया है कि वह अपने किसी assistant को judicial कार्यवाही करने का अधिकार दे सकेगा। यह बहुत ही wide power है। इस से यह अफ़सर किसी व्यक्ति को compel कर सकते हैं कि वह उन के सामने अपने हिसाब-किताब की किताबें पेश करें। यह power define भी नहीं की गई जिस के फल स्वरूप यह लोगों के लिये तकलीफ का कारण भी बन सकती है। मैं समझता हूं कि यह ज़रूर define होनी चाहिये क्योंकि आज तक पंजाब की administration ने इस बात का काफी सबूत दे दिया है कि इस में corruption बहुत ज़्यादा है। यह बात ठीक है कि मुख्य मन्त्री ने बड़े हौसले के साथ और बड़ी दलेरी के साथ इस प्रकार का एक commission बनाया है और एक कमेटी बनाई है जो इस corruption को देखेगी। यह कहा जाता है कि यह भी एक मदारी का खेल होगा और इस से निकलना निकालना कुछ भी नहीं। भगवान् करे कि यह मदारी का खेल बन कर न रह जाये और यह commission और कमेटी पूरी नेक नियती के साथ काम करें।

यह दुरुस्त बात नहीं है कि जितनी पाबन्दियां हों वे तमाम business man पर ही लगाई जायें और सरकार के जो अफसर हैं जो मन मानी करते हैं, उन के ऐसा करने पर कोई रोक थाम न हो। इस तरह का one way traffic ठीक नहीं है। Tax की जितनी चोरी होती है वह अफसरों की और दूसरे सरकारी मुलाज़मीन की मर्ज़ी के बगैर नहीं हो सकती। भला क्या business man जो बेचारा अनपढ़ होता है वह ऐसी कोई जुरर्त कर सकता है। यह तो Inspector ही उसे बताता है कि इतने पैसे तुम्हारा tax बनता है, इतने पैसे तुम मुझे दे दो और इस तरह कर दो तो तुम tax देने से बच जाओगे। इस के साथ साथ मैं आप की घंटी का ध्यान रखते हुए अपना स्थान लेता हूं।

वित्त मंत्री (डाक्टर गोपी चन्द भार्गव) : जनाब, स्पीकर साहिब, कुछ बातें यहां ऐसी कही गई हैं जिन का इस बिल के साथ ज़रा भी ताल्लुक नहीं था जैसा कि खास तौर पर मौलवी साहिब ने इतनी खींचा तानी भी की तब भी कई चीज़ों को इस बिल के साथ जोड़ नहीं सके या ज़रा सा ताल्लुक पैदा नहीं कर सके। लेकिन मुझे गिला क्या हो क्योंकि अंग्रेज़ी में कहा जाता है—

Every stick is good to beat all.

जब मारना ही हो तो यह नहीं देखा जाता कि stick जिस से मारा गया है वह कैसी है या कैसी नहीं है। ट्रकों का मामला और इसी तरह की कई बातें कही गई हैं। मैं ने trucks की taxation का कहीं भी ज़िक्र नहीं किया। फिर भी वह कह गये हैं। मैं ने कहा था कि purchase system से sales tax जो लिया

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

जाता है हम इस concession को बन्द करना चाहते हैं और बन्द हम ने किया है और इस की वजह यह बतलाई कि एक तो कुछ माल जो बाहर से आता है उस की हम जांच नहीं कर सकते और ऐसा करने का हमें अख्तियार भी नहीं है। यह कहा गया है कि Railway के ज़रिये जो माल आता है उस की जांच तो हम करते हैं तो ट्रकों के माल की क्यों नहीं करते। मैं ने तो ऐसी बात कहीं है कि हमारे पास कोई ऐसी चीज़ मौजूद नहीं है जिस से हम ट्रकों के माल की पड़ताल कर सकें। लेकिन अब भी वे इस बात की दलील को नहीं मानते हैं तो मैं इस का क्या इलाज कर सकता हूं।

दूसरी बात यह है कि 48 हज़ार व्योपारी registered हैं जिन में से कुल 1,400 आदमी ऐसे हैं जिन्होंने sales tax purchase system से देने के लिये opt किया हुआ है। इस के लिये अब जो यह एतराज़ करते हैं कि यह ज़्यादा हो जाते लेकिन department वालों ने उन्हें ऐसे होने नहीं दिया। अगर उस वक्त department ने नहीं होने दिया और यह opt नहीं कर पाए तो अब तो department यह कहता है कि हम यह purchase system पर नहीं लेते तो इन को अब भी यह बात मान लेनी चाहिये। मैं ने यह पहले भी अर्ज़ की है कि इस के अन्दर सरकार को नुक्सान था इस लिये हम ने इस system को बन्द किया है।

एक एतराज़ यह किया गया है कि purchase system की बाबत बहुत कुछ कहा गया है और यह बातें इस बिल की Statement of Objects and Reasons में तो दी ही नहीं गई हैं। स्पीकर साहिब, मुश्किल यह है कि यह खुद तो पढ़ते नहीं। अगर इन्होंने पढ़ने की कोशिश की होती तो इन्होंने इस में यह देखा होता—

> "It has also been decided to discontinue the levy of sales tax, on the basis of purchases made by dealers with effect from 1st April, 1960."

इस से ज़्यादा साफ बात और क्या हो सकती थी कि Statement of Objects and Reasons में यह बात आई है और इस में यह include की गई है। Statement of Objects and Reasons में सब चीज़ें आई हैं जब इस में यह लिखा है—

> "Following these judgements, and for removing some other minor defects, it is necessary to amend the Punjab General Sales Tax Act, 1948."

अब सवाल इतना रह जाता है कि—

Is it a minor defect or a major defect ?

मैं मानता हूं कि यह बात बड़ी major है। वे आदमी समझते हैं कि उन के रास्ते में harassment होगी जो किसी न किसी तरीका से tax की evasion करते थे और कवायद के मुताबिक नहीं चलते थे। उन को इस से ज़रूर harassment होगी जो हम ने tax को काबू में लाने के लिये tax की वसूली के तरीके को बदल दिया है। आखिर 48 हज़ार व्योपारी registered हैं और इन में से 1,400 ऐसे हैं जो tax purchase system से देते हैं, इन 14 सौ आदमियों में से कितने आदमी ऐसे होंगे जो यह समझेंगे कि हमारे लिये मुश्किल हो गई है क्योंकि व्योपारी आम तौर पर ईमानदारी से काम करते हैं।

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[वित्त मंत्री]

एक बात और मैं इस में कह दूं कि व्योपारी कहेंगे कि save us from our friends और इन्होंने fruit sellers और आढ़तियों के मुताल्लिक भी अपनी दिलचस्पी दिखाई। मगर दिलचस्पी इन्होंने जितनी दिखाई वह भी पता लग गया। Notice देने के लिये तो यह तीन hon. Members थे मगर जब Short Notice Question put करने का वक्त आया तो put करने के लिये एक भी Member साहिब तशरीफ नहीं लाये। Fruit dealer के representatives मुझे मिले थे और मेरी उन से बात चीत भी हुई बल्कि उन की बात से तो मेरी position साफ हो जाती है। मैं ने उन को यह कहा कि जो लोग माल खरीद सकते हैं Registered Dealers को बेचने के लिये बगैर Sales Tax के अदा किये यह un registered आदमी हैं। इस के लिये जरूरी है कि वह Sales Tax वसूल करके हम को दें लेकिन वह arbitrator के तौर पर काम नहीं कर सकते हैं। Arbitrator इस के अलग होते हैं। Registered dealers अलग होते हैं। मगर मगर एक Registered Dealer का काम एक आढ़ती नहीं कर सकता। जो Registered dealer जब Registration Certificate हासिल कर लेता है तो उसे कोई अख्तियार नहीं है कि वह बतौर आढ़ती के भी उस को खरीद सके। जब एक कहे कि यह कायदे के खिलाफ चीज़ है और यह कहे कि यह कायदे के मुताबिक है तो इस में कौनसी खराबी की बात थी अगर थी तो यह कि यह हिसाब किताब नहीं रख पाये हैं। इस के लिये भी मैं ने तो कह दिया था कि पिछले साल की बात तो हुई मगर अब Stay Orders कर दिए हैं और यह भी कह दिया कि हम इस के मुताल्लिक कोई फैसला करने लगे हैं मगर इन की तरफ से यह पता आया कि वह फैसले से पहले हमें मिलना चाहते हैं। अगर कोई किसी बात के लिये मुझे मिलना चाहे तो इस बात में भला मुझे एतराज़ क्या हो सकता है। मुझे भी तो इस बात का जवाब देना होगा कि आप के representatives ने यह बात कही है, इस के जवाब में यह कोई वजह नहीं है कि मैं भी यह बात कहूं कि God save me from my friends. आज यह बार बार एक ही बात को कहे जाते हैं तो ज़रूरी है कि मैं भी उस का जवाब दूं या मैं भी इस के साथ ही सख्त बन जाऊं। मैं सख्त तो बनना नहीं चाहता क्योंकि सख्ती कभी pay नहीं करती। मुझे यह भी पता है कि व्योपारी तब्का झूठ बोलने में बदनाम ज़्यादा है और मैं उन को नाराज़ करना नहीं चाहता। जितनी भी ज़्यादा से ज़्यादा facilities मैं उन को दे सकता हूं ज़रूर दूंगा। मगर इस तरह की यहां पर बातें करना मैं समझता हूं उन के लिये ठीक नहीं है। जैसा वह कहते हैं मुझे Amendment Act लाने की ज़रूरत नहीं है मैं इस के मुताल्लिक Notification कर सकता हूं। फिर जनाबे वाला चौधरी बलबीर सिंह जी अपनी बात को मनवाने के लिये बड़ा ज़ोर से बोलते हैं और डराते हैं मैं इन के बोलने से घबराता नहीं लेकिन जब हाथ फैला फैला कर बातें करते हैं फिर मैं डरता हूं। मैं उन को आज से नहीं जानता बल्कि आज से 25—30 साल पहले से जानता हूं, वह मेरे दोस्त हैं, साथी हैं, मैं उन की बातों

2. 00 p.m.

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

से भी डरता हूं और उन के हाथों से भी डरता हूं। (*Interruption*) एक बात उन्होंने और कही कि वह Revenue जमा कराते हैं। मगर जो tax collect करते हैं उन को पंचोतरा (हिस्सा) मिलता है। जब हिस्सा मिलता है इस का तो हिसाब देना ही चाहिये। नम्बरदार ढ़ाल इकट्ठी करते हैं, पटवारी भी करते है उस का उन को पंचोतरा मिलता है। इसी तरह से जो व्योपारी tax collect करते हैं उस का भी उन को पंचोतरा दिया जाता है। मैं इन से लड़ाई नहीं लेना चाहता। हम ने उन को अख्तियार दिया है कि वह उन सारे तरीकों का इस्तेमाल करें। अगर यह वसूल करके कहें कि हम tax नहीं देंगे यह कैसे हो सकता है अगर tax नहीं देना तो इन को चाहिये कि वह वसूल भी ना करें। जब सरकार के लिए tax वसूल हुआ है तो वह तो सरकार की अमानत है। चाहे किसी भी वजूहात से नहीं देते मगर जो वसूल हुआ वह तो सरकार को देने के लिये ही हुआ अगर वह नहीं देना चाहते तो वसूल ही न करें। यह एक कायदे और कानून की बात है कि आखिर वह तो सरकार की अमानत है, जब व्योपार में लेन देन है तो वह भी क्यों न दें, यह हमारा हक हो जाता है। आज सवाल यह आता है कि आप इतनी सख्ती क्यों करते हैं इस सख्ती के लिये मैं पहले जवाब दे चुका हूं और वाजह तौर पर दे चुका हूं। अगर हिसाब किताब ठीक है तो उस के मुताबिक ही tax लगना है उसे क्या डर हो सकता है Taxation Officers या उन के staff से। मुझे यह बात समझ नहीं आई कि इन को इस से क्या डर है और वह क्यों रिशवत देंगे जब कि सारी बात clear है और फिर यह भी कहा गया कि हाई कोर्ट में writs होंगी यह मैं नहीं समझ सका। अगर कोई आदमी किसी की गवाही देना चाहता है किसी दूसरे आदमी को बुलाकर तो उसे ऐसा करने का पूरा अख्तियार है। वह सारा अख्तियार हम को मिल जाता है हम उसे call भी कर सकते हैं, कैद भी कर सकते है। यह अख्तियार इस लिये लिया कि बहुत सारे cases police के पास पड़े रहते हैं। इन cases को dispose of करने के लिये Assistant Commissioner appoint किया गया है वह अब देर नहीं करेंगे। एक चीज़ और कही गई है कि किताबों के लिये कोई time नहीं रखा गया। और ठीक है, इसमें किताबों के लिए टाइम नहीं रखा। लेकिन यह हिदायत तो मौजूद है कि चीज़ को जल्दी करना है। और अगर इस तरह की कोई चीज़ मेरी knowledge में आएगी तो मैं inquiry करूंगा और शिकायत करने वालों को मौका दूंगा कि वह साबित करें। साबित होने पर action लूंगा और अगर वह साबित नहीं कर सकते तो उन्हें इस बात के लिये तैयार रहना चाहिए कि उन्होंने जो ग़लत बयानी की है उसकी सज़ा मिले। मैं तो चाहता हूं कि अगर मेरे डिपार्टमैंट में कोई corruption है तो वह मैं दूर कर सकूं। लेकिन यह तभी हो सकता है जब आप मेरी मदद करें। वैसे मैं समझता हूं कि corruption बढ़ेगी नहीं, अगर बढ़ेगी तो मेरी knowledge में आते ही, मैं बन्द कर दूंगा।

श्री राम प्यारा ने कहा कि trader पर तो सख्ती की जाती है लेकिन अफसर पर सख्ती नहीं की जाती। मेरी समझ में उनकी यह बात आती नहीं। जब एक अफसर

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[वित्त मंत्री]
कायदे के मुताबिक काम करता जाता है तो हम सख्ती कैसे कर सकते हैं। अगर वह कोई बेकायदगी करता है तो मुझे शिकायत लाओ, और अगर वह बात सच हुई तो मैं, ज़रूर सख्ती करूंगा और उसके खिलाफ suitable action लूंगा। और यह action हम इनके कहे बगैर लेते रहते हैं। हम हर तरीके से चाहते हैं कि फैसले जल्दी हों क्योंकि फैसला न होने की सूरत में large amount arrear में पड़ा रहता है जिससे सरकार को नुक्सान होता है। हमारी कोशिश के बावजूद भी अपील वाले cases में देर ज़रूर लग जाती है क्योंकि हिसाब की चांच करनी पड़ती है। लेकिन हम देर को जल्दी से जल्दी दूर करना चाहते हैं।

एक तजवीज़ टंडन साहिब ने पेश की है कि purchase tax की बजाए excise tax क्यों नहीं लगा देते? मैं उनकी खिदमत में अर्ज़ करना चाहता हूं कि excise tax, sales tax की जगह लगता है, purchase tax की जगह नहीं लगता। और जिन चीज़ों पर गवर्नमेंट आफ इंडिया excise duty लगा देती है, States उन पर से sales tax हटा देती हैं। अब भी हमारी Union के Finance Minister इस बात की कोशिश करते हैं कि जिन चीज़ों पर excise duty लगा सकते हैं उन पर लगा दें ताकि sales tax हट जाए। और हमारे लिये यह एक अच्छी बात हो जाती है, अगर excise duty लग जाती है। इससे हमारी सिरदर्दी हट जाती है। अब Union Finance Minister इस बात पर सोच रहे हैं लेकिन उससे sales tax हटेगा Purchase tax नहीं हटेगा। लेकिन टंडन साहिब ने तो पुरानी Unionist Government की बात कह दी कि उस वक्त 4 आना था और अब 4 रुपए सैंकड़ा टैक्स कर दिया (*Interruptions*) अब हम ने जो तीन चीज़ें रक्खी हैं वह इस लिये कि कुछ export होती है उस पर tax ले सकें। और अब तक तो यह महसूस होता है कि यह तीनों चीज़ें रहेंगी जब तक excise duty का फैसला नहीं होता।

अब एक बात रह जाती है कि evasion of payment of tax के जो लफ्ज़ रक्खे हैं, उनके dictionary मायनी क्या हैं? बतलाता हूं कि एक तो evasion वह है जो कि trader हिसाब नहीं देते यानी हिसाब न देना evasion है। एक वह है जो कि collect तो कर लेता है लेकिन उतना हिसाब नहीं देता जितना इकट्ठा करता है। अब मैं समझता हूं कि जितने एतराज़ात उठाए गये हैं, मैं ने उनका सबका जवाब कल भी और आज भी दे दिया है इस लिये स्पीकर साहिब, आपकी विसातत से हाउस से उम्मीद करूंगा कि यह इस बिल को पास करे।

Mr. Speaker: Question is—

That the Punjab General Sales Tax (Amendment) Bill, as amended, be passed.

"After ascertaining the votes of the House by voices. Mr. Speaker said, I think the Ayes have it." This opinion was challenged. Mr. Speaker after calling upon those Members who challenged the decision and supported the claim for a division to rise in their places declared that the division was unnecessarily claimed.

The motion was declared carried.

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

THE PUNJAB MOTOR SPIRIT (TAXATION OF SALES) (AMENDMENT) BILL, 1960

Minister for Finance (Dr. Gopi Chand Bhargava) : Sir, I beg to introduce the Punjab Motor Spirit (Taxation of Sales) (Amendment) Bill.

Minister for Finance : Sir, I beg to move—

> That the Punjab Motor Spirit (Taxation of Sales) (Amendment) *B*ill, be taken into consideration atonce.

जनाब स्पीकर साहिब, तमाम हिन्दुस्तान में metric system जारी हुआ है और यह 1st April 1960 से जारी है। लेकिन petrol में अभी तक हम यह चीज़ नहीं लाए थे। इस लिए मैं यह एक छोटा सा Bill लाया हूं। मैं House को बताना चाहता हूं कि एक gallon में 4.546 लिटर होते हैं जिस पर 30 नए पैसे tax है। 30 नए पैसे के हिसाब से एक लिटर पर 6.59 नए पैसे tax बनता है। लेकिन चूंकि fraction नहीं रह सकती इस लिए हम ने सात नए पैसा का tax तजवीज़ किया है और पंजाब Government ऐसा कर सकती है। मुझे उम्मीद है कि House इस को पास करेगा।

Mr. Speaker : Motion moved —

> That the Punjab Motor Spirit (Taxation of Sales) (Amendment) Bill, be taken into consideration atonce.

चौधरी धर्म सिंह राठी (सम्भालका) : स्पीकर साहिब, यह जो Bill लाया गया है यह बहुत defective है। इस की clause 2 के अन्दर कहा गया है it shall come into force from 1st April, 1960 मैं पूछना चाहता हूं कि यह Bill 1st April, 1960 से कैसे लागू हो सकता है जब कि petrol वालों ने लिटर नहीं रखे और उस के मुताबिक काम नहीं किया। मैं इस बात को मान लेता अगर यह Bill 1st April, 1960 को छपा हुआ होता। यह 21st April, 1960 को छपा था। यह बहुत भारी गलती है। Law Department वालों की तरफ से अगर इस में 'atonce' का लफ्ज़ होता तो फिर यह ठीक था। तो यह इस में बड़ा भारी defect है। जो Punjab Motor Spirit का कानून है उस के अन्दर penal clause है कि अगर कोई rules न माने तो उसे सज़ा हो सकती है। इस लिए मैं समझता हूं कि जो इतने दिन गुज़र चुके हैं इन दिनों में उन के पास लिटर वगैरह कुछ नहीं था और इस बात पर उन को सज़ा हो सकती है।

इस के इलावा मैं एक बात और कहना चाहता हूं। वह यह है कि कल यहां पर Stamp Act पास हुआ था। उस में वज़ीर साहिब ने 6 नए पैसे की बजाए 10 नए पैसे किया था और कहा था कि वैसे हिसाब ठीक नहीं हो सकता। अब यहां पर इन्होंने सात नए पैसे कर दिया है। अब हिसाब कैसे ठीक रहेगा। यहां पर इन

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[चौधरी धर्म सिंह राठी]
को पांच नए पैसे करना चाहिए था। यह भी इस में नुक्स है। इस के इलावा उन्होंने कहा है कि सात पैसे करने से थोड़ा सा बढ़ेगा और ज्यादा फर्क नहीं पड़ेगा। मैं समझता हूं वज़ीर साहिब गरीबों पर tax लगाने के लिए तुले हुए हैं। यह tax ज्यादा तर ठेले चलाने वालों पर लगेगा। ज्यादा न कहता हुआ मैं सिर्फ इतना कहता हूं कि इस में कुछ limit लगानी चाहिए कि जिन के पास कारें हैं उन को tax लगेगा और दूसरों पर नहीं लगेगा। इन अलफाज़ के साथ मैं बड़े ज़ोर से इस Bill की मुखालिफत करता हूं और वज़ीर साहिब से कहूंगा कि जो इस में defects मैं ने point out किए हैं वह दूर होने चाहिएं।

(*Some hon. Members rose to speak.*)

Mr. Speaker : I think, there is no need of any more discussion on this Bill.

वित्त मंत्री (डा० गोपी चन्द भार्गव) : स्पीकर साहिब, जब तक यह consider नहीं होगा तब तक defects दूर नहीं हो सकते और शायद उन के पास amendment पहुंच चुकी है और लफ्ज़ 'atonce' उस में लिखा हुआ है। इस लिए उन्होंने anticipate कर के कह दिया है कि atonce का लफ्ज़ इस में होना चाहिए। इस के लिए तो पहले ही amendment मौजूद है। चौधरी साहिब को एतराज़ तो नहीं था। लेकिन चूंकि मैं ने यह Bill पेश किया है इस लिए वह बोलने के लिए बोले हैं। दूसरी बात कही है कि 7 नए पैसे क्यों लगाया। उस की reason मैं ने पहले ही बता दी है कि चूंकि 6.59 नए पैसे बनते थे इस लिए हम ने 7 नए पैसे कर दिया है।

Mr. Speaker : Question is –

That the Punjab Motor Spirit (Taxation of Sales) (Amendment) Bill, be taken into consideration at once.

The motion was carried.

Mr. Speaker : Now the House will proceed to consider the Bill clause by clause.

SUB-CLAUSE (2) OF CLAUSE 1.

Shri Nihal Singh (Mohendargarh): Sir, I beg to move—

In sub-clause (2) for "on the 1st April, 1960" substitute "at once"

Mr. Speaker : Motion moved—

In sub-clause (2) for " on the 1st April, 1960" substitute "at once" .

Mr. Speaker : Question is

In Sub-clause (2) for 'on the 1st April, 1960' substitute "at once"

The motion was carried.

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

Mr. Speaker : Question is—

That sub-clause (2) of clause 1, as amended, stand part of the Bill.

The motion was carried.

CLAUSE 2, SUB-CLAUSE (1) OF CLAUSE 1, AND THE TITLE.

Mr. Speaker : Question is—

That Clause 2, Sub-Clause (1) of Clause 1, and the Title stand part of the Bill.

The motion was carried.

Minister for finance (Dr. Gopi Chand Bhargava) : Sir, I beg to move

That the Punjab Motor Spirit (Taxation of Sales) (Amendment) Bill, as amended, be passed.

Mr. Speaker : Motion moved—

That the Punjab Motor Spirit (Taxation of Sales) (Amendment) Bill, as amended, be passed.

Mr. Speaker : Question is—

That the Punjab Motor Spirit (Taxation of Sales) (Amendment) Bill, as amended, be passed.

The motion was carried.

THE PUNJAB GENERAL SALES TAX (AMENDMENT AND VALIDATION) BILL, 1960.

Minister for Finance (Dr. Gopi Chand Bhargava) : Sir, I beg to introduce the Punjab General Sales Tax (Amendment and Validation) Bill.

Minister for Finance : Sir, I beg to move—

That the Punjab General Sales Tax (Amendment and Validation) Bill, be taken into consideration at once.

जनाबेवाला, इस में मैं ने लिखा भी है कि हम ने cotton पर purchase tax लगाया हुआ था लेकिन High Court ने कह दिया कि purchase and sales tax cannot simultaneously be levied on unginned or ginned cotton तो उन आदमियों ने जिन्हों ने कि जिन से यह टैक्स का रुपया लेना था उनको मालूम था कि हम ने यह रुपया वसूल करना है और उन्होंने उस तरीके से growers से उसे वसूल कर लिया लेकिन जिस वक्त हमें देने का सवाल आया तो हाई कोर्ट के ruling का सहारा लेते हैं। इस लिए मैं समझता हूं कि जब उन्होंने वसूल कर लिया है और इस नजरिए से कि गवर्नमैंट को pay करना था तो वह गवर्नमैंट को मिलना चाहिए। इसी मकसद के लिए यह बिल लाया गया है।

Mr. Spearker : Motion moved—

That the Punjab General Sales Tax (Amendment and Validation) Bill, be taken into consideration at once.

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

डाक्टर बलदेव प्रकाश (अमृतसर शहर, पूर्व) : स्पीकर साहिब, यह जो बिल हाउस के सामने आया है इसे पेश करते हुए मन्त्री जी ने बताया है कि जो टैक्स dealers ने वसूल कर लिया है उसे सरकार उन से वसूल नहीं कर सकी है और अब उसे लेने के लिए सरकार ने यह बिल रखा है। स्पीकर साहिब ज़ाहरा देखने में यह बिल जितना मामूली और innocent दिखाई देता है उतना नहीं है और position दरअसल यह नहीं है जो बताई गई है। जिस वक्त cotton पर purchase tax लगा तो cotton के जो व्योपारी थे उन्होंने उसी वक्त सरकार को बताया कि यह नाजायज़ है, उन्होंने उसी वक्त से इस बारे में सरकार से बातचीत शुरू की और deputation की शक्ल में भी मिले कि यह नहीं होना चाहिए मगर जब बात न सुनी गई तो वह हाई कोर्ट में गए। इस लिए यह कहना कि उन्होंने purchase tax वसूल कर लिया यह गलत है और किसी से कोई purchase tax नहीं लिया क्योंकि वह तो शुरू से ही इसे नाजायज़ बताते आ रहे थे। फिर आप देखें कि एक फैक्ट्री के अन्दर अगर कोई व्योपारी रूई ले कर आता है तो purchase tax factory वाले ने देना है लेना नहीं है। लेकिन सरकार कहती है कि dealer ने purchase tax इक्ट्ठा कर लिया है इस लिए सरकार उस को लेगी मगर उन्होंने लिया ही नहीं है। उन्होंने जब देखा कि यह नाजायज़ टैक्स लगाया गया है तभी उन्होंने सरकार से बातचीत चला दी और उन्होंने purchase tax के नाम से कोई रकम वसूल करके अपने हिसाब में नहीं रखी हुई है। अब जब व्योपारी High Court के अन्दर case जीत जाते हैं कि यह टैक्स नाजायज़ है तो हमारी यह सरकार दूसरा तरीका टैक्स वसूल करने का निकाल लाई है। स्पीकर साहिब, हमारे पास, असैम्बली के पास और हमारी इस सरकार के पास ताक्त है कि जो चाहे पास कर ले लेकिन व्योपारियों के पास कोई ताक्त नहीं है और उनके पास High Court की ही ताक्त थी। वह वहां गए और High Court ने यह फैसला दिया कि purchase tax नहीं लग सकता है। इस फैसले के बाद भी अगर हमारी सरकार purchase tax वसूल करना चाहती है तो मैं समझता हूं कि यह legislative power का सब से बड़ा misuse है। अगर सरकार ने गलती की और ऐसा टैक्स लगा दिया जो नहीं लगना चाहिए था और व्योपारी High Court में जाकर जीत गए कि सरकार ने गलत चीज़ की है और उस गलती को दरुस्त कराया है तो अब फिर उसी चीज़ को व्योपारियों के नुक्सान के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। बजाए इस के कि सरसकार यह बात मानती कि हम से गलती हुई है और हम वसूल नहीं करेंगे यह Amending Bill ला कर उसे वसूल करना चाहती है और इस टैक्स को पिछले दो साल से यानी 1st October, 1958 से collect करने का provision किया गया है। इस में एक बात और है। High Court ने यह फैसला भी दिया कि unginned और ginned cotton एक ही चीज़ है और यह दो अलैहदा अलैहदा चीज़ें नहीं हैं। अगर कोई unginned cotton लेता है और फिर ginned करता है तो वह कोई नई चीज़ पैदा नहीं होती है एक ही रहती है। Purchase tax

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

जो हमारी सरकार लेती है वह उन चीज़ों पर लेती है जो चीज़ें कि raw materials हैं और आगे कोई नई चीज़ पैदा करने के लिए इस्तेमाल होती हैं। जब High Court ने यह फैसला दे दिया है कि जिस से नई चीज़ नहीं बनती है उस पर purchase tax नहीं लग सकता है तो यह clause 2(1) में amendment ला रहे हैं और वसूल करना चाहते हैं। पहले यह बात रखी थी कि " the acquisition of goods" लेकिन उस में अब यह किया जा रहा है कि " the acquisition of unginned cotton for ginning or the acquisition of other goods " यह जो unginned cotton है उसकी acquisition को भी शामिल कर रहे हैं और लफ्ज़ों की हेराफेरी से टैक्स लगा रहे हैं हालांकि ginning से कोई नई चीज़ तैयार नहीं होती है। स्पीकर साहिब, अगर मान लिया जाए कि सरकार ने टैक्स लेना है तो वह आगे से और काशन लागू कर दे लेकिन यह तो पिछले दो साल का भी वसूल कर रहे हैं जो कि नाजायज़ करार हो चुका है और व्योपारियों ने किसी से वसूल नहीं किया है। यह ठीक है कि सरकार के पास power है और वह High Court में हार कर भी amendment करके टैक्स ले सकती है लेकिन सरकार ने जो गलती की है जिसे व्योपारियों ने High Court में जा कर उसे नाजायज़ करार दिलवाया है उस के बाद अब सरकार का यह कर्त्तव्य नहीं रह जाता कि फिर दोनों चीज़ों पर टैक्स ले ले। यह गलत चीज़ होगी।

श्री अध्यक्ष: जो वह टैक्स के तौर पर वसूल कर चुके हैं वही उन्होंने सरकार को देना है। (They have to pay to the Government what they have already realised by way of tax.)

डाक्टर बलदेव प्रकाश: आप बताएं कि किस से वसूल किया है। यह गलत कह रहे हैं किसी ने किसी से वसूल नहीं किया है ......

वित्त मंत्री: मैं ठीक कहता हूं।

डाक्टर बलदेव प्रकाश: यह गलत है dealer ने किसी से वसूल नहीं किया है। आप देखें कि फर्ज़ करो मेरे पास रूई की 10 हज़ार गांठें हैं। सरकार मुझ से उनका purchase tax लेगी लेकिन मैं ने तो किसी से purchase tax नहीं लेना है। यह किसी से वसूल नहीं होता है और व्योपारी अपने पास से इसे देता है। इसी चीज़ को लेकर तो वह High Court में गए कि जब हम sales tax देते हैं तो हम पर purchase tax नहीं लगना चाहिए High Court ने भी इस बात को माना कि ठीक है कि purchase tax नहीं लग सकता है ।

वित्त मन्त्री: आपने Judgement नहीं पढ़ी है।

डाक्टर बलदेव प्रकाश। HighCourt ने भी इस बात को माना है और purchase tax हटा दिया है मगर यह सब 1958 से purchase tax वसूल करने लगे हैं। मैं ने Judgement पढ़ी है और आप ही उस Judgement को इस

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[डाक्टर बलदेव प्रकाश]
amendment के ज़रिए over ride कर रहे हैं। यह कलाज़ में साफ लिखा है कि :

"Notwith standing any judgement decree or order of any court......"

इस में साफ तौर पर लिखा हुआ है कि Judgement चाहे जो भी हुई है उसका इस के साथ कोई ताल्लुक नहीं है। इस का मतलब है कि Judgement हमारी सरकार के विरुद्ध हुई है और उसके मुताबिक यह नहीं ले सकते हैं।

Mr. Speaker : It is given in the statement of objects and reasons that :

"........Since these cotton dealers have actually taken into account the payment of........

डाक्टर बलदेव प्रकाश : जनाब मैं भी तो यही बताता हूं कि यह जो statement है इस में यह लिखा है कि :

"........Since these cotton dealers have actually taken into account the payment of this tax in their own transactions........"

यानी dealers ने अपनी transactions के अन्दर इस tax का account ले लिया है इस लिए यह अब उनसे वसूल करना चाहिए। यह बात गलत है। Dealers तो पहले से कह रहे हैं कि यह टैक्स नाजायज़ है और इसी चीज़ को लेकर तो वह High Court में गए।

Mr. Speaker : They must have kept accounts of those transactions.

डाक्टर बलदेव प्रकाश : स्पीकर साहिब, असलियत यह है कि कोई account नहीं रखा और न ही किसी से कुछ वसूल किया बल्कि शुरू से ही सरकार के पास deputations आते रहे कि यह नाजायज़ है। सरकार ने Taxation Advisory Committee बनाई हुई है उसका मैं मैम्बर हूं। उस में भी हम ने डाक्टर साहिब के सामने यह मामला रखा था कि purchase tax जो व्योपारियों पर लगाया हुआ है उसे वह कहते हैं कि हम ने नहीं देना है और यह झगड़ा चल रहा है।

Minister for Finance : On a point of Order, Sir. The hon. Member cannot disclose what is happening in the Advisory Committee. Will you also allow me to disclose what has happened there ?

डाक्टर बलदेव प्रकाश : असलियत यह है कि यह suspense का period था और इस वक्त में कोई बात गवर्नमैंट की तरफ से definite नहीं थी कि purchase tax लगेगा या हटेगा। इस लिए व्योपारियों ने अपने रजिस्टर में अलग show नहीं किया। इस लिए मैं यह कहना चाहता हूं कि हाई कोर्ट के decision के बाद सरकार को अपनी हार मान जानी चाहिए थी और एक गलती को छुपाने के लिए उसी तरह के और गलत इकदाम नहीं करने चाहिए। मैं समझता हूं कि हाई

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

कोर्ट के decision के बाद ऐसी बात करना flagrant misuse of Legislative power है और अगर इस तरह से व्योपारियों को कुचलने का प्रयत्न किया जाय और पिछले दो साल की वसूली की जाय तो यह एक गलत और undemocratic बात है।

ਸਰਦਾਰ ਕਰਤਾਰ ਸਿੰਘ ਦੀਵਾਨਾ (ਬਰਨਾਲਾ) : ਸ਼੍ਰੀਮਾਨ ਜੀ Purchase Tax ਜੋ ਵਸੂਲ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਉਹ producer ਤੋਂ ਵਸੂਲ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਕਿਉਂਕਿ ਜਦੋਂ ਵਿਉਪਾਰੀ ਕਪਾਹ ਖਰੀਦਣ ਜਾਂਦੇ ਹਨ ਤੇ ਉਹ ਆੜ੍ਹਤ, ਸੌਕਾ ਔਰ 2 ਰੁਪਏ ਸੈਂਕੜਾ ਗੌਰਮਿੰਟ ਨੂੰ ਦੇ ਕੇ ਸਾਰਾ ਹਿਸਾਬ ਲਾ ਕੇ ਕਪਾਹ ਖਰੀਦਦੇ ਹਨ। ਵਿਉਪਾਰੀਆਂ ਨੂੰ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਾਲ 1958-59 ਔਰ 1959-60 ਵਿਚ ਇਕ ਕਰੋੜ ਰੁਪਿਆ purchase tax ਵਸੂਲ ਕੀਤਾ। ਮੈਂ ਡਾਕਟਰ ਸਾਹਬ ਨੂੰ ਮੁਬਾਰਕਬਾਦ ਦਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਗੌਰਮਿੰਟ ਨੇ ਇਹ ਰੁਪਿਆ ਵਿਉਪਾਰੀਆਂ ਦੀਆਂ ਪੇਟੀਆਂ ਵਿਚੋਂ ਕਢਣ ਵਲ ਕਦਮ ਚੁਕਿਆ ਹੈ। ਇਸ ਦੇ ਨਾਲ ਗੌਰਮਿੰਟ ਇਹ ਮਿਹਰਬਾਨੀ ਵੀ ਕਰੇ ਕਿ ਕਪਾਹ ਤੋਂ ਜਿੰਨੀ ਵਸੂਲੀ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ ਉਹ ਜਾਂ ਤਾਂ ਵਾਪਸ ਕਰੇ ਜਾਂ ਕਪਾਹ ਦੀਆਂ ਮੰਡੀਆਂ ਦੀ welfare ਤੇ ਖਰਚ ਕਰੇ। ਡਾਕਟਰ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਵਿਉਪਾਰੀ ਆਮ ਤੌਰ ਤੇ ਇਮਾਨਦਾਰੀ ਨਾਲ ਕੰਮ ਨਹੀਂ ਕਰਦੇ ਤੁਸੀਂ proceedings ਦੇਖ ਸਕਦੇ ਹੋ। Schedule 'C' ਵਿਚ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ 17 items purchase tax ਤੋਂ ਮਾਫ਼ ਕੀਤੀਆਂ ਹਨ। ਪਹਿਲੀ cotton ਦੂਜੀ oilseeds, ਤੀਜੀ iron. Iron ਨਾਲ ਤਾਂ ਮੇਰਾ ਕੋਈ ਕੰਮ ਨਹੀਂ। ਮੇਰਾ ਤੁਅੱਲਕ cotton ਔਰ oilseeds ਨਾਲ ਹੈ ਔਰ ਇਸ ਦਾ ਬੋਝ producers ਤੇ ਪਿਆ ਹੈ। ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਰੁਪਿਆ ਇਨ੍ਹਾਂ ਕੋਲੋਂ ਵਸੂਲ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਮੇਰੇ ਕੋਲ ਮੇਰੇ ਦੋਸਤ ਬੈਠੇ ਹਨ। ਉਹ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਹਾਈ ਕੋਰਟ ਵਿਚ ਮੈਂ ਫੇਰ move ਕਰਾਵਾਂਗਾ ਔਰ ਕਿਸੇ ਹਾਲਤ ਵਿਚ ਵਸੂਲੀ ਨਹੀਂ ਹੋਣ ਦਿਆਂਗਾ। ਮੈਂ ਬੇਨਤੀ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜੋ ਰੁਪਿਆ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਘਰਾਂ ਵਿਚ ਪਿਆ ਹੈ ਉਹ ਵਸੂਲ ਕਰ ਸਕਣ।

चौधरी बालू राम बन्थ (आनन्दपुर) : स्पीकर साहिब, डाक्टर साहिब ने यह जो बिल रखा है मेरी समझ में इस से ज्यादा नाजायज़ बिल हो ही नहीं सकता। जब पहिले Sales Tax Amendment बिल पेश हुआ था तो दीवाना साहिब को साथ लेकर हम ने डाक्टर साहिब से बात की थी और फिर डाक्टर साहिब ने इस को consider किया, महकमा वालों ने भी consider किया और कपास पर से purchase tax उस शक्ल में तो हट गया, और दो दफा tax लगने की गुंजायश नहीं रही। यह relief तो ज़मीदारों और व्यापारियों को मिल गया लेकिन यह किसी को मालूम नहीं था कि एक और ऐसा बिल आने वाला है जो व्योपारियों के खिलाफ नाजायज तौर पर इस्तेमाल किया जायगा। स्पीकर साहिब, मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि ऐसा

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[चौधरी बालु राम बन्ध]

offending Bill लाना Constitution के अनुकूल बात नहीं है। इस लिए बिल के statement of objects and reasons में लिखा है.

> "The Punjab High Court have decided in Civil Writ No. 359 of 1959 that the purchase and sales tax cannot simultaneously be levied on unginned or ginned cotton because both remain the same commodity. Since these cotton dealers have actually taken into account the payment of this tax in their own transactions, it is undesirable to let them retain that advantage. The State Exchequer should realise that tax, as it would cause no hardship to the dealers concerned since they knew of their liability and have actually been allowed for it."

इन का object यह है कि व्यापारियों ने यह टैक्स ले लिया और गवर्नमैंट को नहीं दिया। मैं यह समझता हूं कि यह गलती गवर्नमैंट की थी व्यापारियों ने किसी से टैक्स वसूल नहीं किया। यह टैक्स नहीं लगा सकते। व्यापारी जानते थे कि ginned भी cotton रहती है unginned भी cotton ही होती है, ginning होने से manufacturing नहीं होती। इस चीज़ को हरेक समझदार व्यापारी जानता था और समझता था इस लिए व्यापारियों ने writ गवर्नमैंट के खिलाफ कर दी। उस पर हाई कोर्ट ने writ मन्ज़ूर करते हुए 34 page का decision लिखा जो कि माने हुए उच्चकोटि के न्यायाधीश चीफ जस्टिस और जस्टिस श्री टेकचन्ड के bench ने फैसला किया था। जिस में बहुत सी मिसालें देकर यह सिद्ध किया कि ginning manufacture नहीं है और गवर्नमैंट इस पर purchase टैक्स नहीं लगा सकती। मैं आज भी चैलेंज करता हूं कि यह बिल पास करना गलती है और अगर यह एक्ट बन गया तो यह कायम नहीं रह सकता। मैं ने अफसरान को समझाने की कोशिश की है और डाक्टर साहिब के साथ भी इस बारे में बात की थी लेकिन मुझे अफसोस है कि बातों को समझने की कोशिश नहीं की जाती।

मैं समझता हूं कि व्यापारियों को बेईमान कहते चले जाना और उन के खिलाफ तो बोलते जाना अच्छा नहीं है। यह तो वैसी बात है कि एक आदमी चार पैसे का सौदा लेने गया और दुकानदार ने उसे वह सौदा भी दे दिया और भूल से पैसे भी बीच में डाल दिए। वह शख्स घर आकर कहने लगा कि दुकानदार ने इस में भी कुछ कमाया होगा।

यह ऐसी tendency हो गई है जो मैं समझता हूं कि बड़ी खतरनाक है। हां अगर कोई व्योपारी tax evasion करते हैं तो ज़रूर उन से टैक्स वसूल करना चाहिये। जो व्योपारी बईमानी करते हैं उन का हिसाब किताब ज़रूर check करना चाहिये लेकिन जो कानून के अन्दर रह कर काम करते हैं उन को एक जैसा गिनना ठीक नहीं। यदि किसी ने आपके गलत बनाए हुए कानून का फायदा उठाया है तो उसको अब आप penalise नहीं कर सकते। हाई कोर्ट का फैसला है कि आप उन से टैक्स नहीं ले सकते। महकमे वालों को यह मालूम नहीं था कि ginned और unginned cotton क्या होती है। वह लोग खुद नहीं समझते थे। उन्होंने सिर्फ यह हिसाब लगाया कि इतना sales tax बन जाएगा। लेकिन उन की गलती में व्योपारी फायदा

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

क्यों न उठाए। लेकिन यह गलत है कि व्योपारियों ने किसी से टैक्स वसूल किया है। यह एक ऐसा बिल है जो Act नहीं बन सकता और न इस में कामयाबी हो सकती है। डाक्टर साहिब से अर्ज़ करूंगा कि आगे वास्ते तो जो बिल बना है उस पर इनसाफ के साथ अमल करें तो टैक्स वसूल कर सकेंगे मगर इस validation Bill को पास करके टैक्स वसूल करना बिल्कुल नाजायज़ है यह तो किसी के व्योपार में से हिस्सा लेने वाली बात है। अगर कोई व्योपार करता है और उस में मुनाफा कमाता है तो उसे income tax देना ही पड़ता है। लेकिन अब sales tax या purchase tax पिछला व्योपारियों से वसूल करना चाहें तो मैं समझता हूं कि नहीं करना चाहिए और न कर सकते हैं। इस लिये मैं डाक्टर साहिब से बेनती करूंगा कि इस बिल को वापस लें।

चौधरी धर्म सिंह राठी (संभालका) : स्पीकर साहिब, कई दिनों से यह बिल हमारे पास आया हुआ है। इस किस्म के बिल हाउस के सामने लाये जा रहे हैं जिन पर हाई कोर्ट ने गवर्नमैंट के बनाए हुए rules *ultra vires* करार दिये हैं। उन्हें validate करने के लिये इस किस्म के बिल हाउस में पेश किये जा रहे हैं। जब किसी बिल पर बहस मुबाहसा होता है तो यहां बार बार कहा जाता है कि यह बिल illegal, *ultra vires* और Constitution के खिलाफ है लेकिन हमारी आवाज़ से गवर्नमैंट के कानों पर जूं तक नहीं रींगती और फिर भी गवर्नमैंट आये दिन हाउस के सामने defective Bills पेश कर देती है। क्या करें गवर्नमैंट Legal Remembrancer को कहती है कि शाम तक bill draft हो जाये और draft होने के बाद सुबह हाउस में introduce कर दिया जाता है। फिर गवर्नमैंट की मन्शा होती है कि उस पर अच्छी तरह से ग़ौर किये बगैर जल्दी से पास कर दिया जाए। जब ऐसे कानून को High Court या Supreme Court में challenge किया जाता है तो उन के फैसलों से गवर्नमैंट के होश ठिकाने आते हैं जब उन के मूंह पर चपत लगती है। अब भी इस बिल के मुताल्लिक कह रहे हैं कि यह बिल illegal है लेकिन हमारी गवर्नमैंट नहीं मान रही। लेकिन जब यह बिल Supreme Court में challenge होगा तो फिर गवर्नमैंट को पता लगेगा और यह फिर कहेंगे कि इसे किसी और तरीके से पास करो। High Court या Supreme Court के फैसलों को गवर्नमैंट को sportsman spirit में लेना चाहिये लेकिन हमारी गवर्नमैंट फिर vindictive attitude अख्तियार करती है और कहती है कि हमारे कानून को High Court में challenge किया गया है इस लिये हम इस के फैसले को रद करवा के छोड़ेंगे। इस कानून को अब validate करके सरकार दोबारा sales tax दुकानदारों से वसूल करना चाहती है। चौधरी बारू राम ने बतलाया है कि इस टैक्स को collect करने का सवाल पैदा नहीं होता। लेकिन डाक्टर साहिब ने इस बिल में provision कर दिया है कि 31-3-1960 तक वसूल कर लेंगे। यह बिल्कुल ग़लत बात है और illegal है। इखलाकी तौर पर भी यह गैर मुनासिब बात है। एक तरफ तो यह कहते हैं कि जम्हूरियत का तकाजा है कि Judiciary की परवाह की

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[चौधरी धर्म सिंह राठी]
जाए, दूसरी तरफ Judiciary की यह इज़्ज़त की जाती है। यह गवर्नमैंट किसी कोर्ट की कोई परवाह नहीं करती यह बिल में लिखते हैं --

Notwithstanding any Judgement decree or order of any court.

स्पीकर साहिब, इन्हें किसी court की परवाह नहीं। यह गवर्नमैंट ऐसी रिवायात कायम करने चली है। फिर कहते हैं कि Democracy में Judiciary की कदर होनी चाहिये। इन अलफ़ाज के साथ मैं इस बिल की पूरे जोर मुखालिफत करता हूं। मैं हाउस से दरखास्त करूंगा कि इस बिल को validate न किया जाये।

ਚੌਧਰੀ ਬਲਬੀਰ ਸਿੰਘ (ਹੁਸ਼ਿਆਰਪੁਰ ਜਨਰਲ) : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਇਸ validating Bill ਦੀ ਹਿਮਾਇਤ ਦੀਵਾਨਾ ਸਾਹਬ ਨੇ ਕੀਤੀ ਹੈ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ Beopari phohia ਹੋਇਆ ਹੋਇਆ ਹੈ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਡਾਕਟਰ ਸਾਹਬ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਬਿਉਪਾਰੀਆਂ ਨੂੰ ਘਟ ਨਜ਼ਰ ਆਉਂਦਾ ਹੈ ਤੇ ਉਹ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਬੇਆਰਾਮ ਕਰ ਦੇਂਦੇ ਹਨ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਜੁਰਅਤ ਕੀਤੀ ਹੈ ਤੇ ਡਾਕਟਰ ਸਾਹਬ ਦੇ ਲਫਜ਼ਾਂ ਨੂੰ ਦੁਹਰਾਇਆ ਹੈ। ਡਾਕਟਰ ਸਾਹਬ ਨੇ contradiction ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ ਮੈਂ ਇਸ ਲਈ protest ਕਰਦਾ ਹਾਂ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਇਹ ਚੀਜ਼ ਕਹੀ ਕਿ ਬਿਉਪਾਰੀ ਆਮ ਤੌਰ ਤੇ ਬੇਈਮਾਨ ਹੁੰਦੇ ਹਨ। ਇਹ ਬੜਾ ਭੈੜਾ ਇਲਜ਼ਾਮ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਤੇ ਲਾਇਆ ਗਿਆ ਹੈ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਰੁਪਏ ਔਰ ਪੈਸੇ ਨਾਲ ਅਜ਼ਾਦੀ ਦੀ ਜੰਗ ਵਿਚ ਮਦਦ ਕੀਤੀ ਸੀ।

श्री अध्यक्ष : जब डाकटर साहब बोलेंगे तो वह contradict कर देंगे। (When Doctor Sahib rises to speak, he will contradict it.)

ਚੌਧਰੀ ਬਲਬੀਰ ਸਿੰਘ : ਇਸ ਤਰੀਕੇ ਨਾਲ ਕਲਾਸ ਦੀ ਕਲਾਸ ਨੂੰ ਬਦਨਾਮ ਕਰਨ ਵਾਲੀ ਗੱਲ ਬਹੁਤ ਬੁਰੀ ਹੈ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਨੇ ਦੇਸ਼ ਦੀ ਆਜ਼ਾਦੀ ਦੀ ਲੜਾਈ ਵਿਚ ਬਹੁਤ ਹਿੱਸਾ ਲਿਆ ਹੈ। ਦੂਸਰੇ ਪਾਸੇ ਦੀਵਾਨਾ ਸਾਹਿਬ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਸਾਥੀ ਜਿਹੜੇ ਵੱਡੇ ਵੱਡੇ landlords ਸਨ Unionist Government ਦੇ ਦੋਸਤ ਸਨ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਜਿਹੜੇ ਦੇਸ਼ ਦੀ ਗੁਲਾਮੀ ਨੂੰ ਕਾਇਮ ਰਖਿਆ।

3 p. m.

Mr. Speaker : The hon. Member should not cast such aspersions on the floor of the House.

ਚੌਧਰੀ ਬਲਬੀਰ ਸਿੰਘ : ਤੁਸੀਂ ਅਤੇ ਅਸੀਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕਹਿੰਦੇ ਸਾਂ ਕਿ ਇਹ ਅੰਗ੍ਰੇਜ਼ਾਂ ਦੇ ਗੁਲਾਮ ਹਨ, British Government ਦੇ ਪਿੱਠੂ ਹਨ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਦਿਮਾਗ ਵਿਚ ਹਮੇਸ਼ਾ ਸ਼ਹਿਰੀ ਅਤੇ ਦੇਹਾਤੀ ਦਾ ਸਵਾਲ ਰਹਿੰਦਾ ਹੈ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਇਸ ਤੋਂ ਜ਼ਿਆਦਾ ਹੋਰ ਕੋਈ ਚੀਜ਼ ਨਹੀਂ ਆਉਂਦੀ ਕਿ ਉਹ ਦੇਹਾਤੀ ਅਤੇ ਸ਼ਹਿਰੀ ਦੀ ਤਮੀਜ਼ ਪੈਦਾ ਕਰਨ, ਜ਼ਮੀਂਦਾਰਾਂ ਅਤੇ ਗ਼ੈਰ ਜ਼ਮੀਂਦਾਰਾਂ ਦੀ ਤਮੀਜ਼ ਪੈਦਾ ਕਰਨ, ਕਿਸਾਨਾਂ ਅਤੇ ਦੁਕਾਨਦਾਰਾਂ ਦਾ ਸਵਾਲ ਪੈਦਾ ਕਰਨ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਜਨਮ ਘੁੱਟੀ ਦੇ ਵੇਲੇ ਹੀ ਇਹ ਸਬਕ ਮਿਲਿਆ ਹੈ ਉਹ ਇਸ ਨੂੰ ਭੁਲ ਨਹੀਂ ਸਕਦੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ traders ਨੂੰ ਬਦਨਾਮ ਕਰਨਾ ਹੀ ਹੈ। ਇਹ ਜਿਹੜਾ ਨਵਾਂ ਬਿਲ ਪੇਸ਼ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਇਹ ਗ਼ਲਤ ਪੇਸ਼ ਕੀਤਾ ਗਿਆ

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

ਹੈ । ਅਸਾਂ point out ਕੀਤਾ ਸੀ ਕਿ ਗ਼ਲਤ ਕੰਮ ਕਰ ਰਹੇ ਹੋ । ਡਾਕਟਰ ਸਾਹਿਬ ਭੋਲੇ ਤਰੀਕੇ ਨਾਲ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਉਹ ਰੁਪਿਆ ਤਾਂ ਵਸੂਲ ਕਰ ਚੁਕੇ ਹਾਂ

वित्त मंत्री : मैं इतना shrewd नहीं हूं जितने कि आप हैं ।

ਚੌਧਰੀ ਬਲਬੀਰ ਸਿੰਘ : ਜੇਕਰ ਕੋਈ ਸਖਤ ਗੱਲ ਕਹੀ ਜਾਵੇਗੀ ਤਾਂ ਮੈਂ ਜਵਾਬ ਦੇਵਾਂਗਾ ।

ਜਿਸ ਵੇਲੇ ਇਹ ਕਨੂੰਨ ਬਣ ਰਿਹਾ ਸੀ ਤਾਂ ਅਸਾਂ ਕਿਹਾ ਸੀ ਕਿ ਇਹ ਗ਼ਲਤ ਚੀਜ਼ ਹੈ । ਇਸ ਦੇ ਨਾਲ double taxation ਹੋ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਇਹ ਨਹੀਂ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ । ਡਾਕਟਰ ਸਾਹਿਬ ਜਿਸ ਵੇਲੇ ਵੀ ਬੋਲਦੇ ਹਨ ਤਾਂ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਵਪਾਰੀਆਂ ਦੀ ਸਲਾਹ ਨਾਲ ਚਾਰ ਆਨੇ ਤੋਂ 3-2-0 ਰੁਪਏ ਕਰ ਦਿਤਾ ਸੀ ।

Minister for Finance : On a point of order, Sir. The hon. Member is not relevant. He should be asked to be relevant.

Mr. Speaker : I will not allow the hon. Member to be irrelevant.

ਚੌਧਰੀ ਬਲਬੀਰ ਸਿੰਘ : ਜਨਾਬ, ਮੈਂ ਬਿਲਕੁਲ relevant ਹਾਂ । ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਵਪਾਰੀਆਂ ਨਾਲ ਵਾਇਦਾ ਕੀਤਾ ਸੀ, ਜਿਸ ਵੇਲੇ ਟੈਕਸ ਚਾਰ ਆਨੇ ਤੋਂ 3-2-0 ਕੀਤਾ ਸੀ ਕਿ double tax ਖਤਮ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ । ਇਕ ਚੀਜ਼ ਤੇ ਜਿਸ ਵਕਤ ਟੈਕਸ ਲੈਂਦੇ ਹਨ .....

Mr. Speaker: How is it relevant please ?

ਚੌਧਰੀ ਬਲਬੀਰ ਸਿੰਘ : ਜਨਾਬ, ਮੈਂ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਿਹੜੀਆਂ ਚੀਜ਼ਾਂ validate ਕਰ ਰਹੇ ਹਨ ਉਹ ਵੀ ਗਲਤ ਹਨ । ਜਿਹੜਾ ਫੈਸਲਾ ਵਪਾਰੀਆਂ ਨਾਲ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਸੀ ਉਸ ਦੇ ਵਿਰੁਧ ਚੀਜ਼ ਹੈ । ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਕਿਹਾ ਸੀ ਕਿ double ਟੈਕਸ ਨਹੀਂ ਲਵਾਂਗੇ । Ginned ਅਤੇ unginned cotton ਉਪਰ ਦੋ ਬਾਰ ਟੈਕਸ ਲਗਦਾ ਹੈ । ਬਾਲੂ ਰਾਮ ਹੋਰਾਂ ਨੂੰ ਇਹ ਚੀਜ਼ affect ਕਰਦੀ ਹੈ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਚੰਗੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਾਲ explain ਕੀਤਾ ਹੈ । High Court ਨੇ ਵੀ ਆਪਣਾ ਫੈਸਲਾ ਦਿੱਤਾ ਹੈ ਕਿ purchase tax ਵੀ ਲਿਆ ਜਾਵੇ ਅਤੇ sales tax ਵੀ ਲਿਆ ਜਾਵੇ ਇਹ ਗ਼ਲਤ ਤਰੀਕਾ ਹੈ । ਪਰ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਨਹੀਂ ਪਰਵਾਹ ਕੀਤੀ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਚੀਜ਼ਾਂ ਨੂੰ validate ਕਰਨਾ ਹੀ ਗ਼ਲਤ ਹੈ । ਵਪਾਰੀ ਜੇਕਰ 4 ਆਨੇ ਤੋਂ 3-2-0 ਮੰਨੇ ਸਨ ਤਾਂ ਸ਼ਰਤ ਇਹ ਸੀ ਕਿ double taxation ਨਹੀਂ ਹੋਵੇਗੀ । ਇਹ double taxation ਹੈ । ਇਹ ਸੂਬੇ ਦੀ ਤਜਾਰਤ ਅਤੇ industry ਉਪਰ ਅਸਰ ਪਾਉਂਦੀ ਹੈ । ਇਹ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਉਹ ਲੈ ਚੁਕੇ ਹਾਂ । Manufacture tax ਲਗਣਾ ਸੀ, purchase tax ਲਗਣਾ ਸੀ ; ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਕਿਸੇ ਵਪਾਰੀ ਕੋਲੋਂ ਲਿਆ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਚੀਜ਼ ਸੀ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਵੇਚਣੀ ਸੀ, ਜਿਸ ਦੀ ਸ਼ਕਲ ਬਦਲ ਕੇ, gin ਕਰਕੇ ਵੇਚ ਦੇਣੀ ਸੀ । ਖਤਮ ਹੋ ਗਈ ਗੱਲ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਰਕਮ ਕਿਸ ਕੋਲੋਂ ਵਸੂਲੀ ? ਜਿਸ ਵੇਲੇ growers ਦੀ ਗੱਲ ਕੀਤੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ਤਾਂ ਦੀਵਾਨਾ ਸਾਹਿਬ ਸਭ ਕੁਝ ਭੁਲ ਜਾਂਦੇ ਹਨ ।

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[ਚੌਧਰੀ ਬਲਬੀਰ ਸਿੰਘ]

Growers ਕੋਲੋਂ ਕਿਸੇ ਨੇ sales tax ਦਾ ਪੈਸਾ ਨਹੀਂ ਵਸੂਲ ਕੀਤਾ । ਇਹ ਜਿਹੜਾ purchase tax ਆਪਣੀ ਜੇਬ ਵਿਚੋਂ ਦੇਣਾ ਸੀ ਇਹ ਗਲਤ ਟੈਕਸ ਹੈ । ਤੁਸੀਂ ਨਹੀਂ ਵਸੂਲ ਰਕ ਸਕਦੇ । ਜਿਸ ਵੇਲੇ ਟੈਕਸ ਲਗਾਇਆ ਗਿਆ ਸੀ ਤਾਂ ਅਸਾਂ ਏਤਰਾਜ਼ ਕੀਤਾ ਸੀ । ਅੱਜ ਉਹ ਸਰਕਾਰ ਕਹਿੰਦੀ ਹੈ ਕਿ ਉਹ ਟੈਕਸ ਲੈ ਚੁਕੇ ਸਨ । ਇਹ ਗੱਲ ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਹੈ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਦਿਮਾਗ ਵਿਚ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਆ ਗਈ ਕਿ ਉਹ ਟੈਕਸ ਵਸੂਲ ਕਰ ਚੁਕੇ ਹਨ । ਇਹ ਟੈਕਸ ਤਾਂ ਉਸ ਨੇ ਆਪਣੀ ਜੇਬ ਵਿਚੋਂ ਦੇਣਾ ਹੈ ਜਿਸ ਵਕਤ process ਬਦਲਦਾ ਹੈ ਉਸ ਵੇਲੇ ਟੈਕਸ ਦੇਣਾ ਸੀ । ਇਹ ਗੱਲ ਨਹੀਂ ਹੈ ਕਿ cotton ਦੀ price ਜਿਨੀ ਮਰਜ਼ੀ ਹੋਵੇ ਉਹ ਮੁਕਰੱਰ ਕਰ ਦਿਉ । ਇਹ international commodity ਹੈ । ਇਸ ਦਾ ਭਾ ਹੋਸ਼ਿਆਰਪੁਰ ਜਾਂ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਕਿਸੇ ਹੋਰ ਸ਼ਹਿਰ ਦੀ ਮੰਡੀ ਉਪਰ depend ਨਹੀਂ ਕਰਦਾ, ਇਸ ਦਾ ਭਾ locally affect ਨਹੀਂ ਹੁੰਦਾ ਬਲਕਿ ਇਸ ਦਾ ਤਾਲੁੱਕ America ਨਾਲ ਹੈ । ਇਹ international trade ਹੈ, ਉਹ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਟੈਕਸ ਵਸੂਲ ਕਰ ਲਿਆ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਕੋਲ ਰਕਮ ਪਈ ਸੀ ਅਤੇ ਉਹ ਹਜ਼ਮ ਕਰ ਗਏ, ਇਹ ਬਿਲਕੁਲ ਗਲਤ ਗਲ ਹੈ। Validate ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਨ । Bill ਦੇ Objects and Reasons ਵਿਚ ਲਿਖਿਆ ਹੈ

> "....the aforesaid amendments were not in force during the aforesaid period or that such taxes could not be validly levied or collected for that period in accordance with law".

ਇਹ amendment ਦੇ ਬਗੈਰ ਬਿਲਕੁਲ ਜਾਇਜ਼ ਨਹੀਂ ਸੀ, ਹੁਣ ਉਸ ਨੂੰ ਵੀ validate ਕਰ ਰਹੇ ਹਨ ਅਤੇ High Court ਦੇ ਫ਼ੈਸਲਿਆਂ ਨੂੰ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਪੈਰਾਂ ਹੇਠਾਂ ਸੁਟ ਦਿਤਾ ਜਾਏਗਾ ਤਾਂ ਇਸ ਮੁਲਕ ਦੇ ਲੋਕਾਂ ਦਾ ਵਿਸ਼ਵਾਸ democracy ਅਤੇ Judiciary ਵਿਚੋਂ ਉਠ ਜਾਏਗਾ । Majority ਨੂੰ ਪਤਾ ਵੀ ਨਹੀਂ ਹੈ ਕਿ ਕੀ ਬਣ ਰਿਹਾ ਹੈ ਅਤੇ minority ਉਨ੍ਹਾਂ ਉਪਰ rule ਕਰ ਰਹੀ ਹੈ, ਕਨੂੰਨ ਬਣਾਉਂਦੀ ਹੈ ਅਤੇ ਉਸਦੇ ਉਪਰ ਠੋਸ ਦਿੰਦੀ ਹੈ । ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦਾ validating Bill ਨਹੀਂ ਲਿਆਂਦਾ ਜਾਣਾ ਚਾਹੀਦਾ, ਇਸ ਨੂੰ ਹਜ਼ਾਰ ਵਾਰ ਸੋਚਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ । ਮੈਂ ਇਸ ਦੀ judgement ਪੜ੍ਹਕੇ ਸੁਣਾਉਂਦਾ ਹਾਂ :

> "A taxing statute must be construed strictly and if an assessee gets an advantage which the legislature may not have intended, the court should not deprive him of that advantage."

ਇਹ High Court ਦੀ judgement ਹੈ । Original ਕੁਝ ਹੋਰ ਸੀ ਅਤੇ ਜਿਹੜਾ ਕਨੂੰਨ ਬਣਿਆ ਉਹ ਕੁਝ ਹੋਰ ਸੀ । ਪਹਿਲੇ ਇਹ ਸੀ ਕਿ ਜੇ ਕਿਸੇ ਵਪਾਰੀ ਨੂੰ ਉਸ ਨਾਲ ਕੁਝ ਫ਼ਾਇਦਾ ਪਹੁੰਚਦਾ ਹੈ, ਕਿਸੇ assessee ਨੂੰ ਫ਼ਾਇਦਾ ਪਹੁੰਚਦਾ ਹੈ ਤਾਂ ਉਸ ਨੂੰ ਕੋਈ court deprive ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕਦੀ ਸੀ। ਜਿਸ ਵੇਲੇ Opposition ਕੁਝ ਏਤਰਾਜ਼ ਕਰਦੀ ਹੈ ਤਾਂ ਉਸ ਨੂੰ ਸੁਣਕੇ ਇਹ ਕਹਿ ਦਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਏਤਰਾਜ਼ ਤਾਂ ਕਰਨਾ ਹੀ ਸੀ । ਜਿਹੜੇ ਏਤਰਾਜ਼ ਅਸੀਂ ਕਰਦੇ ਸਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ courts ਨੇ ਮੰਨਿਆ ਹੈ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਫੈਸਲਾ ਦਿਤਾ

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

ਹੈ ਕਿ ਉਹ ਏਤਰਾਜ਼ ਦਰੁਸਤ ਸਨ ਅਤੇ ਗੋਰਮਿੰਟ ਦੀ ਗੱਲ ਗਲਤ ਸੀ, ਆਇੰਦਾ ਲਈ ਇਹੋ ਜਿਹੀਆਂ ਗਲਾਂ ਨਾ ਕਰਿਆ ਕਰੋ ।

वित्त मंत्री (डाक्टर गोपी चन्द भार्गव) : स्पीकर साहिब, मैं ने दो बातें अर्ज़ करनी हैं। एक तो High Court की judgement की बाबत । Judgement को लेकर, हमने जो purchase tax का Act पास किया था, उसको criticise किया गया है। मैं अर्ज़ करता हूँ कि जिस वक्त ginners ने writ petition दाखिल की थी उस वक्त और भी कई manufacturers ने writs दाखिल की थीं। सब की writs नामंजूर हुईं। सिर्फ ginners की मंजूर हुई। वह इस बिना पर हुई कि ginning को manufacturing process नहीं माना गया। Unginned और ginned cotton में कोई फ़र्क नहीं, सिर्फ इसी point पर writ petition मंजूर हुई। दूसरी बात यह है कि High Court की Judgement को House के अन्दर criticise करने का मुझको कोई हक हासिल नहीं है। क्योंकि अगर मुझको उस पर कोई एतराज़ हो तो मैं उसके लिए Supreme Court में अपील कर सकता हूँ। यहां मैं उसको criticise नहीं कर सकता। लेकिन जो facts बयान किए गए हैं वही अर्ज करूंगा। Ginning को manufacturing process नहीं माना, इस लिए यह बिल लाए हैं। यह ठीक है कि उनका हुक्म है, हम को उस पर अमल करना है लेकिन हमको यह अख्तियार है कि हम यह बताएं कि हमारा मुद्दा यह नहीं था। यह भी ठीक है कि वह व्यापारियों की बात लेना चाहें कि उन्होंने यह tax वसूल नहीं किया होगा क्योंकि यह purchase tax लगता manufacturing stage पर है। Manufacturer को अगर manufacturer ही माना जाए और व्यापारी को व्यापारी तो क्या manufacturer उस हिसाब से व्यापारी नहीं है कि जो कपास खरीदी वह ginners ने खरीदी और यह हिसाब लगा कर खरीदी कि उनको कितना चुकता पड़ता है और सारी बातों का हिसाब लगा कर 2 फी सदी tax का हिसाब लगा कर growers से उस कीमत पर खरीद की और इस tax की कटौती करके उनको payment की? इस लिए मैं कहता हूं कि ginners ने उस रुपए को वसूल किया और वसूल करके अपने पास रखा। अब वह High Court के इस फैसला से फायदा उठाना चाहते हैं। और यह कहना चाहते हैं कि हमने tax तो लिया नहीं, आप कैसे इस tax की रकम को मांगेंगे? स्पीकर साहिब, जैसा कि मैंने अर्ज़ किया, उन्होंने वसूल तो किया है, लेकिन अब उसे अपने पास इस बहाने से रखना चाहते हैं। स्पीकर साहिब उनको मालूम था। इस सिलसिले में यह सवाल यहां पर आया। इस House में growers ने, और Opposition वालों ने किया था लेकिन Council के अन्दर जो ginners हैं उन्होंने objection किया था और मैंने जवाब दिया था। उन्होंने कहा था कि ginning को नहीं लेना चाहिए लेकिन जो दीवाना साहिब ने objection किया कि growers से वसूल करते हैं, उस वक्त नहीं कहा था कि वसूल नहीं करेंगे। बल्कि उन्होंने कहा था कि इस पर लगना नहीं चाहिए।

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[वित्त मंत्री]

बहर हाल जब growers से मंडियों में इन्होंने cotton खरीदी उस वक्त यह हिसाब कर लिया था कि 2 फी सदी tax लगा कर देना पड़ेगा। इस लिए उन्होंने growers को कम पैसे दिए।

अब सवाल यह आया कि क्या हम validating Bill ला सकते हैं या नहीं। मैं मानता हूं कि मैं वकील नहीं हूं लेकिन मैं ने उन वकीलों की राए ली है जो कि इस तरह के cases करते हैं और जो मेरे ख्याल में राठी साहिब से, जिन्होंने एतराज़ उठाया है, ज्यादा काबल हैं, ज्यादा लायक हैं। उन्होंने हम को राए दी है कि हम validating Bill ला सकते हैं, इस लिए मैं यह validating Bill लाया हूँ। मैं file भी अपने साथ लाया हूँ जिस पर Legal Remembrancer ने लिखा है, Advocate General ने मशविरा दिया है कि यह बिल ठीक है और हम इसको ला सकते हैं। वह उनसे ज्यादा लायक हो सकते हैं।

श्री अध्यक्ष : इन की लियाकत बुरी नहीं अच्छी है अपने लिहाज़ से यह भी अच्छे हैं। (The ability of Shri Rathi is not inferior. He is also capable at his own level.)

वित्त मंत्री : इस लिए मैं अर्ज़ करता हूं कि उनसे मशविरा करके ही मैं इस बिल को House के सामने लाया हूं। Central Sales Tax का हवाला दिया गया। जनाब उस वक्त यह नहीं था जब कि Central Sales Tax आया। वह पहली अक्तूबर को आया जिसमें यह बात थी कि cotton पर 2 फी सदी से ज्यादा नहीं लगा सकते और सिर्फ एक ही stage पर लगा सकते हो। उसके बाद यह बात आई है। यह हमने पहले ही फैसला कर लिया था। यह 1st October, 1958 को introduce हुआ। जो समझने की कोशिश न करें मैं उन को क्या समझाऊं? जो समझे ही नहीं वह क्या एतराज़ कर सकते हैं। मैं ने, स्पीकर साहिब, पहले ही अर्ज़ किया है कि जो एतराज़ किया गया है उसी सिलसिले में दूसरे industrialists ने भी writs कीं लेकिन उनकी यह writs reject हुईं। सिवाए ginners के और किसी की मंजूर नहीं हुई। और जो दूसरे हैं वह उसी तरह से tax देने के liable हैं। Ginners कहते हैं कि वसूल नहीं किया। लेकिन जैसा कि मैं अर्ज़ कर चुका हूं उन्होंने वसूल किया और अब इस judgement का सहारा लेकर उसे अपने पास रखना चाहते हैं। स्पीकर साहिब, High Court का मनशा यह कभी नहीं हो सकता कि किसी ने tax की रकम वसूल करके अपने पास रखी हुई हो और उनसे वह ली न जाए। यह writ 1959 में हुई। जिस वक्त writ की गई उस वक्त यह मायने नहीं थे कि वह ज़रुर मंजूर हो जाएगी, इस लिए tax वसूल न किया जाए। इस लिए जो रुपया growers से ginners ने वसूल किया है उसे उन से वसूल करने का अख्तियार लाज़मी तौर पर गवर्नमैंट को होना चाहिए।

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Punjab Digital Library

Mr. Speaker : Question is—

That the Punjab General Sales Tax (Amendment and Validation) Bill, be taken into consideration at once.

The motion was carried.

Mr. Speaker : Now the House will proceed to consider the Bill clause by clause.

CLAUSES 2 AND 3

Mr. Speaker : Question is—

That clauses 2 and 3 stand part of the Bill.

The motion was carried.

CLAUSE 1 AND TITLE

Mr. Speaker : Question is—

That clause 1 and Title stand part of the Bill.

The motion was carried.

Minister for Finance (Dr. Gopi Chand Bhargava) : Sir, I beg to move—

That the Punjab General Sales Tax (Amendment and Validation) Bill, be passed.

Mr. Speaker : Motion moved—

That the Punjab General Sales Tax (Amendment and Validation) Bill, be passed.

चौधरी धर्म सिंह राठी (सम्भालका) . स्पीकर साहिब, मैं स्टेज पर ज्यादा वक्त नहीं लेना चाहता। मैं सिर्फ यही अर्ज़ करना काहता हूं कि यह किसी कदर भी दुरुस्त कदम नहीं है जो कि हमारी सरकार उठाने जा रही है। वजीर साहिब ने इस का जवाब देते हुए बताया कि उन्होंने इस सिलसिले में Advocate General और Legal Remembrancer से मशविरा लिया था। यह कोई ऐसी बात नहीं है। स्पीकर साहिब, जब यह बिल पिछली बार यहां पर आया तो मुझे अच्छी तरह से याद है कि मैं ने, चौधरी बलबीर सिंह और दूसरे साहिबान ने कहा था कि यह provision unconstitutional है और इस तरह से यह टैक्स नहीं लगना चाहिए। उस वक्त भी साफ तौर पर यह बात यहां हाउस के अन्दर कही गई थी। लेकिन अब इन्होंने फरमाया है कि हम ने Advocate General से सलाह कर ली है, Legal Remembrancer से पूछ लिया है। जनाब स्पीकर साहिब तीन चार दिनों से जो कुछ हम देख रहे हैं, उन बातों से सब को पता लग गया है कि वह कितने काबिल हैं और कितने efficient हैं।

श्री अध्यक्ष : देखिए, आप ये अलफाज़ वापिस लें। यह आप उन पर reflection कर रहे हैं। (The hon. Member may please listen. He

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[Mr. Speaker]
should withdraw these words. He is casting reflection on those officers.)

चौधरी धर्म सिंह राठी : जनाब, मैंने उन पर कोई reflection नहीं की। मैंने यही कहा है कि हम को पता है कि वह कितने काबिल हैं और कितने efficient हैं। मैं ने कब कहा है कि वह काबिल नहीं हैं? I have said nothing against him.

श्री अध्यक्ष : आप को पता है कि Advocate General इस हाउस का एक मैम्बर है। (The hon. Member knows that the Advocate-General is a Member of this House.)

चौधरी धर्म सिंह राठी : जनाब मैंने कोई ऐसी बात नहीं कही जो कि उन के शान के खिलाफ जाती हो। मैं ने कोई unparliamentary बात नहीं कही।

श्री अध्यक्ष : आप उन पर reflection कर रहे थे। (He was making a reflection on him.)

Shri Dharam Singh Rathi : I assure you, Sir, that I have not made any reflection so far as the Advocate General is concerned.

एक और जवाब, हमारे मिनिस्टर साहिब ने दिया है कि उन्हें पता होना चाहिए था कि यह tax वसूल होना है इस लिये उन्हें यह वसूल करना चाहिये था। स्पीकर साहिब, इन का यह ground ठीक नहीं है क्योंकि उन्हें तो यह यकीन था कि यह order कतई तौर पर गलत है और इसी वजह से High Court में यह challenge भी किया गया था। इस बिना पर कानून बनाना कि वह यह tax collect कर लें और क्योंकि उन्हों ने यह collect नहीं किया इस लिये वसूल कर लिया जाये यह ठीक नहीं है। इस लिये मैं अर्ज़ करूंगा कि यह बिल पास न किया जाये।

ਚੌਧਰੀ ਬਲਬੀਰ ਸਿੰਘ (ਹੁਸ਼ਿਆਰਪੁਰ 'ਜਨਰਲ') : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਡਾਕਟਰ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਦੋਬਾਰਾ ਇਹ ਕਿਹਾ ਹੈ ਕਿ ਇਹ tax ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਵਸੂਲ ਕਰਨਾ ਸੀ ਇਸ ਲਈ ਉਨ੍ਹਾਂ ਇਹ ਵਸੂਲ ਕਰ ਲਿਆ ਹੋਵੇਗਾ । ਮੈਂ ਡਾਕਟਰ ਸਾਹਿਬ ਨੂੰ ਫਿਰ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਉਹ ਇਹ ਗੱਲ ਦੋਬਾਰਾ ਆਪਣੇ ਤੌਰ ਤੇ ਫਿਰ ਸੋਚ ਲੈਣ । ਇਹ ਗੱਲ ਬਿਲਕੁਲ ਗ਼ਲਤ ਹੈ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਇਹ tax ਵਸੂਲ ਕਰ ਲਿਆ ਹੋਇਆ ਹੈ । ਕਿਸੇ ਨੇ ਵਸੂਲੀ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ । ਇਹ ਤਾਂ ਵਪਾਰ ਹੁੰਦਾ ਹੈ । ਜੋ ਵਪਾਰੀ ਕੋਈ ਚੀਜ਼ ਖਰੀਦਦੇ ਹਨ ਜਾਂ ਵੇਚਦੇ ਹਨ ਤਾਂ ਉਸ ਵਿਚ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਨਫਾ ਵੀ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਤੇ ਨੁਕਸਾਨ ਵੀ ਹੋ ਸਕਦਾ ਹੈ । ਜੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਨਫਾ ਹੋ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਗੌਰਮਿੰਟ ਉਨ੍ਹਾਂ ਤੋਂ Income Tax ਲੈ ਲੈਂਦੀ ਹੈ ਤੇ ਜੇਕਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਉਸ ਵਿਚ ਨੁਕਸਾਨ ਹੋ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਗੌਰਮਿੰਟ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਨੁਕਸਾਨ ਪੂਰਾ ਨਹੀਂ ਕਰਦੀ ।

ਦੂਸਰੀ ਗੱਲ ਜਿਹੜੀ ਉਨ੍ਹਾ ਨੇ ਵਪਾਰੀਆਂ ਦੀ ਕਲਾਸ as a whole ਬਾਰੇ ਕਹੀ ਹੈ ਉਸ ਬਾਰੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਸ਼ਾਇਦ ਵਕਤ ਨਹੀਂ ਮਿਲਿਆ ਕਿ ਉਹ ਉਸ ਨੂੰ contradict ਕਰ ਸਕਣ ।

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

श्री अध्यक्ष : इस बात को छोड़ें । (The hon. Member may leave this matter.)

ਚੌਧਰੀ ਬਲਬੀਰ ਸਿੰਘ : ਕਿਸੇ class ਨੂੰ as a class ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ blame ਨਹੀਂ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਸੀ । ਕਿਸੇ class ਬਾਰੇ class ਦੇ ਤੌਰ ਤੇ ਕਹਿਣਾ ਠੀਕ ਨਹੀਂ ਹੈ । ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ..(ਘੰਟੀ ਦੀ ਆਵਾਜ਼)

श्री अध्यक्ष : अब आप तशरीफ रखिये । (The hon. Member should now resume his seat.)

ਚੌਧਰੀ ਬਲਬੀਰ ਸਿੰਘ: ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਕਿਸੇ class ਬਾਰੇ ਕਹਿਣਾ ਇਕ ਨਾਜ਼ਾਇਜ਼ ਗੱਲ ਹੈ ।

श्री अध्यक्ष : अब आप तशरीफ रखिये । (Now the hon. Member should resume his seat.) (*Addressing Sardar Kartar Singh Dewana.*) दीवाना साहिब जब कोई stage बोलने की आती है तब तो आप उठते ही नहीं हैं और जब बोलने का वक्त नहीं होता है तब आप उठते हैं । मुझे आप पर बड़ा अफसोस है (The hon. Member may now resume his seat. (*Addressing Sardar Kartar Singh Dewana.*) It pains me to point out that he fails to rise to speak when there is an occasion for making a speech but he gets up to speak when the time is not opportune.)

वित्त मंत्री (डाक्टर गोपी चन्द भार्गव) : On a point of personal explanation, Sir. मैं ने कभी किसी class को as a class blame नहीं किया बल्कि मैं तो कल भी कहता रहा हूं कि पंजाब में 48 हज़ार registered व्योपारी हैं उन में से अकसरीयत ऐसों की है जो बड़ी ईमानदारी से काम करते हैं । पिछले बिल पर भी मैं ने यह कहा था कि यह harassment सिर्फ उन को होगी जो बेईमान हैं और तमाम व्योपारियों को यह harassment नहीं होगी ।

स्पीकर साहिब, हर एतराज़ के लिये जवाब देना मुश्किल हो जाता है क्योंकि उन में से कुछ relevant होते हैं और कुछ irrelevant होते हैं । जो relevant एतराज़ किये गये हैं मैं ने उन का जवाब तो दे दिया है और जो irrelevant एतराज़ात किये गये हैं उन का जवाब मैं ने नहीं देना है ।

ਸਰਦਾਰ ਕਰਤਾਰ ਸਿੰਘ ਦੀਵਾਨਾ (ਬਰਨਾਲਾ) : On a point of personal explanation, Sir. ਚੌਧਰੀ ਬਲਬੀਰ ਸਿੰਘ ਨੇ ਕਿਹਾ ਹੈ ਕਿ ਮੈਂ ਸ਼ਹਿਰੀਆਂ ਤੇ ਦਿਹਾਤੀਆਂ ਦਾ ਸਵਾਲ ਪੈਦਾ ਕਰਦਾ ਹਾਂ । ਮੈਂ ਸ਼ਹਿਰੀਆਂ ਤੇ ਦਿਹਾਤੀਆਂ ਦੀ ਗੱਲ ਨਹੀਂ ਕਰਦਾ । ਮੈਂ ਤਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਸਜਣਾਂ ਦੀ ਗੱਲ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਇਸ State ਵਿਚ ਬਹੁ ਸਮਤੀ ਹੈ ਔਰ ਜਿਹੜੇ ਦਿਹਾਤ ਵਿਚ ਵਸਦੇ ਨੇ । ਜੇ ਮੇਰੀ ਇਹ ਗੱਲ ਕਰਨੀ ਗਲਤ ਚੀਜ਼ ਹੈ ਤਾਂ ਮੈਂ ਇਹ ਗੱਲ ਫਿਰ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਇਸ State ਵਿਚ

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[ਸਰਦਾਰ ਕਰਤਾਰ ਸਿੰਘ ਦੀਵਾਨਾ]
ਹਾਲੇ ਵੀ ਦਿਹਾਤੀਆਂ ਨਾਲ ਉਹ ਸਲੂਕ ਨਹੀਂ ਹੋ ਰਿਹਾ ਹੈ ਜੋ ਸ਼ਹਿਰੀਆਂ ਨਾਲ ਹੋ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਜੇ ਇਹ ਗੱਲ ਕਰਨਾ ਹੀ ਗੁਨਾਹ ਹੈ ਤਾਂ ਮੈਂ ਇਸ ਚੀਜ਼ ਦਾ ਗੁਨਾਹਗਾਰ ਹਾਂ। ਮੈਂ ਇਹ ਕਬੂਲ ਕਰਦਾ ਹਾਂ। ਬਾਕੀ ਰਹੀ ਵਪਾਰੀਆਂ ਦੀ ਇਮਾਨਦਾਰੀ ਦੀ ਗੱਲ....

ਸ੍ਰੀ ਸਪੀਕਰ : ਤੁਸੀਂ personal explanation ਦੇ ਤੌਰ ਤੇ ਬੋਲ ਰਹੇ ਹੋ ਯਾ ਤਕਰੀਰ ਕਰ ਰਹੇ ਹੋ। ਵੈਸੇ ਤੀਸਰੀ reading ਤੇ ਵੀ ਤੁਹਾਨੂੰ ਤਕਰੀਰ ਕਰਨ ਦਾ ਹਕ ਹੈ। (Is the hon. Member giving his personal explanation or speaking on the Bill? Ordinarily he has the right to make a speech at the 3rd reading of this Bill.)

Chaudhri Balbir Singh : On a point of order, Sir. The hon. Minister for Finance has already replied to the debate. He has stated that he has nothing more to say about the arguments advanced by the Members.

ਸਰਦਾਰ ਕਰਤਾਰ ਸਿੰਘ ਦੀਵਾਨਾ : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਜੋ injustice ਵਪਾਰੀ ਸਜਨ market ਵਿਚ ਤੇ ਮੰਡੀਆਂ ਵਿਚ ਕਿਸਾਨ ਨਾਲ ਕਰਦੇ ਹਨ ਕੀ ਉਹ ਕਿਸ ਤੋਂ ਛਿਪਿਆ ਹੋਇਆ ਹੈ ? ਜਦੋਂ ਕਿਸਾਨ ਆਪਣੀ ਫਸਲ ਮੰਡੀ ਵਿਚ ਲੈ ਕੇ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਤਾਂ ਜਿਸ ਬਈਮਾਨੀ ਦੇ ਨਾਲ ਮੰਡੀ ਦਾ ਆੜ੍ਹਤੀ ਉਸ ਨੂੰ ਲੁਟਦਾ ਹੈ ਉਸ ਬਾਰੇ ਕਿਸ ਨੂੰ ਨਹੀਂ ਪਤਾ। ਇਹ ਮੈਂ ਹੀ ਨਹੀਂ ਕਹਿੰਦਾ ਬਲਕਿ ਇਸ ਬਾਰੇ ਵੱਡੇ ਵੱਡੇ ਸਜਨਾਂ ਦੀ ਰਿਪੋਰਟ ਹੈ ਕਿ 6 ਆਨੇ ਫੀ ਰੁਪਿਆ ਕਿਸਾਨ ਦਾ ਵਪਾਰੀ ਆਪਣੀ ਚਲਾਕੀ ਨਾਲ ਤੇ ਹੁਸ਼ਿਆਰੀ ਨਾਲ ਲੁਟ ਲੈਂਦਾ ਹੈ। ਇਹ ਉਨ੍ਹਾਂ ਕਿਸਾਨਾਂ ਦਾ ਹੀ ਪੈਸਾ ਹੈ ਜਿਹੜਾ ਵਪਾਰੀ ਨੇ 12 ਰੁਪਏ ਮਣ ਦੇ ਹਿਸਾਬ ਨਾਲ ਕਣਕ ਖਰੀਦ ਕੇ 20 ਰੁਪਏ ਮਣ ਦੇ ਹਿਸਾਬ ਨਾਲ ਵੇਚ ਕੇ ਕਮਾਇਆ ਹੈ।

ਸ੍ਰੀ ਸਪੀਕਰ : ਜੇ ਤੁਸੀਂ ਸਪੀਚ ਕਰ ਰਹੇ ਹੋ ਤਾਂ relevant ਕਰੋ। (If the hon. Member is making a speech, then he should be relevant.)

ਸਰਦਾਰ ਕਰਤਾਰ ਸਿੰਘ ਦੀਵਾਨਾ : ਇਨ੍ਹਾਂ ਤੇ case register ਹੁੰਦੇ ਹਨ......

श्री अध्यक्ष : Order please. अब आप तशरीफ रखिये। (Now the hon. Member may please resume his seat.)

ਚੌਧਰੀ ਬਲਬੀਰ ਸਿੰਘ : ਤੁਸੀਂ ਕਦੇ 22 ਸੈਕਟਰ ਵਿਚ ਵੀ ਇਸ ਮਸਲੇ ਤੇ ਤਕਰੀਰ ਕਰੋ।

ਸਰਦਾਰ ਕਰਤਾਰ ਸਿੰਘ ਦੀਵਾਨਾ : ਮੈਂ ਜਿਥੇ ਬੋਲਦਾ ਹਾਂ ਛਾਤੀ ਕਢ ਕੇ ਬੋਲਦਾ ਹਾਂ। 22 ਸੈਕਟਰ ਵਿਚ ਮੈਂ ਕਿਉਂ ਬੋਲਾਂ। ਸਾਨੂੰ ਇਹ ਪਤਾ ਲਗ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਤੁਸੀਂ ਸੈਨੀ ਹੋ ਔਰ ਸਿਰਫ ਵਪਾਰ ਮੰਡਲ ਦੇ President ਹੋਣ ਦੀ

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

ਹਕੀਕਤ ਵਿਚ ਹੀ ਇਸ ਬਿਲ ਤੇ ਬੋਲਦੇ ਰਿਹੇ ਹੋ । ਵੈਸੇ ਤੁਸੀਂ grower ਹੋ । ਇਸੇ ਲਈ ਤੁਸਾਂ ਨੇ ਕਿਹਾ ਸੀ ਕਿ ਵਪਾਰੀ ਸੋਨਾ ਵਧ ਤੋਲਦੇ ਹਨ । ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੇਰਾ ਇਹ ਗੁਨਾਹ ਹੈ ਮੈਂ ਆਪਣਾ ਗੁਨਾਹ ਕਬੂਲ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਔਰ ਮੈਂ ਹਮੇਸ਼ਾਂ ਦਿਹਾਤੀਆਂ ਦੇ ਹਕ ਵਿਚ ਆਵਾਜ਼ ਬਲੰਦ ਕਰਦਾ ਰਹਾਂਗਾ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਆਬਾਦੀ 82 per cent ਹੈ । ਇਨ੍ਹਾਂ ਸ਼ਹਿਰੀਆਂ ਦੀ ਆਬਾਦੀ ਤਾਂ ਕੁਲ 18 per cent ਹੀ ਹੈ ।

Mr. Speaker : Question is—

That the Punjab General Sales Tax (Amendment and Validation) Bill, be passed.

The motion was carried.

THE PUNJAB GRAM PANCHAYAT (AMENDMENT) BILL, 1960, AS REPORTED BY THE REGIONAL COMMITTEES (RESUMPTION OF CONSIDERATION)

Mr. Speaker : Now the House will resume discussion on the Punjab Gram Panchayat (Amendment) Bill as reported by the Regional Committees. Chaudhri Lahri Singh was in possession of the House when it adjourned yesterday while discussing this Bill. He may resume his speech.

चौधरी लहरी सिंह (गनौर) : साहिबे सदर, यह जो पंचायतों का बिल आ रहा है इस को देखने से और पढ़ने से मालूम होता है कि हमारी गवर्नमैंट को और मिनिस्टरों को पंचायतों के असली हालात का पता ही नहीं लगा। आज हम देखते हैं कि गांव की वही हालत है जो अंग्रेज के वक्त थी। गांव की पंचायत का यह फर्ज़ होता है कि वह गांव की सफाई को देखे, वह वहां इस बात का इन्तज़ाम करे कि गांव के रास्तों की encroachment न हो। लेकिन मैं देखता हूं कि कोई गांव ऐसा नहीं है जहां कूड़े के ढेर उसी तरह से आज भी न पड़े हों जैसे कि पंचायतों के बनने से पहले वहां पड़े रहा करते थे। इसी तरह से गांव में जो public places हैं उन की encroachment भी बाकायदा तौर पर अब भी हो रही है यहां तक कि रास्ते भी ठीक तरह से नहीं रखे जा रहे। आप गांव के तालाबों की हालत को देख लें वह गंदे रखे जा रहे हैं और उन की सफाई का या किसी और किस्म का इन्तज़ाम बिल्कूल नहीं किया जा रहा। उन के चारों तरफ गन्दगी पड़ी रहती है और ऐसा मालूम होता है कि इन चीज़ों को ठीक तरह से रखने की पंचायतों को ज़रूरत भी मालूम नहीं होती।

गांव के ऐसे हालात हैं कि आप जा कर तो देखें कि वह कौनसी दुनिया में रहते हैं न कोई नालियां हैं न गलियां पक्की हैं। आज से 10-11 साल पहले की वह दुनिया नज़र आती है। मिनिस्टर साहिब जब खड़े होते हैं तो यह कहते हैं कि गांव में हम यह करना चाहते हैं, वह करना चाहते हैं। पिछले इतने सालों से तो कोई सुधार हुआ नहीं आयंदा के बारे में कुछ कह नहीं सकता। आप चाहे उन लोगों को कितने अख्तियारात क्यों न दे दें मगर अगर वह लोग अनपढ़ हैं तो कुछ हो नहीं सकेगा। एक तरफ तो आप इस बिल के अन्दर यह पास कर रहे हैं कि उन लोगों को taxes लेने के अख्तियारात हैं, आमदन बढ़ाने के अख्तियारात हैं, इस से उन लोगों में खुशहाली होगी, पंचायत राज

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[चौधरी लहरी सिंह]

होगा। आज एक तरफ तो सरकार यह कहती है कि हम सड़कें बना रहे हैं, नालियां बना रहे हैं, दूसरी तरफ हम देखते हैं कि सारा काम दिहाती ही करते हैं। एक बात हो तो मैं कहूं, मगर यहां पर तो लाखों बातें हैं। हम सब पंचायतों पर नज़रें लगाये बैठे हैं। इन्होंने जो पंचायत अफसर लगाये हैं वह इन के खास कारिंदे लगाये गये हैं जो इन की मर्ज़ी में आता है यह वही करते हैं। किसी असूल की परवाह नहीं करते। अंग्रेजी राज में जो कुछ हालात थे आज उस से कहीं ज्यादा हालात खराब हैं। लोगों पर एक तरफ taxes की इतनी भरमार है! अगर पूछते हैं तो कह देते हैं कि तालीम पर खर्च होगा यह tax का पैसा। मगर इस बिल में तालीम के मुताल्लिक एक लफ्ज़ भी नहीं लिखा गया। कम अज कम यह ही कर दिया जाता कि जो member होगा वह पढ़ लिख सकता हो। तालीम के लिये जगह देनी इस में बड़ी ज़रूरी है मगर मैं इस में एक line भी नहीं देख सका। जहां भी देखो पंचायत के लिये अख्तियारात ही भरे पड़े हैं। मगर Minister साहिब के ख्याल में यह चीज़ बिल्कुल नहीं आई। दरअसल बात यह है कि सरकार एक तरह की corruption इन पंचायतों की मारफत फैला रही है। इन से झूठे मुकद्दमे करवाये जाते हैं। मैं निहायत अदब से इन Minister साहिबान से कहूंगा कि वह मेरी इन बातों को नुक्ता चीनी न समझें यह तो एक आने वाली Government के लिये भी एक मुफीद चीज़ है। यह ज़रूरी नहीं कि जो आज वजारत है कल भी वही वज़ारत रहे। यह वज़ारतें तो आने जाने वाली हैं; जो आज है वह कल नहीं रहनी। आज यह कहते हैं कि गलियां पक्की हो गई हैं, कच्ची-पक्की सड़कें बन गई हैं। मैं कहता हूं कि यह आपकी कोई महरबानी नहीं है यह तो एक नया महकमा बना दिया है इन्होंने Community Development का जिन के रुपये से यह सारा कुछ होता है। आज यह कहते हैं कि पंचायतें हर चीज़ की ज़िम्मेदार हैं। दरअसल बात यह है कि बिल complete भी नहीं होता कि हमारे पास आ जाता है। इस के बाद amendments आती ही रहती हैं कभी कोई दरुस्ती की जाती है और कभी कोई। आप अगर अख्तियार देना चाहते हैं तो पंचायतों को schools चलाने के लिये इन पर control करने के लिये दें School buildings बनाने के लिए दें। Buildings उन की complete नहीं होती, staff पूरा नहीं होता मगर उन में बड़े बड़े Register लगा दिये जाते हैं दिखाने के लिए। तादाद ज़रूर स्कूलों की बढ़ गई है मगर उन की आज बुरी से बुरी हालत है। दिहातों में शायद ही 1-2 High School लड़कियों के होंगे। दिहातों की सफाई का यह हाल है कि जगह जगह गंदगी है। मक्खियां इतनी हैं कि कोई जगह ऐसी नहीं जहां पर बैठ कर रोटी खानी मुमकिन हो। लेकिन आज इन की development के नाम पर taxes इतने लगाये हुये हैं कि लोगों को इन का हिसाब किताब रखना मुश्किल हो गया है। यह सारा काम पंचायतों का है। और कुछ नहीं कर सकते थे तो कम अज़ कम इस में यह तो होना चाहिए था। कि पंचायत का जो Member हो वह कम अज़ कम पढ़ा लिखा ज़रूर हो। इन्होंने लोगों के फैसले भी करने हैं। इन को educated होना ज़रूरी है। दूसरी चीज़ है taxes के मुताल्लिक। मैं अर्ज़ कर दूं कि जो मिसाल महात्मा गांधी जी ने कायम की थी

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

या जैसे विनोबा भावे जी कहते हैं हमें इन के दिखाये रास्ते पर ही अमल करना चाहिये था। आज जो भी चीज़ हम कायम करना चाहते हैं वह सरासर taxes पर ही है। यह ठीक है इन से कुछ न कुछ लोगों का सुधार होगा मगर हमें वह रास्ता अख्तियार करना चाहिये जिन से ज्यादा से ज्यादा लोगों का भला हो। जहां इस बिल में हम देखते हैं कि वह पंचायतों को इतने अख्तियारात दे रहे हैं कि अगर उन की बात न मानी जाये तो वह action ले सकते हैं अगर किसी के rights की encroachment हुई हो। इन को चाहिये था कि sanitation के बारे में भी मुनासिब अख्तियारात देने के लिये हिदायात दी जातीं। मगर यहां पर कोई ऐसी provision इस में नहीं है। इस में उन को कोई power नहीं है कि सफाई का इन्तज़ाम करवाने के लिये घंटा दो घंटे उन से काम करवा सकें। देहातों में सारी सारी रात black out रहता है और कोई सफाई करवाने का जिम्मेदार ही नहीं है। इस लिये यह चीज देहातों में जबर्दस्ती लाना ज़रूरी है जिस के लिये पंचायतों को power मिलनी चाहिये। Taxes मामूली होने चाहियें और अगर वसूल न हों तो इन को वसूल करने की power तहसीलदार को नहीं होनी चाहिये बल्कि इन के अपने आदमियों के हाथ में यह power हो। इस के लिये और Rules की इस में provision हो सकती है। मुझे हैरानी होती है कि Ruling Party इन पंचायतों को लोगों को लड़ाने भिड़ाने के सिवाये और किसी काम के लिये इस्तेमाल नहीं कर रही। यही वजह है कि इन को इख्तयारात पर इख्तयारात दिये जा रहे हैं। Taxes लगाने के इन को इख्तयारात दिये गये हैं जो कि Legislature लगा सकती है। अगर ऐसा है तो उन को और अख्तियारात भी दिये जा सकते हैं property वगैरह के (*interruptions*)

सरदार उमराओ सिंह : चौधरी साहिब, Municipal Act में भी तो इस तरह की power है।

चौधरी लहरी सिंह : आप Municipal Act कहते हैं मैं आप के सामने यह पढ़ देता हूं कि इस के section 82 में क्या लिखा है :

> "(c) if so authorised by the Government , a duty on transfers of property in the form of a surcharge on the duty imposed by the Indian Stamp Act, 1899, on instruments of sale, gift and mortgage with possession of immovable property situated in the Sabha area.."
>
> "(d) if so authorised by the Government, any other tax, duty or cess which the Legislature of the State has power to impose.."
>
> (iii) " fees for registration of animals sold in the Sabha area."

अगर किसी ने एतराज कर दिया तो writs होंगी और बेशुमार होंगी।

वहां पर कोई बहुत सारी सहूलियात तो दी नहीं सिर्फ दो चौकीदार रख दिये। उनका यह हाल है कि वह काम भी करते हैं और थानेदार की घास भी लाते हैं। भला कौन ऐसा आदमी बावला होगा कि सहूलियतें तो कुछ भी न हों और टैक्स देता रहे. . .

श्री मंगल सैन : क्या स्पीकर साहिब, बावला शब्द parliamentary है ?

चौधरी लहरी सिंह : लाला जी बैठ जाइये। मैं नहीं कहता बावला, withdraw करता हूं लेकिन आप बैठ जाइये।

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

श्री अध्यक्ष : मेरी ruling का इन्तज़ार किये बिना आपने उन्हें बिठा दिया। मेरी ruling यह है कि अगर यह लफ्ज़ जनरल तौर पर use किया जाय तो parliamentary है और अगर particularly कहा जाये तो unparliamentary है। (The hon. Member has asked Shri Mangal Sein to resume his seat without waiting for my ruling. Anyhow my ruling is that if this word is used in the general sense then it is parliamentary but if it is used in reference to a particular person then it is unparliamentary.)

चौधरी लहरी सिंह : मैं ने तो जनाब generally ही use किया है। मैं जनाब यह अर्ज़ करना चाहता हूं एक चीज कि यह मिनिस्टर साहिब scheduled caste से ताल्लुक रखते हैं और उन्होंने एक की बजाए दो हरिजन मैम्बर पंचायत यानी पंच कर दिये, इससे मैं बहुत खुश हूं। लेकिन औरतों के लिए कलम चलते चलते रुक गई, यह ठीक नहीं किया। जनाब हरियाना में औरतों के ऊपर हरिजनों से ज्यादा सख्तियां हैं। और यहां तक हैं कि गांव में जो चौपाल होती है उस पर कोई औरत चढ़ नहीं सकती। एक बार एक अंग्रेज़ आया, मैं वहीं था, उसने जब देखा कि एक औरत आई और अपना बयान देने के लिये चौपाल पर न चढ़ के चौपाल के नीचे ही खड़ी रह गई, तो उसने पूछा कि क्या बात है? मैंने कहा कि चौपाल तो पंचायत की जगह है, इस पर औरत नहीं चढ़ सकती। तो मेरा कहने का मतलब यह है कि औरतों को राय देने का हक होना चाहिये। (घंटी) ताकि औरतें ज्यादा तादाद में आ सकें।

गांवों में एक backward class भी होती है जिसकी तरफ कोई ध्यान नहीं है। न ही उन्हें scheduled caste में शामिल किया जाता है। वैसे हालत उनकी बड़ी बदतर है। इस लिये अगर उन्हें भी scheduled class में शामिल कर लिया जाता और उनका भी कोई नुमाइन्दा रख लिया जाता तो ठीक था। (घंटी)

एक बात और आखीर में मैं कहना चाहता हूं कि पंचायतों के पास अव्वल तो हिसाब किताब के लिए prescribed form के रजिस्टर ही नहीं हैं और अगर कोई हिसाब रखती भी है तो वह पूरा नहीं है। और funds को असली मकसद के लिए use नहीं किया जाता। मेरा मतलब यह है कि पंचों को इतनी ट्रेनिंग नहीं है कि वह ठीक से रुपये को संभाल सकें और काम चला सकें। इस लिए मेरी request यह है कि बजाए टैक्स की पावर देने के उन्हें ट्रेनिंग देनी चाहिए।

श्री अध्यक्ष : आप लोग अगर मुख्तसिर speeches करें तो ठीक रहेगा। (It would be better if the hon. Members make brief speeches.)

(At this stage Mr. Deputy Speaker occupied the Chair.)

चौधरी धर्म सिंह राठी (सम्भालका) : डिप्टी स्पीकर साहिब, इस पंचायत system और अंग्रेज़ी राज्य की पंचायतों में बड़ा भारी अन्तर है। और आज कल पंचायतों में गिरावट आ गई है। पहिले कोई भी आदमी पंचायत के सामने झूठ नहीं बोलता था लेकिन आज कल जितना मर्ज़ी चाहो झूठ बुलवा लो। और इन्हीं पंचायतों

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

की वजह से झगड़ा फसाद, पार्टी बाज़ी, मुकदमे बाज़ी बढ़ गई है। अगर यकीन नहीं है तो चाहे जिस जगह जा कर वज़ीर साहिब देख लें। डिप्टी स्पीकर साहिब यहां पर यह provision रखा गया है कि Chairman की election direct होगी। मैं इसकी मुखालिफत करने के लिये खड़ा हुआ हूं क्योंकि इससे बड़ा भारी crisis आ गया है। चूंकि पंच भी direct चुने जाएंगे और Chairman भी direct चुना जाएगा इस लिए इसका नतीजा यह होगा कि पंच अलग हो जाएंगे और सरपंच अलग बैठा रह जाएगा। उन में किसी किस्म की co-ordination नहीं रहेगी। काम पंचायत का चल नहीं सकेगा। पंच कागज़ मांगेगा, सरपंच कागज़ नहीं देगा, रजिस्टर नहीं देगा, और वह इस तरह से काम नहीं कर सकेंगे। चूंकि वह direct चुना जाएगा इस लिए पंचों का उसमें confidence नहीं होगा। और उधर सरपंच न कोई मीटिंग करेगा और न काम करने देगा तो इस तरह से काम नहीं होगा।

यह जो sarpanch का direct election रखा है यह बिल्कुल गलत बात है, इस से सब villages और पंचायतों के अन्दर बड़ा भारी crisis होगा। और उन के अन्दर एक deadlock पैदा हो जाएगा जिस से सारा काम बंद हो जाएगा। इस के इलावा पंचायतों में औरतों को हक देने का provision रखा गया है। मैं ज़ाती तौर पर औरतों को हक मिलने के खिलाफ नहीं हूं लेकिन हमें देखना यह है कि आया मौजूदा हालात में यह चीज़ काबले अमल है। आप ने अभी तक देहातों की औरतों को पढ़ाया नहीं और न ही पुराने रसमो रवाज को बदला है। हमारी हरियाने की औरतें जैसा कि चौधरी लहरी सिंह जी ने कहा है गांव की चौपाल पर नहीं चढ़तीं। उन को आप पंच बनाना चाहते हैं। इस का क्या मतलब है ? मैं समझता हूं कि औरत को पंच बनाने का सिर्फ यही मतलब है कि अगर किसी पंच को निकालना हुआ तो उस औरत से कहलवा दिया जाएगा कि मुझे इस ने छेड़ा है। इस तरह का बहाना लगा कर यह जिस को चाहें निकलवा दिया करेंगे। इस के इलावा और कोई मतलब नहीं है। Deputy स्पीकर साहिब, इस के अन्दर इन्होंने लिख दिया है कि women members को वोट का हक नहीं होगा। कैसी अजीब बात है। मैं पूछना चाहता हूं कि फिर आप उन को हक क्या देना चाहते हैं। आप हकीकत से दूर मत जाएं जो facts हैं उन का ख्याल रखें। सिर्फ यही कहना काफी नहीं कि जी बड़ा progressive कदम है। रोजाना जो cultural programmes हो रहे हैं अगर यही progress है तो फिर हम हाथ जोड़ते हैं। अगर इस तरीके से औरतों को cultural programme सिखाना है तो मैं इस की पुरज़ोर मुखालिफत करता हूं। इस से आगे clause चार के अन्दर Harijans का हक रखा है। मैं उन के हक के खिलाफ नहीं हूं। मैं ने amendment दी है कि अब सब पंचायतें हरिजनों की ही होनी चाहिएं। पहले बहुत दिन ब्राह्मनों का, जाटों का और दूसरी कौमों का राज बना रहा है। अब हर पंचायत देहातों में अकेले हरिजनों की बनाओ ताकि उन्हें हौसला तो हो कि हमें भी कुछ मिला है। आप ज़मीन के लिए तो उन्हें लारे ही देते रहे हैं मगर अब कम अज़ कम उन की पंचायतें तो बना दो। मैं वज़ीर साहिब से कहूंगा कि हर वक्त वज़ारत नहीं

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[चौधरी धर्म सिंह राठी]

मिला करती। कभी कभी मिलती है। इस लिए अगर आप फायदा उठा सकते हैं तो उठा लो। Afghanistan में बच्चे सक्के का राज आया था तो उस ने चमड़े का सिक्का चला दिया था। इस लिए मैं वज़ीर साहिब से कहूंगा कि सारी पंचायत हरिजनों की बना दो।

इस के इलावा इस के अन्दर इन्होंने nomination का system रखा है। Congress का राज्य आने से पहले इन कांग्रेसियों के मुंह से मैं यह सुनता आया हूं कि nomination का असूल undemocratic है। लेकिन अब वही बात यह खुद कर रहे हैं और यह हमारे मौजूदा Constitution के खिलाफ है। इन्होंने यहां तक अख्तियार ले लिया है कि अगर कोई जगह खाली होगी तो उस पर जिस को चाहे officer अपनी मर्ज़ी से appoint कर सकता है। कितनी undemocratic बात है। यह लोगों को क्यों न हक हो कि वह जिस को चाहे चुन लें। इस के इलावा इस के अन्दर एक और खामी है। वह यह है कि जो नगर Panchayats बनाने लगे हैं उन को बड़ी enhanced powers होंगी। इस में उन्होंने group of panchayats लिख दिया है और उस को define नहीं किया कि group of panchayats तहसील का होगा या district का होगा या सारे पंजाब का होगा। पता नहीं किस ने इस को draft किया है जिस को इतना भी ख्याल नहीं आया कि इस चीज़ को specify कर दें। तो इस में कम अज़ कम as prescribed under the rules का लफ्ज़ भी लिखा हुआ होता तो कुछ बात बनती। लेकिन इस में गोल मोल किया हुआ है। इस लिए यह बहुत defective clause है। इस को define करना चाहिए। नहीं तो इस में कम अज़ कम "as prescribed under the rules" के अलफाज़ add कर दें, वर्ना group of Panchayats बनाने में दिक्कत आएगी और वह चीज़ challenge होगी और वह आप के खिलाफ हो जाएगी। यह इस में legal flaw है। इस से आगे चल कर एक और अजीब बात की है इन्होंने। डिप्टी स्पीकर साहिब आप को तो तजरुबा है कि जब election petition का फैसला होता है तो जो security की amount होती है वह respondent को मिलती है। मगर इस में यह provide किया गया है कि election petition के लिए जो security होगी वह पंचायत के funds में जाएगी। यह बिल्कुल गलत बात है। इस के इलावा यह कहीं define नहीं किया गया कि किस बिना पर election set aside होगा। यह purely उस officer की मर्ज़ी होगी वह जिस के election को चाहेगा set aside कर देगा और जिसे चाहेगा रहने देगा। वज़ीर साहिब failure of justice की कोई definition नहीं लाए इस में। इस लिए यह बड़ा defective Bill है। आगे चल कर इस के अन्दर section 22 है। उस के अन्दर यह provide किया गया है कि अगर किसी को notice दिया जाता है कि फलां काम फलां तारीख तक होना चाहिए और वह उस

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

तारीख तक नहीं करते तो उन को जुरमाना होगा। दफा 22 के तहत water-logging का प्रबंध करने के लिए notice दिया जा सकेगा।

डिप्टी स्पीकर साहिब, एक गरीब किसान को दफा 22 के तहत water-logging के बारे में नोटिस आएगा कि उस ने यह क्यों बंद नहीं की। यह water-logging तो सरकार के बस की बात नहीं किसान गरीब क्या करेगा। मैं पूछता हूं कि कौन ऐसा किसान हो सकता है जो यह चाहता है कि उसकी ज़मीन waterlogged हो जाए और उसकी खेती जो उसकी रोज़ी का ज़रिया है खराब हो जाए। वह तो पूरी कोशिश करेगा कि water-logging से उसकी खेती बची रहे। लेकिन यह कहते हैं कि उस को नोटिस देंगे कि water-logging को दूर कर वरना अगर नहीं करेगा तो जुरमाना होगा। मैं पूछता हूं कि जब आप एक नया बिल इस काम के लिए compulsory service का ला रहे हैं तो इस चीज़ के रखने की क्या ज़रूरत है। इस के इलावा ऐसे ऐसे अख्तियारात दिए जा रहे हैं कि गांव का कोई काम नहीं चलेगा। एक दफा जिस से पंचायत वाले नाराज़ हो गए तो बस उसके लिए यही बहतर होगा कि वह अपना बोरी बिस्तरा गोल करके गांव छोड़ चला जाए वरना अख्तियारात चलने शुरू हो जाएंगे। फिर आगे चल कर लिखते हैं कि यह भी अख्तियार हैं कि prohibit the sale of harmful eatables यानी जिन खाने पीने की चीज़ों को पंचायत ठीक न समझे उनको बंद कर दे। कौनसी चीज़ अच्छी है और कौनसी बुरी इस को सरपंच ने देखना है। डिप्टी स्पीकर साहिब, आप भी अच्छी तरह जानते हैं कि गांव में भी पार्टीबाज़ी की बिना पर बातें होती हैं क्यों कि लोग पढ़े लिखे नहीं है। इस लिए आप ही अंदाज़ा लगा लें कि यह अख्तियार किस तरह अमल में आ सकता है। आगे चल कर कहते हैं कि regulate offensive and dangerous trades and practices यानी .....

श्री उपाध्यक्ष : आपको मालूम होना चाहिए कि यह discussion principles of the Bill पर है, clause by clause नहीं है। (The hon. Member should know that this is not the stage to discuss the Bill clause by clause but to discuss its principles only.)

चौधरी धर्म सिंह राठी : मैं जनाब principles पर ही बोल रहा हूं और बता रहा हूं कि इन्होंने यह principles गलत रखे हैं। यह कहते हैं कि trades और practices को भी वह regulate करेंगी। इन trades और practices में तो वकील भी आ जाएंगे और यह उसे भी नोटिस दे देंगे कि फलां वकील ठीक काम नहीं करता है (हंसी) जनाब एक बात हो तब तो मैं बताऊं लेकिन यहां पर तो सारी बातें ऐसी ही हैं। इसी तरह आगे चल कर कहते हैं......

पंडित राम किशन भड़ोलियां : On a point of order, Sir. क्या कोई मैम्बर बिल की general discussion पर clause by clause discussion कर सकता है? मैं आपका इस बारे में ruling चाहता हूं।

श्री उपाध्यक्ष : मैं ने आपके point of order करने से पहले ही उनको कह दिया है कि इस stage पर clause by clause discussion नहीं की जा

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[श्री उपाध्यक्ष]

सकती। [Before the hon. Member rose on a point of order I had already told him that clause-by-clause discussion, could not be held at that stage.]

चौधरी धर्म सिंह राठी : डिप्टी स्पीकर साहिब, मैं principles की ही बात कर रहा हूं लेकिन मुझे कुछ तो clauses का ज़िक्र करना होगा या कि मैं हवा में ही बातें करता जाऊं। मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि यह जो चीज़ इस में रखी गई है कि पंचायतें हुकम कर सकती हैं कि किसी घर के सामने street की name-plate लगाई जाए और हर घर पर नम्बर लगाया जाए यह असूल ठीक नहीं है। फिर यही नहीं बल्कि यह भी आगे जा कर कहा गया है कि जो कोई उन name-plates को खराब कर देगा या इधर उधर कर देगा उसे जुरमाना होगा। आप जानते हैं कि गांव में बच्चों को इतनी civic sense नहीं आई है और न सिखाने का इन्तज़ाम सरकार ने किया है। वह खराब कर सकते हैं। उनको civic sense सिखाने की तरफ तो ध्यान नहीं लेकिन यह बात ज़रूर रख दी है कि सज़ा होगी जुरमाना होगा। यह बात बिल्कुल गलत और नाजायज़ है और नाकाबिले अमल है। इसके इलावा एक और चीज़ है जिस पर मुझे सब से ज्यादा एतराज़ है। इन्होंने यह रखा है कि पंचायतें contributions दे सकेंगी और किन को ? To any charitable or national cause or any work or scheme sponsored or approved by the Government. जनाब यह बड़ी भारी ज़्यादती है। आखिर उसकी वजह क्या है ? इस के करने का कारण यह है कि जितनी भी गवर्नमैंट की स्कीमें हैं उनके लिए दिहात में कोई भी आदमी एक पैसा तक देने के लिए तैयार नहीं है। मुझे पता है कि पिछले दिनों पंडित जवाहर लाल नेहरू देहली से 20 मील चल कर सोनीपत आए और वहां पर दो चीज़ें कर गए। एक तो stadium—शायद उसका नाम कमला stadium रखा है—और दूसरे पता नहीं कि लाइबरेरी या पंचायत घर का पत्थर रख गए। इस चीज़ को हुए डेढ़ या दो साल होने को आए हैं मगर अब वहां पत्थर तो ज़रूर लगा हुआ है लेकिन जो ईंटें थीं वह गिर रही हैं। पंजाब के Director, Deputy Director और पंचायत अफसरों ने बहुत ज़ोर लगा लिया लेकिन कोई धेला नहीं देता। धमकियां भी दी गई कि आप को पंची से हटा देंगे लेकिन फिर भी किसी ने एक पैसा नहीं दिया और न कोई देता है। अब गवर्नमैंट कानून के ज़ोर से पैसे लेना चाहती है और पंचायतों से जबरदस्ती लेना चाहती है। और उन चीज़ों के लिए लेना चाहती है जिनके लिए लोग देना नहीं चाहते हैं। मैं कहता हूं कि इस तरह ज़बरदस्ती जमहूरियत के अन्दर नहीं होनी चाहिए। एक तरफ तो कहते हैं कि लोगों की मर्ज़ी से हर काम करना चाहते हैं और ज्यादा से ज्यादा अख्तियारात लोगों को देना चाहते हैं लेकिन दूसरी तरफ लोगों से जबरदस्ती charitable और national causes के लिए और उन स्कीमों के लिए जिनको गवर्नमैंट चलाए पैसे लेना चाहते हैं क्योंकि वैसे तो लोग इनकी बेहूदा स्कीमों और कामों के लिए पैसे नहीं देना चाहते हैं। यह चीज़ देहात के interest में नहीं है बल्कि इस गर्ज़ के लिए यह चीज़ रखी गई है

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

कि पंचायतों के पास जो पैसे इकट्ठे हों उनको किसी तरह चंडीगढ़ या और जगह ले जाया जाए small savings scheme के लिए ले जाएं। मैं इस सिलसिले में मिसालें दे सकता हूं और अपने जिला व दूसरे ज़िलों की बातें बता सकता हूं जहां कि नाजायज़ तौर पर दबाओ डाल कर लोगों से उनकी मर्ज़ी के खिलाफ पैसे लिए गए हैं। इस लिए मैं इस provision की मुखालिफत करता हूं (घंटी) जनाब मैं सिर्फ दो तीन मिनट ही लूंगा। इस के इलावा taxation के बारे में जो असूल इस में रखा गया है वह बड़ा अजीब है। मैं यह कहना चाहता हूं कि हर कानून में यह बात रखने की बजाए गवर्नमैंट एक ही कानून बना दे कि गवर्नमैंट जिस वक्त चाहे और जो भी कभी टैक्स लगाना चाहे लगा सके ताकि असैम्बली में बार बार बिल पेश करने की ज़रूरत न रहे। इस में यह clause रखी गई है कि पंचायतें वह टैक्स लगा सकती हैं जो असैम्बली के अख्तियार में हैं। यह चीज़ unconstitutional है और नाजायज़ है। यह सारी चीज़ Constitution के खिलाफ है कि पंचायतें असैम्बली की तरह सारे taxes लगा सकती हैं। Money Bill के लिए Constitution में खास procedure रखा गया है और बताया गया है कि जो टैक्स लगेगा वह किस तरह से लगेगा। उसके लिए यह provision रखा गया है कि taxation proposal पहले बिल की शकल में Governor साहिब से certify हो कर आएगी। फिर वह बिल circulate किया जाएगा और उस के बाद उसकी असैम्बली में तीन stages होंगी और यहां पास होने के बाद फिर Governor की मंजूरी होगी। लेकिन डिप्टी स्पीकर साहिब यह कहते हैं कि वह सारे अख्तियारात पंचायतों को दे दो। मैं कहता हूं कि यह कलाज़ विधान के खिलाफ है। फिर कहते हैं कि पंचायतों को आमदनी होनी चाहिए लेकिन इस आमदनी का यह हाल है कि मैं आपको कई मिसालें बता सकता हूं जहां वज़ीर साहिब ने पंचायतों को हुकम दे दिया है कि उन गांव से चूल्हा टैक्स इकट्ठा न करो। एक हथवाला गांव है वहां पर वज़ीर साहिब ने हुकम दे रखा है कि चूल्हा टैक्स इकट्ठा न करो।

वज़ीर साहिब, गवर्नमैंट और खुद डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि चूल्हा टैक्स इकट्ठा मत लो। सरपंच इकट्ठा करने को तैयार है लेकिन कोई करने नहीं देता। इस की वजह यह है कि वहां पर एक आदमी की वज़ीर साहिब तक रसाई है और वह सरपंच के खिलाफ है। इसी तरह एक निराना गांव है। वहां के सरपंच के पास पंजाब गवर्नमैंट का auditor जाता है लेकिन वह हिसाब नहीं देता क्योंकि वह कांग्रेस का delegate है इस लिए वह किसी की परवाह नहीं करता। Auditor कई दफा जाता है और वापस आ जाता है। आखरकार डायरेक्टर ने लिखा है कि यह खर्च सरपंच से वसूल किया जाय। उस सरपंच का नाम चूड़ सिंह है और वह हिसाब इस लिए audit नहीं करवाता क्योंकि उन में गड़ बड़ है।

डिप्टी स्पीकर साहिब, अन्त में मैं यह कहना चाहता हूं कि यह जो पंचायत unions को खत्म कर रहे हैं मैं इस की मुखालिफत करता हूं। दूसरे 25 कलाज़ की जो सारी power दी गई है यह unconstitutional है। इस के अलावा जो 10 प्रतिशत

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[चौधरी धर्म सिंह राठी]

की भी provision की गई है यह कम है यह 25 प्रतिशत होनी चाहिए । इन अलफाज़ के साथ मैं कहूंगा कि इस को पास करना चाहिए ।

राम्रो गजराज सिंह (गुड़गांव) : जनाब डिप्टी स्पीकर साहिब, मैं मिनिस्टर साहिब को इस बिल पर संजीदगी के साथ गौर करने को कहूंगा । अभी अभी दो तीन दिन हुए ज़िला परिषद एक्ट रिजनल कमेटियों के पास गया है । उस का तमाम दारोमदार पंचायत पर होगा इस लिए अभी यह बिल पास न किया जाय क्योंकि इस में कल फिर दुबारा amendment लानी पड़ेगी । इन का जवाब यह होगा कि इन्तखाब नहीं हुए इस लिए ज़रूरी है कि अभी पास किया जाय । मैं कहता हूं कि साल ही साल से देहात को महरूम कर रखा है । Council के मैम्बरों की election होनी थी उस वक्त यह ख्याल नहीं आया लेकिन आज यह कहा जायगा कि एक महीने के अन्दर अन्दर election नहीं होगी तो सारा सिलसिला दरहम बरहम हो जायगा । अगर आप अमली तौर पर देखें तो आप को पता चलेगा कि पंचायतों का किस तरीके से डिस्ट्रिक्ट बोर्ड के साथ ताल्लुक है । इस लिए यह चीज़ भी देखनी है कि कहीं वही बात न हो कि चौबे जी छब्बे जी होने गए और दुबे जी रह गए ।

यह कहते हैं कि यह तरमीम इस लिए की जा रही है कि Pepsu भी शामिल हो गया है, इस लिए एक एक्ट होना चाहिए । वहां अदालती पंचायतें होती थीं जो न्याय करती थीं । डिप्टी स्पीकर साहिब, देहात का तरीका यह है कि आपस में गांव के लोग बैठ कर फैसला कभी नहीं करेंगे लेकिन दूसरे गांव के भाई आ जाएं तो फैसला हो जाता है । अब उन्होंने वह पंचायतें हटा दी हैं लेकिन साथ यह भी लिख दिया है कि अगर गांव की मर्ज़ी हो और किसी इलाका की मर्ज़ी हो तो न्याय पंचायत के अख्तियारात भी दे देंगे । मैं समझता हूं कि यह बात clearly defined होनी चाहिए और discretion पर नहीं छोड़नी चाहिए । इसी तरह से आप मुलाहज़ा फरमाएं कि पंचों की removal की जो powers रखी गई हैं ये बहुत vague हैं । आप देखेंगे कि 379 और 411 में तो सज़ा है, moral turpitude की भी सज़ा हो जाती है लेकिन इस के साथ ही आम तौर पर देखने में आया है कि गांव में दो धड़ों के अन्दर पार्टी बाज़ी होने से removal हो जाती है । इस के साथ ही मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि 250 रुपये की हद बहुत ज्यादा रखी गई है । मामूली ज़मीन के झगड़े पर 250 रु० तक की power देना बहुत ज्यादती है । Removal की powers बहुत vague हैं और मैं समझता हूं कि जब तक अदालत का फैसला न हो removal नहीं होनी चाहिए । महज़ डायरेक्टर साहिब के कहने पर पंच को हटा दिया जाय यह गलत बात है । Land Revenue के cases में जो rules हैं उन के मातहत अपील Collector के पास भी हो सकती है और कमिश्नर के पास भी होती है लेकिन यहां न कोई अपील न लेना न देना । झट से पंचायत के फैसले पर हटा दिया जाता है । मेरे ज़िला में जिस तरह से ज़ुल्म और ज्यादती के साथ पंचों को हटाया गया मिनिस्टर साहिब जानते हैं । ऐसी एक दो मिसालें मैं अर्ज़ करना चाहता हूं । एक

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

सरपंच किसी दूसरे group से ताल्लुक रखता था। उस पर यह अलज़ाम लगाया गया कि इसने तीन सौ रुपए ग़बन कर लिए। उस ने B.D.O. की रसीद produce कर दी कि मैंने B.D.O. को दे दिए थे। B.D.O. ने कहा कि मैं ने फलां सरपंच को दे दिए थे। नतीजा यह हुआ कि उस को हवालात में रखा गया लेकिन बाद में वह बरी हो गया। अब यह कहते हैं कि उस के खिलाफ शुबहात हैं इस लिए इसे न रहने दिया जाय। हकीकत यह है कि क्योंकि वह मिनिस्टर के जूते झाड़ने वालों में से नहीं है इस लिए कहते हैं कि इसे न रखो। इसी तरह से एक सरपंच के खिलाफ हाई कोर्ट की जजमेंट है कि उस ने forgery की है, झूठे कागज़ बनाए हैं। लेकिन उस को कैसे हटा दें। यह मामला तो दूसरे लोगों के हाथों में है और साफ तौर पर कहा जाता है कि इस को हटाते हो तो तुम्हें नहीं रहने दिया जायगा। हाई कोर्ट की जजमेंट इस तरह से है।

Mr. Deputy Speaker : How far is it relevant to the Bill under discussion ?

राम्रो गजराज सिंह : इस में removal की बाबत लिखा है। किसी वक्त, किसी judgement या किसी और वजह से सरपंच को हटाया जा सकता है। गुड़गांव ज़िला में इस vague तरीके का इस्तेमाल हुआ है।

Mr. Deputy Speaker : Can original Act be discussed in an amending Bill ?

राम्रो गजराज सिंह : Sub-clause 5 में जो reasons लिखे हैं। यह एक नया chapter amend हुआ है मसलन आप देखिये :—

> " belonging to his own faction—simply to harass the respondent which is evident from the order of the High Court."

चार दफा उसे दीवानी अदालतों में जाना पड़ा। सैंकड़ों दरखास्ते भेजी लेकिन जवाब यही मिला कि इस में हम कुछ नहीं कर सकते। वज़ीर साहिबान को कौन नाराज़ करे। डायरैक्टर साहिब को अख्तियारात दिये जा रहे हैं। उन्हें हिदायत जारी हो जाती है कि फलां फलां पंच को हटा दें। गुड़गांव में सैंकड़ों पंच $1\frac{1}{2}$ साल के अर्से में हटा दिये गये हैं। उन्होंने दरखास्ते भेजीं। किसी को यह कहा गया कि चूंकि वह फलां जुर्म में convicted है इस लिये हिदायत भेजी गई थी। इस सम्बन्ध में जो judgements हैं उन्हें हाउस consider कर ले। मेरे पास 100 आदमियों के नाम हैं जिन को $1\frac{1}{2}$ साल के अन्दर हटायागया। इस सिलसिले में लोगों ने हाई कोर्ट में writs भी दायर की हुई हैं। इस की sub-clauses 5 और 6 vague हैं। मैं अर्ज़ करूंगा कि कम से कम इस बिल में इतना ही प्रबंध कर दो कि इन इन हालात में, अगर इस किस्म की बातें साबित हों तो सरपंच को हटाया जा सकता है। इस में appeal के लिये भी provision कर दीजिये।

स्पीकर साहिब, मैं अर्ज़ कर रहा था कि किसी वक्त कोई area exclude या include किया जा सकता है। डायरैक्टर को अख्तियार दे दिया कि वहां के लोगों

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[राम्रो गजराज सिंह]

की मर्ज़ी का पंच या सरपंच न आये। कमाल की बात है कि ऐक्ट बन रहा है आज यह गवर्नमैंट है और कल दूसरी हो सकती है। इस तरीके से यह defective enactment लाई जा रही है। स्पीकर साहिब, आप मुलाहज़ा फरमायें कि इस में "moral turpitude or undesirability" के मुताल्लिक दो तीन clauses हैं जिन की बिना पर सरपंच को remove किया जा सकता है। मैं समझता हूं कि इतना vague अंग किसी enactment में नहीं। मिनिस्टर साहिब को अपने कानूनी मशीरों से सलाह मश्विरा कर लेना चाहिये था ताकि इस बिल में किसी किस्म की गलती न रहती। मैं ने इस सिलसिले में मिसालें पेश की हैं और हाई कोर्ट के judgments बताये हैं जिन में लिखा है कि इस किस्म की बहूदगियां इस Act में मौजूद हैं। मैं अर्ज़ करूंगा कि कितने ही मुज़ारे arrears of rent अदा न करने पर बेदखल कर दिये गये। इसी तरह पंचों को भी छोटी सी छोटी बिना पर नोटिस दिया जाएगा कि आप के जिम्मे arrear of tax है इतनी देर तक अदा कर दें वर्ना आप को remove कर दिया जाएगा। इस तरह के provisions इस बिल में incorporate किये जा रहे हैं। मैं गवर्नमैंट से दरखास्त करूंगा कि वह इन बातों पर संजीदगी से गौर फरमायें। यह नहीं होना चाहिये कि तमाम अख्तियारात एक आदमी के हाथ में दे दिये जाएं। मैं समझता हूं कि Pepsu में ठीक दस्तूर था। अदालती पंचायतें गांव के लिये बहतरीन चीज़ थीं और जो झगड़े निपट नहीं सकते थे वह उन्होंने निपटा दिये थे। गांव में लाज़मी तौर पर अदालती पंचायतों की ज़रूरत है। अगर अदालती पंचायतें गांव में कायम की जाएं तो लोगों पर महरबानी होगी। बहुत सारे मैम्बर साहिबान को तजरुबा नहीं हुआ। वह District Boards को इस के साथ tag कर रहे हैं। इस लिये मैं समझता हूं कि दो महीने के बाद ही इस बिल को उस के साथ ही लाया जाए।

चौधरी श्री चन्द (बहादुर गढ़): डिप्टी स्पीकर साहिब, मैं दरअसल इस बिल को criticise करने की नियत से नहीं बोल रहा, मैं इस मामले में जो मेरी संजीदा राये है वह देने के लिये खड़ा हुआ हूं। अगर इस पर मिनिस्टर साहिब गौर फरमाएं तो उन की बड़ी महरबानी होगी। राम्रो साहिब ने भी फरमाया है कि वह डिस्ट्रिक्ट बोर्ड बिल ला रहे हैं। इस का उस बिल के साथ बड़ा भारी सम्बन्ध है।

यह दोनों एक दफा एक जगह सोच कर बनाने चाहियें क्योंकि जो डिस्ट्रिक्ट बोर्ड आप बना रहे हैं उन का दारोमदार बहुत सारा इस ऐक्ट पर होगा। उस की जो working है वह depend करेगी इस की working पर। अगर यह वजह दी जाए कि साहिब elections में देरी होती है तो देहात वाले तो इस बात के आदी हैं। उन के elections तो अठारह अठारह और बीस बीस साल तक नहीं होते। डिस्ट्रिक्ट बोर्ड के elections हुए बीस साल के करीब हो गए हैं और अगर पंचायतों के elections दो महीने और न हों तो मेरा ख्याल है कि देहात वालों को कोई शिकायत नहीं होगी। अगर सारी तैयारी करने के बाद, इतना रुपया खर्च करने के

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

बाद और लड़ाई लड़ने के बाद भी शाम के वक्त सरकार यह एलान कर देती है कि अभी elections नहीं होंगें तो अगर एक दो महीने पहले ही बता दे कि अभी election नहीं होंगे तो लोगों को कोई शिकायत नहीं होगी। अगर यह बिल छः महीने और भी न पास हो तो लोगों को कोई तकलीफ नहीं होगी। लेकिन जो बिल हम पास करें वह बहुत सोच समझ कर करना चाहिये। फिर इस की drafting के लिये जो काबलियत इस्तेमाल की गई है वह clause 6 की दफा पांच को पढ़ने से जाहिर हो जाती है। मैं तो इस के मायने नहीं समझ सका अगर वज़ीर साहिब समझे हों तो वे मुझे बता दें। इस में लिखा है:

"No person who is not a Member of the Sabha."

पहली disqualification यह रखी है कि वह सभा का मैम्बर न हो। फिर यह disqualification भी होगी :

"is not qualified to be elected as a Member of the Legislative Assembly"

यह disqualification भी होगी तो नहीं खड़ा हो सकता वरना खड़ा हो सकता है। मुझे तो इस बात की समझ नहीं आई। वज़ीर साहिब ने इसे देखा होगा, पढ़ा होगा, उन्हें मालूम होगा कि यह क्या बनता है या यह सब बेमानी चीज़ है। मुझे तो ताज्जुब होता है कि यह कैसे बनाया गया? संत विनोबा जी और श्री जय प्रकाश नारायण जैसे संत महात्मा, इतने सयाने सियासतदान बार बार कहते हैं कि देहात में पार्टी बाज़ी न बढ़ाओ, देहातियों को आराम से बैठने दो। अगर इन लोगों के अन्दर पार्टी बाज़ी ज्यादा बढ़ जाएगी तो मुल्क तबाह हो जाएगा। विनोबा जी ने कहा है कि अगर पंचायतों के चुनाव करते हो तो वह unanimous हों और नहीं तो करीब करीब unanimous होने चाहियें। देहात को आए दिन elections का अखाड़ा न बनाओ। इसी तरह से श्री जय प्रकाश नारायण ने कहा है कि अगर हिन्दोस्तान का भला चाहते हो तो देहात में कम से कम पार्टी बाज़ी होने दो। डिप्टी स्पीकर साहिब, आप को तो elections का तजरुबा है। जिस दिन से elections शुरू हुए हैं उसी दिन से देहात पार्टी बाज़ी का अखाड़ा बन गए। मैं वज़ीर साहिब से दरखास्त करूंगा कि अगर उन्हें elections का बहुत शौक है तो कम से कम पार्टी बाज़ी होने दो। Elections दुनिया का रिवाज है। इस बिदअत से हम बच नहीं सकते लेकिन ऐसा तरीका निकालना चाहिये कि जिस से कम से कम पार्टी बाज़ी पैदा हो। जब पहला पंचायत Act बना तो मैं Election Committee का मैम्बर था। पंडित श्री राम शर्मा उस वक्त मिनिस्टर थे। मैं ने इन्हें यह सुझाव दिया कि elections का तरीका ऐसा हो जिससे किसी को यह पता न लगे कि उस को किस ने हराया है ताकि आपस में दुश्मनी किसी से न हो जाए। चूंकि उन को देहात का तजरुबा था वे मान गए। वे जानते थे कि अगर आमने सामने चुनाव होंगे तो और लोगों की आपस में दुश्मनी पड़ जाएगी तो फिर कत्ल से परे निपटारा नहीं होता। महता साहिब की रिपोर्ट

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[चौधरी श्री चन्द]

को देखें। जहां पर देहात काफी तरक्की कर गए हैं वहां के लिये तो यह ठीक है लेकिन पंजाब में देहात ने अभी इतनी तरक्की नहीं की। देहात वाला जिस से दुश्मनी करता है उस से दुश्मनी ही करता है और जिस से दोस्ती करता है उस से दोस्ती ही करता है। आप को तो इस बात का तजरुबा होगा। पंचायत के चुनाव के बाद तीन तीन और चार चार साल तक लोग आते हैं मुकदमे लड़ने के लिये और कहते हैं कि यह elections के वक्त की बिदअत है। मैं ने इधर राए दे दी या उधर दे दी इस से यह झगड़ा खड़ा हो गया है। Parliament के elections के बारे में तो पांच पांच साल तक केस आप के सामने चलते रहते हैं। इन्होंने कहा है कि सरपंच का election सारा गांव मिल कर करेगा। ठीक है, अमरीका में यह तरीका है वहां पर President का चुनाव इस तरीके से होता है। लेकिन हिन्दोस्तान में देहात पर ऐसा तजरुबा करने की कोशिश नहीं की गई। जिस तरह से अमरीका के President का चुनाव होता है उसी तरह का तजरुबा ये देहात में करने जा रहे हैं। वहां पर President का election indirectly होता है। लेकिन सरपंच को सारा गांव इकट्ठा हो कर चुनेगा। यह सारी दुनिया का असूल है कि जिस आदमी को जो बना सकता है उस को बिगाड़ भी वही सकता है। जो कोई अफसर किसी आदमी को मुकर्रर करता है वही अफसर उस को बरखास्त भी करता है। लेकिन देहात में इन्होंने यह तरीका निकाला है कि सरपंच को चुनेगा तो सारा गांव मिल कर, पर उस को अगर दो तिहाई पंच चाहें तो मिल कर निकाल देंगे। चुनेगा तो सारा गांव मिल कर लेकिन निकाल देंगे दो तिहाई पंच मिल कर यह कितना अजीब तरीका है? हमें तो वही आदमी वापिस कर सकते हैं जिन्होंने हमें चुन कर भेजा है। और कोई हमें नहीं हटा सकता। गांव का सरपंच पैसे खर्च करेगा और election लड़ कर सरपंच बनेगा लेकिन अगर उस के खिलाफ दो-तिहाई पंच आ जाएं तो तीसरे दिन कहेंगे कि तू अपने घर जा भाई। बनाएगा सारा गांव मगर किसी बात पर अगर Director साहिब नाराज़ हो गए तो उस की मूंछ पकड़ कर बाहर निकाल देंगे। इन्होंने यह तरीका कैसा निकाला है? कोई असूल होना चाहिए। Acts इस तरह से तो नहीं बनते कि रात को L. R. साहिब को सुपना आ गया और सुबह सुबह उठ कर उन्होंने बिल बना कर भेज दिया। क्या Acts ऐसे बनते हैं? न कोई फिकरा बनता है और न ही उस के मायने निकलते हैं। अगर सरपंच गांव की तरफ से चुना जाना है तो कौन सी ताकत उस को हटा सकती है? पंचों को क्या अख्तियार है उस को हटाने का? पंचों ने उस को बनाया नहीं। अगर उन्होंने उस को बनाया नहीं तो उन को उसे हटाने का अख्तियार कैसे हो सकता है? यह कोई कायदा नहीं है। अगर एक थानेदार को I. G. मुकर्रर करता है तो उस को बरखास्त भी I. G. ही कर सकता है और कोई नहीं कर सकता। इस में ऐसी ही कई चीजें हैं। इसी तरह से क्लाज़ 25 के मातहत सरकार ने बहुत भारी अख्तियारात अपने हाथ में रखे हैं। और कोई provision करने की क्या ज़रूरत है सब कुछ क्लाज़ 25 में ही आ जाता है। उस के मातहत सारे अख्तियारात ले लिये गए हैं कि अगर इस कानून के रास्ते में कोई difficulty पेश आ जाए तो वज़ीर साहिब

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

अपनी मर्ज़ी से कायदा बना लेंगे, provision बना लेंगे, उन्हें न असेम्बली से पूछने की ज़रूरत है और न किसी और से।

यह क्या है? क्या डैमाक्रेसी में कभी ऐसा भी कोई ऐक्ट पास हुआ है या हुआ करता है जिसमें मनिस्टर साहिबान को इस कदर अख्तियारात दिए जाएं कि जिस तरह उन की मर्ज़ी आए कर लें; किसी भी क्लाज़ की implementation में कोई difficulty आए तो उसको अपनी कलम से दूर कर लें और अगर चाहें तो उस क्लाज़ को ही उड़ा दें? आखिर यह क्या हो रहा है? डिप्टी स्पीकर साहिब, मैं वह क्लाज़ 25 आप के सामने पढ़कर सुनाता हूं। इस में लिखा है .... "If any difficulty arises in giving effect to the provisions of the Principal Act as amended by this Act,......" इसमें Principal Act को ही मार दिया।

"....the State Government may, by order notified in the official gezette,"

कोई ज़रूरत नहीं कि असेम्बली में आए। गज़ट में लिख देंगे...

"make such provisions"

यानी रूल्ज़ नहीं, कोई भी such directions....

"or give such directions"

रूल्ज़ बनाने की ज़रूरत नहीं, हुक्म दे देंगे......

"as appear to it to be necessary or expedient"

यह भी नहीं कि जब ज़रूरी हो, अगर मुनासिब भी समझें तो...

"for the removal of the difficulty"

मुझे बताएं कि आखिर यह क्या है? इसमें आप वज़ीर साहिब को खुली छुट्टी दे रहे हैं कि जब चाहें, जैसा चाहें खुद Principal Act में भी जिस किस्म की तब्दीली चाहें कर लें। कल अगर डाइरेक्टर साहिब ने वज़ीर साहिब को कहा कि दस गांव ऐसे हैं जहां पंचायतें नहीं होनी चाहिएं तो आर्डर दे देंगे कि इन दस गांव में कोई पंचायत नहीं होनी चाहिए। वह मुझे बताएं कि कभी ऐसा भी ऐक्ट कहीं बना है? इस किस्म की मिसाल क्या आगे भी कहीं है? लेकिन जल्दी इतनी है कि यह हरगिज़ मेरी बातों को नहीं मानेंगे क्योंकि यह कहते हैं कि पंचायतों की इलैक्शनें ज़रूर होनी चाहिएं। शायद अगर पंचायतों की इलैक्शनें न हुईं तो असाढ़ में बारिश ही न हो। मुझे बताएं कि इसकी ज़रूरत ही क्या है? आप शान्ति से सोचें, सोच समझकर इस ऐक्ट को बनाएं, दूसरे ऐक्टस को भी देखें। बात यह है कि अगर आप हुक्म देंगे तो हाथ उठाने के लिए हम तैयार हैं और बिल तो पास कर ही देंगे। लेकिन मैं, स्पीकर साहिब, आप के जरिए मनिस्टर साहिब को सलाह दे रहा हूं। इस बिल में कई चीज़ें ऐसी हैं जो मुनासिब मालूम नहीं होतीं। अगर आप उन को देखेंगे तो convince हो जाएंगे कि वाकई यह ठीक नहीं हैं।

डिप्टी स्पीकर साहिब, अगर सैंटर के फाइनैंस मनिस्टर श्री मोरारजी डेसाई कोई टैक्स लगाना चाहें तो पार्लियामैंट की मंजूरी के बगैर नहीं लगा सकते। अगर हमारे

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[चौधरी श्री चन्द]

डाक्टर गोपी चन्द भार्गव पंजाब में कोई नया टैक्स लगाना चाहें तो असैम्बली की मंजूरी के बगैर नहीं लगा सकते लेकिन हमारे सूबा में पंचायतों को ही वाहिद अख्तियारात हैं कि अपनी मरज़ी से टैक्स लगा सकती हैं. .कोई ऐक्ट लाने की ज़रूरत नहीं। जो उन की मरज़ी में आए करें। क्या ऐसी भी बात कभी दुनिया में हुई है कि पार्लियामैंट के अख्तियारात, असेम्बली के अख्तियारात गांव की पंचायतों को होंगे कि जब चाहें, जैसा चाहें टैक्स लगा दें? अगर पंचायत वाले नहीं लगाना चाहेंगे तो गवर्नमैंट हुक्म देगी कि तुम इस टैक्स को लगाओ। शहर वालों के लिए तो नहीं, गांव वालों के लिए यह हुक्म जारी किया जाएगा। वज़ीर साहिब हुक्म देंगे कि हम कहते हैं, तुम टैक्स को लगाओ। मेरा ख्याल है कि हिन्दुस्तान में किसी भी असेम्बली में इस तरह के अख्तियारात वज़ीर साहिब को किसी भी ऐक्ट के तहत नहीं दिए हैं जैसे कि हमारे पंचायत के वज़ीर साहिब को दिए जा रहे हैं। जो हुक्म वह देंगे उस के लिए कोई अपील नहीं, कोई दलील नहीं, कोई सुनने वाला नहीं। इसी लिए मैं कहता हूं कि जरा देख लें, हम आप के साथ ही हैं और जैसा कि मैंने पहले भी अर्ज़ किया जिस तरह चाहोगे हम अपना हाथ खड़ा कर देंगे। एक दफा फिर इस बिल पर सोच विचार कर लो और फिर पास करवा लेना। जो आप कर रहे हैं, यह ठीक नहीं।

यह ठीक है कि आप हरिजनों को अख्तियार दे रहे हैं। जहां पांच हरिजन होंगे वहां भी उन को एक मैम्बर पंचायत का बनाने का अख्तियार होगा। ठीक है कि आप उन को weightage दो। उन को रियायतें दो, हमें कोई एतराज़ नहीं। लेकिन वह अपनी एक राए से तो एक हरिजन ले आएंगे लेकिन बाद में अपनी वोटों सेदूसरे भी मैम्बरों को चुन कर भेज देंगे। उन को बेशक आप हमारे बराबर बैठाओ। लेकिन जो अधिकार आप उन को दे रहे हैं उन से दूसरे लोगों को रंजश हो सकती है। जिस तरह से आप उन को अख्तियारात दे रहे हैं। इस तरह से 15 या 20 फी सदी हरिजनों की आबादी बाकी 80 फी सदी पर हुकूमत करेगी। क्या यह इनसाफ है? अगर इनसाफ करना है तो सब के साथ बराबर का इनसाफ होना चाहिये। यह नहीं होना चाहिए कि आप उन को लाकर दूसरों के सर पर बैठा दें और उन का सर इस तरह से दुखने लगे। इस लिए मैं बड़े अदब के साथ अर्ज़ करता हूं कि यह न करें क्योंकि उन के कुछ मैम्बर तो अपने प्रतिनिधि भेज देंगे और जो बाकी रह जाएंगे वह दूसरों के साथ मिल कर बाकी पंचों में भी अपने मरजी के पंच भिजवा देंगे। यह एतराज़ वाली बात है।

> (iv) water rate where water is supplied by the Gram Panchayat."

मैं कहना चाहता हूं कि यह clause नाजायज है। यह नहीं होनी चाहिए। फिर यह जो sub-clauses (iii) और (iv) हैं यह registration of animals और water rate के बारे में हैं। मैं समझता था कि वज़ीर साहिब registration of animals के बारे में कोई अच्छी दलील देंगे। मगर खोदा पहाड़ और निकला चूहा वाली बात हुई है। उन्होंने ground यह बताई है कि चूंकि मवैशी चोरी हो जाते थे इस लिए उन की registration पंचायतों में होगी ताकि चोरियां बन्द हो जायें। मैं समझता हूं कि इस से चोरी बंद तो नहीं हो सकती, उन्होंने तो उल्टा चोरी करने का तरीका निकाल दिया है। जो भी आदमी चोरी का पशु लाएगा वह उसे register करवा लेगा और कहेगा कि यह मेरा है और बाद में उसे बेच लेगा। इस से तो बहुत सी गड़बड़ होगी। इसलिए वज़ीर साहिब ने जो ground पेश की है वह गलत है कि लोगों में पशु खरीदने और बेचने पर fees लगेगी। अगर register करवाने जाएंगे तब भी fee लगेगी। यह जनता के साथ बड़ी भारी बेइनसाफी और ज़ुल्म वाली बात है। इस के इलावा, स्पीकर साहिब, पंचायतें जो कुएं लगाएंगी उन से जो लोग पानी लेंगे उन के ऊपर water rate लगाया जाएगा। जो पानी लोग पहले मुफ्त भरते थे उस पर अब वज़ीर साहिब की मेहरबानी से tax लगाया जाएगा। यह सब बातें लोगों पर ज़ुल्म करने वाली हैं। मैं वज़ीर साहिब से गुज़ारिश करूंगा कि वह मेरी amendments मान लें इस से जनता का और इनका अपना फायदा होगा।

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

Mr Speaker : Motions moved—

In sub-section (1) (f) of proposed section 81, lines 4—7,

delete "bodies of animals not claimed by any person in accordance with any custom or usage"

In sub-section (2) of proposed section 81, line 4,—

for "ten, *substitute* "twenty-five"

In sub-section (1) of proposed section 82,—

delete parts (b), (c) and (d)

In sub-section (2) of proposed section 82,—

delete parts (iii) and (iv).

Chaudhri Inder Singh (Jind, General) : Sir, I beg to move—

In the proposed section 82(1), line 4,—

between "shall" and "impose" *insert* "with the approval of Gram Sabha"

स्पीकर साहिब, मेरी amendment इस proviso को एक तरह से delete करने के बारे में है और मैं यह proviso delete कराना चाहता हूं ।

"Provided that if the Gram Panchayat fails to impose the tax, duty or cess Government may take necessary steps to impose it and the tax, duty or cess so imposed shall be deemed to have been imposed by the Gram Panchayat :"

तो मैं इस proviso को इस लिए delete कराना चाहता हूं कि यह democracy के तमाम canons के खिलाफ है और उल्ट है । Democracy के अन्दर कोई भी टैक्स ऊपर से नहीं आना चाहिए और जो भी टैक्स लगे लोगों की मर्जी से लगना चाहिए। जब एक ग्राम सभा कायम की जा रही है और वह ग्राम सभा सारे सभा area के लिए general body होगी तो फिर जो भी टैक्स लगे उसकी approval से लगना चाहिए । यही democratic तरीका है । अगर हम ऊपर से कोई चीज़ impose करेंगे तो उस के consequences बड़े serious हो सकते हैं । इस लिए मैं यह अर्ज करूंगा कि हमें democratic ढंग से by persuasion, by conviction ग्राम सभा को यानी लोगों को बताना चाहिए कि यह जो cess, fee या टैक्स पंचायत लगाना चाहती है उस का कारण यह है कि हम यह पैसे गांव की बेहतरी के लिए और development के लिए लेना चाहते हैं और उनकी approval के साथ यह सारी बात होनी चाहिए । अगर इस तरह लगाएंगे तब तो बात ठीक है लेकिन अगर बगैर उनकी approval के हम ऊपर से ही कोई चीज़ उन पर लाद देंगे तो इस का कोई फायदा नहीं होगा और हम उनके sentiments को उल्टा bitter करेंगे । इस तरह करने से तो सारी पंचायती democracy फेल हो जाती है और rural self-Government का मकसद फौत हो जाता है । फिर अगर deadlock हो जाए कि पंचायत कहे कि हम टैक्स नहीं लगाते हैं और नहीं लगना चाहिए और गवर्नमेंट कहे कि नहीं ज़रूर लगाएंगे तो उस को किस तरह resolve करेंगे इस का कोई provision नहीं रखा है । इसीलिए मैं कहता हूं कि यह चीज़ ग्राम सभा

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[चौधरी इन्द्र सिंह]

की approval से होनी चाहिए और यह proviso delete होना चाहिए। मैं भी चाहता हूं कि पंचायतों के resources वसीह हों और उसके लिए cess, levy, fee, taxes वगैरह लगें लेकिन यह ग्राम सभा की approval से लगने चाहिएं। अगर ग्राम सभा की approval से टैक्स लगाएंगे तो उसके ठोस नतायज निकलेंगे और पंचायत और लोगों के दरमियान bitterness पैदा नहीं होगी। इसलिए मैं कहता हूं कि इस proviso को delete कर दें। वैसे भी कोई बात बनती नहीं है। अगर आप यह अख्तियारात दे दें। अगर Legislature कोई tax का कानून पास न करे लेकिन गवर्नमेंट कहे कि चाहे आप पास करें या न करें हम ज़रूर लगाएंगे और impose करेंगे तो मेरा ख्याल है कि अगर ऐसा तरीका बन जाए चाहे छोटे level पर या बड़े level पर तो उसके नतायज अच्छे नहीं निकल सकते और उस से कशीदगी ही बढ़ेगी। इसलिए मेरी अर्ज़ है कि इस proviso को delete किया जाए।

Mr. Speaker : Motion moved —

In the proposed section 82(1), line 4, —

between "shall" and "impose" *insert* "with the approval of Gram Sabha".

श्री मंगल सैन (रोहतक) : स्पीकर साहिब, इस समय धारा 12 पर विचार चल रहा है और मैं इस सम्बन्ध में दो तीन बातों की तरफ मंत्री महोदय का ध्यान दिलाना चाहता हूं। एक बात यहां sub-clause (d) में कही गई है कि all donations पंचायत फंड में जाएंगी लेकिन यह नहीं बताया गया कि कौनसी donations पंचायत के अधिकार में रखी गई हैं। आया जो भी चंदे वगैरह वसूल होंगे वह सारे के सारे उनको जाएंगे यह बात समझ में नहीं आती है। फिर sub-clause (f) में कहा गया है कि जितना कूड़ा-किरकट पंचायत के मुलाज़िम इकट्ठा करेंगे और जो मृत पशु होंगे जिनको कोई claim नहीं करेगा उन सब से जो आमदनी होगी वह भी पंचायत फंड में जाएगी। आज तक जो प्रथा चली आती है गांव के अन्दर उसके मुताबिक जो खाद रूड़ी का काम करते हैं उनको ही इस सारे गंद का अधिकार दिया जाता है और वही उसके मालिक बनते हैं लेकिन यह पंचायतों को दे रहे हैं। यह प्रथा उसी तरह रहनी चाहिए। फिर, जनाब, इसी कलाज़ के भाग (g) में यह कहा गया है कि गांव में जितने भी जौहड़ हैं उनमें मछलियां पालने के ठेके दिए जाएंगे और उन से जो आमदनी होगी वह भी पंचायतों को जाएगी। मेरा निवेदन यह है कि मछलियां पालने का अधिकार देने और पालने से पहले ही कानून बना देना कि पंचायतों को आमदनी होगी इस का मतलब है कि हम जनता को मछलियां खाने के लिए direct नहीं तो indirect तौर पर encourage करना चाहते हैं। स्पीकर साहिब, यह चीज़ बिल्कुल नहीं होनी चाहिए (हंसी) यह नहीं होना चाहिए। फिर आगे टैक्स लगाने के अधिकार की व्यवस्था की गई है। लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि पहले ही बहुत ज्यादा taxes लगे हुए हैं अब नए नहीं लगने चाहिएं। इस में शक नहीं है कि पंचायतों का काम चलाने के लिए पैसे की ज़रूरत है लेकिन मैं कहूंगा कि सरकार ने जो इतने taxes अर्थात् passengers tax, water

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

tax, sales tax वगैरह वगैरह लगाए हुए हैं उन में से कुछ share पंचायतों को दें ताकि और टैक्स पंचायतों को लगाने की ज़रूरत न पड़े। फिर यह भी कहा गया है कि गांव में कोई चीज़ बेचने पर, gift में देने पर और mortgage करने पर भी उसकी proceeds की कुछ percentage ली जाएगी। इस प्रकार से पंचायतों को गांव की सारी जनता की जेब पर छापा मारने के अधिकार दिए जा रहे हैं। यह बिल्कुल अनुचित है पशुओं के बेचने के सम्बन्ध में भी कहा गया है कि इनको रजिस्टर करना चाहिए और उसकी फीस लेनी चाहिए और वह पंचायतों को मिलनी चाहिए। यह सब मजाक है जो यह करने चली है। आज पशुओं की registration करने लगे हैं तो कल को यह प्राणियों के पैदा होने पर और मरने पर भी टैक्स लगाएंगे और पैसे मांगेंगे। मुझे डर है कि घर से बाहर निकलने पर भी टैक्स न लगा दें। फिर कहा गया है कि मेलों वगैरह में जो दुकानें लगेंगी उन से भी पैसे लिए जाएंगे। आखिर कोई काम तो रहने देना चाहिए जो जनता खुले तौर पर कर सके। मैं कहता हूं कि हर बात में पाबन्दी और रुकावट न डालें यह पुरुष स्वभाव के विरुद्ध है। फिर कहते हैं कि जिन गांव में waterworks का प्रबन्ध होगा वहां पानी पर भी टैक्स लगेगा। मैं अर्ज़ करता हूं कि कोई चीज़ तो गांव में रहने दो जिस पर टैक्स न हो। हमारे गांव में कुओं से लोग आज तक पानी भरते आ रहे हैं मगर किसी सरकार ने टैक्स नहीं लगाया और पानी के पैसे नहीं लिए लेकिन यह सरकार और इस के मंत्री जो welfare State का दावा करते हैं और तालियों की गड़गड़ाहट में, पुष्प मालाएं पहन कर ऊंची एड़ियां कर कर के जयकारों की गूंज में गला फाड़ फाड़ कर कहते हैं कि लोगों की भलाई के लिए हम ने यह पद संभाले हैं लेकिन अब कहते हैं कि आपको पानी तब मिलाएंगे जब आप पानी का टैक्स देंगे। मुझे डर है कि यह लोगों का welfare करने का दावा करने वाली सरकार लोगों के खाने पीने और घरों से बाहर निकलने पर भी टैक्स न लगा दे।

स्पीकर साहिब, मैं समझता हूं कि ग्राम पंचायतों को taxation के अधिकार देने उचित नहीं हैं। और कानूनी तौर पर हमारी समझ में यह बात नहीं आती कि ग्राम पंचायतें टैक्स लगाने वाली agency कैसे हो सकती हैं। स्पीकर साहिब, आप जानते हैं कि जनता पहले ही टैक्स के बोझ से दबी हुई है। उन्हें ज़्यादा परेशान नहीं करना चाहिये। बेचारे ज़मीदारों और छोटे दुकानदारों की कमर टैक्स के बोझ से पहले दबी हुई है और ऊपर से और टैक्स impose किये जा रहे हैं। हर तरह से जनता को परेशान किया जा रहा है। मैं इस बात की मुखालिफत करता हूं। टैक्स लगाने के अधिकार उन्हें नहीं देने चाहिएं।

ਸਮੂਹਿਕ ਵਿਕਾਸ ਮੰਤਰੀ (ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਬੰਤਾ ਸਿੰਘ) : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਗੱਲ ਤੇ ਵਡੀ ਨਹੀਂ ਸੀ ਲੇਕਿਨ ਵਡੀ ਬਣਾ ਦਿਤੀ ਗਈ ਹੈ। ਮਛੀਆਂ ਤੇ ਤਹਿ ਬਾਜ਼ਾਰੀ ਦੇ ਮੁਤੱਲਕ ਇਤਰਾਜ਼ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ। ਜਿਥੋਂ ਤਕ ਮੱਛੀਆਂ ਦਾ ਸਵਾਲ ਹੈ, ਸਾਡਾ ਤੇ programme ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਜਿਹੜੇ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ ਛੱਪੜ ਪਏ ਹੋਏ ਹਨ ਉਹ ਸਿਵਾਏ ਗੰਦਗੀ ਫੈਲਾਉਣ ਦੇ ਕਿਸੇ ਕੰਮ ਨਹੀਂ ਆਉਂਦੇ। ਜੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਮੱਛੀਆਂ ਪਾ ਦਿਤੀਆਂ ਜਾਣ ਤਾਂ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[ਸਾਮੂਹਿਕ ਵਿਕਾਸ ਮੰਤ੍ਰੀ]

ਨਾਲ ਹਜ਼ਾਰਾ ਰੁਪਏ ਸਾਲਾਨਾਂ ਦੀ ਆਮਦਨੀ ਹੋ ਸਕਦੀ ਹੈ ਜਿਸ ਨਾਲ ਪਿੰਡਾਂ ਦੀ ਬੇਹਤਰੀ ਹੋ ਸਕਦੀ ਹੈ । ਪੰਚਾਇਤਾਂ ਵਾਸਤੇ ਇਹ ਆਮਦਨ ਵਧਾਉਣ ਦਾ ਇਕ ਜ਼ਰੂਰੀ ਅੰਗ ਹੈ । ਜਿਹੜੇ ਛਪੜ ਪਏ ਹੋਏ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਨੀਲਾਮ ਕੀਤਾ ਜਾਏ ਤੇ ਮਛੀਆਂ ਨੂੰ ਫਰੋਖਤ ਕਰਕੇ ਪੈਸੇ ਕਮਾਏ ਜਾਣ । ਰਾਠੀ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਇਕ ਗੱਲ ਕੀਤੀ ਅਤੇ ਉਹ ਹਰ ਜਗ੍ਹਾ ਹਰੀਜਨ ਦਾ ਸ਼ਬਦ ਜ਼ਰੂਰ ਲੈ ਆਉਂਦੇ ਹਨ । ਅਸਾਂ provision ਕੀਤਾ ਹੈ ਕਿ ਪਿੰਡ ਵਿਚ ਜੇ ਕੋਈ dead animal ਨੂੰ claim ਨਾ ਕਰੇ ਤਾਂ ਉਸਦਾ ਹਕ ਪੰਚਾਇਤ ਨੂੰ ਜਾਵੇਗਾ । Claim ਦਾ ਸ਼ਬਦ ਇਸ ਲਈ ਰਖਿਆ ਹੈ ਕਿਉਂਕਿ ਹਰੀਜਨ ਸ਼ਿਕਾਇਤ ਕਰਦੇ ਹਨ ਕਿ custom ਦੇ ਮਾਤਹਿਤ ਉਹ ਇਸ ਚੀਜ਼ ਦੇ ਮਾਲਕ ਹਨ । ਰਾਠੀ ਸਾਹਿਬ ਨੂੰ ਪਤਾ ਹੈ ਕਿ Regional Committee ਵਿਚ ਹਰੀਜਨਾਂ ਨੇ protest ਕੀਤਾ ਸੀ ਕਿ ਸਾਡੀ ਚੀਜ਼ ਸਾਥੋਂ ਕਿਉਂ ਖੋਂਹਦੇ ਹੋ ਤੇ ਪੰਚਾਇਤ ਨੂੰ ਕਿਉਂ ਦੁਆਉਂਦੇ ਹੋ । ਅਸੀਂ ਇਸ ਵਾਸਤੇ claim ਦੇ ਸ਼ਬਦ ਰਖੇ ਹਨ ਕਿ ਜੇ ਕੋਈ claim ਕਰੇ ਤਾਂ custom ਦੇ ਮੁਤਾਬਕ ਚੁਕ ਸਕਦਾ ਹੈ ਜੇ claim ਨਾ ਕਰੇ ਤਾਂ ਪੰਚਾਇਤ ਉਸ dead animal ਨੂੰ ਫਰੋਖਤ ਕਰੇ ਔਰ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਉਹ ਆਪਣੀ ਆਮਦਨ ਵਧਾ ਸਕਦੀ ਹੈ । ਫਿਰ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਤਹਿ ਬਾਜ਼ਾਰੀ ਦਾ ਜ਼ਿਕਰ ਕੀਤਾ ਗਿਆ । ਕਈ ਪੰਚਾਇਤਾਂ ਨੇ water works ਲਾਏ ਹਨ ਤੇ ਨਾਲੀਆਂ ਨਾਲ ਪਾਣੀ ਚੁਲ੍ਹਿਆਂ ਤਕ ਪਹੁੰਚਾਇਆ ਹੈ । ਜਿਹੜੀ ਪੰਜਾਇਤ ਦਸ ਵੀਹ ਹਜ਼ਾਰ ਖਰਚ ਕਰ ਕੇ water works ਲਗਾਂਦੀ ਹੈ ਤੇ ਲੋਕਾਂ ਦਿਆਂ ਘਰਾਂ ਵਿਚ ਪਾਣੀ ਪਹੁੰਚਾਉਂਦੀ ਹੈ ਉਹ ਕਿਉਂ ਨਾ ਟੈਕਸ ਲਾਵੇ । ਪਹਾੜੀ ਜ਼ਿਲਾ ਕਾਂਗੜਾ ਵਿਚ ਪੰਚਾਇਤਾਂ ਨੇ ਦੋ ਦੋ ਮੀਲ ਤੋਂ ਪਾਣੀ ਲਿਆਕੇ ਨਾਲੀਆਂ ਦੇ ਜ਼ਰੀਏ ਘਰਾਂ ਤਕ ਪਹੁੰਚਾਇਆ ਹੈ । ਜੇ ਉਹ ਲੋਕਾਂ ਕੋਲੋਂ ਕੁਝ amount ਲੈ ਲੈਣ ਤਾਂ ਇਸ ਵਿਚ ਕੀ ਹਰਜ ਹੈ । ਤਹਿ ਬਾਜ਼ਾਰੀ ਦੇ ਮੁਤੱਲਕ ਕਿਹਾ ਗਿਆ । ਜਿਥੇ ਮੰਡੀ ਲਗਦੀ ਹੈ, ਮੇਲਾ ਲਗਦਾ ਹੈ, ਪੰਚਾਇਤ ਦੀ ਜ਼ਮੀਨ ਤੇ ਲੋਕ ਦੁਕਾਨਾਂ ਲਾਂਦੇ ਹਨ । ਜੇ ਦੁਕਾਨਾਂ ਵਾਲਿਆਂ ਕੋਲੋਂ ਇਕ ਜਾਂ ਦੋ ਰੁਪਏ ਵਸੂਲ ਵੀ ਕਰ ਲਏ ਜਾਣ ਤਾਂ ਇਸ ਵਿਚ ਕੀ ਹਰਜ ਹੈ । ਮੇਰੇ ਮਾਨਯੋਗ ਮਿਤ੍ਰ ਚੌਧਰੀ ਇੰਦਰ ਸਿੰਘ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਟੈਕਸ ਲਗਾਉਣਾ ਸਰਕਾਰ ਦਾ ਇਖਤਿਆਰ ਹੈ । ਲੋਕਾਂ ਤੇ ਪੰਚਾਇਤਾਂ ਟੈਕਸ ਨਹੀਂ ਲਾ ਸਕਦੀਆਂ । ਮੈਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਦਸ ਦੇਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਕਈ ਪੰਚਾਇਤਾਂ ਨੇ ਚੁਲ੍ਹਾ ਟੈਕਸ ਨਹੀਂ ਲਾਇਆ, ਜੇ ਲਾਇਆ ਹੈ ਤਾਂ ਵਸੂਲ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ । ਲੋਕਾਂ ਦੀਆਂ ਸਹੂਲਤਾਂ ਵਾਸਤੇ, ਪਿੰਡਾਂ ਦੀ development ਵਾਸਤੇ, ਸਰਕਾਰ ਦਾ ਫਰਜ਼ ਹੈ ਕਿ ਜਿਹੜੀ ਪੰਚਾਇਤ ਕੋਤਾਹੀ ਕਰਦੀ ਹੈ ਤੇ ਟੈਕਸ ਵਸੂਲ ਨਹੀਂ ਕਰਦੀ ਤਾਂ ਉਹ ਖੁਦ ਆਪਣੇ ਤਰੀਕੇ ਨਾਲ ਟੈਕਸ ਲਾਏ । ਮੇਰੇ ਮਾਨਯੋਗ ਮਿਤ੍ਰ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਗਲਾਂ ਕਰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚੋਂ ਟੈਕਸ ਇਕਠਾ ਕਰਕੇ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਆਪਣੇ ਲਈ ਖਰਚ ਕਰਨਾ ਹੈ । ਜਿਹੜੇ ਟੈਕਸ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚੋਂ ਲਏ ਜਾਂਦੇ ਹਨ ਉਹ ਪਿੰਡਾਂ ਦਾ ਸੁਧਾਰ ਤੇ development ਕਰਨ ਲਈ ਖਰਚ ਕੀਤੇ ਜਾਂਦੇ ਹਨ । ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਬਹੁਤ ਸਾਰੇ ਟੈਕਸ ਲਾਉਣ ਦੀ ਆਗਿਆ ਪੰਚਾਇਤਾਂ ਨੂੰ ਦਿੱਤੀ ਹੈ । ਉਹ ਟੈਕਸ ਸਰਕਾਰ ਦੇ ਮਸ਼ਵਰੇ ਨਾਲ ਲਏ ਜਾਣਗੇ । ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਇਹ ਇਖਤਿਆਰ ਫੇਰ ਵੀ ਆਪਣੇ ਹਥ ਵਿਚ ਰਖਿਆ ਹੈ ਤਾਂ ਜੋ ਉਹ ਪਿੰਡਾਂ ਦੀ ਪਬਲਿਕ ਨੂੰ ਜ਼ਿਆਦਾ ਤੰਗ ਨਾ ਕਰਨ । ਪੁਛ ਗਿਛ ਕੇ ਟੈਕਸ ਲਾਉਣ ਤਾਂ ਜੋ ਲੋਕ ਦੁਖੀ ਨਾ ਹੋਣ । ਇਸ ਕਲਾਜ਼ ਵਿਚ ਜੋ ਟੈਕਸ

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

provide ਕੀਤੇ ਨੇ ਉਹ ਬਿਲਕੁਲ ਜਾਇਜ਼ ਹਨ, ਪਿੰਡਾਂ ਦੇ ਸੁਧਾਰ ਵਾਸਤੇ ਹਨ। ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਦਰਖਾਸਤ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਇਸ ਕਲਾਜ਼ ਨੂੰ ਇਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਪਾਸ ਕੀਤਾ ਜਾਏ।

Mr. Speaker : Question is —

In sub-section (2) of proposed section 81, line 3, between "revenue" and "not" *insert,* —

"and water rate".

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is —

In sub-section (2) of proposed section 81, lines 5-6, between "revenue" and "realized *insert,* —

"and water rate"

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is —

In sub-section (1)(f) of proposed section 81, lines 4—7, —

delete "bodies of animals not claimed by any person in accordance with any custom or usage".

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is—

In sub-section (2) of proposed Section 81, line 4,—

for "ten", *substitute* "twenty-five".

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is —

In sub-section(1) of proposed section 82, *delete* parts (b), (c) and (d).

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is —

In sub-section (2) of proposed section 82, *delete* parts (iii) and (iv).

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is —

In the proposed section 82(1) line 4,—
between "shall" and "impose" *Insert* "with the approval of Gram Sabha"

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is —
That Clause 12, as reported by the Regional Committees, stand part of the Bill.

6 p.m.

The motion was carried.

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

CLAUSE 13

चौधरी धर्म सिंह राठी (सम्भालका) : हमारे Principal Panchayat Act में जो provision की गई थी और जोकि 1952 से चली आ रही है हमारे वज़ीर साहिब उस को उड़ाना चाहते हैं। सन् 1958 की बात है कि हमारे चीफ मिनिस्टर साहिब बाहर कहींगए, उन्होंने पंचायत देखी और यह कहा कि हम पंचायत की unions को मज़बूत करेंगे, यह बड़ी अच्छी चीज़ है। Unions कामयाब होनी चाहिये। वहां तो यह कह कर आए कि unions को मज़बूत करेंगे लेकिन यहां पर unions को खत्म कर रहे हैं। इस सरकार के नेता public platform पर तो कुछ और कहते हैं लेकिन बाद में कुछ और कहते हैं। पता नहीं चलता कि इस गवर्नमेंट का क्या असूल है, किन असूलों पर कायम है, कौन क्या करता है। किसी वक्त तो चीफ मिनिस्टर साहिब की बात चल जाती है और किसी वक्त मिनिस्टर साहिब की बात चल जाती है । (*interruptions*) मैं joint responsibility को मानता हूं मगर चीफ मिनिस्टर क्यों ऐसी बात कहें अगर उन की बात मानी नहीं जाती तो यह क्लाज़ जमहूरियत के रास्ते में रुकावट डालती है। जो जमहूरी हक पंचायतों को मिला हुआ था इस क्लाज़ के ज़रिये उस हक को यह सरकार छीनना चाहती है। यह बड़ी ज्यादती है ऐसी बात नहीं करनी चाहिये और पंचायत की unions रहनी चाहियें।

चौधरी इन्द्र सिंह(जींद जनरल): अध्यक्ष महोदय, जो कुछ राठी साहिब ने कहा है मैं उस की ताईद करने के लिये खड़ा हुआ हूं। मैं आप की मार्फत यह जानना चाहता हूं कि वह कौनसी वजूहात थीं जिन की बिना पर पंचायत यूनियनों के सिलसिले में जो सेकशन था उस को omit करने की ज़रूरत महसूस हुई। मेरा ख्याल है कि वज़ीर साहिब ज़रूर इस बात पर रोशनी डालेंगे। पंचायतों के कर्मचारियों के लिए एक democratic right था और मैं पूछने की जुरअत करूंगा कि वे बताएं कि कौन सी वजूहात थीं जिन की बिना पर पंचायत की यूनियनों को उड़ा दिया गया। चाहिए तो यह था कि इन unions को मज़बूत किया जाता ताकि वे इकट्ठे मिल कर पंचायतों की working के बारे में improvement करने की बात सोचते, जो shortcomings थीं उन को दूर करने की बात सोची जाती। लेकिन उलटा उन unions को उड़ाया जा रहा है। मैं उम्मीद करता हूं, कि वह कौनसी वजूहात थीं, इस बात पर वज़ीर साहिब रोशनी डालेंगे।

ਸਾਮੂਹਿਕ ਵਿਕਾਸ ਮੰਤਰੀ*(ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਬੰਤਾ ਸਿੰਘ) : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੇਰੇ ਦੋਸਤ ਪੜ੍ਹੇ ਲਿਖੇ ਵਕੀਲ ਹਨ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਪਤਾ ਹੈ ਕਿ ਅਸੈਂਬਲੀ ਵਿਚ ਕੀ ਹੋ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਮੇਰੇ ਦੋਸਤ ਪਿਛਲੇ ਪਾਸੇ ਵਲ ਵੇਖਦੇ ਹਨ, ਅਗਲੇ ਪਾਸੇ ਨਹੀਂ ਵੇਖਦੇ । 1952 ਵਿਚ ਜਦੋਂ ਇਹ Act ਪਾਸ ਹੋਇਆ ਸੀ ਤੇ ਤਾਂ ਪੰਚਾਇਤਾਂ ਵਿਚ Thana Unions ਅਤੇ Tehsil Unions ਦੀ provision ਸੀ। ਤਹਿਸੀਲ ਜਾਂ ਥਾਣੇ ਦੇ ਪੰਚ ਇਕੱਠੇ ਹੋਕੇ Union ਬਣਾ ਲੈਂਦੇ ਸਨ ਜਿਸ ਨੂੰ Tehsil Union ਜਾਂ Thana Union ਕਿਹਾ ਜਾਂਦਾ ਸੀ। ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਅਜੇ ਪਰਸੋਂ ਹੀ ਇਕ ਬਿਲ introduce ਕੀਤਾ ਹੈ ਜਿਸ ਦੇ ਮਾਤਹਿਤ ਜ਼ਿਲਾ ਪਰੀਸ਼ਦ ਅਤੇ ਪੰਚਾਇਤ ਸੰਮਤੀਆਂ ਬਣਾਈਆਂ

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

ਜਾਣਗੀਆਂ। ਹਰ block ਵਿਚ, ਹਰ ਤਹਿਸੀਲ ਵਿਚ ਪੰਚਾਇਤ ਸੰਮਤੀ ਬਣੇਗੀ । ਪੰਚ ਅਤੇ ਸਰਪੰਚ ਇਕੱਠੇ ਹੋਕੇ ਪੰਚਾਇਤ ਸਮਤੀਆਂ ਦੀ election ਕਰਿਆ ਕਰਨਗੇ । ਪੰਚਾਇਤ Unions ਉਪਰ ਤਾਂ ਖਰਚ ਕਰਨ ਨੂੰ ਸਰਕਾਰ ਕੋਲ ਇਕ ਪੈਸੇ ਦੀ provision ਨਹੀਂ ਸੀ, ਨਾ ਕੋਈ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਦਫਤਰ ਸੀ ਅਤੇ ਨਾ ਹੀ ਕੋਈ ਹੋਰ facility ਸੀ । ਉਹ ਫਕਤ ਬਰਾਏ ਨਾਮ ਹੀ ਸਨ । ਕਿਸੇ ਕਿਸੇ ਥਾਂ ਬਣੀਆਂ ਹੋਈਆਂ ਸਨ ਅਤੇ ਬਹੁਤ ਸਾਰਿਆਂ ਇਲਾਕਿਆਂ ਵਿਚ ਨਹੀਂ ਸੀ ਬਣੀਆਂ ਹੋਈਆਂ । ਪਰ ਜਿਹੜੀਆਂ ਅਸੀਂ ਪੰਚਾਇਤ ਸੰਮਤੀਆਂ ਬਣਾ ਰਹੇ ਹਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਅਸੀਂ ਲੱਖਾਂ ਰੁਪਏ ਦਾ ਬਜਟ ਦਿੱਤਾ ਹੈ । ਦਫਤਰ provide ਕੀਤੇ ਹਨ ਹੋਰ ਵੀ ਬਹੁਤ ਸਾਰੀਆਂ facilities ਦੇ ਰਹੇ ਹਾਂ । ਅਜੇ ਪਰਸੋਂ ਹੀ Bill introduce ਕੀਤਾ ਹੈ ਜਿਹੜਾ ਕਿ Regional Committees ਨੂੰ ਭੇਜਿਆ ਹੈ । ਜਦੋਂ ਪੰਚਾਇਤ ਸੰਮਤੀਆਂ ਬਣਾਈਆਂ ਜਾ ਰਹੀਆਂ ਹਨ ਤਾਂ unions ਦੀ ਜ਼ਰੂਰਤ ਕਿਥੇ ਰਹਿ ਜਾਂਦੀ ਹੈ । ਜਿਥੇ ਪਹਿਲੇ union ਦਾ ਲਫਜ਼ ਸੀ ਉਥੇ ਪੰਚਾਇਤ ਸੰਮਤੀ ਦਾ ਲਫਜ਼ ਰਖ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ।

Mr. Speaker : Question is —

That Clause 13, as reported by the Regional Committees, stand part of the Bill.

The motion was carried.

CLAUSES 14 AND 15

Mr. Speaker : Question is —

That Clauses 14 and 15 as reported by the Regional Committees stand part of the Bill.

The motion was carried.

CLAUSE 16

Chaudhri Dharam Singh Rathi (Sambhalka) : Sir, I beg to move —

Delete Sub-Clause (2).

मेरी amendment यह है कि क्लाज़ दो जो है उस को delete किया जाए। इस में कोई शक नहीं है कि जब सरपंचों से file मंगवाई जाती है, नकलें मंगवाई जाती हैं तो बाज़ दफा वे late भेजते हैं, यह बात ठीक है। लेकिन इतना सख्त कानून बनाना और इतनी hardship करना कि उन को remove किया जा सकता है ठीक नहीं है। यह बड़ी भारी ज्यादती है। हो सकता है कि मिसल मंगवाई जाए और सरपंच के पास हुक्म ही न पहुँचा हो तो उस सूरत में remove करना बड़ी भारी ज्यादती है। हो सकता है कि नकल की दरखास्त दी जाए और उस के पास पहुंचे ही न तो delete कर देना जुल्म होगा । मेरी amendment यह है कि इस क्लाज़ को किया जाना चाहिए।

Mr. Speaker : Motion moved —

Delete Sub-clause (2).

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

ਸਾਮੂਹਿਕ ਵਿਕਾਸ ਮੰਤਰੀ (ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਬੰਤਾ ਸਿੰਘ) : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਕਈ ਪੰਚ ਜਾਂ ਸਰਪੰਚ ਨਕਲ ਦਿੰਦੇ ਵੇਲੇ ਇਰਾਦਤਨ ਦੇਰ ਕਰ ਦਿੰਦੇ ਹਨ । ਮੈਂ Executive instructions ਦੇ ਰਾਹੀਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕਹਿਣ ਲਗਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਿਸ ਵੇਲੇ ਉਹ ਕਿਸੇ ਮੁਕਦਮੇ ਦਾ ਫ਼ੈਸਲਾ ਕਰਨ, ਉਸੇ ਵੇਲੇ ਨਕਲ ਦਿਤੀ ਜਾਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ ਤਾਂ ਜੋ ਉਹ ਆਦਮੀ ਜਾਕੇ ਪੇਸ਼ ਕਰ ਸਕੇ । ਇਸ ਕਰਕੇ ਇਹ ਚੀਜ਼ ਬੜੀ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹੈ ।

Mr. Speaker : Question is —

Delete Sub-Clause (2).

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is —

That clause 16 as reported by the Regional Committees stand part of the Bill.

The motion was carried.

CLAUSE 17

Mr. Speaker : Question is —

That Clause 17, as reported by the Regional Committees, stand part of the Bill.

The motion was carried.

CLAUSE 18

Mr. Speaker : Question is —

That Clause 18, as reported by the Regional Committees, stand part of the Bill.

The motion was carried.

CLAUSES 19 TO 24

Mr. Speaker : Question is —

That Clauses 19 to 24, as reported by the Regional Committees, stand part of the Bill.

The motion was carried.

(*Chaudhri Dharam Singh Rathi rose to speak*).

श्री अध्यक्ष : आप की amendment out of order है, वैसे आप बोल सकते हैं। (His amendment is out of order. However, he can speak on the clause.)

Sardar Umrao Singh (Nakodar 'General') : Sir, I beg to move —

In lines 6-7, —

Delete "make such provisions or"

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Punjab Digital Library

ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਇਹ ਜਿਹੜੀ Executive ਨੂੰ authority ਦਿੱਤੀ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ ਇਹ ਇਤਨੀ wide ਹੈ ਕਿ ਜਿਹੜੀ legislature ਨੂੰ ਉਸ ਦੇ ਹਥ ਵਿਚ ਨਹੀਂ ਦੇਣੀ ਚਾਹੀਦੀ। ਇਨ੍ਹਾਂ defects ਨੂੰ ਰੋਕਣ ਲਈ ਹੋਰ ਬੜੀਆਂ remedies ਵੀ ਹੋ ਸਕਦੀਆਂ ਹਨ। ਮਾਸਟਰ ਜੀ ਨੇ ਕਲ੍ਹ ਦਸਿਆ ਸੀ ਕਿ ਅਸਾਂ ਜਿਹੜੇ ਪਹਿਲੇ ਇਸ ਅਸੈਂਬਲੀ ਵਿਚ Acts ਪਾਸ ਕੀਤੇ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਵੀ ਅਜਿਹਾ provision ਕੀਤਾ ਹੋਇਆ ਹੈ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਕੁਝ instances ਵੀ quote ਕੀਤੀਆਂ। ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਉਹ ਸਿਰਫ Extension Acts ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਉਹ emplications ਨਹੀਂ ਹੋਣੀਆਂ ਜਿਹੜੀਆਂ ਕਿ ਇਸ Act ਨਾਲ ਹੋਣੀਆਂ ਹਨ ਜਿਹੜਾ ਕਿ ਪੰਚਾਇਤਾਂ ਦੀ day-to-day working ਨਾਲ ਸਬੰਧ ਰਖਦਾ ਹੈ। ਪੰਚਾਇਤਾਂ ਦਾ ਇਹ Act Extension Act ਨਹੀਂ ਇਸ ਵਿਚ ਹੋਰ ਬੜੀਆਂ ਗਲਾਂ ਆਈਆਂ ਹਨ। ਇਹ clause ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਪਾਸ ਕਰਨ ਨਾਲ ਇਸ ਬਿਲ ਦਾ ਮਕਸਦ ਹੀ defeat ਹੋ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਹਾਂ, ਬਾਕੀ ਜਿਹੜੇ defects ਨਜ਼ਰ ਆਉਣ, ਉਹ directions ਨਾਲ ਵੀ ਦੂਰ ਹੋ ਸਕਦੇ ਹਨ। ਇਸ ਲਈ ਇਨ੍ਹਾਂ ਲਫਜ਼ਾਂ ਨਾਲ ਮੈਂ ਆਪਣੀ amendment ਆਪਦੇ ਸਾਹਮਣੇ ਰਖਦਾ ਹਾਂ ਔਰ ਆਸ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਮੰਜ਼ੂਰ ਹੋਵੇਗੀ

Mr. Speaker : Motion moved—

In lines 6-7, —

Delete "make such provisions or".

ਸ੍ਰੀ ਸਪੀਕਰ ; ਕੀ ਤੁਸੀਂ ਇਹ amendment ਮੰਜ਼ੂਰ ਕਰਦੇ ਹੋ (Does the hon. Minister accept this amendment ?)

ਸਾਮੂਹਿਕ ਵਿਕਾਸ ਮੰਤਰੀ : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ ਤਾਂ ਕਲ੍ਹ ਵੀ ਅਰਜ਼ ਕੀਤੀ ਸੀ ਕਿ ਇਸ clause 25 ਵਿਚ.........

ਸ੍ਰੀ ਸਪੀਕਰ : ਮੈਂ ਇਹ ਪੁਛਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਕੀ ਸਰਦਾਰ ਉਮਰਾਓ ਸਿੰਘ ਵਾਲੀ amendment official amendment ਹੈ ? (What I want to enquire is whether the amendment moved by Sardar Umrao Singh is an official amendment ?)

ਸਾਮੂਹਿਕ ਵਿਕਾਸ ਮੰਤਰੀ : ਸਰਦਾਰ ਉਮਰਾਓ ਸਿੰਘ ਦੀ ਦੋ ਤਿੰਨ ਲਫਜ਼ ਕਢਣ ਦੀ amendment ਹੈ। ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਪਹਿਲੇ ਜਦ ਇਸ ਉਪਰ ਬਹਿਸ ਹੋਈ ਤਾਂ ਮੈਂ ਦਸ ਦਿਤਾ ਸੀ ਕਿ ਇਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੇ 6 ਐਕਟ ਇਸੇ Legislature ਦੇ ਔਰ ਦੇ Central Parliament ਦੇ ਪਾਸ ਕੀਤੇ ਹੋਏ ਹਨ। ਉਹ ਵੀ Extension Acts ਹਨ......(*Interruptions.*)

ਸ੍ਰੀ ਸਪੀਕਰ : ਆਪ ਜਵਾਬ ਫਿਰ ਦੇ ਲੈਣਾ, ਪਹਿਲਾਂ ਰਾਠੀ ਜੀ ਨੂੰ ਬੋਲ ਲੈਣ ਦਿਓ। (He may reply after Shri Rathi has spoken.)

Original with; Punjab Vidhan Sabha Digitized by; Panjab Digital Library

चौधरी धर्म सिंह राठी (सम्भालका) : स्पीकर साहिब, जो बात clause 25 में दर्ज की गई है, यह एक अजीब सी बात है। आज इस किस्म का provision हमने किसी बिल में नहीं देखा, किसी Act में नहीं देखा। मेरे फाज़िल वज़ीर साहिब ने कल कुल Act का हवाला दिया था। स्पीकर साहिब वह Acts तो Extension Acts थे। उनका scope बिल्कुल limited है। और वह पास भी इस तरह से करवाए गए थे कि इन के पास होने से कुछ नहीं होगा, कोई फर्क नहीं पड़ेगा। ये लफज़ कह कर बिल पास करवा लिए। लोक सभा, हिन्दुस्तान की किसी भी State Assembly या कौंसल में इस किस्म का कानून नहीं बना। हमारे वज़ीर साहिब किसी भी जगह की कोई मिसाल नहीं दे सकते। जिन Acts का उन्होंने हवाला दिया है, वह महज़ Extension Acts हैं और इस तरह का कोई उनमें provision नहीं है जैसा कि इस बिल की clause 25 में है। इसलिए, स्पीकर साहिब, यह बिल बिल्कुल unconstitutional है। कोई बिल ऐसे अख्तियारात को अफसरों के हाथ में नहीं देता जोकि सिर्फ Assembly exercise कर सकती हो। बिल को amend करने का खास procedure होता है और वह procedure हमारे rule में defined है। यह clause तो उन सभी rules और कायदों को रद करना चाहती है। गोया कि executive इस असेम्बली से भी supreme है। समझ नहीं आती कि इस किस्म के अख्तियारात गवर्नमेंट कैसे acquire करना चाहती है। स्पीकर साहिब, एक तरफ तो ये कहते हैं कि हम ने decentralisation of power करना है। बाहर जा कर ऐलान किए जाते हैं कि हम बड़ी radically decentralisation of power करना चाहते हैं लेकिन अमल में क्या हो रहा है ? कोई भी ऐक्ट, स्पीकर साहिब, आप उठा कर देख लें—हर किसी में कोई न कोई power किसी न किसी बहाने से सरकार ने अपने हाथों में लेने का यत्न किया। कभी टैक्स लगाने के, कभी जुर्माना करने के और इसी तरह लोगों पर एक के बाद दूसरी ज्यादती करने के अख्तियारात सरकार लेती जा रही है। इस धरती के ऊपर जितने अख्तियारात हो सकते हैं वह सब सरकार अपने हाथों में लेना चाहती है। वह इन्हें किसी दूसरी body को, legislature को, public के, representatives को, पंचायतों को नहीं देना चाहती। एक हाथ से अधिकार देते हैं और दूसरे हाथ से छीन लेते हैं। इस बिल की पहली clauses के अन्दर पंचायतो को कुछ अधिकार दिए गए, मगर clause 25 मे आकर सब को छीन लिया। इसमें आकर कह दिया कि गवर्नमेंट इस ऐक्ट की implementation में जो difficulty देखेगी वह बगैर असेम्बली को refer किए खुद दूर कर लेगी, sections के provision को तबदील कर लेगी और by notification ऐक्ट के अन्दर कोई भी तबदीली कर देगी। तो ऐसी हालत में, स्पीकर साहिब, बताएं कि बिल के अन्दर क्या रह गया जोकि आपने गांव वालों को दिया ? यह पंचायतों को अख्तियार नहीं दिए जा रहे बल्कि लोगों को, देहात वालों को रस्सी के साथ बांधने के अख्तियार गवर्नमेंट खुद अपने हाथों में ले रही है। यह तो सिर्फ एक बहाना है इन अख्तियारात को अपने हाथों में लेने का। लिहाज़ा मैं महसूस करता हूँ कि दफा २५ बिल्कुल

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

unconstitutional है, undemocratic है और यह कभी भी पास नहीं होनी चाहिए ।

ਸਮੂਹਿਕ ਵਿਕਾਸ ਮੰਤਰੀ (ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਬੰਤਾ ਸਿੰਘ) : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਇਕ ਵਾਰੀ ਕਿਸੇ ਨੇ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਪੁਛਿਆ ਕਿ ਤੂੰ 12 ਸਾਲ ਕਿਥੇ ਰਿਹਾ ? ਕੋਈ ਰਾਠੀ ਵਰਗਾ ਸਜਨ ਸੀ, ਉਹ ਕਹਿਣ ਲਗਾ ਕਿ ਮੈਂ ਦਿਲੀ ਰਿਹਾ ਹਾਂ । ਫਿਰ ਉਸਨੇ ਪੁਛਿਆ ਕਿ ਤੂੰ ਉਥੇ ਕੀ ਕਰਦਾ ਰਿਹਾ ? ਜਵਾਬ ਦਿਤਾ ਕਿ ਮੈਂ ਭਠ ਝੋਖਦਾ ਰਿਹਾ ਸਾਂ (*Laughter*) ਮਾਲੂਮ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਕਿ ਰਾਠੀ ਸਾਹਿਬ ਵਕੀਲ ਤਾਂ ਜਰੂਰ ਹਨ ਪਰ ਇਹ ਭੱਠ ਹੀ ਝੋਖਦੇ ਰਹੇ ਹਨ (*Laughter*) ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ ਕਲ ਵੀ ਇਸ ਗਲ ਤੇ ਅਰਜ਼ ਕੀਤੀ । ਮੈਂ ਦਸਿਆ ਕਿ 6 ਐਕਟ ਇਸੇ House ਨੇ ਅਜਿਹੇ ਪਾਸ ਕੀਤੇ ਅਤੇ 2 ਐਕਟ Parliament ਨੇ ਵੀ ਕੀਤੇ । ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਸਾਨੂੰ ਵਖਾਉ । ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਤਸੱਲੀ ਨਾ ਹੋਈ, ਉਹ ਫਿਰ ਕਹਿਣ ਲਗੇ ਕਿ wording ਪੜ੍ਹਕੇ ਦਸੋ । ਮੈਂ wording ਵੀ ਪੜ੍ਹਕੇ ਸੁਣਾਈ । ਜਿਹੜੇ ਬਿਲ Parliament ਨੇ ਪਾਸ ਕੀਤੇ ਉਹ ਵੀ ਦਸੇ ।

ਫਿਰ ਵੀ ਸੰਤੁਸ਼ਟ ਨਹੀਂ ਹੋਏ । ਫਿਰ ਵੀ ਰਾਠੀ ਸਾਹਿਬ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਇਸ ਨੂੰ ਵਾਪਸ ਲੈ ਲਉ । ਜੇਕਰ ਰਾਠੀ ਸਾਹਿਬ, ਇਸ ਕਲਾਜ਼ ਨੂੰ ਪੜ੍ਹਨ ਤਾਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਪਤਾ ਲਗੇ ਕਿ ਇਹ ਕਿਨੀ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹੈ । ਇਹ ਇਸ ਲਈ ਰਖੀ ਗਈ ਹੈ ਕਿ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਕਾਨੂੰਨ ਵਿਚ ਕੁਝ ਪੈਪਸੂ ਦੇ ਕਾਨੂੰਨ ਦੀਆਂ ਧਾਰਾਵਾਂ ਲਾਗੂ ਹੋਣੀਆਂ ਹਨ । ਜੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਅਮਲ ਦਰਾਮਦ ਵਿਚ ਕੋਈ ਝਗੜਾ ਪੈਦਾ ਹੋ ਜਾਵੇ ਮਸਲਨ ਉਥੇ ਨਿਆਏ ਪੰਚਾਇਤਾਂ ਹਨ ਜਿਹੜੀਆਂ ਅਸਾਂ ਤੋੜਨੀਆਂ ਹਨ, ਕੁਝ ਨਿਆਏ ਪੰਚਾਇਤਾਂ ਦੇ ਪੈਸੇ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਬਾਰੇ ਅਸਾਂ ਕੋਈ instruction ਤਾਂ ਦੇ ਸਕਦੇ ਹਾਂ ਜੇਕਰ ਇਸ ਕਾਨੂੰਨ ਵਿਚ ਇਹ ਧਾਰਾ ਪਾਸ ਕਰ ਕੇ ਸਾਨੂੰ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਚੀਜ਼ਾਂ ਕਰਨ ਦਾ ਹਕ ਪਰਾਪਤ ਹੋਵੇ । ਇਹ ਕੋਈ unconstitutional clause ਨਹੀਂ ਹੈ । ਇਸ ਦੇ ਲਿਆਉਣ ਦਾ ਮਤਲਬ ਤਾਂ ਸਿਰਫ ਇਤਨਾ ਹੀ ਹੈ ਕਿ ਪੰਚਾਇਤਾਂ ਦੀ working ਚੰਗੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਹੋ ਸਕੇ ਜੇ ਕਰ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੀ working ਵਿਚ ਕੋਈ ਰੁਕਾਵਟ ਆਏ ਤਾਂ ਉਸ ਰੁਕਾਵਟ ਨੂੰ ਦੂਰ ਕੀਤਾ ਜਾ ਸਕੇ । ਸਰਦਾਰ ਉਮਰਾਉ ਸਿੰਘ ਹੋਰਾਂ ਨੇ ਇਹ amendment ਦਿਤੀ ਹੈ ਕਿ ਕੁਝ ਥੋੜੇ ਜਿਹੇ ਲਫਜ਼ ਜਿਹੜੇ ਇਸ clause ਵਿਚ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ delete ਕਰ ਦਿਤਾ ਜਾਵੇ । ਮੈ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਦਸਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਅਸੀਂ ਕਦੇ ਵੀ ਇਸ clause ਨੂੰ use ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ । ਅਜ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਜਿਤਨੇ ਵੀ ਐਕਟ ਬਣੇ ਹੋਏ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਸਾਰਿਆਂ ਵਿਚ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀ clause ਮੌਜੂਦ ਹੈ ਪਰ ਫਿਰ ਵੀ ਅਸੀਂ ਉਸ ਨੂੰ ਕਦੇ ਇਸਤੇਮਾਲ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ । ਮੇਰੇ ਸੱਜੇ ਪਾਸੇ ਬੈਠੇ ਵੀਰ ਇਹ ਚਾਹੁਣ ਕਿ ਇਹ clause ਇਸ ਬਿਲ ਵਿਚ ਨਹੀਂ ਰਹਿਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਤਾਂ ਮੈਂ ਇਸ ਸਾਰੀ ਦੀ ਸਾਰੀ clause ਨੂੰ ਵਾਪਸ ਲੈਣ ਨੂੰ ਤਿਆਰ ਹਾਂ । ਪਰ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਰਾਠੀ ਸਾਹਿਬ ਨੂੰ ਤਾਂ ਇਸ clause ਦੀ ਸਮਝ ਹੀ ਨਹੀਂ ਆਈ ਇਸੇ ਲਈ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਇਤਰਾਜ਼ ਕੀਤਾ ਹੈ ।

Sardar Umrao Singh : Sir, in view of the assurance given by the hon. Minister, I beg to move for leave to withdraw my amendment.

Mr. Speaker : No please. It cannot be withdrawn with any condition.

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

Mr. Speaker : Question is —

In lines 6-7, --

Delete "make such provisions or".

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is —

That Clause 25, as reported by the Regional Committees, stand part of the Bill.

The motion was carried.

SUB-CLAUSE (1) OF CLAUSE 1

Mr. Speaker : Question is —

That Sub-Clause (1) of Clause 1, as reported by the Regional Committees, stand part of the Bill.

The motion was carried.

TITLE

Mr. Speaker : Question is —
That Title be the Title of the Bill.

The motion was carried.

Minister for Community Development (Sardar Gurbanta Singh) Sir, I beg to move —

That the Punjab Gram Panchayat (Amendment) Bill, as reported by the Regional Committees and as amended, be passed.

Mr. Speaker : Motion moved —

That the Punjab Gram Panchayat (Amendment) Bill, as reported by the Regional Committees and as amended, be passed.

श्री मंगल सैन (रोहतक) : स्पीकर साहिब, मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि हाउस के सामने इस समय यह बिल जो तीसरी stage पर है, इस पर मुझे यह कहना पड़ रहा है कि मंत्री महोदय ज़िद से काम ले रहे हैं और हमारी सुविधाओं की अवहेलना कर रहे हैं। इस बारेमें मैं निवेदन करना चाहता हूं कि इस बिल के अन्दर बहुत सी बातें बड़ी ख़तरनाक हैं जिन का परिणाम आगे चल कर बहुत बुरा निकलने वाला है। जैसा कि इस बिल में कहा गया है कि पंचायतों में महिलाओं को co-opt किया जायेगा। यह बड़ी प्रसन्नता की बात है कि हमारे मंत्री महोदय ने एक संशोधन स्वीकार कर लिया है जिस के अनुसार महिलाओं को vote देने का अधिकार भी दिया जायेगा।

स्पीकर साहिब, मैं ने यह बात पहले भी कही थी और अब फिर कहता हूं कि election petition के सम्बन्ध में जो complainant होगा उस की जब petition fail होगी और जब उस के सारे charges false निकलेंगे

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

तो बजाये इस बात के कि उस की जो security जो उस ने जमा कराई हुई होगी वह पंचायत को मिलने की बजाए respondent को मिलनी चाहिये । मैं ने यह उस समय भी कहा था और इस समय फिर मंत्री महोदय से यही निवेदन करना चाहता हूं कि वह कृपया इस संशोधन को अब भी मान जाये । दूसरा मैं अदालती पंचायतों के बारे में, जिस की कोई भी jurisdiction तय नहीं की गई है कि कितने ग्रामों के लिये एक अदालती पंचायत बनेगी, यह निवेदन करना चाहता हूं । क्या वह एक तहसील के लिए एक बनेगी या एक ज़िला के लिए वह बनेगी ? इस बारे में मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि क्योंकि हमारी सरकार के मुखिया जो हैं उन की administration के कामों में दिन रात दखल देने की आदत सी बनी हुई है और कई लोग या अफसर सदा इन की हां में हां मिलाते हैं । हमें डर है कि वे सारे इन न्याय अदालतों के काम में भी कहीं दखल न देने लग जाएं । स्पीकर साहिब, यह बात कड़वी तो ज़रूर है लेकिन आज तक इस बारे में हमारा तजुरुबा यही है कि दखल दिया जाता है । इसलिये हमारें सन्देह को दूर करने के लिए यह तय करना बड़ा ज़रूरी है कि कितने ग्रामों के लिए एक अदालती पंचायत बनेगी ।

स्पीकर साहिब, जहां तक इस बात का ताल्लुक है जैसा कि इन्होंने कहा है कि ग्राम पंचायतों के निर्णनयों को कार्यान्वित करने के लिये यह voluntary force खड़ी करेंगे, इस बारे में मैं निवेदन करना चाहता हूं कि यह बड़ी खतरनाक बात है जो इस बिल के अन्दर लाई गई है । जब कि सरकार के पास प्रान्त में शान्ति और व्यवस्था बनाये रखने के लिए इस की अपनी दूसरी agency मौजूद है तो पंचायतों के decisions को कार्यान्वित करने के लिए voluntary force के खड़े करने का तो यही मतलब हो सकता है कि यह strength के साथ अपने opponents को दबाना चाहते हैं और जिन लोगों की अवाज़ न हो यह उन्हें और दबाने का प्रयत्न इस बिल में किया गया है ।

इस के अलावा स्पीकर साहिब, सरकार ने एक अधिकार गरीब ग्रामीणों से tax लेने का इस बिल द्वारा और अपने हाथ में ले लिया है । पहले भी यह बहुत taxes उन से ले रही है जिन के कारण जनता पहले भी बड़ा हाहाकार कर रही है । इस के लिए यह और अधिकार लेना मुनासिब नहीं है । इसी तरह से इस में एक और clause देखने को मिलती है जिस के अनुसार सरकार ग्रामीणों से चन्दे इकट्ठे कर सकेगी । पहले भी हम देखते हैं कि हमारे देश निर्माण के नाम पर, उस्सारी के नाम पर और development के नाम पर आज चारों तरफ से सरकारी machinery small savings scheme के certificates के बेचने में लगी हुई है । पिछलें दिनों मेरे चुनाव क्षेत्र में मुख्य मंत्री साहिब एक उदघाटन करने गये थे । यह बड़ी खुशी की बात है कि वह इस समय हाउस में बैठे हुए हैं । उद्घाटन करने के पश्चात् वह एक सरमायेदार के हां जलपान करने गये थे । मुझे इस बात का गिला नहीं है कि वह क्यों किसी के पास चाये पीने गये थे । मेरे कहने का मतलब यह है कि उद्घाटन करना भी इनका रोज़ का काम है । मुझे इन की

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[श्री मंगल सैन]

इस बात पर भी गिला नहीं । मैं ने तो यह निवेदन करना है कि लाखों बल्कि करोड़ों रुपये के ज़िला रोहतक में small savings scheme के तहत certificates जो बेचे गये हैं और इस में ईमानदारी की बात तो यह है कि वहां लोगों ने यह रुपये जो एक बार जमा करा दिये थे बाद में उन्होंने बैंक को सूद छोड़ कर अपने रुपये वापस ले लिये हैं । मैं जानता हूं कि वहां के Additional District Magistrates और B. D. O.s लोगों को बार २ यह कहते रहे हैं कि वह एक बार 50 हज़ार के small savings certificates खरीद लीजिए बाद में बेशक वह रुपये वापस ले लें । मेरे पास इस बात की documentary evidence थी और मैं वह यहां लाना चाहता था लेकिन किसी वजह से नही ला सका । मैं ने देखा है कि वहां के Additional District Magistrate लोगों को कहते रहे हैं कि चाहे पांच दिन के लिए रुपये जमा कर दें, करा ज़रूर दें, फिर बेशक निकलवा कर ले जाना । यहां पर बड़े अन्दाज़ से और बड़े अजीब ढंग के साथ मंत्री महोदय ने कहा कि national cause के लिए यह रुपया लेना है और कहा कि कहीं दो चार या पांच, गांव के बीच सड़क बनानी होती है, कहीं स्कूल बनाने होते हैं वगैरह २ ; जितनी मासूमियत के साथ वह यह कह रहे थे स्पीकर साहिब, इतनी मासूनियत इसके पीछे नहीं है। इसके consequences कुछ और होते हैं। इस तरह से पंचायतों की आमदनी से जबरदस्ती रुपया इन कामों के लिये ले लिया जायेगा । अगर सरकार ने कोई भी तामीर का काम करना हो, development का काम करना हो इस के लिए स्पीकर साहिब यह ज़रूरी है कि जनता के दिल में पहले इस बात की प्रेरणा होनी चाहियें कि वह इसे दिल से चाहती भी है या कि नहीं । यह तो वज़ीर साहिब को चाहिये कि वह देखे कि जनता जनारदन चाहती क्या है ? हम जनता के किसी काम में ज़बरदस्ती नहीं करनी चाहिये । मगर होता क्या है कि लोगों को मजबूर किया जाता है । फिर धारा 25 के अंदर उन्होंने जो अधिकार लिए हैं क्या उन से देश का किसी तरह से भला हो सकता है ? क्या इस तरह से कोई परिवर्तन आ सकता है ? आखिर में जो कुछ यह provide किया गया है क्या इस से महकमा में कोई दिक्कतें नहीं आयेंगी ? यह provision undemocratic है, इस से बढ़कर गलत बात दुनिया में नहीं हो सकती । यह ऐसा बिल है जोकि गलतियों से भरा हुआ है जिसे कि आखरी वक्त में जल्दी से पास करवाने की कोशिश की जा रही है ।

श्री अध्यक्ष: आप खाह मखाह discussion को prolong न करें । पंचायतों के मुताल्लिक अगर कुछ कहना चाहते हैं तो कहें । (The hon. Member should not unnecessarily prolong the discussion. If he wants to say something about the Panchayats he may do so.)

श्री मंगल सैन : मैं स्पीकर साहिब, आप के द्वारा मंत्री महोदय से यह बात अर्ज़ कर देना चाहता हूं कि वह इसे वापस ले लें क्योंकि इस के अंदर बहुत सारे नुक्स रह गये हैं जो democratic असूलों के खिलाफ हैं । कई बातों की तरफ पहले काफी ध्यान दिलाया

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

जा चुका है और अब मैं दोहराना नहीं चाहता और इतना ही निवेदन करना चाहता हूं कि अगर कोई नेक राय दे तो उसे मान लेना चाहिए, हठ नहीं करना चाहिए। अपने साथियों की बात को मान ही लेना चाहिए। इन शब्दों के साथ, स्पीकर साहिब, मैं उम्मीद करता हूं कि मंत्री महोदय मेरी बात ज़रूर मान जाएंगे।

श्री अध्यक्ष : कलाज़ 1 की सब-क्लाज़ 1 में Punjab Gram Panchayat (Amendment) Act, 1959 ग़लती से छप गया है, क्या 1959 की बजाये 1960 की इस में दुरुस्ती कर दी जाए। (In Sub-clause 1 of clause I, it has been printed "Punjab Gram Panchayat (Amendment) Act, 1959". If the House agrees it may be corrected as "Punjab Gram Panchayat (Amendment) Act, 1960." (आवाज़ें) कर दें जनाब।

श्री मंगल सैन : On a point of order, Sir. निवेदन यह है कि मैं ने एक privilege motion का नोटिस दिया था मैं जानना चाहता हूं कि इस का क्या बना है? (*Interruptions*)

श्री अध्यक्ष : सारा दिन तो आप चुप रहे, अब ख्याल आया है privilege motion का। It is too late now. (The hon. Member kept silent on the subject through out the day but now he has thought of moving his privilege motion. It is too late now.)

श्री मंगल सैन : यह किसी वक्त भी move की जा सकती है।

Mr. Speaker : No, I cannot allow it now.

चौधरी इन्द्र सिंह (जींद, जनरल) : जनाब स्पीकर साहिब, इस House में clause by clause discussion करते हुए, जो बातें वज़ीर साहिब के notice में आईं, उन का इन्होंने जवाब दिया। इस बात पर मुझे बड़ा अफसोस है कि जो भी जायज़ बातें उन के सामने रखीं उन को इन्होंने नहीं माना है। अब मैं थोड़े से अर्से में, आख़री मरहले पर यह जानते हुए भी कि बिल ने पास तो हो ही जाना है और यह कानूनी शक्ल अख्तियार करेगा ही, जो जो खामियां हैं उन की तरफ आपकी मारफत तवज्जुह दिलाने की आख़री बार कोशिश करूंगा। स्पीकर साहिब, इन का मनशा यह है कि पैप्सू का पंचायत राज खत्म करके पंजाब के ग्राम पंचायत ऐक्ट के अन्दर कुछ अदला बदली करके एक unified law बनाया जाये। हमारे सूबे के अन्दर community development के सिलसिले मे चंद एक development proposals हमारे सामने हैं। वज़ीर साहिब मुताल्लिका ने इस के मुताल्लिक एक Bill इस House में circulate किया। Rural programme के सिलसिले में इस तरह की legislation लाना कोई अच्छी बात नहीं है। राजस्थान और कैरल के अंदर इस तरह के Bill circulate हुए हैं मगर वह कुछ और शक्ल में आये हैं। मेरी समझ में यह बात नहीं आई कि जो कुछ House के सामने पेश करने की कोशिश की है इस का मकसद क्या है। सभा area 500 तक आबादी का होगा और इस के ऊपर

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[चौधरी इंद्र सिंह]

ग्राम सभा कायम की जायेगी और इस के आगे पंचायत होगी, जो elected होगी जिस के 5 से लेकर 9 मैम्बर होंगे । हरिजनों के लिए reservation होगी और executive की एक औरत मैम्बर भी होगी। हरिजनों की reservation 26 फरवरी 1970 तक है । औरतों का आगे लाना एक बहुत अच्छा feature है और इस के लिये मैं वज़ीर साहिब को मुबारिकबाद देता हूं । मैं समझता हूं कि इस तरह से औरतों को आगे लाने से दर हकीकत लाभ होगा । मैं इस के लिए वज़ीर साहिब को दाद देता हूं । औरतों को आगे लाने से उनका social status बढ़ेगा । समाज के अंदर काम करने की उन में शक्ति बढ़ेगी । आज़ाद हिन्दुस्तान के अन्दर यह एक बहुत ही अच्छी बात है ।

मगर एक और बात जोकि मैं अर्ज़ करना चाहता हूं वह यह है कि इस बिल के अंदर पुरानी खामी को बरकरार रखने की कोशिश की गई है । वह है पंच और सरपंच को remove करने का provision । इस में यह है कि removal के वक्त Director of Panchayats की approval लेनी होगी । इस तरह के अगर अख्तियारात दिये गये तो इस से power की decentralisation नहीं होगी यह तरीका power देने का नहीं, बल्कि छीनने का है ।

इस के इलावा अगर हम इस की removal की proviso को लेते हैं, पंच या सरपंच के remove करने की, तो इस का मतलब यह है कि ऐसी तजवीज़ें 2/5 majority, Director की approval के लिये भेजेंगी, अगर किसी का असरो रसूख हो तो हो सकता है कि उस को approval न भी दी जाये। इस तरह ग्राम सभा के अंदर deadlock पैदा होने का अंदेशा हो सकता है । इसी तरीके से सभा की दो meetings हुआ करेंगी । एक तो सावनी के बाद जिसमें बजट proposal consider होगी और एक हाड़ी के बाद जिसमें development के काम और पंचायत की working के बारे में विचार होगा । तो इस clause में बजट की proposal जो है वह director पर छोड़ दी गई है । मैं समझता हूं कि यह चीज़ भी पंचायतों के पास ही रहती । क्योंकि यह un-democratic तरीका हो जाएगा । मैं यह समझता हूँ कि महकमा की तरफ से तो किसी किस्म की opposition नहीं होनी चाहिए और न कोई inter-ference ही होनी चाहिए । क्योंकि interference से पंचायतें flourish नहीं कर सकती । इस में एक और proviso है जिसकी बाबत मैं अर्ज़ करना चाहता हूँ कि इसके तहत जबरी तौर पर tax के बारे में पंचायत को हुक्म मिलेगा कि अगर तुम टैक्स नहीं लगाते तो हम लगाते हैं और यह टैक्स वैसा ही होगा जैसा तुम नहीं चाहते । इसके मानी यह होगा कि पंचायतों के साथ एक बड़ा भारी धक्का होगा । क्योंकि अगर उन्होंने सारे गांव को tax लगाकर displease किया तो वह oust हो जाएँगे और सरकार की मंशा जो पंचायतों के ज़रिये लोगों में initiative पैदा करने की है, वह फौत हो जाएगी । उधर लोगों की displeasure पंचायत incur करेगी,

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

पंचायत और इधर महकमे से टक्कर हो जाएगी। तो फिर काम कैसे चलेगा। इसलिए imposition नहीं होनी चाहिए ।

अगर 1953-54 के figures रक्खूं तो पता चलेगा कि taxation बकाया रह जाता है। और 1953-54 में जो बकाया था वह 19 लाख था। 1954-55 की जो Taxation Committee की report है उसमें लिखा है कि imposition की policy बिल्कुल undemocratic है । उसमें लिखा है :—

> "This is due to the fact that direct taxes are irksome in nature and panches are, therefore, reluctant to enforce recovery of those taxes imposed by Panchayats for fear of becoming unpopular. The arrears of taxes imposed by the Panchayats are, therefore, on the increase."

यह 1954-55 की बात है। 1953 में यह सारे arrears की तादाद बढ़ के 40 लाख हो गई। और उसको recover करने के लिए सन् 1959 में D.P.O.s ने उन्हें recover करने की कोशिश की, फिर भी नताइज उलट निकले। हालांकि गाँव के लोगों की कुड़कियाँ हुईं और तहसीलों में और अदालतों में बुलाया गया। यह सब कुछ तो हुआ लेकिन report ने कोई नतीजे बरामद नहीं किए। वह नतीजे यह हो सकते हैं कि एक तो flat rate के basis पर हाऊस टैक्स न लगे क्योंकि गाँव में अमीर ग़रीब दोनों ही रहते हैं। और इतने depressed लोग भी हैं कि जिनकी paying capacity नहीं होती। इसलिए अगर flat rate पर टैक्स लगता रहा, तो arrears बढ़ते चले जाएंगे। इसमें मेरा कहना यह है कि paying capacity पर टैक्स लगाया जाए। और बजाए इसके कि imposition of tax उनके ऊपर किया जाए उन्हें by persuasion इस बात को सिखाया जाए कि टैक्स उन्ही की बहबूदी के लिए उनसे लेना चाहते हैं।

पिछले साल National Council of Local Self-Government की मीटिंग हैदराबाद में 22—25 October को हुई। और उसमें उन्होंने महसूस किया कि paying capacity पर टैक्स लगना चाहिए। और यही मैं सरकार को कहना चाहता हूँ कि यह चीज़ देखी जानी चाहिए।

मुहतरिम स्पीकर साहिब, अदालती पंचायतों के बारे में Law Department ने कोई विचार नहीं किया और सोचने की कोशिश नहीं की। मैं इसको साफ़ करना चाहता हूं कि Local Self-Government के अन्दर एक ऐसा अदारा है जिसने कुछ ऊँचे level पर इंसाफ देना है। और उस अदारे में कुछ पढे-लिखे लोग होने चाहिएं। उसके लिए न तो कोई Jurisdiction मुकर्रर की गई और न कोई qualifications या disqualifications रखी गई। सिर्फ power दे दी गई। उस group of Panchayats के elected representatives को; लेकिन यह कहीं नहीं दिया गया कि उस group of Panchayats को आप कहाँ से छाँटेंगे।

Original with; Punjab Vidhan Sabha Digitized by; Panjab Digital Library

[चौधरी ईंद्र सिंह]

इस के लिए कोई manner prescribe नहीं, कि ज़िला से, तहसील से या गांव के किसी group से। schedule 'B' में अदालती पंचायतों का jurisdiction मुकर्रर नहीं किया गया सिर्फ group of Panchayats का लफ़ज़ लिखा गया। यह नहीं बताया कि वह कौन सा group होगा। जिले का होगा, तहसील का होगा या कैसा होगा। इस बात को भी clear करना चाहिए। इस के इलावा यह कहा गया है कि group of Panchayats के जो पंच होंगे वह Adalti Panchayats के लिए direct voting से पांच पंच elect कर लेंगे और वह फिर अपना सरपंच चुनेंगे। मैं पूछना चाहता हूं कि अगर वह पांचों ही ग्राम पंचायतों के सरपंच हों और उन में से एक आदमी जो कि ग्राम पंचायत का भी सरपंच हो वहीं Adalti पंचायत का सरपंच बनेगा। यानी वह दोनों पंचायतों का सरपंच बन जाएगा। मैं वज़ीर साहिब से कहूंगा कि वह इस बात को clear करें कि एक ही आदमी दोनों पँचायतों का sarpanch बन सकता है। यह बात सोचने की है। इस के इलावा वज़ीर साहिब ने जवाब देते वक्त यह कहा था कि सड़कें, स्कूल या और इस तरह की चीज़ें जो बनती हैं वह charitable और national cause बन जाता है। मैं उनकी इस बात से इत्तफाक नहीं रखता। स्कूल और सड़कों का provision पहले ही उस में है। इस provision के मुताबिक charitable और national cause वह है, which is sponsored and approved by the Government। मेरी निगाह में तो भूदान योजना और Bharat-Sewak Samaj भी national charitable cause हैं। Bharat Sewak Samaj की किस्म की और कई संस्थाएं हैं जिन्हें national charitable institution कहा जा सकता है। लेकिन अगर पंचायतों से इस नाम पर पैसे लेने हैं तो मैं समझता हूं कि यह उनके साथ बड़ा भारी **धक्का** है। Government को चाहिए कि जो मामला बढ़ाती है या जो आबियाना वसूल करती है उस का हिस्सा पंचायतों को दे ताकि वह development ज्यादा कर सकें। पिछले दिनों जब land consolidation का Bill पास हुआ था तो उस के अंदर यह pass हुआ था कि ज़मीन peasant proprietors की ली जाएगी। जब ज़मीन लोगों की ली जानी है तो फिर आबियाने का हिस्सा irrigators को मिलना चाहिए था ताकि वह अपने मोघे पक्के करवा सके और irrigation के लिए facilities पैदा कर सकें। इस Bill में ऐसी कोई बात नहीं है कि उन को आबियाने का हिस्सा दिया जाएगा। इस में सिर्फ यही है कि उन को 10 प्रतिशत मामले में से दिया जाएगा। बाकी States के अंदर किसी जगह 50 प्रतिशत पंचायतों को दिया जाता है और किसी जगह 60 प्रतिशत दिया जाता है मगर यहां पर हमारी Government 25 प्रतिशत करने के लिए भी तैयार नहीं है। मैं कहता हूँ कि अगर Government Revenue का 50 प्रतिशत भी पंचायतों को दे देवे तो इसे कोई फर्क नहीं पड़ सकता। वह सारी रकम $1\frac{1}{2}$ करोड़ रुपए के करीब बनेगी। यह कोई बहुत बड़ी रकम

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Punjab Digital Library

नहीं है जिस से Government को कोई फर्क पड़ सकता है। स्पीकर साहिब, इस की बजाए Government पंचायतों से national charitable cause के लिए रुपया लेना चाहती है। इस का नतीजा यह होगा कि पंचायतों के funds या भारत सेवक समाज को चले जाएंगे या Red Cross को चले जाएंगे और देहातों की तरक्की रुक जाएगी। इस किस्म की जो खामियां हैं इन को सरकार मानती नहीं। नहीं मानती तो न मानें, लेकिन हमारा यह फर्ज़ है कि हम इन के notice में लाएं।

इस के इलावा स्पीकर साहिब, मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि जो पटवारी हैं उन का दिन रात देहातों के लोगों के साथ वास्ता रहता है। सब जानते हैं कि वह कई किस्म की खराबियां भी करते हैं। इस Act में पंचायतों को अख्तियार देना चाहिए था कि अगर कोई पटवारी खराबी करे तो पंचायत उस के खिलाफ कुछ action ले सके। यह चीज़ बहुत ज़रूरी थी जोकि इस Act में नहीं है। पटवारी तो एक तरफ रहे, मैं चौकीदारों की ही मिसाल देता है। वह तनखाह पंचायतों से लेते हैं लेकिन उन पर administrative control Deputy Commissioner का होता है। अगर कोई चौकीदार काम ठीक न करे और पंचायत उस के खिलाफ report करे तो उस की कोई परवाह नहीं की जाती। इसलिए वहां पर काम ठीक नहीं चलता। इसके इलावा जो Canal Drainage का Bill आ रहा है उस में Government ने cuts और breaches वगैरह को देखने के लिए advisory committees बनानी हैं। वह बात तो अच्छी है लेकिन उन का भी misuse हो सकता है। इस लिए मैं suggest करूंगा कि अगर वह अख्तियारात पंचायतों को दे दिए जाएं तो ज्यादा इनसाफ हो सकता है और जल्दी पता लग सकता है कि आया पानी को किसी ने खुद तोड़ा है या वैसे ही breach हुई है। यह power तो Government उन को देती नहीं मगर यह अख्तियार उन को दे दिया है कि water-logging को रोकने के लिए अगर लोगों को बुलाया जाए और वह न आएं तो उन पर जुरमाना लगा दिया जाए। एक यह अख्तियार दिया गया है कि dangerous किस्म के जितने काम हैं पंचायत उन को regulate करे। मैं पूछना चाहता हूं कि जब कोई rules में provision नहीं है, कोई कायदा नहीं है तो वह किस तरह regulate करेंगे। आखिर में मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि हरिजनों की बस्तियों की सफाई के लिए या उन की सेहत वगैरह का बन्दोबस्त करने के लिए इस में special provision होना चाहिए था। यह बात मैं हरिजनों को खुश करने के लिए नही कहता। बल्कि इस लिए कहता हूं कि देहातों के अंदर जो हरिजनों की आबादी है वह काबिले रहम और काबिले इमदाद है। उन लोगों की देहातों में कोई परवाह नहीं की जाती। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि इस में यह special provision किया जाए और पंचायतों की duty लगाई जाए कि वह हरिजनों की सफाई और उन की सेहत का बंदोबस्त खास तौर पर करे। इस के इलावा co-option के बारे में मैं पूछना चाहता हूं कि Government के पास वह कौन सा तरीका होगा इस Bill के मुताबिक जिससे यह पता लगाया जा सके कि फलां गांव की औरत जो है

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[चौधरी इंद्र सिंह]

वह काबिल है और पंचायत के काम को ठीक तरह से कर सकती है। वह कौन सी agency है आप के पास जिस के जरिए आप पता लगा सकें कि फलां फलां औरत co-option के काबिल है। इस के साथ ही अगर हरिजन मुनासब तादाद में न आ सके तो फिर किस agency के ज़रिए यह पता लगाया जा सकेगा कि फलां हरिजन काबिले एतमाद है और काम करने की intelligence भी रखता है। इस चीज को clear करना चाहिए वर्ना executive इस चीज़ को नाजायज़ इस्तेमाल करेगी। इन सब खामियों को मद्देनज़र रखते हुए मैं Government से गुज़ारिश करूंगा कि वह integrated form में इस सारी चीज़ को लाए ताकि सारा काम एक ही तरीके से चल सके। मैं चाहूंगा कि वज़ीर साहिब इन बातों की तरफ ध्यान दें और इन का जवाब दें।

चौधरी धर्म सिंह राठी (सम्भालका) : स्पीकर साहिब, मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि जहां तक इस बिल का ताल्लुक है इस में कोई शक की गुंजायश नहीं कि इस की कलाज़ें पास हो चुकी हैं और अब यह पास होने जा रहा है लेकिन मैं इस बारे में बताना चाहता हूं कि इस पर किस तरीके से अमल होना चाहिए और इस में क्या खामियां रह गई हैं। एक तो इन्होंने यह पास कर दिया है कि औरतों को vote देने का हक होगा। इस चीज़ पर अगर आप अच्छी तरह से गौर करें तो आप को पता लगेगा कि जो हक यह समझते हैं दे दिया, वह दरअसल मिला नहीं है क्योंकि इन्होंने number of Panches में कोई तबदीली नहीं की है। अगर तो election में आ जाएंगी तब तो ठीक है उसी number में आ जाएगी, लेकिन नहीं आऐंगी तो फिर किस तरह लेंगे, क्योंकि number of Panches तो वही रहेगा, उसमें तबदीली नहीं की है। जनाब इन्होंने अपनी यह हसरत तो पूरी कर ली है कि हम ने vote का हक दे दिया है लेकिन असल में पूरी नहीं होती है, और उनको कोई हक नहीं मिलता है। दूसरे यह कहते हैं कि चेयरमैन का चुनाव सीधे तरीके से करेंगे। उस के लिए मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि दफा 25 में जो आपने अख्तियार लिया है उसके मुताबिक कोई ऐसा procedure adopt करें और rules में ऐसा provision करें कि जिस से गांव में काम चल सके और पंचायत में जूतोपैज़ार न हो, यानी deadlock न हो। यह न हो कि सरपंच या चेयरमैन कहे कि गांव के अन्दर ऐसा होना चाहिए और पंच कहें कि ऐसा होना चाहिए, पंच कुछ कहें और सरपंच कुछ कहे और दोनों की न बन सके। इस चीज़ को हल करने के लिए और रोकने के लिए rules में कोई provision ज़रूर करें क्योंकि यहां तो कुछ नहीं किया है। स्पीकर साहिब, मैं क्या बताऊं वज़ीर साहिब इन बातों को समझते ही नहीं हैं जो मैं कह रहा हूं (हंसी) मुझे याद है कि जब हमारे यह वजीर साहिब ज़िला कांगड़ा में पंचायतें देखने गए तो वहां कहीं इनकी गाड़ी खराब हो गई इन्होंने D. C. को telephone किया कि मेरी गाड़ी तो खराब हो गई है..........

7 p.m.

श्री अध्यक्ष : इसी लिए ही आपने यह time लिया है कि irrelevant बातें करें। अगर आप इस तरह करेंगे तो बदमज़गी होगी और मैं आपको बिल्कुल नहीं बोलने

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

दूंगा । आप खाहमखाह discussion को लम्बा कर रहे हैं । (Did the hon. Member get this time merely to say irrelevant things ; If he indulges in such irrelevant talk, it will create unpleasantness and I will not allow him to speak like this. The hon. Member is unnecessarily trying to prolong the discussion.)

